साँख्यिकी के सिद्धान्त एवं प्रयोग

(Statistics)

लेखक :—

महेन्द्र प्रताप सिंह, एम० ए०, एम० काम०

प्राध्यापक, डी० ए० वी० कालेज, कानपुर

प्रकाशक :

किशोर पब्लिशिंग हाउस,

परेड, कानपुर

१९५५]

[मूल्य १०।।) रुपया

बढ़ा दिया है। सन् १९५३ में योजना-आयोग द्वारा नियुक्त १७ सदस्यों की अनुसंधान सम्बन्धी योजना-समिति ने न्यादर्श अनुसंधान पर आधारित अनेक योजनायें बड़े बड़े अर्थशास्त्रियों और प्राध्यापकों की अध्यक्षता में चालू की हैं जो प्रमुख रूप से (अ) भूमि सुधार, सहकारिता और बड़े खेतों की व्यवस्था, (ब) बचत, विनियोग और नौकरी, और (स) प्रादेशिक विकास से सम्बन्धित हैं।

उपरोक्त कथन का उद्देश्य केवल यह है कि आज व्यावहारिक सांख्यिकी का स्वरूप भारत में बहुत बदल चुका है और सांख्यिकीय सिद्धान्तों एवं उनके प्रयोग पर कोई ऐसी पुस्तक नहीं है जो नवयुवक विद्यार्थियों को वर्तमान दशा से अवगत करावे। यद्यपि इस दिशा में प्रयत्न प्रारम्भ हो चुके हैं मातृभाषा में सांख्यिकीय सिद्धान्तों और उनके प्रयोगों पर पुस्तक लिखने का यह प्रयत्न एकदम नया है। 'आँग्ल भाषा से हिन्दी भाषा की ओर' जो लहर उठी है उसे पूरे प्रवाह से बहने देने के लिये आज आवश्यकता इस बात की है कि कठिन विजयों की पुस्तकें क्लिष्ट भाषा में न लिखी जायें। इस महान् आवश्यकता का लेखक ने प्रस्तुत पुस्तक में सदैव ध्यान रखा है। आचार्य रघुबीर, श्री अधौलिया एवं श्री बल्दुआ द्वारा निर्मित सांख्यिकी के शब्द-कोष में दिये गए पारिभाषिक शब्दों के प्रयोग के अतिरिक्त जहाँ तहाँ आवश्यकतानुसार कुछ संकेत-शब्द गढ़ लिये गए हैं। भाषा में जो भी क्लिष्टता आ गई है वह विषय की जटिलता और संकेत-शब्दों के प्रयोग के कारण है जोकि लेखक दूर नहीं कर सका है। परन्तु इस दोष को दूर करने के निमित्त जहाँ तहाँ अंग्रेजी में पारिभाषिक शब्द देने के अतिरिक्त लेखक ने पुस्तक के अन्त में एक शब्द-कोष भी दिया है जो विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को विषय के अध्ययन एवं अध्यापन में बड़ा सहायक सिद्ध होगा। पुस्तक के परिशिष्ट के रूप में अन्य चीजों के अतिरिक्त राजकीय प्रकाशनों की एक विवरणात्मक सूची भी दी गई है जिसका वर्तमान पुस्तकों में सर्वथा अभाव रहा है या जहाँ कहीं भी ऐसा विवरण देने का प्रयत्न किया गया है वहाँ पुराने तथ्य दे दिए गए हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में प्रयत्न इस बात का किया गया है कि सांख्यिकी जैसा जटिल विषय धारावाहिक रूप में प्रस्तुत किया जाए। पुस्तक के सभी अध्याय एक दूसरे से सम्बद्ध हैं और प्रत्येक सूत्र को हिन्दी एवं

अध्याय ५.

संख्या संकलन की पद्धतियाँ

प्राथमिक ढंग—प्रत्यक्ष स्वंय अवलोकन, परोक्ष मौखिक अनुसंधान, संवाददाताओं से सूचनाएँ प्राप्त करना, अनुसूचियों द्वारा संसूचकों से समंक प्राप्त करना, प्रगणकों द्वारा प्रश्नावली की सहायता से समंक प्राप्त करना, सांख्यिक विवरण एवं सांख्यिक आगणना, निदर्शन प्रणाली, सविचार प्रवरण, दैव-प्रवरण, स्तरित प्रवरण, पद्धति-पूर्ण प्रवरण, अंश प्रवरण, अनुक्रमिक प्रवरण, सम्भावना का सिद्धान्त–सांख्यिकीय नियमिता सिद्धान्त, महानुमाप जड़ता सिद्धान्त, अल्प संख्याओं की विलम्बना का सिद्धान्त, संख्या संकलन के द्वितीयक ढंग, अभ्यास प्रश्न··· ···३९–६३

अध्याय ६.

यथार्थता एवं अनुमान

(Accuracy and Approximation)

संपादन कार्य, यथार्थता, यथार्थता की अपेक्षित मात्रा, अनुमान—(अ) संख्यायें छोड़ कर अनुमान लगाना, (ब) संख्यायें जोड़कर अनुमान लगाना, (स) समीपतम इकाई तक पूर्णांक बनाना, सांख्यिकीय विभ्रम, अभिनत या संचयी विभ्रम, विभ्रमों का माप, द्वितीयक अंकों का सम्पादन कार्य, अभ्यास प्रश्न ·· ···६४–७३

अध्याय ७.

समंकों का वर्गीकरण एवं सारणीकरण

(Classification & Tabulation of Data)

वर्गीकरण, वर्गीकरण के उद्देश्य—गुणात्मक वर्गीकरण, अंकात्मक वर्गीकरण, समयानुसार वर्गीकरण, स्थानानुसार वर्गीकरण, समंक मालायें, अंकात्मक मालायें, सारणीकरण, सारणीकरण के

अध्याय ९.

अपकिरण, विषमता और पृथुशीर्षत्व

(Dispersion, Skewness & Kurtosis)

अपकिरण का अर्थ, अपकिरण के माप—परिसीमा रीति, विचरण विस्तार (Range), विचरण विस्तार के लक्षण, चतुर्थांशांतर, विस्तार, चतुर्थांश विचलन (Quartile Deviation), चतुर्थांश विचलन के गुण, विचलन माध्य रीति—अपकिरण घात, मध्यक विचलन (Mean Deviation), विच्छिन्न एवं अविच्छिन्न मालाओं में मध्यक विचलन का परिगणन, मध्यक विचलन के लक्षण, प्रमाप विचलन, (Standard Deviation), विच्छिन्न एवं अविच्छिन्न मालाओं में प्रमाप-विचलन का ऋजु एवं लघु रीतियों द्वारा परिगणन, प्रमाप-विचलन के लक्षण व प्रयोग, अपकिरण के अन्य माप, विचरण-गुणक (Coefficient of Variation), घनक (Modulus), विचरण मापांक (Variance), सुतथ्यता (Precision), अपकिरण मापों का परस्पर सम्बन्ध, लारेंज वक्र, सामान्य वक्र (Normal Curve), सामान्य वक्र की विशेषतायें, विषमता (Skewness), विषमता का प्रथम माप और उसका विच्छिन्न एवं अविच्छिन्न मालाओं में परिगणन, विषमता का द्वितीय माप और उसका परिगणन, विषमता का तृतीय माप और उसका प्रयोग, विषमता-मापों के लक्षण, अंक-झुकाव (Kurtosis), अपकिरण, विषमता और अंक-झुकाव की तुलना । अभ्यास प्रश्न ··· ··· ···१५५–२०४

अध्याय १०.

सह-सम्बन्ध

(Correlation)

सह-सम्बन्ध का अर्थ, परिभाषा और माप—कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणक और उसका विच्छिन्न एवं अविच्छिन्न मालाओं में परिगणन, लघुरीति और उसका विच्छिन्न एवं

अध्याय १२.

गुण-सम्बन्ध
(Association of Attributes)

चल-समंक और गुण-समंक, समग्र (Universe) और उसका संभाजन, द्वन्द भाजन (Dichotomy) और बहुगुणी वर्गीकरण (Manifold Classification), गुण-सम्बन्ध सारणी, अज्ञात गुण-आवृत्तियों का परिगणन, संभाविता और आशंसा, स्वतंत्रता की कसौटी, गुण-सम्बन्ध गुणक, आँशिक गुण-सम्बन्ध, भ्रमात्मक गुण-सम्बन्ध, अभ्यास प्रश्न··· ··· ··· ···२७८–२९१

अध्याय १३.

आन्तरगणन और वाह्यगणन
(Interpolation & Extrapolation)

आन्तरगणन एवं वाह्यगणन के अर्थ एवं परिभाषायें, आन्तरगणन की रीतियाँ—(अ) बिन्दुरेखीय रीति, (ब) बीज-गणितीय रीति—(१) एकेन्द्र–वक्र अन्वायोजन रीति (Fitting a Parabolic Curve) (२) न्यूटन की प्रगामी अन्तर रीति (Method of Leading Differences), (३) परमितान्तर रीति (Binomial Method), (४) लैगरैंज की रीति, विभिन्न रीतियाँ उनके समीकार एवं परिगणन, अभ्यास प्रश्न··· ··· ···२९२–३११

अध्याय १४.

भारत में सांख्यिकीय सामग्री
(Indian Statistics)

सामग्री संग्रहण व्यवस्था, संग्रहण सम्बन्धी-व्यवस्था का जन्म एवं विकास, वर्त्तमान व्यवस्था और प्रगति, जनगणना (Census)–अर्थ एवं महत्व, भारतवर्ष की जनगणनाएँ, और उनकी कमियाँ सन् १९५१ की जनगणना का विस्तृत विवेचन, सन् १९५१ की जनगणना में निदर्शन प्रणाली का प्रयोग, जन्म-मृत्यु सम्बन्धी अंक Vi) tal Statistics),—वर्तमान व्यवस्था, राष्ट्रीय आय

त्रिबिमा चित्र, कोणीय चित्र (Angular Diagrams), चित्र-लेख, (Pictograms), श्री रूडोल्फ मोडले के नियम, सांख्यिकीय नक्शे (Cartograms), वक्रों द्वारा समंकों का प्रदर्शन—बिन्दु-रेखीय प्रणाली की उपयोगिता, प्राकृत माप-श्रेणी के वक्र, कूट-आधार रेखा, माप-श्रेणी परिवर्तन, अर्ध-छेदा या अनुपात माप-श्रेणी, बारम्बारता या आवृत्ति वक्र, अभ्यास प्रश्न ··· ··· ···३६७–४०५

अध्याय १६.

कालिक मालाओं का विश्लेषण

(Analysis of Time Series)

सुदीर्घकालीन प्रवृति—(१) मुक्तहस्त वक्र रीति (Free-hand Curve Method), (२) चलमाध्य रीति (Moving Average Method),—चल माध्यों के दोष, (३) सरल रेखा अन्वायोजन रीतियाँ—(अ) अर्ध-माध्यों की रीति, (ब) अल्पतम वर्गों की रीति, आर्तव या मौसमी विचरण—(१) आर्तव माध्य रीति, (Seasonal Average Method), (२) प्रवृति रीति (Trend Method), (३) चल माध्य रीति (Moving Average Method), (४) श्रृंखला मूल्यानुपात रीति (Chain Relatives Method), चक्रीय उच्चावचन—चक्रीय उच्चावचनों के ढंग—(१) ऋजुरीति (Direct Method), (२) अवशेष रीति (Residual Method), (३) हरात्मक विश्लेषण रीति (Harmonic Analysis), (४) चक्रीय माध्य रीति। व्यवसायिक पूर्वानुमान (Business Forecasting)—व्यवसायिक पूर्वानुमान लगाने की रीतियाँ—(१) प्रवृति विक्षेपण और वक्र-अन्वायोजन रीति, (२) व्यवसायिक चक्र या चक्रीय उच्चावचन (Business forecasting)—व्यवसायिक पूर्वानुमान रीति, (३) व्यवसायिक क्रियाओं का विश्लेषण और स्थिति तत्व रीति, (४) आधार निर्देशाँक रीति (Basic Indicators), (५) प्रमाप-विचलन के आधार पर पूर्वानुमान लगाने की रीति, अभ्यास प्रश्न ··· ··· ··· ··· ··· ··· ···४०६–४२४

"सांख्यिकी (समंक) अनेक कारणों द्वारा प्रभावित ऐसे तथ्यों का एक समूह है जिनका आंकिक विवरण यथार्थता प्राप्त करने की उचित रीतियों का प्रयोग करके संकलन अथवा अनुमान द्वारा दिया गया हो और जिन्हें एक दूसरे से सम्बन्धित किया जा सके। ऐसे तथ्यों का संकलन किसी पूर्व-निश्चित कार्य के निमित्त पद्धति पूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए।"

इस परिभाषा से समंकों के निम्नलिखित लक्षण स्पष्ट हो जाते हैं:—

(१) समंक तथ्यों का एक समूह है—असम्बद्ध और अकेले तथ्य समंक नहीं कहलाते क्योंकि उनका अध्ययन समय, स्थान और स्थिति के अनुसार नहीं किया जा सकता है। उदाहरणार्थ, एक जन्म, एक मृत्यु या एक आयु के अंक समंक न होंगे।

(२) समंकों पर अनेक कारणों का प्रभाव होता है। समंकों पर अनेक कारणों का प्रभाव रहता है जैसे उत्पत्ति सम्बन्धी समंकों पर जलवायु, भूमि, उत्पादन शक्ति, कच्चे माल पाने की सुगमता एवं परिवहन के साधनों द्वारा प्रदत्त सुविधाएँ प्रभाव डालती हैं।

(३) समंकों द्वारा तथ्यों को अंकों के रूप में व्यक्त करने में संग्रहण या अनुमान पद्धति का प्रयोग किया जाता है। ऐसे तथ्य जिनका विवरण 'अच्छा', 'खराब' या 'साधारण' आदि शब्दों से दिया जाए समंक नहीं कहलाते। केवल वे ही तथ्य समंक कहलाते हैं जो अंकों के रूप में रक्खे जा सकें और विधिपूर्ण रीति से एकत्र किये गए हों। संकलन करने में मुख्यतः दो ढंगों का प्रयोग किया जाता है—(अ) आगणना (Enumeration) जिसमें क्षेत्र के सभी पदों की गणना की जाती हैं और (ब) निदर्शन (Sampling) जिसमें कुछ प्रतिनिधि समंकों के आधार पर ही निष्कर्ष निकाल लिए जाते हैं। उन अंकों को भी हम समंक कहते हैं जिन्हें किसी कारण से संकलित न करके किसी अनुभवी दृष्टा द्वारा अनुमान लगा लिया गया हो। कभी कभी जब परिस्थितियों की विशेषता के कारण वास्तविक परीक्षा करना असंम्भव हो तो अनुमानों पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

(४) समंकों का संकलन किसी पूर्व निश्चित कार्य के लिए यथार्थता प्राप्त करने के ढंगों के प्रयोग द्वारा रीत्यानुसार किया जाता है। यदि हमें कुछ ऐसे निष्कर्षों तक पहुँचना हो जो सामान्यतः लागू हो, तो हमें संकलन

समूहों को सहज एवं बुद्धि-गम्य बनाया जाता है। इनमें से प्रमुख ढंग निम्नलिखित हैं—समंक-संकलन, सम्पादन, परीक्षण, विभाजन, तुलना, सह-सबन्ध, आन्तरगणन इत्यादि। ये अंकों को सुगम एवं सूक्ष्म बनाने के हेतु प्रयोग किए जाने वाले यान्त्रिक तरीके हैं और इसी कारण इनका प्रयोग उचित रूप से करना चाहिए एवं इनके द्वारा उत्पन्न समंकों के विश्लेषण करने के लिए तर्क-शुद्ध बुद्धि की आवश्यकता है।

सम्बद्ध संख्याएँ अथवा व्यावहारिक सांख्यिकी (Applied Statistics) वे संख्याएँ अथवा समंक हैं जिन्हें हम किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में सांख्यिक ढंगों के प्रयोग के द्वारा प्राप्त करते हैं। उदाहरणार्थ, श्रमसंख्याएँ, जनसंख्याएँ जीवनांक इत्यादि। सम्बद्ध संख्याएँ दो भागों में विभक्त की जा सकती हैं—(अ) वर्णनात्मक सम्बद्ध संख्याएँ और (ब) वैज्ञानिक सम्बद्ध संख्याएँ। वर्णनात्मक सम्बद्ध संख्याएँ वे समंक हैं जिनका सम्बन्ध ऐतिहासिक महत्व के तथ्यों से हो। इसका कार्य केवल समंकों का विवरण देना है। उदाहरणार्थ, वे सभी समंक वर्णनात्मक सम्बद्ध संख्याएँ हैं जिनका सम्बन्ध किसी भी अध्ययन क्षेत्र से हो परन्तु उद्देश्य केवल विवरणात्मक हो। वैज्ञानिक सम्बद्ध संख्याएँ वे समंक हैं जिन्हें किसी वैज्ञानिक उद्देश्य से एकत्रित किया गया हो अर्थात् जो किसी भौतिक, मानसिक अथवा सामाजिक सिद्धांत का प्रतिपादन करती हों। उदाहरणार्थ, यदि मृत्यु सम्बन्धी अंक एकत्रित किए जाएँ तो विभिन्न नगरों के समंकों के आधार पर हम एक सिद्धांत बना सकते हैं कि घने बसे हुए और व्यापारिक नगरों में अन्य नगरों की अपेक्षा मृत्युदर अधिक होती है।

सांख्यिकी एक प्रगतिशील विज्ञान है और जहाँ कहीं भी सांख्यिक अध्ययन की आवश्यकता होती है इसका महत्व बढ़ता ही जा रहा है। सांख्यिक ढंगों के प्रयोग द्वारा पेचीली घटनाओं और विस्तृत क्षेत्रों का अध्ययन आसान हो जाता है।

सांख्यिकी का उद्देश्य

अंग्रेज विद्वान बाडिंगटन* के अनुसार "सांख्यिक अनुसन्धान का मुख्य उद्देश्य भूतकालीन एवं वर्त्तमान तथ्यों की तुलना करके ये मालूम करना है

* "The ultimate end of Statistical research is to enable comparison to be made between past and present results with a view to ascertaining the reasons for changes which have taken place and the effect of such changes on the future." —Bodington.

समूहों को सहज एवं बुद्धि-गम्य बनाया जाता है। इनमें से प्रमुख ढंग निम्नलिखित हैं—समंक-संकलन, सम्पादन, परीक्षण, विभाजन, तुलना, सह-सबन्ध, आन्तरगणन इत्यादि। ये अंकों को सुगम एवं सूक्ष्म बनाने के हेतु प्रयोग किए जाने वाले यान्त्रिक तरीके हैं और इसी कारण इनका प्रयोग उचित रूप से करना चाहिए एवं इनके द्वारा उत्पन्न समंकों के विश्लेषण करने के लिए तर्क-शुद्ध बुद्धि की आवश्यकता है।

सम्बद्ध संख्याएँ अथवा व्यावहारिक सांख्यिकी (Applied Statistics) वे संख्याएँ अथवा समंक हैं जिन्हें हम किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में सांख्यिक ढंगों के प्रयोग के द्वारा प्राप्त करते हैं। उदाहरणार्थ, श्रमसंख्याएँ, जनसंख्याएँ जीवनांक इत्यादि। सम्बद्ध संख्याएँ दो भागों में विभक्त की जा सकती हैं— (अ) वर्णनात्मक सम्बद्ध संख्याएँ और (ब) वैज्ञानिक सम्बद्ध संख्याएँ। वर्णनात्मक सम्बद्ध संख्याएँ वे समंक हैं जिनका सम्बन्ध ऐतिहासिक महत्व के तथ्यों से हो। इसका कार्य केवल समंकों का विवरण देना है। उदाहरणार्थ, वे सभी समंक वर्णनात्मक सम्बद्ध संख्याएँ हैं जिनका सम्बन्ध किसी भी अध्ययन क्षेत्र से हो परन्तु उद्देश्य केवल विवरणात्मक हो। वैज्ञानिक सम्बद्ध संख्याएँ वे समंक हैं जिन्हें किसी वैज्ञानिक उद्देश्य से एकत्रित किया गया हो अर्थात् जो किसी भौतिक, मानसिक अथवा सामाजिक सिद्धांत का प्रतिपादन करती हों। उदाहरणार्थ, यदि मृत्यु सम्बन्धी अंक एकत्रित किए जाएँ तो विभिन्न नगरों के समंकों के आधार पर हम एक सिद्धांत बना सकते हैं कि घने बसे हुए और व्यापारिक नगरों में अन्य नगरों की अपेक्षा मृत्युदर अधिक होती है।

सांख्यिकी एक प्रगतिशील विज्ञान है और जहाँ कहीं भी सांख्यिक अध्ययन की आवश्यकता होती है इसका महत्व बढ़ता ही जा रहा है। सांख्यिक ढंगों के प्रयोग द्वारा पेचीली घटनाओं और विस्तृत क्षेत्रों का अध्ययन आसान हो जाता है।

सांख्यिकी का उद्देश्य

अंग्रेज विद्वान बाडिंगटन* के अनुसार "सांख्यिक अनुसन्धान का मुख्य उद्देश्य भूतकालीन एवं वर्त्तमान तथ्यों की तुलना करके ये मालूम करना है

* "The ultimate end of Statistical research is to enable comparison to be made between past and present results with a view to ascertaining the reasons for changes which have taken place and the effect of such changes on the future." —Bodington.

कि जो भी परिवर्त्तन हुए हैं उनके क्या क्या कारण रहे हैं और इनके क्या क्या परिणाम भविष्य में हो सकते हैं ।" इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सांख्यिकी का आर्थिक विकास एवं राष्ट्रीय समृद्धि से घनिष्ट सम्बन्ध है । इसके द्वारा हम वर्त्तमान एवं भूतकालीन तथ्यों का अध्ययन एक पूर्व-निश्चित उद्देश्य से करते हैं जिससे उनके आधार पर भविष्य में राष्ट्रीय समृद्धि बढ़े एवं आर्थिक विकास निर्विघ्न हो । भविष्य निर्माण के लिए सिद्धान्त एवं नीति के प्रतिपादन को ही हम राष्ट्रीय नियोजन (National Planning) कहते हैं । आज का युग 'योजना का युग' है और इस कारण हम सांख्यिकी के उद्देश्य से अपरिचित नहीं रह सकते । बिना समंकों के नियोजन असम्भव है और बिना सांख्यिक अनुमानों के योजना की प्रगति नहीं जानी जा सकती है ।

राष्ट्रीय नियोजन के अतिरिक्त सांख्यिकी के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:—

(१) कठिन घटनाओं एवं तथ्यों को यथार्थ रूप में सहज प्रकार से समझाना (२) वैज्ञानिक नियमों का प्रतिपादन करके विद्या का विस्तार करना (३) सफल एवं निपुण शासन करने में सहायक होना (४) उत्पादन की वृद्धि में सहायक होना ।

सांख्यिकी की परिभाषा

"जितने लेखक उतनी परिभाषा" वाला नियम सांख्यिकी में भी लागू होता है । करीब सन् १८६९ ई० में क्यटले (Quetlet) ने १८० परिभाषाओं का एक संकलन किया था ।

एचनवाल के अनुसार "साँख्यिकी किसी भी राज्य से सम्बन्धित विवरणात्मक एवं ऐतिहासिक तथ्यों का एक संकलन है ।" श्री कीन्स महोदय के कथनानुसार एचनवाल वे प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने साँख्यिकी को एक विशिष्ट विद्या के रूप में सबसे पहले समझा ।

ह्वापस (Whappaus) ने साँख्यिकी को एक भौतिक विज्ञान के रूप में समझकर कहा कि यह "किसी भी भौतिक दशा के वर्णन हेतु एकत्रित ज्ञान समूह है जिसका कोई भी एक पूर्व-निश्चित उद्देश्य हो ।" डा० मायर्स

(Mayrs) के दृष्टिकोण से "सांख्यिकी मनुष्य के सामाजिक जीवन से सम्बन्धित वास्तविक तथ्यों के वैज्ञानिक एवं पद्धतिपूर्ण विवेचन के द्वारा कुछ समूह सम्बन्धी सिद्धान्तों का प्रतिपादन करती है।" वेबस्टर (Webster) ने भी इसी प्रकार की परिभाषा की है जिसके अनुसार "साँख्यिकी किसी भी राज्य में रहने वाले व्यक्तियों से सम्बन्धित तथ्यों का एक वर्गीकृत स्वरूप है, जिसका सम्बन्ध विशेष रूप से ऐसे तथ्यों से है जिन्हें अंकों, अंक-सारणीयों अथवा किसी अन्य वर्गीकृत रूप में रखा जा सके।"

उपरोक्त परिभाषाओं में एक ही अंतर्निहित तथ्य है कि सांख्यिकी एक समंक सम्बन्धी शास्त्र है, परन्तु सभी उसे केवल 'राज्य सम्बन्धी शास्त्र' कह कर इस विज्ञान के क्षेत्र को संकुचित कर देते हैं। आज इस शास्त्र का क्षेत्र 'राजकीय शास्त्र' की संकुचित सीमाओं को पार कर अत्यन्त विस्तृत हो गया है और उसके अन्तर्गत सभी क्षेत्रों में होने वाले सांख्यिकीय अध्ययन सम्मिलित हैं चाहे वे आकाश, पाताल, एवं पृथ्वी पर होने वाली घटनाओं के सम्बन्ध में हों।

प्रोफेसर ए० एल० बावले* (Bowley) के कथनानुसार "सांख्यिकी एक ऐसा शास्त्र है जो समाज में रहने वाले मनुष्यमात्र की क्रियाओं का अपनी समस्त प्रव्यक्तियों में अध्ययन करता है।" प्रोफेसर बावले स्वयं ही इस परिभाषा को अनुपयुक्त समझते हैं क्योंकि इसके अनुसार सांख्यिकी का क्षेत्र संकुचित हो जाता है और अध्ययन का क्षेत्र केवल मनुष्य और उसकी क्रियाओं तक ही सीमित रह जाता है। ले प्ले (Le Play) ने एक कुटुम्ब लेकर उसकी सभी प्रव्यक्तियों का अध्ययन किया था परन्तु उसके अध्ययन के फलस्वरूप प्राप्त किए गए निष्कर्ष सामान्य जीवन से विभिन्न पाये गए। सांख्यिकी व्यक्तिगत-विषमताओं को कोई महत्व नहीं देती अतएव यदि अनेक व्यक्तिओं और कुटुम्बों के अध्ययन के फलस्वरूप कुछ निष्कर्ष निकाले जाए तो वे महत्वशाली होंगे। इसके अतिरिक्त सांख्यिकी के क्षेत्र का विस्तार होने के कारण हम उसके अन्तर्गत न केवल एक सामाजिक प्राणी के प्रत्येक अंग का ही अध्ययन करते हैं वरन् जीव-विज्ञान, ज्योतिष्य विज्ञान एवं अन्य शास्त्रों के अध्ययन में भी इसके महत्व का अनुभव किया जाने लगा है।

---

* "Statistics is the science of the measurement of the social organism, regarded as a whole in all its manifestations".
—A. L. Bowley.

उपरोक्त परिभाषा के अतिरिक्त प्रोफेसर बावले अन्य परिभाषाओं की ओर संकेत करते हैं कि 'सांख्यिकी गणना करने का एक विज्ञान है' या सांख्यिकी एक माध्य सम्बन्धी (Science of Averages) शास्त्र है।' बाडिंगटन के कथनानुसार ये एक 'अनुमान एवं सम्भावना सम्बन्धी (Science of Estimates and Probabilities) शास्त्र है।' ये परिभाषाएं केवल उन सांख्यिक ढंगों की ओर संकेत करती हैं जिनके द्वारा यह शास्त्र कुछ प्रतिफलों एवं सिद्धान्तों का विवेचन करता है। बहुत से अंक होने पर उनकी गणना न करके केवल अनुमान ही लगा लिया जाता है और कम होने पर उन्हें सम्पूर्ण यथार्थता से गणना द्वारा ज्ञात किया जाता है। संकलन में प्रगणना (Enumeration) अथवा निदर्शन (Sampling) दोनों का ही प्रयोग अनुसंधानीय क्षेत्र की विषमताओं के अनुसार कर लिया जाता है। इसके अतिरिक्त महांकों को सूक्ष्म रूप देने के हेतु माध्यों (Averages) का प्रयोग किया जाता है जिनको देखकर सम्पूर्ण क्षेत्र का सामान्य रूप से ज्ञान हो सके। परन्तु इनके अलावा भी ऐसे अनेकों ढंग है जिनके द्वारा अधिक उत्तम और सहज रूप में समंकों का अर्थ स्पष्ट किया जा सकता है, उदाहरणार्थ, बिन्दुरेख (Graphs), चित्र (Diagrams), अपकिरण माप (Measures of Dispersion) इत्यादि। इस प्रकार हम देखते हैं कि गणना का उपयोग केवल समंकों के संकलन में किया जाता है और माध्यों का प्रयोग उनके विश्लेषण एवं विवेचन में। ये सांख्यिकी के कुछ ढंग हैं परन्तु सांख्यिकी नहीं। ये परिभाषाएँ कुछ सांख्यिक क्रियाओं की ओर संकेत करती है इस कारण अपूर्ण हैं।

संख्या-शास्त्रियों का एक समुदाय इस बात में विश्वास रखता है कि 'सांख्यिकी वह है जोकि वह करती है।' इनमें से प्रमुख विलियम किंग* (King) के कथनानुसार "सांख्यिकी संग्रहीत तथ्यों के विश्लेषण अथवा अनुमानों के संकलन द्वारा प्राप्त सामूहिक अथवा सामाजिक घटनाओं के अध्ययन करने का एक ढंग है।" लॉविट (Lovitt) इस शास्त्र की निम्न-

---

* 'The Science of Statistics is the method of judging collective, nautral or social phenomena from the results obtained by the analysis and enumeration or collection of estimates'.

—W. I. King.

लिखित परिभाषा करते हैं—"ये शास्त्र आंकिक तथ्यों के संकलन, वर्गीकरण एवं सारिणीकरण से सम्बन्धित एक अध्ययन है जिनके द्वारा घटनाओं का विवरण, विवेचन एवं तुलना की जाती है"* इन सांख्यिकों (Statisticians) के अनुसार सांख्यिकी अपने अन्तर्गत आने वाले सब ढंगों का एक वैज्ञानिक एवं सहज प्रकटीकरण है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि कुछ परिभाषाओं ने सांख्यिकी का क्षेत्र केवल एक राजकीय-विज्ञान के रूप में और कुछ ने केवल महत्वपूर्ण ढंगों तक परिसीमित कर दिया है। कुछ व्यक्तियों ने परिभाषा में वे सभी साँख्यिक ढंग सम्मिलित करने का प्रयत्न किया जिसका प्रयोग इस शास्त्र के अन्तर्गत किया जाता है। परन्तु हम स्पष्ट रूप से देख चुके हैं कि किसी भी शास्त्र के क्षेत्र में केवल वे यान्त्रिक ढंग ही नहीं आते जिनका प्रयोग उसके अन्तर्गत किया जाए वरन् वे प्रतिपादित नियम भी आते हैं जिनको उन ढंगों के आधार पर बनाया गया हो। उपरोक्त सभी परिभाषाओं में शास्त्र के एक आवश्यक अंग को छोड़ दिया गया हैं। कहीं भी शास्त्र के उद्देश्य के सम्बन्ध में नहीं कहा गया। सभी परिभाषाओं को सामने रखते हुए हम निम्नलिखित परिभाषा द्वारा इस शास्त्र को व्यक्त करेंगे जिसमें यह प्रयत्न किया गया है कि वह दोष रहित हो परन्तु सांख्यिकी एक प्रगतिशील विज्ञान है और उसे किसी भी स्थायी परिभाषा द्वारा नहीं बांधा जा सकता है।

> एक विज्ञान के रूप में सांख्यिकी किसी भी अनुसन्धानीय क्षेत्र से संबधित घटनाओं का आंकिक अध्ययन है जिसका प्रमुख उद्देश्य भूतकालीन अनुभवों का संग्रह, तुलना एवं सुसम्बद्ध करके उनके द्वारा प्रदत्त अनुभव के आधार पर भविष्य निर्माण के लिए योजनायें बनाना है और इस कार्य में ये शास्त्र कुछ साँख्यिक ढंगों का सहारा लेता है जैसे संकलन, संशोधन, वर्गीकरण, मध्यक, सहसम्बन्ध, आन्तरगणन, निर्वचन इत्यादि।

---

* 'It deals with the collection, classification and tabulation of numerical facts as the basis for explanation, description and comparison of phenomena'.

—Lovitt.

एक सांख्यिक के कार्य

अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक सांख्यिक को कुछ क्रियाएँ करनी होती हैं—(अ) निरीक्षण (ब) परीक्षण (स) सारांशीकरण (द) विवेचन एवं (क) निर्वचन। सर्वप्रथम किसी भी क्षेत्र में होने वाली घटनाओं का निरीक्षण होना चाहिए और इसलिए सांख्यिक का प्रथम कार्य समस्या से सम्बन्धित समंकों का संकलन है। संकलन करते समय सांख्यिक अनुसंधानीय क्षेत्र की विशालता के अनुसार संकलन की पद्धति निश्चित करेगा। यदि क्षेत्र विशाल हो और वह स्वयं ही क्षेत्र में संकलन के समय उपस्थित न रह सके तो वह अनेक निरीक्षक (Investigators) अथवा प्रगणक (Enumerators) नियुक्त करके अपने आदेशों के अनुकूल समंक एकत्रित करवा लेगा। इन प्रतिनिधियों की नियुक्ति करते समय वह इस बात का ध्यान रखेगा कि वे पक्षपात रहित एवं सच्चे हों क्योंकि व्यक्तिगत अभिनति (Personal bias) अनुसन्धानीय क्षेत्र से प्राप्त समंकों की यथार्थता को विनष्ट कर देगी। संकलन करते समय यदि सांख्यिक के पास समय की कमी होगी तो सम्पूर्ण क्षेत्र में संगणना (Enumeration) करने के स्थान में वह निदर्शन (Sampling) को ठीक समझेगा।

सामग्री-संग्रहण के पश्चात् सांख्यिक उसका परीक्षण करेगा और यदि किन्हीं विभ्रमों (Errors) का प्रवेश होगया हो तो उनका संशोधन कर देगा। परीक्षण एवं संशोधन के द्वारा सांख्यिक को विभ्रम विमुक्त सामग्री मिलेगी जिनके आधार पर वह परिशुद्ध एवं यथार्थ सारांश निकाल सकता है।

विभ्रम-रहित सामग्री प्राप्त कर लेने पर सांख्यिक का वास्तविक कार्य प्रारम्भ होता है और वह उसे एक वर्गीकृत स्वरूप देने के पश्चात् समंक समूहों का सारांशीकरण करता है अर्थात् वह प्रतिनिधि संख्याओं के द्वारा समंकों के समूहों का अर्थ मध्यकों द्वारा व्यक्त करता है। यदि समंकों के आपस में या अपने मध्यकों से किसी प्रकार का विचलन हो तो ऐसे अपकिरण का भी सांख्यिक अध्ययन करता है।

सांख्यिक का कार्य महांको को कुछ सहज एवं बुद्धि-गम्य समंकों में संकुचित करना ही नहीं है वरन् वह संग्रहीत सामग्री का विशद विवेचन भी करता है अर्थात् वह इनके स्वरूप, लक्षण, सह-सम्बन्ध इत्यादि के सम्बन्ध में भी अध्ययन करता है।

अध्ययनीय क्षेत्र के समंकों का अध्ययन करने एवं उनका विशद विवेचन करने के पश्चात् उनसे परिणाम निकालने का कार्य अत्यन्त दुष्कर है जिसे निर्वचन (Interpretation) कहते हैं। निर्वचन करते समय भी सांख्यिक को पक्षपात रहित रहना चाहिए क्योंकि अभिनतिपूर्ण (Biassed) निर्वचन द्वारा भ्रमात्मक तथ्य भी सिद्ध किए जा सकते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि सांख्यिक के प्रमुख कार्य हैं—निरीक्षण, परीक्षण या संशोधन, साराँशीकरण, विवेचन एवं निवर्चन, और सभी कार्यों में उसका पक्षपात-रहित होना परमावश्यक है।

EXERCISES
अभ्यास प्रश्न

1. Discuss the importance of the study of Statistics in the present circumstances of India.

भारतवर्ष में आजकल की परिस्थितियों में सांख्यिकी के अध्ययन का महत्व समझाइये। (B. Com. Agra, 1938)

2. "Sciences without Statistics bear no fruit, Statistics without Science have no root"

Explain the above statement with necessary comments.

"विज्ञान बिना समंकों के फलदायक नहीं होते और समंक बिना विज्ञान के निर्मूल है।"

उपरोक्त कथन का विवेचन कीजिए। (M. A. Patna, 1943)

3. "Statistics affects everybody and touches life at many points. It is both a science and an art."

"समंक प्रत्येक व्यक्ति पर प्रभाव डालते हैं और जीवन के अनेक पहलुओं को छूते हैं। सांख्यिकी एक विज्ञान और कला दोनों ही हैं।"

उपरोक्त कथन की पुष्टि उदाहरण देते हुए कीजिए।

(B. Com. Agra, 1945)

4. Discuss the meaning and scope of statistics. Show the importance of statistics in any scheme of economic planning in India.

सांख्यिकी का अर्थ और क्षेत्र समझाइए और यह बतलाइए कि वह किस प्रकार से भारतवर्ष के किसी अर्थ-नियोजन की योजना में सहायक हो सकती है। (B. Com. Agra, 1945)

5. What are Statistical Methods ? Explain their scope and limitations.

Critically examine the following definition of statistics:—

"Statistics is the Science of Counting", Statistics is the science of the measurement of social organism in all its aspects."

सांख्यिकीय ढंग क्या होते हैं ? उनके क्षेत्र और सीमाएँ बतलाइए। निम्नलिखित सांख्यिकी की परिभाषाओं की समीक्षा कीजिए:—

"सांख्यिकी गणना सम्बन्धी विज्ञान है।"

"सांख्यिकी सामाजिक जीवन के सभी पहलुओं के माप करने वाला विज्ञान है। (B. Com. Agra, 1943)

6. Statistics is said to be both a science and an art, why ? What relation, if any, has statistics with other sciences.

सांख्यिकी को एक विज्ञान और कला दोनों ही कहा जाता है, क्यों ? इसका अन्य विज्ञानों से क्या सम्बन्ध है, समझाइए।

(B. Com. Agra, 1949)

अध्याय २.

सांख्यिकी के कार्य, उपयोग एवं महत्व

सांख्यिकी के कार्य

सांख्यिकी बड़े बड़े समूहों के सम्बन्ध को समंकों के द्वारा एक सूक्ष्म एवं भौतिक रूप प्रदान करती है संकलित समंकों को सहज एवं बुद्धिगम्य बनाने में सांख्यिक निम्नलिखित ढंगों का प्रयोग करता है।—(अ) विशाल समंक समूहों को एक महत्वशाली संख्या के रूप में परिवर्त्तित करके उसके द्वारा सामान्यतः समंक क्षेत्र के लक्षणों का प्रतिनिधित्व करने के लिए माध्य (Average) का प्रयोग— (ब) निदर्शन (Sampling) द्वारा विशाल समंक क्षेत्र को एक छोटा स्वरूप प्रदान करना जिससे उस समंक क्षेत्र के सभी लक्षण तो निर्दशित समुदाय में विद्यमान रहे और आगणना के कष्ट का भी निवारण हों। समंकों को सूक्ष्म करने के पश्चात् उनकी परस्पर तुलना की जाती है जिसमें 'समान समंकों का समान के साथ' सम्बन्ध जोड़ा जाता है। किन्हीं भी दो या अधिक समंकों के सह-सम्बन्ध को गुणक, मूल्यानुपात अथवा दरों के द्वारा स्पष्ट किया जाता है और इस प्रकार सांख्यिकी उसे एक गणित सम्बन्धी स्वरूप प्रदान करती है। सांख्यिकी व्यक्तिशः उदाहरणों के विशाल एवं कठिन समंक समूहों को तुलनीय दृष्टि से अधिक उपयुक्त बनाती है।

सांख्यिकी व्यक्तिगत अनुभवों का विस्तार करती है।—मनुष्य का ज्ञान केवल वहीं तक सीमित रहेगा, (यदि समंक न हो) जो कुछ वह देख, सुन व अनुभव कर सकता है। इस प्रकार मनुष्यमात्र का ज्ञान बहुत संकुचित होता है क्योंकि वह सामाजिक जीवधारी रचना का केवल एक बहुत छोटे से भाग का अध्ययन कर सकता है। परन्तु वह समंकों के द्वारा अन्य व्यक्तियों के अनुभव का भी उपयोग कर सकता है। इस प्रकार सांख्यिकी मनुष्यमात्र के ज्ञान एवं अनुभव के क्षेत्र का विस्तार करती है। बिना आंकिक विवेचन के हमारे विचार एवं आदर्श संदिग्ध, अनिश्चित एवं अस्पष्ट होंगे और यदि उनके अन्तर्निहित महत्व को पूर्णरूपेण समझाना अभीष्ट हो तो समंकों का सहारा

लेना ही होगा। संमक बहुत प्रभावशाली होते हैं और सर्वसाधारण शीघ्र ही उन पर विश्वास कर लेते हैं। श्री बावले के अनुसार, "कोई भी सांख्यिक अनुमान अच्छा या बुरा, यथार्थ या भ्रामक क्यों न हों, परन्तु करीब करीब प्रत्येक बार वह एक आकस्मिक प्रेक्षक के अनुभवों से अधिक यथार्थ होगा और उसे केवल सांख्यिक ढंगों द्वारा ही भ्रामक सिद्ध किया जा सकता है।"

अर्थशास्त्रीय सिद्वांतों में सांख्यिकी का महत्व

सांख्यिकी का अर्थशास्त्रीय सिद्धान्तों में भी बड़ा महत्व है और उसके प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं:—

(१) ये शास्त्र किसी भी राष्ट्र की आर्थिक स्थिति का वर्णन करने में सहायक होता है। इसके द्वारा भृति, मूल्य, निर्यात, आयात, उत्पति, राष्ट्रीय आय वितरण, जनसंख्या इत्यादि के सम्बन्ध में समंकों द्वारा ज्ञान एकत्रित किया जाता है। भावी सुधार योजनाएँ बनाने के लिए वर्त्तमान एवं भूत-कालिक स्थितियों का ज्ञान होना अति आवश्यक है। आज राष्ट्रीय योजना के युग में समंकों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।

(२) ये शास्त्र विशिष्ट तथ्यों एवं अनुभवों के आधार पर आगमन प्रणाली (Inductive method) द्वारा सर्वमान्य आर्थिक सिद्धान्तों के प्रतिपादन में सहायक होता है।

(३) निगमन प्रणाली (Deductive method) के लिए ये शास्त्र सहायक अथवा पूरक का कार्य करता है। ये शास्त्र स्वयं ही आगमन प्रणाली का एक अंग है।

व्यापारिक ढंग के रूप में सांख्यिकी के कार्य

(१) इसके द्वारा व्यापार सम्बन्धी समाचार एवं सूचनाओं को समंक रूप में एकत्रित किया जा सकता है जिससे उनके यापन, वर्गीकरण एवं तुलना में आसानी हो।

(२) इसके द्वारा सूचनाओं और समाचारों का इस प्रकार से संग्रहण किया जाता है कि उनके महत्वशाली सूक्ष्म रूप बनाए जा सकें।

(३) ये शास्त्र एक ऐसी पद्धति निर्माण करने में सहायक होता है जिसके द्वारा भूतकालीन अनुभवों का विश्लेषण करके भावी घटनाओं का

एक सम्भावित क्रम निश्चित किया जा सके। व्यापार स्वयं ही एक सम्भावना है।

सांख्यिकी का महत्व एवं उपयोग

आजकल प्रत्येक क्षेत्र में सांख्यिकी का महत्व बढ़ रहा है। सांख्यिकीय ढंगों का प्रयोग ज्योतिष्य शास्त्र, जीव-विज्ञान, अन्तरिक्ष विज्ञान, सामाजिक-विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं गणितशास्त्र में किया जाने लगा है। आजकल सबसे अधिक प्रगतिशील शास्त्र अर्थशास्त्र समझा जाता है और आज का युग आर्थिक नियोजन का युग है। बिना समंकों के नियोजन असम्भव है क्योंकि बिना उनकी सहायता के भूतकालिक एवं वर्त्तमान तथ्यों के वास्तविक स्वरूप का अध्ययन नहीं किया जा सकता और बिना इस अध्ययन के किया जाने वाला नियोजन राष्ट्र के लिए हानिकर है। इस प्रकार सांख्यिकी द्वारा प्रदत्त सामग्री योजना की आधारशिला है। इसके अतिरिक्त योजना बन जाने के उपरान्त उसके अनुकूल किए जाने वाले कार्य की सफलता नापने के लिए हमें फिर समंकों की सहायता लेनी पड़ती है।

सन् १९५१ में दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय सांख्यिक सम्मेलन का उद्घाटन करते समय राष्ट्रपति श्री राजेन्द्रप्रसाद जी ने भारत की पंचवर्षीय योजना के सफलतापूर्वक चलाने के लिए सांख्यिकी के महत्व पर जोरदार शब्दों में कहा कि "कोई भी सरकार सांख्यिकीय अज्ञानता रहते हुए सफल नियोजन का विचार भी नहीं कर सकती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार सांख्यिक ढंगों के विकास में उत्साह लेती रही है और देश में अनेक सांख्यिक संगठन बने। यद्यपि वैज्ञानिक और व्यावसायिक उन्नति ने संसार के दूरस्थ क्षेत्रों को काफी पास ला दिया है फिर भी आज संसार के सांख्यिक मानचित्र पर अनेकों अनजाने क्षेत्र पाये जाएँगे और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की स्थापना में सांख्यिक सूचनाएँ न होना एक बहुत बड़ी रोक है।" इसी सम्मेलन में श्री पण्डित नेहरू ने भाषण देते हुए कहा कि "देश में इस समय अनेकों समस्याएँ हैं जिनका निराकरण करना आवश्यक है और इस कार्य के लिए यथार्थ समंकों का होना परमावश्यक है। यदि आज की स्थिति में कुछ भी परिवर्त्तन लाना अभीष्ट है तो बिना सांख्यिक ज्ञान के असम्भव होगा।"

सांख्यिकी की उत्पत्ति एक 'राजकीय शास्त्र' के रूप में हुई थी और आज भी उसका महत्व शासन प्रबन्ध के क्षेत्र में कम नहीं हुआ है। बिना

समंकों एवं तथ्यों के शासनकर्त्ता एक अन्धे व्यक्ति के समान है जो चल रहा है पर ये नहीं जानता कि कब गिर पड़ेगा। वह राज्य की आर्थिक स्थिति नहीं जान सकता। इसके अतिरिक्त देश के शासन के लिए प्रति वर्ष एक बजट बनाना आवश्यक है और वह बिना समंकों के नहीं बनाया जा सकता है। प्रायः ये कहा जाता है कि बजटों में जमा और नाम दोनों कभी ही आकस्मिक रूप से बराबर हो जाए तो बात दूसरी है अन्यथा अक्सर वे नहीं होते इस कारण समंकों की क्या आवश्यकता है। परन्तु ये ध्यान में रखना चाहिए कि बजट राष्ट्र का एक अनुमान सम्बन्धी आय व्ययक है और उसमें जमा और नाम के अनुमान दिए रहते हैं और बिना सांख्यिकीय ढंगों के सफल अनुमान करना असम्भव है। इसके अतिरिक्त कोई भी सरकार जब कोई नवीन नीति निर्धारित करती है तो जनता के मनोभावों को जानना चाहती है यदि जनता का विरोध अधिक होगा तो वह नीति परिवर्त्तन करना चाहेगी। ये कार्य सांख्यिक ढंग से किया जा सकता है और सम्बन्धित समंक एकत्रित करके उनके आधार पर नीति परिवर्त्तन किया जा सकता है। इस प्रकार सांख्यिकी राजकीय निरीक्षण करने एवं नई नीतियों के प्रतिपादन में सहायक होती है।

आज के युग में आर्थिक स्वतन्त्रता के सिद्धान्त का महत्व कम होता जा रहा है और हमारा झुकाव नियन्त्रण की ओर है जिससे व्यवसायियों के लाभ की दर में कमी की जा सके और अन्य वर्गों का लाभ हो। इस प्रकार व्यापारिक नीति में सांख्यिकी का महत्वपूर्ण स्थान है। व्यापारियों के दृष्टिकोण से लाभ बढ़ना उचित है और इसलिए उनके प्रयत्न विक्रय बढ़ाने व लागत कम करने की दिशाओं में होते हैं। अधिक विक्रय करने के लिए कम लागत पर अधिक उत्पत्ति की आवश्यकता है। इसके लिए उत्पादन के वैज्ञानिक ढंगों के प्रयोग की आवश्यकता होती है और किसी भी व्यवसाय में अभिनवीकरण बिना समंकों की सहायता के नहीं किया जा सकता। अभी तक समंकों का प्रयोग व्यवसायों में केवल आर्थिक विभाग तक ही सीमित रहा है जिसमें हिसाब का लेखा ब्यौरा रखा जाता था। परन्तु अब सांख्यिकी के क्षेत्र का विस्तार हुआ है और समंकों का प्रयोग व्यापार के संचालन, शासन, एवं विकास में किया जाता है। व्यापारियों को अनुमानों एवं सम्भावनाओं पर निर्भर रहना होता है, क्योंकि व्यापार "स्वयं ही एक व्यावहारिक आगणना है।" आजकल उत्पादन केवल उपभोग के लिए ही

सांख्यिकी केवल इनके आंकिक अंग का ही अध्ययन कर सकती है। प्रोफेसर बावले के अनुसार "किसी भी सामाजिक समस्या के निवारण में एक सांख्यिक का कार्य समंकों द्वारा मापन करना है और समंकों का सामाजिक तथ्यों में एक महत्वरहित स्थान है।"* इस प्रकार सांख्यिकी केवल आंकिक मापों तक ही परिसीमित है।

(२) समंक-समूहों के अन्तर्गत आने वाले अंक एक दूसरे से विभिन्न होते हैं। मध्यकों के प्रयोग से कठिन संख्याओं को सहज बनाया जाता है और उनकी अनेक असमानताएँ विलीन हो जाती हैं परन्तु सब नहीं। सांख्यिकी का कोई भी ढंग इन असमानताओं को पूर्णरूप से विनष्ट नहीं कर सकता। परन्तु इस कमी को हम एक बहुत बड़ी कमी नहीं कह सकते क्योंकि सांख्यिकी एक प्रगतिशील शास्त्र है और नये नये सांख्यिक ढंगों का आविष्कार होगा ऐसी आशा रखनी चाहिए।

(३) सांख्यिकी आगणना एवं अनुमानों पर आधारित है जो सम्भावनाओं पर निर्भर है। इस कारण यह एक विभ्रमयुक्त शास्त्र है और इसके नियमों को भी आकर्षण के भौतिक सिद्धांत के समान नियमों की श्रेणी में नहीं रहा जा सकता है। परन्तु ये कोई विशेष कमजोरी नहीं कही जा सकती है। अर्थशास्त्र के नियमों के अनुसार इसके नियम भी 'औसत रूप में यथार्थ' होते हैं और संभावित तथ्यों की ओर संकेत करते हैं।

(४) सांख्यिकी का प्रयोग समंकों के छलसाधन द्वारा भ्रामक सिद्धान्तों के प्रतिपादन के लिये किया जा सकता है क्योंकि 'समंकों' के ऊपर उनके अच्छे या बुरे गुणों की छाप नहीं लगी होती है।

समंकों का अविश्वास

वैज्ञानिक ज्ञान से शून्य व्यक्ति दो प्रकार के होते हैं—एक वे जो अन्वेषणों को विश्वास पूर्ण दृष्टि से देखते हैं और दूसरे जो उन्हें केवल एक 'अनुमान' ही समझते हैं। सांख्यिकी के ज्ञान से अनभिज्ञ व्यक्ति के विचार भी इसी प्रकार के होते हैं। कुछ लोगों के विचार में "समंक झूठ नहीं बोल

---

* "The Statistician's contribution to a sociological problem is only one of objective measurement and this is frequently among the less important of the data."

—A. L. Bowley

सकते" और कुछ लोगों के अनुसार "समंक सर्वांगी झूठ" हैं। एक समुदाय का विचार है कि "समंक कुछ भी सिद्ध कर सकते हैं" और दूसरे का निर्णय है कि "समंक कुछ भी सिद्ध नहीं कर सकते"।

"समंक कुछ भी सिद्ध कर सकते हैं" इस तर्क रहित एवं अविश्वासजनक विचार को हम पूर्णतया अकारण नहीं कह सकते क्योंकि किसी भी भोले भाले मनुष्य को समझाने के लिए समंकों की शक्ति यथेष्ट है। झूठे एवं स्वार्थी व्यक्तियों द्वारा अवैज्ञानिकरूप से प्रयुक्त समंकों से मनुष्य सदा ही सन्तुष्ट होता रहेगा जब तक वह यह नहीं जानता है कि उनका प्रयोग किसी छलसाधन के निमित्त हो रहा है क्योंकि समंकों के ऊपर तो सत्यासत्य की कोई छाप होती नहीं है। सांख्यिकी के ज्ञान से शून्य व्यक्ति अपनी अज्ञानता के कारण समंकों में अश्रद्धा रखता है एवं सन्देह युक्त दृष्टि से देखता है। समंक स्वयं कुछ भी सिद्ध नहीं कर सकते परन्तु "समंकों को कुछ भी सिद्ध करने के लिये प्रयुक्त किया जा सकता है।" अर्थात् समंकों के अवैज्ञानिक एवं स्वार्थपूर्ण छलसाधन के द्वारा कुछ ऐसे प्रतिफलों तक पहुँचा जा सकता है जो परिशुद्ध समंकों द्वारा अगम्य हों। "सांख्यिकी एक ऐसा विज्ञान है जिसके साधकों को एक कलाकार के समान आत्मबल का प्रयोग करना चाहिए।" एक कलाकार उसी प्रकार की वस्तुओं एवं रंगों के प्रयोग से अलग-अलग चित्र बना सकता है। यदि उसके विचार शुद्ध हैं और लोक कल्याण की दृष्टि से कला का उपयोग करना चाहता है तो तर्क शुद्ध एवं यथार्थ चित्र अंकित करेगा अन्यथा स्वार्थ-पूर्ण एवं असत्य चित्रों में अपनी कला नष्ट करेगा। इस प्रकार समंकों के प्रयोग में व्यक्तिगत विचारों का प्रभाव पड़ता है।

कुछ ऐसे अविश्वासी लोग भी होते हैं जो सांख्यिकी को झूठ बोलने की श्रेणी में रखते हैं और उनका विचार है कि "असत्य भाषण के तीन प्रकार हैं---झूठ, सफेद झूठ एवं समंक"। सांख्यिकी का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जाता है और अब प्रत्येक क्षेत्र में समंकों का प्रयोग होने लगा है। अपने तर्कों को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, सामाजिक कार्यकर्त्तागण, एवं अनेक अन्य प्रकार के लोग समंकों का प्रयोग करने लगे हैं। समंकों में शक्ति अवश्य है जिसके छलसाधन द्वारा असत्य को सत्य सिद्ध किया जा सकता है। श्री एफ० सी० मिल्स के कथनानुसार "एक यन्त्र के रूप में सांख्यिक ढंगों का बुद्धिपूर्ण प्रयोग एवं उनके द्वारा प्राप्त प्रतिफलों का

तर्कशुद्ध विवेचन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।" भ्रामक तथ्यों पर विश्वास करने में प्रयोग करने वाले और समझने वाले दोनों की ही गलती होती है। प्रयोग करने वाले को "असत्यभाषी" न होना चाहिए और समझने वाले को "समंक देखकर ही सत्य न समझ लेना चाहिए क्योंकि उनके भी वाह्य एवं आन्तरिक मूल्य होते हैं।" सांख्यिकीय ढंगों पर आधारित और समंकों द्वारा विभूषित तर्कों पर विश्वास करने से पहिले निम्नलिखित बातों पर विचार करना चाहिए:—

(अ) प्राप्त किए गए समंकों का उद्गम क्या है और क्या उस पर विश्वास किया जा सकता है। (ब) समंकों का क्या अर्थ है और उनका क्या वास्तविक महत्त्व है। (स) क्या वे पूर्ण हैं, और यदि हों, तो उनका प्रस्तुत समस्या के निवारण में क्या स्थान होगा। (द) उन समंकों के सारांशीकरण की कौन सी पद्धति व्यवहृत की गई थी।

इस प्रकार हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि समंकों को झूठ कहकर बदनाम न करना चाहिए। वरन् उनके भ्रामक उपयोग को रोकना चाहिए यदि निन्दा करना ही अभीष्ट हो तो हम अपूर्ण एवं असम्बद्ध समंकों की निन्दा करें नकि विज्ञान की। श्री विलियम किंग के अनुसार "सांख्यिकी एक अत्यन्त उपयोगी भृत्य है परन्तु केवल उनके ही लिए बहुमूल्य है जो उसका ठीक उपयोग कर सकें।" आज सांख्यिकी का महत्व प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ता ही जा रहा है और आवश्यकता इस बात की है कि समंकों का सदुपयोग किया जाए। श्रीमान मार्शल के कथनानुसार "सांख्यिक तर्क प्रथम दृष्टि में बहुधा भ्रामक दिखलाई पड़ते हैं परन्तु तर्कशुद्ध विवेचन से सांख्यिक विभ्रम दूर हो जाते हैं।" यह कथन समंकों के यथार्थ उपयोग की ओर संकेत करता है कि समंकों का प्रयोग करते समय उनके तर्कशुद्ध विवेचन के द्वारा जान लेना चाहिए कि वे यथार्थ हैं अथवा नहीं।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Discuss the importance of Statistics for National Planning in India.

भारतवर्ष के राष्ट्रीय नियोजन में सांख्यिकी का महत्व समझाइये।

(M. A. Agra, 1943)

2. Discuss briefly the different kinds of Statistical Methods and show the usefulness of the knowledge of statistics to business-men, scientists and economists.

विभिन्न सांख्यिकीय ढंगों का संक्षेप में विवरण कीजिए और व्यवसाइयों, वैज्ञानिकों एवं अर्थशास्त्रियों के लिए उनका महत्व समझाइये।

(B. Com. Agra, 1936)

3. Discuss fully the importance of Statistics as an aid to commerce.

वाणिज्य के सहायक के रूप में सांख्यिकी का महत्व विशद रूप से समझाइये ? (B. Com. Alld., 1942)

4. "Statistical Methods are most dangerous tools in the hands of the inexperts. Statistics is one of those sciences whose adepts must exercise the self-restraint of an artist."

Explain fully the significance of the above Statement.

"सांख्यिकीय ढंग किसी अनाड़ी के हाथ में बहुत ही भयंकर औजार के समान हैं। सांख्यिकी एक ऐसा विज्ञान है जिसके प्रयोगी को एक कलाकार के समान आत्म संयम रखना चाहिए।"

उपरोक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (M. A. Patna, 1942)

5. Discuss the Scope, Utility and Limitations of Statistics.

सांख्यिकी का क्षेत्र, उपयोगिता और सीमाएँ समझाकर लिखिये।

(B. Com. Agra, 1937)

6. Discuss the importance of the study of statistics and show how it can help the extension of scientific knowledge, the establishment of sound business and the introduction of political reforms,

सांख्यिकी का महत्व समझाइये और यह स्पष्ट कीजिये कि किस प्रकार यह वैज्ञानिक ज्ञान के विस्तार, सुदृढ़-व्यवसाय संगठन, और राजनैतिक सुधार करने में सहायक हो सकती है।

(B. Com. Agra, 1942)

7. "Statistics should not be used as a blindman does a lamp post, for support instead of for illumination."

Comment on the above remark.

"सांख्यिकी का प्रयोग एक अन्धे के समान न करना चाहिए जो कि एक बिजली के खम्भे से प्रकाश की जगह केवल सहारा लेने का काम लेता है।"

उपरोक्त कथन की समीक्षा करिये।

(M. A. Agra, 1946.)

8. Write a short essay on the application of modern statistical technique to economic problems, illustrating your answer with reference to at least three concrete examples.

'आधुनिक सांख्यिकीय पद्धति द्वारा आर्थिक समस्याओं के निवारण' पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिये और कम से कम ३ वास्तविक उदाहरण दीजिए।

(M. A. Agra, 1947)

9. Write an essay on "Statistics in the service of State."

"सांख्यिकी की राज्य के प्रति सेवायें" पर एक निबन्ध लिखिये।

(I.C.S. 1936).

10. "For preparing a well-considered scheme of economic planning with the object of reducing poverty of masses in India, correct statistical information is as essential as a correct diagnosis for a successful treatment of any chronic disease".

"भारतवर्ष की गरीबी को मिटाने के हेतु किसी भी अर्थ नियोजन की योजना के लिए यथार्थ सांख्यिकीय सूचनाओं की उतनी ही आवश्यकता है जितनी कि किसी असाध्य बीमारी के लिए सफल चिकित्सा की।"

उपरोक्त कथन की आवश्यक समीक्षा के साथ पुष्टि कीजिए।

(B. Com. Luck., 1937)

11. Give a few examples of the misuse of Statistics in India. How can the wrong use of Statistics be avoided ?

भारत में समंकों के दुरुपयोग के कुछ उदाहरण दीजिए और बतलाइये कि किस प्रकार इसे रोका जा सकता है ?

(B. Com., Agra, 1946)

12. "Figures never lie," "Statistics can be made to prove any thing." Comment on the above two Statements indicating the reasons for the existence of such divergent views regarding the nature and functions of Statistics.

"संमक कभी झूँठ नहीं बोलते," "समंकों का प्रयोग कुछ भी सिद्ध करने के लिए किया जा सकता है।" उपरोक्त दोनों कथनों की समीक्षा कीजिए और इस प्रकार की विरोधी विचारधाराओं के उद्गम के कारण स्पष्ट कीजिए।

(B. Com., Part II Agra, 1935)

अध्याय ३.

सांख्यिकी की उत्पत्ति एवं विकास

साँख्यिकी का वैज्ञानिक महत्व सर्वप्रथम तब समझा गया जब जन-समूहों एवं राज्यों का प्रादुर्भाव हुआ। जब जन-समूह निश्चित राष्ट्रों के रूप में एकता सूत्र में बँध गए तो शासन कर्त्ताओं को इस बात की आवश्यकता जान पड़ी कि भूमि-विभाजन, कर लगाने, प्रजा के वर्गीकरण करने एवं राष्ट्र की सैनिक स्थिति की शक्ति जानने के लिए सूचनाएँ एवं तथ्थों का संकलन किया जाए। प्रत्येक संकलन का उद्देश्य केवल राज सम्बन्धी नियोजन, शासन प्रबन्ध, इत्यादि, होने के कारण सांख्यिकी का प्रादुर्भाव एक राजकीय विज्ञान के रूप में हुआ था। समंकों का प्रयोग बहुत प्राचीन है और सर्व प्रथम की जाने वाली जनगणना और राष्ट्रीय आय-मापन का उदाहरण सन् ३०५० ईसा से पूर्व मिलता है जब कि मिश्र में पिरामिडों के बनाने के लिए उसकी आवश्यकता पड़ी थी। हेमसीज द्वितीय ने मिश्र की समस्त भूमि की गणना करवाई जिससे वह अपनी प्रजा में अधिक उत्तम प्रकार से भूमि वितरण कर सके। मध्ययुगीन राजाओं जैसे चार्लमेन, विलियम विजेता, जर्मनी के फ्रेडरिक द्वितीय और इँगलैंड के एडवर्ड द्वितीय द्वारा समय समय पर इसी प्रकार की गणनाएँ अनेकों प्रकार की समस्याओं के निवारणार्थ की गई। भारतवर्ष में भी मौर्यकाल एवं मुगल काल में सरकारी ढंग से समंकों का संकलन किया गया था। आइनें-अकबरी अकबर के शासन काल में राजा टोडरमल के द्वारा किए गए व्यक्तिगत अनुसंधानों के द्वारा व्युत्पन्न समंकों और तथ्यों का एक संकलन है। अकबर के शासनकाल में इस ग्रंथ का एक महत्वशाली स्थान रहा है।

धीरे धीरे मध्ययुगीन प्रभाव नष्ट होने लगा और उसके स्थान पर अन्वेषण युग का पदार्पण हुआ, जमींदारी प्रथा कमजोर पड़ने लगी और वाणिज्य का सर्वाङ्गीण विकास होने लगा। सभी देशों में प्राचीन वस्तु-विनिमय के सिद्धांत को मुद्रा ने हटा दिया और बड़े बड़े विद्वानों ने आर्थिक समस्याओं पर भी विचार करना प्रारम्भ कर दिया। आर्थिक एवं व्यापारिक समस्याओं के अध्ययन में समंकों की आवश्यकता पड़ने लगी और उनका संकलन इस दृष्टिकोण से भी किया गया।

सोलहवीं शताब्दी में अमेरिका की खोज एवं नए नए खनिज पदार्थों की तोज से व्यापार में महान उन्नति हुई और इस कारण सांख्यिकी का हत्व मुख्य रूप से मुद्रा विनिमय एवं ज्योतिष संबन्धी ज्ञान के विस्तृत करने ं बहुत बढ़ गया। रानी एलीजाबथ के मन्त्री सर टामस ग्रेशम ने मुद्रा ंबन्धी अनेकों समस्याओं का अध्ययन किया और अपना जगत प्रसिद्ध सिद्धांत नाया। बेकन ने अपनी महत्वशाली पुस्तक 'Economia' लिखी और वलियम स्ट्राफोर्ड ने इँगलैंड के दस समकालीन समस्याओं का एक विस्तृत ववरण अपनी पुस्तक में दिया। ज्योतिष के क्षेत्र में आकाशीय-पिण्डों के लन के सम्बन्ध में तथ्यों का संग्रहण किया गया जिनके आधार पर तारों के स्थान एवं ग्रहण सम्बन्धी खोज की जा सकना आसान हो गया। वलन के तीन प्रमुख सिद्धान्तों' का अन्वेषण केपलर ने किया जिसके आधार र न्यटन ने अपने जगत प्रसिद्ध 'गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त' का प्रतिपादन किया। ाय संबन्धी संन्नियम बनाने में भी सांख्यिकी एक आधार शिला बन गई और पेन के फिलिप द्वितीय, कोलबर्ट, लुई चौदहवें और अन्य व्यक्तियों ने भी इसी तु गणनाएँ करवाई।

सत्रहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में सामाजिक एवं जीवधारी समंकों की ावश्यकता प्रतीत हुई और उसके संकलन के कारण सांख्यिकी के क्षेत्र का वस्तार हुआ। जन्म, मरण, विवाह संबन्धी समंकों का संकलन किया गया जसमें प्रोटेस्टैन्ट मतवालों ने बड़ा उत्साह लिया क्योंकि वे उनके आधार पर र्मसुधार काल में वर्ण--संकरता रोकना चाहते थे। स्ट्रासवर्ग विश्वविद्यालय ा प्रोफेसर जार्ज ओबरेक्ट ने १६१२ ई० में जीव एवं अपराध संबन्धी मंकों के संकलन करने के सम्बन्ध में एक योजना बनाई जिसका उद्देश्य रित्र सुधार करना और जनता को पेन्शन व जीवन बीमा के द्वारा सहायता रना था। १६६१ ई० में कैप्टेन जान ग्रांट ने जन्म एवं मरण संबन्धी मंकों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन किया। १६८१ ई० म कैस्पर न्यूमैन पैरिशों की पूर्व संचित सूचनाओं में से कुछ आवश्यक समंकों का संकलन कया और कुछ ऐसे तथ्यों की खोज की जिसने एडमंड हैले नामक ज्योतिषी ुवं वैज्ञानिक को सर्व थम "मरण तालिका" बनाने में बड़ी सहायता हुँचाई। ये तालिकायें ही जीवन बीमा की आधार शिलाएँ हैं तदुपरान्त म्स डाडसन् और टामस सिम्सन न अपने द्वारा बनाई गई मरण तालिकाओं

के आधार पर प्रिमियम टेबल बनाए। इस प्रकार सांख्यिकी ने जीवन बीमा की आधार शिला का काम किया।

अठारवीं शताब्दी तक सांख्यिकी का स्वरूप बदल चुका था और अब उसकी पहिचान केवल एक रह गई थी—समंकों का प्रयोग। सर विलियम पेटी, जान ग्रांट, ससमिल्च और अन्य समकालीन व्यक्तियों ने 'राजकीय गणित' के अन्तर्गत अपने अध्ययन किए। उनके सांख्यिक अध्ययन के बाद ही लेप्लेस, फोरियर, लैम्बार्ट, क्यूटले और अन्य शास्त्रियों ने १९ वीं शताब्दी में अनेक महत्वपूर्ण अनुसंधान किए।

जेम्स बरनौली ने सांख्यिकी का संबन्ध गणित शास्त्र के साथ और प्रगाढ़ कर दिया और उन्होंने ही "सम्भावना का सिद्धांत" प्रतिपादित करके उसे समंकों की सहायता से समझाया। इस सिद्धांत के दो विभाग हैं महांक जड़ता, नियम और सांख्यिक-नियमिता सिद्धांत जिनके आधार पर सांख्यिक की बीमा एवं व्यापार संबन्धी अनेकों अनुसंधान हो सके हैं। "संभावना के सिद्धान्त' को ससमिल्च एवं ग्धास ने अपने अध्ययन द्वारा अधिक विकसित किया और क्यूटले ने उसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया।

१९ वीं एवं २० वीं शताब्दियों में भी सांख्यिकी के क्षेत्र का विकास हुआ। जेम्स बरनौली द्वारा स्थापित सम्भावना के सिद्धान्त की प्रगति में नैप, लेक्सिस, सर फ्रांसिस गाल्टन और कार्ल पियरसन का प्रमुख स्थान हैं। जीव सम्बन्धी विज्ञान में भी सांख्यिक अध्ययन किया गया और गेटे, हेगल एवं कोम्टे की विचार धारा पर इसका काफी प्रभाव पड़ा। सुजनन विद्या (Eugenics) के प्रतिस्थापक श्री फ्रांसिस गाल्टन ने एक कुल से दूसरे में मानसिक और शारीरिक लक्षणों के संक्रामण (Transmission of characteristics) के सम्बन्ध में अध्ययन किया। कार्ल पियरसन ने अपनी पुस्तक (Grammer of Science) में यह स्थापित किया है कि विकास एवं पित्रा गति (Heredity) के शास्त्रों का आधार सांख्यिकीय अध्ययन ही है।

सांख्यिक ढंगों के क्षेत्र का विकास होता गया और यद्यपि १६ वीं और १७ वीं शताब्दी में ही आर्थिक समंक एकत्र किए जाते थे। १९वीं एवं २० वीं शताब्दी में उनका महत्व बहुत ही बढ़ गया। सर विलियम पेटी ने (Political Arithmetic) १६९० में छपवाई और ग्रिगोरी किंग ने माँग-पूर्ति का सिद्धान्त समझाने का प्रयत्न किया। एडम स्मिथ ने यह अनुभव

किया कि अर्थशास्त्र को तथ्यों पर आधारित करना चाहिए। आर्थर यंग ने अपने प्रवास के अनुभवों पर एक विस्तृत ग्रंथ लिखा, एडम ने गरीबों का इतिहास लिखा और माल्थस ने ऐतिहासिक तथ्यों में अनुसंधान के आधार पर विभिन्न कालों में एवं विभिन्न देशों में जनसंख्या के विस्तार पर प्रभाव डालने वाले कारणों का विस्तृत विवेचन किया। पेटी, आर्थर यंग और एडम द्वारा किये गये अध्ययन को एक मैक कुलोच और पोर्टर ने चालू रखा और ह्यूम व एडम स्मिथ ने विस्तृत किया। अब घटनाओं के ऐतिहासिक अंकों के मुकाबिले में तुलनात्मक अंकों को विशेष स्थान दिया जाने लगा है।

प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री (Classical school) निगमन तर्क को मानते थे और आगमन प्रणाली पर अविश्वास रखते थे। उनके प्रभुत्वकाल में सांख्यिकी की उन्नति नहीं हो सकी उसे एक विशेष उत्तेजना उस समय मिली जब कि पूर्णतया सिद्धान्तिक आधारों के विरुद्ध एक अधिक व्यवहारिक एवं ऐतिहासिक पद्धति का विकास हो रहा था। ऐतिहासिक दल की स्थापना कोमटे ने १७९८ में की और उसके मानने वाले जर्मनी में रोशर, नाइज, हिल्डेब्रान्ड, स्कोमलर और इंग्लैंड में बैजहाट, लेस्ली और जेवन्स थे। इस दल का प्रभाव अनेक समकालीन अर्थ-शास्त्रियों पर पड़ा था जैसे रोजर्स, आरनाल्ड टायनबी, सिडविक, वाकर, कार्ल मार्क्स, एन्जेलस, राडबर्टस और लेनले। इस दल ने पहिले आगमन या अनुसंधान प्रणाली को ही वैज्ञानिक विश्लेषण की तर्क शुद्ध प्रणाली मानी परन्तु धीरे-धीरे इस निर्णय पर पहुँचे कि निगमन प्रणाली को भी हम प्रयोगों द्वारा निरीक्षण करके उपयोगी बना सकते हैं। स्कोमलर का निर्णय था कि "व्यक्तिगत कारणों से संबधित ज्ञान के संवर्धन के लिये हमें आगमन प्रणाली की आवश्यकता है परन्तु किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये संवाक्य की आवश्यकता होती है जिसका उपयोग निगमन में किया जाता है। आगमन और निगमन एक ही प्रेरणाओं, विश्वास एवं तार्किक आवश्यकताओं पर आधारित है।" उनके विचारानुसार विश्लेषण और निगमन, विवरण और भाविष्यावलोकन एक ही पद्धति की विभिन्न दिशाओं में किये जाने वाले स्वरूप हैं। उन अर्थशास्त्रियों ने जिन्होंने सांख्यिकी के विकास में सहायता दी है जेवन्स का प्रमुख स्थान है। उन्होंने आतर्व उच्चावचन (Seasonal Fluctuations), सुदीर्घकालीन प्रवृति (Secular Trend) एवं व्यवसायिक चक्रीय-उच्चावचन (Business cycles) पर महत्वपूर्ण अध्ययन किया। उनका वस्तुओं के मूल्य एवं उनके सह-सम्बन्ध

पर किया गया अध्ययन विशेष महत्व का है और इसी कारण उनका नाम
'निर्देशकों के पिता' पड़ गया है। उनका विचार था कि अर्थ शास्त्र को
सांख्यिकीय एवं ऐतिहासिक पद्धतियों द्वारा एक यथार्थ शास्त्र बनाया जा
सकता है।

अर्थ शास्त्र के गणित-सम्बन्धी दल ने आर्थिक सिद्धान्तों के विवेचन में
महत्वपूर्ण स्थान रखा है। कूर्नो, गोसें और ल्यून वालरस द्वारा स्थापित
एवं जेवन्स द्वारा प्रशंसित दल का विस्तार इंग्लैंड में मार्शल और एजवर्थ ने,
जर्मनी में लानहार्ड, आस्पित्ज और लीबेनन, इटली में पैरेटो और बोरोन ने
अमेरिका में इरविंग फिशर और रूस में बोरकेविच ने किया।

सांख्यिकी के सिद्धान्तों का विस्तार एवं विकास करने में आगस्टे मेटीजन
फ्रांसिस गाल्टन, यूल, जेम्स बर्टीलियन, बरनौली, बावले हूकर, एडम्स,
परसंस, विलियम किंग, और एफ० सी० मिल्स के प्रमुख स्थान हैं। उन्होंने
सांख्यिकी और अर्थशास्त्र में बहुत ही घनिष्ट सम्बन्ध स्थापित कर दिया है
और एक अलग शास्त्र के रूप में सांख्यिकी बहुत अधिक विस्तृत हो रही है।

भारतवर्ष में सांख्यिकी के विकास में प्रोफेसर पी० सी० महलानोबिस,
ाक्टर पी० वी० सुखात्मे और डाक्टर बी० के० आर० वी० राव का बहुत
ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सांख्यिक अनुसंधान के क्षेत्र में भारतीय सांख्यिक
अनुसंधानशाला (Indian Statistical Laboratory) बहुत अच्छा कार्य
कर रही है। इस अनुसंधानशाला की स्थापना का श्रेय श्री महलानोबिस को
ही है। इसकी स्थापना १९३१ में की गई थी। भारतीय सांख्यिकी विद्यालय
(Indian Statistical Institute) की स्थापना सन् १९३२ में की
गई जिसका प्रमुख कार्य भारतवर्ष में सांख्यिकी के गम्भीर अध्ययन की
नींव डालना है। इस संस्था के संचालक भी प्रोफेसर महलानोबिस हैं।
भारतवर्ष में सर्व प्रथम साख्यिकी सम्मेलन (Statistical Conference)
सन् १९३७ में, लन्दन विश्व विद्यालय के प्रोफेसर आर० ए० फिशर की
अध्यक्षता में हुआ। इसके उपरान्त इस प्रकार के सम्मेलनों की व्यवस्था
करना अनुसंधानशाला का एक महत्वपूर्ण कार्य बन गया है। ये अनुसंधान
शाला 'संख्या' नामक एक पत्रिका प्रकाशित करती है जिसकी नीति के
विभिन्न पहलू हैं—(अ) सांख्यिकी के क्षेत्र का विशद विवेचन करना (ब)
समंकों के बीच सांख्यिकी के महत्व का ध्यान रखना, और, (स) सांख्यिक
ढंगों की अंतर्निहित एकात्मता की ओर इंगित करना। अनुसंधान शाला के

तीन प्रमुख कार्य हैं—(क) सलाहकारी, (ख) विद्यादान, एवं (ग) साँख्यिक अनुसंधान। इस अनुसंधान शाला ने प्रोफेशर फिशर द्वारा आविष्कृत भूमि प्रयोगों को भारतवर्ष की परिस्थितियों में उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया और डा० सुखात्मे को अपनी एक पद्धति में इतनी सफलता मिली कि आज सरकार ने उसी पद्धति को प्राचीन "आनावारी पद्धति" के स्थान पर उपयुक्त माना है।

प्रोफेसर महलानोविस ने अंतरिक्ष विद्या (Metereology) और तत्संबंधी क्षेत्रों में अनेक महत्वपूर्ण अनुसंधान किए। स्वर्गीय सुधेन्धु शेखर बोस ने भी इसी क्षेत्र में कार्य किया और साँख्यिकी का प्रयोग सिंचाई योजनाओं एवं बाढ़ इत्यादि के रोकने के अनुसंधानों में किया गया।

डाक्टर आनन्डेल ने मानव जाति की उत्पति एवं विकास के सम्बन्ध में भारतीय और यूरोपियन जातियों का अध्ययन किया। उन्होंने सांख्यिकीय गुणकों की सहायता से बाह्य कलेवर सम्बन्धी अनेकों महत्वपूर्ण खोज की। इस प्रकार इस अनुसंधानशाला के विद्यार्थियों द्वारा मनुष्य-रचना शास्त्र (Anthropology) के क्षेत्र में सांख्यिकी का उपयोग किया। उन्होंने समंकों का प्रयोग मानस शास्त्र (Pscychology) एवं विद्या में भी किया। विभिन्न उम्र वाले व्यक्तिओं के बुद्धि-विषयक गुणक ज्ञात करने के लिए अनेकों समूह-प्रयोग किए और अनुसंधानशाला में वर्णाक्षरों की बारम्बारता की जाँच करने के लिए किसी अच्छी निदर्शन-प्रणाली की खोज की जा रही है।

इस अनुसंधानशाला के अन्तर्गत अर्थ शास्त्र सम्बन्धी अनेकों खोजें की जा रही हैं और अनेकों निदर्शन-खोज करने के अतिरिक्त नए निदर्शन ढंगों का आविष्कार भी किया गया है जिनसे फसलों की रिपोर्टें यथार्थ की जा सकें। कोलंम्बिया विश्व विद्यालय के प्रोफेसर होटेलिंग ने प्रोफेसर महलानोविस की योग्यता की बड़ी तारीफ करते हुए कहा था, "कि आज अमेरिका या कहीं भी कोई ऐसी योजना नहीं बनी जो यथार्थता एवं मितव्ययिता में इनकी प्रणाली का मुकाबिला कर सकें।"

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Discuss the claims of Statistics to be regarded as a Science.

सांख्यिकी के विज्ञान कहलाने के औचित्य पर विचार कीजिए ।

(M. A., Agra, 1930)

2. "Modern Science as training the mind to an exact and impartial analysis of facts is an education specially fitted to promote sound citizenship". In the light of above statement consider the claim of Statistics and discuss the importance of Statistical method in the economic analysis of facts. Why then there should be any distrust of Statistics ?

"आधुनिक विज्ञान मष्तिष्क को तथ्यों के यथार्थ और पक्षपात शून्य विश्लेषण कर सकने की क्षमता प्रदान करता है और यह एक ऐसी शिक्षा है जो सुदृढ़ नागरिकता के निर्माण में सहायक होती है।" उपरोक्त कथन का ध्यान रखते हुए बतलाइये कि सांख्यिकी किस प्रकार आर्थिक तथ्यों के विश्लेषण में महत्व रखती है और उसका एक विज्ञान कहलाने का कितना अधिकार है ।

(M. Com., Alld., 1944)

3. "Statistics are the straw out of which, I like every other economist, have to make the bricks (Marshall)".

Explain in the light of above observation, the relation between Economics and Statistics, and discuss how far it is correct to say that the Science of Economics is becoming Statistical in its method.

"सांख्यिकी ऐसी सामग्री है जिससे अन्य अर्थशास्त्रियों के समान मुझे भी ईट बनाना है ।"

उपरोक्त कथन से सम्बन्ध रखते हुए अर्थशास्त्र और सांख्यिकी का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए और यह बतलाइये कि यह कहना कहा तक सच है कि अर्थशास्त्र के ढंग सांख्यिकीय होते जा रहे हैं ।

(M. Com., Alld., 1944)

4. "When you can measure what you are speaking about and express it in numbers, you know something about it, when you can not measure it, when you cannot express it in numbers your knowledge is of a meagre and unsatisfactory kind."

"जब आप उन तथ्यों का माप कर सकते हैं जिनके सम्बन्ध में आप बात कर रहे हैं तो आप का ज्ञान उसके सम्बन्ध में माना जा सकता है परन्तु जब आप उन्हें नाप नहीं सकते और अंकों में समझा नहीं सकते तो आपका ज्ञान न्यून और असंतोषजनक होगा।"

(Lord Kelvin)

लार्ड केल्विन के उपरोक्त कथन का अर्थशास्त्र में क्या स्थान है इसे स्पष्ट कीजिए।

(M.A., Agra, 1944)

5. Discuss how far the growth of Statistics was coeval with that of the national organisations?

राष्ट्रीय संगठनों के विकास के साथ ही साथ सांख्यिकी का प्रादुर्भाव हुआ इस तथ्य पर विचार कीजिए।

अध्याय ४.

सांख्यिकीय अनुसंधान

विभिन्न समस्याओं के निवारणार्थ समंकों के एकत्रित करने के लिए कोई एक ही पद्धति निश्चित नहीं की जा सकती है क्योंकि प्रत्येक समस्या से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के समंकों के संकलन की आवश्यकता होती है। परन्तु फिर भी प्रत्येक समस्या के अर्न्तगत भी हमको सांख्यिक ढंगों के प्रयोग में कुछ साम्यता मिलती है। यदि सामान्य रूप से कहा जाए तो निम्न-लिखित पद्धति क्रम की सभी सांख्यिक अनुसंधानों में आवश्यकता पड़ती है:— (अ) सामग्री का संकलन (ब) संग्रहीत सामग्री का वर्गीकरण (स) वर्गीकृत सामग्री का सूक्ष्मीकरण (द) निष्कर्षों की समालोचना एवं निर्वचन।

सांख्यिकी का कार्य समंकों के संकलन से प्रारम्भ होता है और निर्वचन संग्रहीत सामग्री के स्वरूप पर निर्भर रहता है। यदि संग्रहीत सामग्री में कुछ भूलें हुई हैं तो निष्कर्षों में विभ्रम, भूलें और गलतियाँ होना निश्चित है। इसलिए कार्य आरम्भ करने से पहिले हमें ठीक एवं तर्कशुद्ध समंक एकत्रित कर लेने चाहिए। संकलन करना कोई बहुत कठिन काम नहीं हें और इस कार्य में अनुसंधानकर्त्ता में सामान्य ज्ञान की कमी न होना चाहिए इसके अतिरिक्त उसका अनुभव स्वयं ही उसका मार्ग प्रदर्शन करेगा।

जब हम समंक एकत्र करने का कार्य प्रारम्भ करना चाहते हें तो अपने आप ही मन में कुछ प्रश्न उठने लगते हैं, उदाहरणार्थ,

(१) किसका संग्रहण करना है ?
(२) किस लिए संग्रहण अभीष्ट है ?
(३) कहाँ पर संग्रहण करना है ?
(४) किससे उसका संग्रहण करना है ?
(५) कितनी यथार्थता से युक्त सामग्री का संग्रहण करना है ?

ये प्राथमिक प्रश्न ही निम्नलिखित बातों की ओर संकेत करते हें जिन्हें सामग्री संकलन से पहिले ही तय कर लेना आवश्यक है अन्यथा यथार्थ समंक प्राप्त न हो सकेंगे।

(१) समस्या क्या है और उसकी परिभाषा ।
(२) समस्या की प्रकृति एवं उद्देश्य ।
(३) सभी उद्गमों की तालिका, जहाँ से समंक प्राप्त हो सकेंगे ।
(४) यथार्थता की कौन सी परिसीमाएं अपेक्षित हैं ।
(५) अनुसंधान का ढंग ।

सांख्यिक समस्या

अनुसंधानकर्त्ता का सबसे पहिला कार्य होता है प्रस्तुत समस्या की परिभाषा करना । उसे यह जान लेना चाहिये कि उसे किस कार्य क्षेत्र में कार्य करना है अर्थात् मानव समाज की समस्याओं के कौन से पहलू पर खोज करनी है । जब तक सांख्यिक स्वयं ही समस्या न समझेगा उसका अनुसंधान स्थिरता पूर्वक चल ही नहीं सकता है । कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि वह अनुसंधान करते समय एक समान किन्तु असंम्बद्ध घटना की खोज करने में बहक जाए । समस्या की परिभाषा में थोड़ा भी परिवर्त्तन करने में पद्धति में भी बदल करने की आवश्यकता होती है । एक बार दी गई परिभाषा का पालन अनुसंधान के अन्त तक किया जाना चाहिए ।

समस्या की प्रकृति एवं उद्देश्य

प्रस्तुत समस्या की परिभाषा निश्चित करने के उपरान्त उसकी प्रकृति एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालना आवश्यक है । इसके बिना वास्तविक संकलन का कार्य आरम्भ ही नहीं किया जा सकता क्योंकि किसी भी समस्या के उद्देश्य एवं प्रकृति ऐसे हो सकते हैं जिनके कारण एक विशिष्ट पद्धति का अपनाना आवश्यक हो जाए । उदाहरणार्थ, यदि किसी भी समस्या का उद्देश्य कुछ व्यक्तिओं के रहन सहन के खर्च के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करना हो तो ऐसा आय-व्ययक अनुसंधानों (Family Budget Enquiries) द्वारा किया जा सकता है परन्तु यदि एक देश में रहने वाली समस्त जन-संख्या के स्त्री-पुरुष भेद, आय, जाति या धर्म इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण की आवश्यकता हो तो एक जनगणना की आवश्यकता होगी । यदि एक छोटी खोज करना हो तो बड़ी और मँहगी पद्धति बेवकूफी होगी परन्तु एक बहुत बड़े क्षेत्र में एक साधारण अनुसंधान पद्धति बेकार सिद्ध होगी ।

अनुसंधान के उद्‌गमों का मूल्यांकन

किसी भी खोज के उद्देश्य, प्रकृति एवं क्षेत्र निश्चित कर लेने के बाद उससे सम्बन्धित सूचनाएं प्राप्त करने के उद्‌गमों का मूल्यांकन करना आवश्यक है। प्रायः सूचनाओं के दो उद्‌गम होते हैं— (अ) प्राथमिक (Primary) और (ब) द्वितीयक। प्राथमिक सामग्री वह कहलाती है जिसके संकलन में अनुसंधानकर्त्ता का स्वयं हाथ हो चाहे उसने स्वयं ही क्षेत्र में जाकर अथवा अपने प्रतिनिधियों द्वारा समंक एकत्र किए हों। द्वितीयक सामग्री वे समंक कहलाते हैं जिन्हें दूसरे ने एकत्र किया हो और जिनके संकलन में अनुसंधानकर्त्ता का कोई भी हाथ न हो। यदि द्वितीयक सामग्री भ्रामक हो तो उनसे उत्पन्न निष्कर्ष भी भ्रामक होंगे। इसलिए द्वितीयक सामग्री के प्रयोग करने से पहिले निम्नलिखित बातों पर विचार कर लेना आवश्यक है— (अ) उनके उद्‌गम, और उनकी यथार्थता (ब) सामग्री संकलन का ढंग (स) समस्या की प्रकृति एवं उद्देश्य और (द) सांख्यिकीय एकक एवं उसकी उपयुक्तता। श्री बावले के कथनानुसार "मुद्रित समंकों पर उनके बाह्य-मूल्य को देख कर ही विश्वास न कर लेना चाहिए वरन् उन्हें यथार्थ मानने से पहिले उनके अर्थ एवं सीमाएं जान लेना आवश्यक है।"

यथार्थता की सीमा

किसी भी खोज में अपेक्षित यथार्थता का प्रभाव उसके लिए निश्चित की जाने वाली पद्धति पर पड़ता है। यदि अधिक यथार्थ समंकों का संकलन अभीष्ट है तो अनुसंधान की पद्धति उससे विभिन्न होगी जिसके द्वारा हम केवल एक साधारण अनुमान लगा लेना चाहते हैं। समाज के किसी भी प्रत्यंग का हम यथार्थतम माप नहीं कर सकते हैं क्योंकि प्रत्येक एकक में उससे छोटे एककों के रूप में विभ्रम युक्त सामग्री मिलेगी। इसलिए हम केवल तुलनात्मक यथार्थता प्राप्त करना चाहते हैं। यथार्थता की परि-सीमाएं निम्नलिखित प्रकार से लिखी जा सकती हैं—

(अ) किसी भी टुकड़े की लम्बाई ५० गज़ है।

(ब) किसी भी टुकड़े की लम्बाई ५० गज और १ गज के भीतर ही कम या अधिक है।

(स) कपड़े की लम्बाई ५० गज $\pm$.५ गज है।

(द) कपड़े की लम्बाई ४९.५ गज और ५०.५ गज के भीतर है।

जब वास्तविक और अनुमानित समंकों में बहुत कम अन्तर होता है तो हम पूर्णांकों को ही अपेक्षित यथार्थता का मान दण्ड मान लेते हैं।

सांख्यिकीय माप-एकक

सांख्यिकी एक समंकों का शास्त्र है इसलिए उनके मापन के लिए किसी माप-एकक (Unit of Measurement) की आवश्यकता होती है। बिना माप-एकक के समंकों का संकलन असम्भव है। ये माप-एकक निश्चित एवं असंदिग्ध होने चाहिए नहीं तो अनुसंधान के उद्देश्य का हनन होगा और भ्रामक समंकों के एकत्रीकरण द्वारा असम्बद्ध निष्कर्षों का प्रतिस्थापन होगा। जो माप-एकक निश्चित किया जाए उसे अनुसंधान के अन्त तक प्रयुक्त करना चाहिए क्योंकि किसी भी खोज का यह उद्देश्य रहा करता है कि प्राप्त निष्कर्षों की तुलना की जा सके और तुलना केवल उन्हीं वस्तुओं की हो सकती है जो "समान लक्षणों वाली" हों। इस प्रकार उसी माप-एकक पर आधारित विभिन्न अनुसंधानों से प्राप्त समंकों की आपस में तुलना की जा सकती है।

माप एकक की परिभाषा अनुसंधान के उद्देश्य, प्रकृति एवं क्षेत्र पर निर्भर है। यदि किसी भी क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तिओं की साक्षरता सम्बन्धी समंकों का संकलन अभीष्ट हो तो 'साक्षरता' शब्द की यथार्थ रूप से परिभाषा करना अति-आवश्यक है। यदि कुछ कपड़ा नापना है तो कोई माप-एकक निश्चित करना चाहिए। ऐसे कार्य के लिए गज़, फुट, इंच, सेन्टीमीटर या मिलीमीटर माप एकक हो सकते हैं। साधारणतया वे माप एकक सर्वोत्तम होते हैं जिनके सभी मनुष्य एक ही अर्थ लगाते हों। अस्पष्ट एककों द्वारा संकलित समंक अनुपयोगी सिद्ध होते हैं और उनसे कोई भी तर्क शुद्ध निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते हैं।

किसी भी सांख्यिकीय एकक में निम्नलिखित गुण होने चाहिए:—

(अ) यथार्थता और परिशुद्ध परिभाषा, (ब) अनुसंधान के उद्देश्य और प्रकृति के प्रति अनुकूलता (स) सहज एवं असंदिग्ध होना (द) स्थिर एवं निश्चित होना (क) तुलनीय एवं (ख) समान—समानता एक महान् गुण है और यदि माप एकक समान तथ्यों के लिए समान होंगे तो समंक भी यथार्थ एकत्र हो सकेंगे। इस नियम के अनुसार यदि माप-एकक अनुसंधानीय क्षेत्र के सभी मापों के लिए उपयुक्त न हों तो उसे छोटे छोटे वर्गों में ंट देना

चाहिए जैसे मजदूरी को हम 'पुरुषों की मजदूरी' 'स्त्रियों की मजदूरी' और 'बच्चों की मजदूरी' में बांट सकते हैं ।

माप एकक निम्नलिखित प्रकार के हो सकते हैं—

(अ) प्रगणन एकक (Units of collection)

(ब) विश्लेषण एकक और निर्वचन एकक (Units of analysis and interpretation)

प्रगणन एकक

प्रगणन अथवा संकलन एकक (Units of Collection) वे एकक होते हैं जिनके आधार पर समंकों का संकलन किया जाता है । ऐसे एकक दो प्रकार के होते हैं— (अ) साधारण और (ब) असाधारण। साधारण एकक माप करने का एक सरल एकक होता है जैसे, गज, फुट, इंच, इत्यादि। ऐसे एकक बहुत सहज, निश्चित एवं असंदिग्ध होते हैं और इसी कारण गलती होने की सम्भावना कम होती है। असाधारण या संयुक्त एकक दो साधारण एककों का संयुक्त स्वरूप है जिनकी निश्चित परिभाषा करना कुछ अधिक कठिन है । उदाहरणार्थ, साक्षर-व्यक्ति, साक्षर-बेकार, डिग्री-कालेज, पैसेन्जर-मील, कृषि-श्रमिक इत्यादि ।

विश्लेषण एवं निर्वचन एकक

जब किसी भी क्षेत्र से सम्बन्धित समंक एकत्रित कर लिए जाते हैं तो उनका विश्लेषण एवं निर्वचन किया जाता है जिससे समूह के लक्षणों का एक सूक्ष्म रूप में दर्शन किया जा सके। ऐसा करने के लिए प्रमुखतः (अ) गुणक (Coefficient) (ब) अनुपात (Ratio) और दरों (Rates) का प्रयोग किया जाता है। गुणक एक ऐसी संख्या है जिसे यदि कुल योग से गुणा किया जाए तो एक सम्बन्धित संख्या बतलाती है। यदि मृत्यु दर ५० प्रति सहस्त्र है तो गुणक .०५ होगा और यदि इस गुणक को १००० से गुणा किया जाए तो प्रतिफल ५० होगा। विभिन्न देशीय समंकों की तुलना करने अथवा देश के विभिन्न कालिक परिस्थितियों पर विचार करने में गुणक का एक महत्वपूर्ण स्थान है। अपराध, आत्महत्याएं, दुर्घटनाएं, इत्यादि को समझाने में गुणक का प्रयोग किया जा सकता है और उसका सूत्र निम्नलिखित है:—

$$\text{गु} = \frac{\text{सं}}{\text{यो}}$$

जहाँ 'गु' का अर्थ है गुणक, 'सं' का अपराध इत्यादि की संख्या और 'यो' का अर्थ है कुल व्यक्तियों का योग या जनसंख्या।

अनुपात या निष्पत्ति किन्हीं भी समान संख्या राशियों के सम्बन्ध को कहते हैं जब कि किसी एक को दूसरे के परिभाग के रूप में दिखलाया गया हो। दूसरे शब्दों में जब दो एक सी राशियाँ हों तो एक का दूसरे के साथ अनुपात एक को दूसरे से भाग देकर मालूम किया जा सकता है। जैसे अ:ब या। अ/ब यहाँ अ को पूर्वांग (Antecedent) और ब को उत्तरांग (Consequent) कहते हैं।

यदि पूर्वांग उत्तरांग के बराबर हो तो अनुपात को समता—निष्पत्ति कहते हैं।

यदि पूर्वांग उत्तरांग से बड़ा हो तो उसे एकाधिक-निष्पत्ति कहते हैं।

यदि पूर्वांग उत्तरांग से छोटा हो तो उसे एकोन-निष्पत्ति कहते हैं।

दर (Rate) एक ऐसा एकक है जो किसी भी संख्या को प्रतिशत या प्रति सहस्त्र बतला कर सरल बनाता है। उदाहरणार्थ, जन्म—दर, मृत्यु—दर, जीवन—दर इत्यादि हमेशा प्रति सहस्त्र लिखी जाती हैं।

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि निष्कर्षों के मालूम करने से पहिले संग्रहीत समंकों को सरल बनाने के लिए भी कुछ एककों की आवश्यकता होती हैं जिन्हें विश्लेषण एवं निर्वचन एकक कहते हैं। ये एकक पूर्व निश्चित एवं यथार्थ होने चाहिए।

समस्या की परिभाषा, प्रकृति एवं उद्देश्य के अनुसार एकक का चुनाव और यथार्थता की परिसीमाएं निश्चित कर लेने के बाद अनुसंधान की पद्धति तय करना एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसका अध्ययन हम अगले अध्याय में करेंगे।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. What is a Statistical unit. Is it necessary that the data should be homogeneous ?

सांख्यिकीय एकक क्या होता है ? क्या ये आवश्यक हैं कि सामग्री समान हो ? (B. Com. Agra, 1939)

2. How should an economic survey of a village be organised ? What steps should be taken to gain the confidence of the people of that village ?

किसी भी गाँव में आर्थिक खोज की किस प्रकार व्यवस्था करनी चाहिए ? गाँव के व्यक्तियों के विश्वास को जीतने के लिए क्या प्रयत्न आवश्यक है ।

(B. Com., Agra, 1945)

3. "One of the aims of Statistics is to describe populations (through samples) and to this end statistical constants are calculated." Discuss this statement carefully and show how this end is sought to be achieved.

"सांख्यिकी के उद्देश्यों में से एक समग्रों को (न्यादर्शों के द्वारा) विवरण देना है और इसलिए सांख्यिकीय अचलपद बनाए जाते हैं ।" इस कथन का विवेचन कीजिए और बतलाइये कि समग्र के विवरण देने का कार्य सांख्यिकी किस प्रकार सम्पादित करती है ।

(I. C. S. 1936)

4. What do you understand by (i) composite units and (ii) units of analysis ? Explain their respective uses.

आप (अ) संग्रथित एकक और (ब) विश्लेषण एकक से क्या समझते हैं । उनके उपयोग समझाइये ।

5. Write a note on the purpose and use of Statistical Investigations ?

सांख्यकीय अनुसंधानों के उद्देश्य और उपयोग पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिये ।

अध्याय ५.

संख्या संकलन की पद्धतियाँ

संख्याओं के संग्रहण की दो मुख्य पद्धतियाँ हैं— (अ) प्राथमिक ढंग जिसके अनुसार अनुसंधानकर्त्ता का स्वयं या उसके प्रतिनिधि का क्षेत्र में उपस्थित होना आवश्यक है। (ब) द्वितीयक ढंग जिसके अन्तर्गत अनुसंधान-कर्त्ता दूसरों के द्वारा एकत्र सामग्री का उपयोग करता है। प्राथमिक ढंग द्वारा संग्रहीत सामग्री प्राथमिक सामग्री कहलाती है और उसमें अधिक यथार्थता होती है और यदि न भी हो तो सांख्यिक को उसमें सम्भावित विभ्रमों का एक अनुमान होता है। यदि किसी भी समस्या-विशेष के लिए विभ्रम युक्त सामग्री दूषित प्रतिफल देगी तो ऐसी दशा में प्राथमिक सामग्री के गुण दोषों से जानकारी होने के कारण सांख्यिक उनका परिशोधन कर सकता है। यदि समस्या के असम्बद्ध पहलू पर विचार करना अभीष्ट है तो वह फिर से समंक एकत्रित करेगा। द्वितीयक ढंग से प्राप्त की गई सामग्री द्वितीयक सामग्री कहलाती है। द्वितीयक सामग्री के सम्बन्ध में सांख्यिक को कोई भी ज्ञान नहीं होता है और इसलिए ऐसी सामग्री द्वारा प्राप्त प्रतिफलों पर भी बहुत अधिक विश्वास नहीं किया जा सकता है। हो सकता है कि जब द्वितीयक समंक एकत्र किए गए थे प्रस्तुत समस्या आज की समस्या से बिल्कुल विभिन्न रही हो, समंक एकत्रित करने वाला प्रगणक एक पक्षपातपूर्ण व्यक्ति रहा हो, माप–एकक अस्थिर हो और एक ही माप–एकक का प्रयोग सम्पूर्ण अनुसंधान में न किया गया हो। ऐसी दशाओं में द्वितीयक सामग्री का प्रयोग खूब सोच विचार कर लिया जाना चाहिए और जहाँ भी सम्भव हो प्राथमिक समंकों का प्रयोग किया जाना श्रेयस्कर होगा। सांख्यिकी में ऐसे क्षेत्र जिनमें से समंक एकत्रित किए जाए समंक-समूह या समग्र (Universe or Population) कहलाते हैं।

प्राथमिक ढंग

समंक एकत्र करने के निम्नलिखित प्राथमिक ढंग हैं जिनके अनुसार सांख्यिक को समंकों का उपयोग करने से पहिले उनका संग्रह करना आवश्यक होता है:—

(१) प्रत्यक्ष स्वयं अवलोकन।
(२) परोक्ष मौखिक अनुसंधान।
(३) संवाददाताओं से सूचनाएं प्राप्त करना।
(४) अनुसूचियों द्वारा संसूचकों से समंक प्राप्त करना।
(५) प्रगणकों द्वारा प्रश्नावलियों की सहायता से सामग्री-संग्रहण करना।

(१) प्रत्यक्ष स्वयं अवलोकन

जहाँ तक सम्भव हो सांख्यिकीय तथ्य सांख्यिक द्वारा स्वयं ही एकत्र किए जाने चाहिए। इस पद्धति के अनुसार सांख्यिक का अनुसंधान के क्षेत्र में स्वयं उपस्थित रहना आवश्यक है। क्योंकि सांख्यिक प्राप्त समंकों का स्वयं ही प्रयोग करेगा इसलिए यदि वह स्वयं ही उन्हें एकत्र भी करे तो उनके गुण-दोषों से पूर्ण रूप से परिचित होने के कारण उनका आवश्यकतानुसार परिशोधन कर सकेगा। इस पद्धति की प्रकृति के कारण ही इसका क्षेत्र संकुचित है और इस ढंग का ऐसे स्थान में प्रयोग नहीं किया जा सकता जहाँ कि अनुसंधान का क्षेत्र विशाल हो और थोड़े ही समय में खोज समाप्त न की जा सके। ये पद्धति स्थानिक अनुसंधानों के लिये बहुत उपयोगी है क्योंकि वहाँ सांख्यिक समंक क्षेत्र में स्वयं ही उपस्थित रह सकता है। ये पद्धति दोषपूर्ण भी हो सकती है यदि सांख्यिक सच्चा व्यक्ति न हो क्योंकि उसके व्यक्तिगत पक्षपात (Bias) के कारण अभ्यानत समंक एकत्र किए जाएंगे और दोषपूर्ण समंकों के द्वारा प्राप्त प्रतिफल भी भ्रामक ही होंगे। इस पद्धति का प्रयोग इंग्लैण्ड में ले प्ले (Le Play) ने मजदूरों के आय-व्ययकों के अध्ययन में किया था। वह अपने जीवन काल में समय और शक्ति की कमी के कारण बहुत कम कुटुम्बों का अध्ययन कर सका था। इसका प्रमुख कारण यह था कि इस पद्धति के अनुसार उसका प्रत्येक अनुसंधान के क्षेत्र में रहना आवश्यक था। इस पद्धति के निम्नलिखित गुण-दोष हैं:—

गुण—(१) इस पद्धति को अपनाने में यथार्थतम समंकों का संकलन किया जा सकता है क्योंकि समंक क्षेत्र में अनुसंधानकर्त्ता का होना आवश्यक है।

(२) इस पद्धति का विशेष महत्व उस समय है जब कि अनुसंधान-कर्त्ता एक छोटे से क्षेत्र में खोज कर रहा हो और उसके पास समय भी इतना हो कि वह व्यक्तिगत समंकों को महत्व दे सके।

(३) क्योंकि अनुसंधानकर्त्ता स्वयं ही किसी विशिष्ट समस्या के लिए समंक एकत्र करता है वह संग्रहण में समस्या के उद्देश्य एवं प्रकृति का सदैव ध्यान रख सकता है।

दोष—(१) किसी भी बड़े अनुसंधान क्षेत्र में समंक एकत्रित करने के लिए ये पद्धति अनुपयुक्त है क्योंकि इसमें बहुत समय और धैर्य्य की आवश्यकता है।

(२) संग्रहीत सामग्री केवल अनुसंधानकर्त्ता के ही काम की होती है और उसमें उसकी अभिनति या पक्षपात की छाप होती है। वह अपने झुकाव के अनुसार सामग्री एकत्र करके कभी-कभी भ्रामक तथ्य भी सिद्ध कर सकता है।

(२) परोक्ष मौखिक अनुसंधान

जब अनुसंधान का क्षेत्र विस्तृत होने के कारण उपरोक्त पद्धति से काम नहीं चल सकता तो परोक्ष मौखिक अनुसंधानों का प्रयोग किया जाता है। इस प्रणाली के अन्तर्गत अनुसंधानकर्त्ता स्वयं ही समंक क्षेत्र में नहीं जाता है और अपने प्रतिनिधियों द्वारा सामग्री-संग्रहण करता है। वह या तो किसी व्यक्ति या कमेटी को अपने प्रतिनिधि रूप में समंक क्षेत्र में भेजता है जिसका कार्य कुछ निश्चित प्रश्नावलियों के अनुसार समंक एकत्रित करना है। यदि प्रतिनिधि के लिए सांख्यिक ने कोई प्रश्नावलियाँ निर्धारित नहीं की हों तो उन्हें पूर्ण अधिकार होता है कि अपनी इच्छानुसार सामग्री संग्रहण करें। प्रायः व्यक्तिगत अभिनति (Bias) को दूर करने के लिए सांख्यिक अनुसंधानकर्त्ताओं की सहायता के लिए प्रश्नावलियाँ बनाकर दे देता है। इससे एक अच्छाई और होती है कि समस्या के अनुकूल ही समंक एकत्र हो जाते हैं। प्रायः सरकार इसी प्रणाली का उपयोग करके जाँच समितियाँ बना देती है। जाँच समितियों के सामने जाने वाले व्यक्ति "गवाह" कहलाते हैं और ये समितियाँ उनकी 'गवाही' को एक वर्गीकृत रूप में सांख्यिक को भेज देते हैं। जब कोई भी समिति गवाही के लिए व्यक्तियों को निदर्शन प्रणाली के अनुसार छाँटती है तो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि गवाहों में निम्नलिखित गुण हों—(अ) वे गवाही से सम्बन्धित तथ्यों का पूर्ण ज्ञान रखते हों और (ब) उन्हें अनुसंधान से सम्बन्धित व्यक्तिओं अथवा पार्टियों

में किसी की ओर कोई विशेष झुकाव न हो। इस पद्धति का श्रेय इसी बात में है कि गवाह कुल व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं कि नहीं। गवाही देने के योग्य कुटुम्बों का चुनाव एक 'पद्धति-पूर्ण न्यादर्श प्रणाली' (Systematic Sampling) द्वारा किया जाना चाहिए। बहुत से विश्व-विद्यालयों के प्रोफेसरों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं एवं अर्थशास्त्रियों द्वारा इस प्रकार के अनुसंधान किए गए हैं। नीचे एक ऐसे ही अनुसंधान से सम्बन्धित प्रश्नतालिका दी गई है:—

गवाही देने वाले मज़दूरों के रहन सहन के स्तर सम्बन्धी समंकों के संग्रहण के लिए निश्चित की गई प्रश्न तालिका।

कुटुम्ब के सरगना का नाम—
धर्म एवं जाति—
उत्पत्ति का प्रान्त एवं जिला—
छोड़ कर आने का कारण—
कुटुम्ब की बनावट—

	संख्याएं				सम्बन्ध
	पुरुष	स्त्रियाँ	लड़के	लड़कियाँ	
कमाने वाले					
आश्रित					

साक्षरता की सीमा—
कुटुम्ब की औसत मासिक आय—
कुटुम्ब का औसत मासिक व्यय—
खाना
कपड़ा

किराया
बिजली और कोयला
घरेलू आवश्यकताओं की वस्तुएं
मिश्रित खर्च

कर्जः—

कितना रु० कर्ज लिया——
कर्ज लेने का कारण——

उत्सव
शादियाँ
मृत्यु
बीमारी
बेकारी

रहने के मकानः——

विवरण
फैक्टरी से दूरी
सफाई
मकान मालिक और किराया

इस पद्धति के निम्नलिखित गुण हैं:——

(१) इस पद्धति के अनुसार यथार्थ समंक एकत्रित किये जा सकते हैं क्योंकि समंक क्षेत्र में अनुसंधानकर्त्ता के प्रतिनिधि स्वयं जाते हैं और सांख्यिक के द्वारा निर्धारित प्रश्नों के अनुसार ही समंक-संग्रहण कर सकते हैं।

(२) इस पद्धति के अनुसार कम समय में अधिक काम किया जा सकता है। विभिन्न क्षेत्रों में सांख्यिक अपने प्रतिनिधि नियुक्त करके उनके द्वारा एक बढ़े क्षेत्र में अनुसंधान कर सकता है। इसके अतिरिक्त इस पद्धति में न्यादर्श प्रणाली का भी प्रयोग किया जाता है इसलिए विशाल समंक क्षेत्रों को सूक्ष्म रूप से अध्ययन करके समय की बचत की जा सकती है।

इस पद्धति में निम्नलिखित दोष हैं:——

(१) क्योंकि सांख्यिक अपने प्रतिनिधियों को प्रश्नावली स्वयं ही बनाकर देता है उसकी वैयक्तिक अभिनति एवं पक्षपात का उसमें प्रवेश रहता ही है।

(२) बहुत बड़े क्षेत्रों में ऐसी योजना से काम नहीं चल सकता ह और समय की कमी भी इसके कार्य में बाधक होती है।

(३) संवाददाताओं से सूचनाएं प्राप्त करना

इस पद्धति के अनुसार स्थान-स्थान पर सांख्यिक अपने संवाददाता नियुक्त कर देता है जो अपने क्षेत्र से सम्बन्धित सूचनाएं उसके पास भेजते हैं। इन सूचनाओं को संपादित करके सांख्यिक उनका उपयोग कर सकता है। ये भी एक प्राथमिक ढंग है क्योंकि संवाददाता भी एक प्रकार से सांख्यिक के प्रतिनिधि होते हैं। ये पद्धति अधिकतर समाचार पत्रों और मासिक पत्रिकाओं के द्वारा प्रयुक्त की जाती है। इस पद्धति के निम्नलिखित गुण व दोष हैं:—

(१) इस पद्धति के अनुसार एकत्रित सामग्री पर विभिन्न संवाददाताओं की व्यक्तिगत अभिनति की छाप होती है और इस कारण अनेक सच्चे झूठे तथ्यों का संग्रहण हो जाता है। पक्षपातपूर्ण समंकों से हम केवल अभ्यानत निष्कर्षों तक ही पहुँच सकते हैं।

(२) ये पद्धति तुलनात्मक दृष्टि से कुछ अधिक खर्चीली है परन्तु यदि संवाददाता अवैतनिक हों तो ये सस्ती होगी। सस्ती पद्धति, यदि उसके द्वारा प्राप्त समंक सच्चे न हों तो, एक व्यर्थ प्रयास रह जाएगी।

(३) ये पद्धति समय की बचत करती है और कम समय में ही अनेकों क्षेत्रों से सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

(४) इस पद्धति का प्रयोग उस समय अत्यन्त उपयोगी होता है जबकि शीघ्र ही एक अनुमानित प्रगणन की आवश्यकता हो या विभिन्न कालों में किन्ही विशिष्ट समंको के उच्चावचन (Fluctuations) का निर्देशन करना अभीष्ट हो।

(४) अनुसूचियों द्वारा संसूचकों से समंक प्राप्त करना

ये एक विस्तृत पद्धति है जिसके द्वारा सरकारी दफ्तरों में नियमित रूप से मजदूरी, आय-व्यय, बेकारी, रहन सहन के व्यय इत्यादि के सम्बन्ध में समंक संग्रहीत किए जाते हैं। इसी प्रकार कभी कभी कुछ व्यक्तिगत संस्थाएं भी समंक एकत्रित करती हैं। इस प्रणाली का उद्देश्य ये है कि ऐसे व्यक्तियों से सूचनाएं प्राप्त की जाए जिनके पास प्रस्तुत समस्या के सम्बन्ध में पूर्ण, परिशुद्ध एवं असंदिग्ध ज्ञान हो। जो व्यक्ति सूचनाएं देते हैं उन्हें संसूचक

(Informants) और वे फार्म जिन पर सूचनाएं दी जाती हैं उन्हें अनुसूची (Schedule) कहते हैं। अनुसूचियाँ बनाते समय सांख्यिक इस बात का ध्यान रखता है कि वे अत्यन्त सरल और प्रस्तुत समस्या से सम्बन्धित हों। पूछे गए प्रश्न सीधे, कम और सरल होने चाहिए और जहाँ तक हो सके उनके उत्तर 'हाँ' या 'नहीं' अथवा एक संख्या में हो सकें। ऐसे प्रश्न न पूछने चाहिए जिनसे संसूचक सावधान हो जाए कि उससे गुप्त सूचनाएं जानने का प्रयत्न किया जा रहा है। अनुसूचियाँ बन जाने के बाद उन्हें छपवा कर अनुसंधान के क्षेत्र में रहने वाले संसूचकों में बांट दिया जाता है और उनसे यह प्रार्थना की जाती है कि वे उन्हें भर कर एक निश्चित तिथि तक वापस कर दें। उन्हें इस बात का भी भरोसा दिला दिया जाता है कि उनसे प्राप्त सूचनाओं को गुप्त रखा जाएगा और कभी इस प्रकार से न छापा जायेगा कि कोई ये न जान सके कि ये समंक एक विशिष्ट व्यक्ति से सम्बन्धित हैं। इसके अतिरिक्त प्राप्त समंक संसूचकों के विरुद्ध प्रयुक्त न किए जाएंगे। ऐसा करने से इस पद्धति की यथार्थता बढ़ जाती है। इस पद्धति के निम्न-लिखित गुण दोष हैं:—

(१) इस प्रणाली के अनुसार बहुत कम व्यय करके भी एक विशाल समंक क्षेत्र में अनुसंधान किया जा सकता है अर्थात् केवल अनुसूचियों के छपवाने और उन्हें सम्बन्धित व्यक्तिओं में बँटवाने के खर्च करने की आवश्यकता पड़ती है।

(२) यदि एक अच्छी संख्या में अनुसूचियाँ वापस आ जाए तो एक अच्छा न्यादर्श (Sample) बन जाता है और उनसे यथार्थ निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। परन्तु दुःख इस बात का है कि ये अनुसूचियाँ बहुत कम वापस आती हैं और जो आती भी हैं उनमें या तो गलतियाँ होती हैं या वे अपूर्ण होती हैं। इसके दो कारण हैं—(अ) या तो संसूचकगण अनुसंधान में कोई दिलचस्पी नहीं लेते और या (ब) उन्हें ऐसा भ्रम रहता है कि व्यक्तिगत समंकों का उनके विरुद्ध प्रयोग न किया जाए और इस कारण वे गुप्त बातें छिपाते हैं। यदि संसूचकों को अनुसंधान का उद्देश्य भली प्रकार समझा दिया जाए और उन्हें इस बात का विश्वास दिलाया जाए कि उनके द्वारा दी गई सूचनाओं को गुप्त रखा जाएगा तो ये पद्धति एक बहुमूल्य पद्धति सिद्ध हो सकती है।

उत्तर प्रदेशीय सांख्यिकी विभाग की एक अनुसूची का नमूना नीचे दिया जा रहा है।

ECONOMICS & STATISTICS DEPARTMENT, U.P.

Enquiry into the Expenditure of Certain Professions, Kanpur.

न्यादर्श नं०

नाम

७/१५/२२ तारीखों को समाप्त होने वाले सप्ताह के लिये —

दिनांक	व्यय की मदे	मात्रा	व्यय रु०	आ०	पा०

सप्ताह में उपस्थित व्यक्तिओं की संख्या

	सप्ताह में कितने दिन वे कुटुम्ब में थे					
	१ दिन	२ दिन	३ दिन	४ दिन	५ दिन	६ दिन
पुरुष युवा						
स्त्री युवती						
१२ साल के नीचे बालक						
१२ साल के नीचे लड़कियाँ						

पता

हस्ताक्षर

दिनांक

संक्षिप्त आय-व्यय		व्यय
क्रम संख्या	मदें	रु० आ० पा०
१. खाना		
२. कपड़ा		
३. बिस्तर		
४. मकान		
५. घरेलू आवश्यकताएँ		
६. मिश्रित		
७. कुल व्यय		
८. कुल आय		
९. बचत (+)		
१०. कर्ज (—)		

(५) प्रगणकों द्वारा प्रश्नावली की सहायता से समंक प्राप्त करना

इस पद्धति के अनुसार अनेकों प्रगणकों (Enumerators) को नियुक्त करके सांख्यिक उन्हें एक प्रश्नावली देकर अनुसंधान क्षेत्र में भेज देता है। प्रगणकों का कार्य अनुसंधान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पास जाकर प्रश्नावली के अनुकूल प्रश्न पूछना और उनके प्रत्युत्तरों को लिख लेना होता है। सभी प्रत्युत्तरों को एकत्रित करके प्रधान सांख्यिक के पास भेज दिया जाता है। इस प्रकार के संग्रहण में कितना ही बड़े से बड़ा क्षेत्र लिया जा सकता है और इसके लिए केवल प्रगणकों की संख्या बढ़ाना होता है। प्राप्त किये गए समंक पूर्णरूप से यथार्थ होते हैं क्योंकि प्रगणकों को केवल यंत्रवत कार्य करना पड़ता है और उनकी व्यक्तिगत अभिनति का गणना पर कोई प्रभाव नहीं रहता। गुणात्मक दृष्टि से समकों का यथार्थ या भ्रामक होना प्रगणकों के चुनाव पर निर्भर रहता है। चुने गए प्रगणकों को सत्यभाषी, बुद्धिमान और कर्त्तत्वशील होना चाहिए और उन्हें साथ ही साथ ये अधिकार भी होना चाहिए कि वे अस्पष्ट एवं संदिग्ध उत्तरों को छोड़ दें। उन्हे पक्षपातरहित, व्यावहारिक एवं मिष्ट-भाषी होना चाहिए। बहुत से ऐसे मौके होते हैं जब कि संसूचक गुप्त प्रकार की सूचनाएँ देने से हिचकता है और ऐसी सूचनाएँ अनुसंधान के लिए बहुत उपयोगी होती हैं। यदि प्रगणक एक होशियार व्यक्ति है तो एक अनुत्साही व्यक्ति से भी गुप्त सूचनाएँ निकाल लेगा।

प्रश्नावली बनाते समय भी सांख्यिक को विशेष ध्यान रखना होता है क्योंकि प्रश्नावली ही एक ऐसी वस्तु है जो विभिन्न प्रगणकों के विवेक स्वातंत्र्य को परिसीमित रखती है। प्रश्नावली में रखे गए प्रश्नों में निम्न-लिखित विशेषताएँ होनी चाहिए—

(१) प्रश्न संख्या में कम होने चाहिए। यदि बहुत से प्रश्न होगें तो कदाचित ऐसा भी हो सकता है कि उत्तर देने वाले व्यक्ति कुछ भी प्रश्नों का उत्तर न देना चाहें।

(२) प्रश्नावली के प्रश्न उत्तर देने वाले के लिए सहज होने चाहिए।

(३) प्रश्न ऐसे होने चाहिए कि उनके उत्तर 'हाँ' या 'ना' या किसी छोटी-संख्या में दिये जा सकें।

(४) प्रश्न ऐसे न होने चाहिए जिनसे संसूचकों के मन में शंका उत्पन्न हो जाए। ऐसा होने से संसूचक खीझ जाते हैं और उत्तर नहीं देते इस प्रकार के प्रश्न शराब पीना, स्त्री की उम्र, इत्यदि के सम्बन्ध में होते हैं।

(५) जहाँ तक हो प्रश्न ऐसे भी हों जो किसी पूर्व प्रश्न द्वारा प्राप्त सूचना को पुष्ट करें।

(६) प्रश्न ऐसे हों जो प्रस्तुत समस्या के अधिकतम हलों को सामने ले आएं।

इस प्रणाली के निम्नलिखित गुण–दोष हैं:—

(१) ये प्रणाली बहुत खर्चीली है और प्रगणकों को यदि अवैतनिक रखा जाए तो वे यथार्थ समंक एकत्रित नहीं करते हैं।

(२) प्रत्येक व्यक्ति से अनुसंधानीय प्रश्न करने के कारण इस प्रणाली में समय भी अधिक लगता है और यदि समय अपने पास कम हो तो इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है।

(३) क्योंकि प्रश्नावली संख्यिक स्वयं बनाकर ही प्रगणकों को देता है प्रणाली के द्वारा एकत्र समंक यथार्थ एवं परिशुद्ध होते हैं।

सांख्यिक विवरण एवं सांख्यिक आगणना

विभिन्न सांख्यिक पद्धतियों के प्रयोग से हम किसी भी विशाल समंक समूह की अंतर्निहित केन्द्रीभूत प्रवृति, उसके विभिन्न समंको के आपस में एवं केन्द्रीभूत प्रवृति से अपकिरण अथवा विचलन इत्यादि के सम्बन्ध में

जान सकते हैं। जहाँ तक हमारे निष्कर्षों का सम्बन्ध है हमको अनुसंधान में वास्तविक रूप में शामिल किए गए समंको पर निर्भर रहना होता है। परन्तु उन निष्कर्षों को हमे केवल उन समंकों तक ही सीमित नहीं रखना होता है वरन् अधिक विस्तृत क्षेत्र में उनके प्रयोग का अनुसंधान करना होता है। किसी भी समंक–समूह के लक्षणों की विवेचना करने वाली पद्धति को हम सांख्यिकीय विवरण (Statistical Description) कहते हैं। इस प्रकार की पद्धति हमारे लिए अधिक महत्व की नहीं क्योंकि हम किसी भी क्षेत्र के सभी तथ्यों के आधार पर जो भी निष्कर्ष निकालेंगे उसका प्रभाव अन्य क्षेत्रों में भी देखने का प्रयत्न करेगें और यदि एक विस्तृत क्षेत्र में हम उन निष्कर्षों का प्रयोग करते हैं तो केवल उसी समंक क्षेत्र के विवरण का कोई विशेष महत्व रह ही नहीं जाता। विवरण द्वारा प्राप्त यथार्थ निष्कर्षों का स्थान यदि अधिक विस्तृत क्षेत्रों में ढूँढा जाता है तो उन निष्कर्षों की यथार्थता कम होती जाती है और वे भी एक अनुमान मात्र रह जाते हैं। इस प्रकार हमारा प्रवेश सांख्यिकीय आगणना (Statistical induction) के क्षेत्र में हो जाता है। सांख्यिकीय आगणना का अर्थ ही है कि हम व्यक्तिगत अनुसंधानों द्वारा प्राप्त सामग्री का विस्तृत क्षेत्र में प्रयोग करें और उनसे कुछ नियमों या सम्भावनाओं का प्रतिपादन करें। अनुसंधानीय क्षेत्र के एक छोटे से भाग को लेकर हम जो भी आगणना करते हैं उसे पूर्व क्षेत्र के लिए अनुमानित सत्य मान लेते हैं और इसका आधार है 'सम्भावना का सिद्धान्त'। दूसरे शब्दों में सांख्यिकीय आगणना एक ऐसी पद्धति है जो अनुसंधानीय क्षेत्र के समस्त समंकों की गणना करने के कठिन कार्य के स्थान पर कुछ थोड़े से प्रतिनिधि समंकों के आधार पर ही समस्त क्षेत्र पर लागू होने वाले निष्कर्षों का प्रतिपादन करती है। इस प्रकार सांख्यिकीय आगणना ही निदर्शन प्रणाली की आधार शिला है।

निदर्शन प्रणाली

निदर्शन प्रणाली (Sampling) एक ऐसी प्रणाली है जिसके द्वारा बड़े बड़े समंक क्षेत्रों के एक छोटे से भाग का घना अध्ययन करके यथार्थ एवं सूक्ष्म चित्रण किया जाता है। किसी भी देश में रहने वाली असंख्य जनसंख्या के नए लगाए गए करों के प्रति विचार मालूम करने के लिए कोई भी सरकार इस पद्धति का प्रयोग कर सकती है और इसके लिए उसे केवल एक प्रतिनिधि न्यादर्श (Sample) के रूप में कुछ व्यक्तिओं के समूह लेकर उनके

विचार ज्ञात करने होगें। यदि हम पक्षपातरहित (Unbiassed) न्यादर्श लेगें तो चुने गए न्यादर्श की राशियों एवं समस्त समंक क्षेत्र की राशियों के लक्षणों में ऐक्य होगा और समान लक्षणों वाले समंको से हम ऐसे निष्कर्ष निकाल सकेगें जो न्यादर्श एवं सम्पूर्ण समंक क्षेत्र में एक ही प्रकार से लागू होगें। इसके लिए दो बातों की आवश्यकता है:—(अ) न्यादर्श के लिए चुने गए समंक बिना किसी पक्षपात या अभिनति के चुने गए हों अर्थात समंक क्षेत्र के सभी समंकों को चुने जाने की बराबर सम्भावना प्राप्त थी। (ब) चुना गया न्यादर्श समंक क्षेत्र की विशालता के अनूकूल हो। इस प्रकार हम देखते हैं कि किसी भी समंक क्षेत्र के अंतंगत आने वाली घटनाओं के अध्ययन के दो ढंग हैं:—(अ) गणना पद्धति और (ब) न्यादर्श अथवा निदर्शन प्रणाली। गणना पद्धति में समंक क्षेत्र की गणना की जाती है और उनके द्वारा प्राप्त निष्कर्ष पूर्ण रूप से यथार्थ होते हैं। परन्तु ये ढंग दो कारणों से बहुत बड़े अनुसंधानों के लिए उपयोगी नहीं हैं—(१) प्रत्येक अंक की गणना और (२) अत्यधिक पूंजी की आवश्यकता। इस ढंग का प्रयोग बहुत धनी सांख्यिक ही कर सकते हैं। विशेष रूप से सरकार इस पद्धति का प्रयोग करती है क्योंकि उसके पास धन की प्रचुरता के अतिरिक्त जन-साधारण से समाज हित के लिए अवैतनिक कार्य करवा लेने की क्षमता होती है। निदर्शन प्रणाली में सम्पूर्ण क्षेत्र के केवल एक छोटे से भाग का ही अध्ययन किया जाता है परन्तु ये भाग सम्पूर्ण क्षेत्र का प्रतिनिधि हो इस कारण निश्चित प्रकार से चुनाव करना आवश्यक होता है। गणना पद्धति की तुलना में इस पद्धति में खर्च कम होता है और समय की भी बचत होती है। इस कार्य के लिए कम परन्तु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है जबकि गणना पद्धति में बहुत से व्यक्तियों की आवश्यकता होती है चाहे वे कामचोर ही क्यों न हों।

निदर्शन प्रणाली की सफलता के लिए कुछ आवश्यकताएँ होती हैं। सर्वप्रथम ऐसा न्यादर्श (Sample) छांटना चाहिए कि उसमें चुने गए समंकों के वही लक्षण हो जो कि समग्र के अन्य समंको के हों। इस प्रकार का न्यादर्श तभी चुना जा सकता है जबकि समंक क्षेत्र के प्रत्येक समंक के चुने जाने की समान सम्भावना हो। सभी समंको की चुने जाने की समान सम्भावना तब हो सकती है जबकि सांख्यिक पक्षपातरहित हो। यदि दो या अधिक न्यादर्श उसी समंक क्षेत्र से छाँटे जाए तो उसमें भी समानता होनी चाहिए

साधारणतः न्यादर्श प्रवरण में संग्रहीत अंक एक दूसरे से स्वतन्त्र होने चाहिए। यदि दो प्रकार के समंक क्षेत्रों से न्यादर्श चुने जाएँ या विभिन्न कालो में समंक क्षेत्रों से न्यादर्श चुने जाए तो उद्गम क्षेत्रों के गुणों में और न्यादर्श के समंकों के गुणों में कोई महत्वपूर्ण विभेद न होना चाहिए। न्यादर्श में शामिल किये गए सभी समंको पर प्रभाव डालने वाले या नियंत्रक कारण एक ही प्रकार के होने चाहिए।

न्यादर्श प्रवरण के निम्नलिखित ढंग होते हैं:—

(१) सविचार प्रवरण (Couscions Sampling)
(२) सम सम्भाविक या दैव प्रवरण (Random Sampling)
(३) स्तरित प्रवरण (Stratified Sampling)
(४) पद्धतिपूर्ण प्रवरण (Systematic Sampling)
(५) अंश प्रवरण (Quota Sampling)
(६) अनुक्रमिक प्रवरण (Sequential Sampling)

सविचार प्रवरण

सविचार प्रवरण में हम समंक क्षेत्र के मानसिक विश्लेषण द्वारा केवल वे ही समंक एकत्रित करते हैं जो सम्पूर्ण क्षेत्र के सर्वाधिक प्रतिनिधि मालूम देते हैं। ये साँख्यिक द्वारा किया गया एक उद्देश्यपूर्ण प्रवरण होता है और जैसा भी उसे निष्कर्ष निकालना होता है उसी के उपयुक्त वह समंकों का चुनाव कर लेता है। इस पद्धति में अभिनत न्यादर्शों के चुनाव का डर रहता है और व्यक्तिगत अभिनति अथवा पक्षपात के कारण जानबूझ कर या अनजाने में भ्रमपूर्ण समंक एकत्र हो जाते हैं। ये पद्धति उस समय उपयोगी सिद्ध हो सकती है जब सांख्यिक प्रवरण करते समय उद्देश्य से प्रभावित होकर चुनाव करे परन्तु व्यक्तिगत अभिनति या पक्षपात को अलग रख दे।

दैव प्रवरण

दैव प्रवरण या सम-सम्भाविक प्रवरण ऐसी निदर्शन प्रणाली है जिसमें व्यक्तिगत महत्व को नष्ट कर दिया जाता है और उसके स्थान पर सम्भावना प्रतिष्ठित हो जाती है। चुनाव करते समय समंक क्षेत्र के समस्त समंको को चुने जाने की समान सम्भावना प्रदान कर दी जाती है अर्थात् सांख्यिक का व्यक्तिगत झुकाव किसी विशेष प्रकार के समंकों को चुनने का नहीं होता है। इस प्रकार चुनाव मनुष्य के हाथ से निकल कर दैवयोग से होता

हैं और इस सम्भावना के कारण इस पद्धति को दैव प्रवरण करते हैं। क्योंकि समंक क्षेत्र के बहुत से समंक एक दूसरे से विभिन्न होते हैं चुनाव करते समय विषम समंक चुने जाएँगे और यदि उनकी विषमताओं का औसत निकाला जाए तो कदाचित् एक ओर की विषमताएं दूसरी ओर की विषमताओं द्वारा दूर हो जाएगीं । औसत निकालने में व्यक्तिगत विषमताएं विनष्ट हो जाती हैं और न्यादर्श का औसत समंक क्षेत्र के औसत से मिलता जुलता होता है अर्थात न्यादर्श समंक क्षेत्र का एक प्रतिनिधि रूप होता है जिसके अंतर्गत आने वाले समंकों के वही लक्षण होते हैं जो समग्र के समंको में पाये जाएँ। इस प्रकार हम देखते हैं कि दैव प्रवरण 'सम्भावना' के सिद्धान्त के ऊपर आधारित है और इसी कारण हम न्यादर्शों पर विश्वास कर सकते हैं। दैव प्रवरण के अर्थ हैं बिना किसी पक्षपात के इधर उधर से समंको का चयन करना। क्योंकि आँख बन्द करके या बिना पक्षपात के किसी भी अंग से चयन किया जा सकता है इसलिये प्रवरित न्यादर्श में चुने गए समंकों में वे ही लक्षण पाये जाते हैं जो समग्र में हों।

दैव निदर्शन सविचार प्रवरण से उत्तम माना जाता है क्योंकि सविचार प्रवरण में सांख्यिक के व्यक्तिगत झुकाव या पक्षपात का प्रभाव रहता है और दैव प्रवरण में दैवयोग से प्रतिनिधि समंकों को एकत्रित करके उनके आधार पर निष्कर्ष निकाले जाते हैं । दैव प्रवरण पर निकाले गए निष्कर्ष गणना द्वारा प्राप्त निष्कर्षों के अत्यन्त समीप होते हैं।

स्तरित प्रवरण

कभी कभी एक ही समंक क्षेत्र में विभिन्न आकारों और लक्षणों वाले समंक पाये जाते हैं और निदर्शन करके हम यथार्थ निष्कर्ष के करीब नहीं पहुँच सकते हैं । ऐसी स्थिति में विषम समंक क्षेत्र को दो तीन या अधिक, विभागों में बांट देना चाहिए और उनमें समान लक्षणों वाले समंक रख देना चाहिए। इस प्रकार के विभाजन को स्तरन्तरण कहते हैं। स्तरन्तरण करने के पश्चात् प्रत्येक स्तर में से क्रमशः समंकों का चुनाव करना चाहिए । अंकों के चुनाव में सविचार या सम-संभाविक किसी भी पद्धति का प्रयोग किया जा सकता है। इस प्रकार के प्रवरण को स्तरित प्रवरण (Stratified Sampling) कहते हैं क्योंकि न्यादर्श प्रवरण से पहिले समंक क्षेत्र को विभिन्न स्तरों में बांटना आवश्यक होता है। इस पद्धति के द्वारा हम अधिक प्रतिनिधि न्यादर्श प्राप्त करके यथार्थ निष्कर्षों

तक पहुँच सकते हैं। ये पद्धति आजकल अधिक महत्वशाली होती जा रही है। इस पद्धति का विशेष गुण इस बात में है कि इसके अनुसार विषम समंक क्षेत्र को समान-गुणीय क्षेत्रों में बाँट कर उनसे प्रवरण किया जाता है जिससे न्यादर्श में किसी भी एक प्रकार के अंकों का जमाव नहीं होने पाता है।

पद्धतिपूर्ण प्रवरण

जब किसी भी समंक क्षेत्र में समंक किसी विशेष ढंग, काल, परिस्थिति अथवा स्थान के अनुसार विन्यस्त हों तो ये प्रणाली अत्यन्त सरल एवं सहज होती है। इस पद्धति के अनुसार किसी भी एक पद्धतिपूर्ण ढंग से चुनाव करना आवश्यक होता है परन्तु उसी ढंग को अन्त तक प्रयोग करना चाहिए, उदाहरणार्थ, यदि किसी एक क्लास में ५० विद्यार्थी ऊंचाई के अनुसार खड़े हैं तो हम न्यादर्श में प्रत्येक पाँचवे को चुन सकते हैं। इस प्रकार के चुनाव के लिए समंकों को काल, परिस्थिति अथवा स्थान के अनुसार विन्यसित (Arrange) करना आवश्यक है।

अंश प्रवरण

जहाँ अनेक प्रगणकों की सहायता से एक विशाल समंक क्षेत्र का न्यादर्श लेना होता है तो न्यादर्श के भी विभाग कर दिये जाते हैं और प्रत्येक प्रगणक को केवल उसके लिए निश्चित अंश का ही प्रवरण करना होता है। यदि अनसूचियाँ भरवा कर वापस मंगानी है तो प्रत्येक प्रगणक को कुछ अनुसूचियाँ एकत्रित करने का भार दे दिया जाता है और सभी प्रगणकों द्वारा एकत्रित सूचनाओं को मिला देने से न्यादर्श तैयार हो जाता है। इस पद्धति का प्रयोग करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अनेक प्रगणकों के कारण समंकों के ऊपर व्यक्तिगत पक्षपात का प्रभाव न पड़े।

अनुक्रमिक प्रवरण

ये पद्धति साधारण प्रवरण नीति के प्रतिकूल है। सामान्य निदर्शन प्रणाली में किसी भी समंक क्षेत्र के कुछ अंक बिना पक्षपात के इधर उधर से चुने जाते हैं और फिर उनमें आ जाने वाले विभ्रम का अनुमान लगाया जाता है। यदि न्यादर्श में विभ्रम अधिक हो तो फिर से

न्यादर्श चुने जाते हैं। अनुक्रमिक निदर्शन में इसके प्रतिकूल पद्धति का प्रयोग किया जाता है। पहिले ही निदर्शन विभ्रम (Sampling error) का अनुमान करके उसके अनुसार न्यादर्श का आकार निश्चित किया जाता है। इस प्रकार अनुक्रमिक प्रवरण में यथार्थता की अपेक्षित मात्रा का निर्णय निदर्शन से पहिले ही कर लिया जाता है और फिर चुनाव संभाविक रीति से किया जाता है। निदर्शन विभ्रम के ऊपर ही न्यादर्श के आकार निश्चित होते हैं, उदाहरणार्थ, यदि किसी भी समंक क्षेत्र में १ लाख अंक हैं और दैव प्रवरण द्वारा एकत्रित न्यादर्श में १०,००० अंक हैं एवं सम्भावित विभ्रम १०० है। यदि हम केवल ५० विभ्रम ही रखना चाहें तो हमें न्यादर्श के अंकों की मात्रा बढ़ाना चाहिए। परन्तु अनुक्रमिक प्रणाली के अन्तर्गत हम पहिले से ही निश्चय कर लेते हैं कि संभावित विभ्रम क्या रखना है फिर उसके अनुसार ही न्यादर्श का आकार तय करते हैं। इस पद्धति का प्रयोग अधिकतर कृषि एवं जीव विज्ञान में किया जा रहा है।

उपरोक्त पद्धतियों में से किसी का भी प्रयोग समंक क्षेत्र के आकार-प्रकार पर निर्भर रहता है। यदि समंक क्षेत्र बहुत बड़ा है और उसमें विषम अंकों का बाहुल्य है तो स्तरित निदर्शन की आवश्यकता होगी जिसके अनुसार हम विषम समंक क्षेत्र को सम-स्तरों में बाँट कर न्यादर्श प्रवरण करते हैं। यदि समंक क्षेत्र समान अंकों का एक समूह है तो हम सामान्य या अंश पद्धति से दैव प्रवरण कर सकते हैं। सर्वोत्तम पद्धति तो दैव प्रवरण ही है जिसमे प्रत्येक अंक का समान महत्व होता है और प्रत्येक एक दूसरे से ऐसा मिल जाता है मानों उन्हें किसी घूमने वाले बक्स में रख कर घुमा दिया गया हो।

न्यादर्श की पूर्णता एवं समुचितता की जाँच करने के दो सिद्धांत हैं:— (अ) ज्यों ज्यों समंकों का औसत के दोनों दिशाओं में अपकिरण बढ़ता जाए न्यादर्श के समंकों की संख्या बढ़नी चाहिए क्योंकि अधिक मात्रा में समंक लेने पर ही उनकी विषमताएं औसत रूप में नष्ट हो सकेगी। (ब) हम जितना अधिक यथार्थ न्यादर्श लेना चाहें उतने ही अधिक अंक हमें न्यादर्श में शामिल करना होंगे अर्थात् यथार्थता के साथ-साथ न्यादर्श का आकार बढ़ाना आवश्यक है। ये दोनों ही सिद्धान्त 'सम्भावना के सिद्धान्त' के उप-प्रमेय 'महांक जडता नियम' व 'सांख्यिकीय-नियमिता' पर आधारित हैं। न्यादर्श की समुचितता जाँचने के लिए 'स्थिरता जाँच' की जा सकती है जिसके अन्तर्गत दो बातें की जा जाती हैं:— (अ) न्यादर्श को दो या अधिक

विभागों में दैव प्रवरण से बाँट देते हैं या (ब) पूर्ण समंक क्षेत्र में फिर से एक पक्षपातरहित न्यादर्श का चुनाव करते हैं। पुराने न्यादर्श के विभागों एवं नये और पुराने न्यादर्शों के लक्षणों की तुलना की जाती है और यदि तुलना में लक्षण एक ही प्रतीत होते हैं तो न्यादर्श ठीक है, नहीं तो न्यादर्श समुचित एवं पूर्ण नहीं माना जाता है। यदि न्यादर्श पूर्ण एवं समुचित न हो तो उसको बढ़ाने की आवश्यकता होती है। 'महांक जंडता नियम' के अनुसार ज्यों ज्यों न्यादर्श का आकार बढ़ेगा स्थिरता आएगी और न्यादर्श यथार्थता के समीप आता जाएगा। न्यादर्श में समंकों की संख्या बढ़ाने में इस सिद्धांत का ध्यान रखा जाता है कि "न्यादर्श की समुचितता एवं यथार्थता बढ़ती जाती है ज्यों ज्यों न्यादर्श के आकार का वर्ग मूल बढ़ता जाता है" इस प्रकार यदि द्विगुणित यथार्थता की आवश्यकता हो तो हमें न्यादर्श के आकार को चार गुणा बढ़ाना चाहिए।

सम्भावना का सिद्धांत

सम्भावना का अर्थ किसी भी अनिश्चित घटना के होने या न होने के सम्बन्ध में मस्तिष्क की भावना होती है। जब किसी भी अनिश्चित घटना के दोनों पहलुओं पर ही विचार कर लिया जाता है तो उस घटना के होने या न होने के सम्बन्ध में एक अनुमान लग जाता है जिसे आशंसा (Expectation) कहते हैं। इसी अनुमान या आशंसा को जब हम सांख्यिकीय रूप में देखते हैं तो उसे सम्भावना कहते हैं। इस प्रकार यदि कोई घटना दो प्रकार से घट सकती है और कोई भी निश्चित कारण नहीं कि यह समझा जा सके कि वह पहले प्रकार से ही घटेगी तो उसके किसी भी प्रकार से घटने की सम्भावना $\frac{1}{2}$ है। उदाहरणार्थ, यदि एक सिक्का उछाला जाय तो या तो चित्त गिरेगा या तो पट्ट और तीसरे प्रकार से नहीं गिर सकता। इसलिये चित्त और पट्ट गिरने की सम्भावना १:१ है या दोनों में से प्रत्येक की सम्भावना $\frac{1}{2}$ है।

यदि सौ बार सिक्के को उछाला जाय तो चित्त और पट्ट आने के लिये दोनों ही की आशंसा $\frac{1}{2} \times$ १००=५० होगी।

इसी प्रकार यदि किसी भी घटना के होने के चार विभिन्न ढंग हैं और सभी की बराबर स्थिति है तो किसी एक प्रकार से घटित होने की संभावना $\frac{1}{4}$ है और यदि १०० बार वह घटना घटित हो तो इस प्रकार से होने

आशंसा बराबर है $\frac{1}{4} \times १००=२५$ । दूसरे उदाहरण में यदि एक हजार गेंदों का एक ढेर हो जिसमें ६०० लाल और ४०० नीले रंग के गेंद हों तो उन्हें खूब हिला कर यदि पक्षपात रहित व्यक्ति उनमें से कोई एक गेंद उठाये तो लाल गेंद आने की सम्भावना ३:२ या ३/५ और नीले आने की सम्भावना २/५ होगी। यदि इसी प्रकार वह छांटता जाय और सौ गेंद निकाले तो लाल और नीले गेंदों का अनुपात कदाचित ६०:४० पाया जायेगा। इस प्रकार हम देखते हैं कि दैव प्रवरण के द्वारा प्राप्त किये गये न्यादर्श में वही अनुपात होगा जो कि समग्र (Universe) में था।

उपरोक्त विवरण एक गणित सम्बन्धी सिद्धांत का है 'जिसे सम्भावना का सिद्धांत' कहते हैं। यही सिद्धांत सांख्यिकी का आधार है। इस सिद्धांत के अनुसार, "यदि किसी बड़े समंक क्षेत्र से समुचित मात्रा में बिना पक्षपात के अंक छांटे जाँये तो औसत रूप में उनमें वे सब लक्षण विद्यमान होंगे जोकि समग्र (Universe) के अंकों में हैं और इस प्रकार के न्यादर्श (Sample) पर आधारित निष्कर्षों पर निर्भर रहा जा सकता है।" ये सिद्धान्त उसी समय उपयोगी सिद्ध होगा, जब कि दैव प्रवरण (Random Sampling) का सहारा लिया गया हो। यह नियम अन्य आर्थिक नियमों के समान सामान्य रूप से लागू होता है और इसके प्रयोग में कुछ अपवाद भी हो सकते हैं। न्यादर्श के प्रवरण से पहले संकलनकर्त्ता को यह देख लेना चाहिये कि समग्र के सभी अंक इस प्रकार मिला दिये गये हैं कि उनमें से प्रत्येक को चुने जाने का समान अधिकार प्राप्त है और किसी एक ही स्थान पर एक ही प्रकार के अत्यधिक अंकों का जमाव नहीं है। यह भी अत्यन्त आवश्यक है कि संकलनकर्त्ता या उसके प्रतिनिधि पक्षपात-रहित हैं और उनका झुकाव किसी विशिष्ट प्रकार के अंकों के चयन करने के लिये नहीं हैं।

इस सम्भावना के सिद्धान्त के निम्न लिखित चार उपसाध्य (Corrolaries) हैं—

१. सांख्यिकीय नियमिता सिद्धान्त (Law of Statistical Regularity)

२. महानुमाप जड़ता सिद्धान्त (Law of Inertia of Large numbers)

३. अल्प संख्याओं की विलम्बना का सिद्धान्त (Law of Persistence of Small numbers)

४. विचलन के क्रमिक ह्रास का सिद्धान्त, (Law of Decreasing Variation)

१. सांख्यिकीय नियमिता सिद्धान्त

इस नियम के अनुसार यदि किसी भी समंक क्षेत्र से बिना पक्षपात के इस प्रकार से अंकों का प्रवरण किया जाय कि प्रत्येक अंक को चुने जाने की समान सम्भावना प्राप्त हो तो चुना गया न्यादर्श उस समंक क्षेत्र का पूर्ण रूप से प्रतिनिधि होगा। अर्थात् न्यादर्श में चुने गए अंकों और समग्र के सभी अंकों के लक्षणों में समानता पाई जायगी। इस प्रकार की समानता होने का एक कारण है और वह यह कि छांटे हुए अंकों में यदि कुछ अंक बहुत बड़े होंगे तो कुछ बहुत छोटे भी, और उन सभी विषमताओं का सम्मिलित प्रभाव यह होगा कि एक प्रकार से सांख्यिकीय नियमिता निर्माण होगी, और सामान्यतः न्यादर्श का औसत समग्र के औसत के बराबर होगा। इसी सिद्धान्त के कारण अपराध, दुर्घटनाओं, आत्महत्याओं और जुआ खेलना इत्यादि में एक प्रकार की नियमिता दृष्टिगोचर होती है।

२. महानुमाप जड़ता सिद्धान्त

इस सिद्धान्त के अनुसार हम जितने ही अधिक अंक अपने न्यादर्श में शामिल करेंगे उतने ही अधिक यथार्थ निष्कर्ष पर पहुँच सकेंगे और न्यादर्श उतना ही अधिक विशुद्ध एवं विश्वस्त होगा। इसका आधार यह है कि यदि समंक क्षेत्र में विभिन्न आकार वाले अंक हैं तो इस बात की सम्भावना रहेगी कि कुछ अंक यदि एक दिशा में विचरण करेंगे तो कुछ विपरीत दिशा में भी विचलित होंगे, जिसके कारण विभिन्न दिशाओं में होने वाली विषमताओं का सम्मिलित प्रभाव हमें उसी औसत तक पहुँचने में सहायक होगा जो कि पूरे समग्र का होना चाहिए। इस प्रकार यदि हम न्यादर्श के अंकों की संख्या बढ़ाते जाँय तो अनुमान विभ्रम (Error) कम होता जायगा और यथार्थता की मात्रा बढ़ती जायगी। दूसरे शब्दों में महानुमापों में अधिक स्थिरता अथवा जड़ता होती है जिसके कारण विभ्रम नहीं रह जाता। यदि एक दिशा में बहुत से अंक विचरण करते हों तो अधिक समंकों को न्यादर्श में सम्मिलित करने की योजना असफल सिद्ध होगी और घटने के बजाय विभ्रम बढ़ेगा।

३. अल्प संख्याओं की विलम्बना का सिद्धान्त

इस नियम के अनुसार यदि किसी भी समग्र में कुछ ऐसी अल्प संख्यायें हैं जो अन्य अंकों से बहुत अधिक विचलित होती हों तो हम चाहे कितना भी बड़ा न्यादर्श क्यों न लें, ऐसी संख्याओं का प्रतिनिधित्व उसमें भी पाया जायगा। दूसरे शब्दों में कुछ अल्प संख्यायें न्यादर्श में विलम्बना करती हैं और अवश्य ही पाई जायगी। विषमता निवारण के सिद्धान्त का उन पर कुछ भी प्रभाव न पड़ेगा।

४. विचलन के क्रमिक ह्रास का सिद्धान्त

इस नियम के अनुसार ज्यों ज्यों हम चुने हुये अंकों की संख्यायें न्यादर्श में बढ़ाते जाते हैं त्यों त्यों अंकों की लक्षणात्मक विभिन्नतायें कम होती जाती हैं और विभिन्नताओं के क्रमिक ह्रास की इस प्रकृति को हम पिछले न्यादर्शों अथवा समग्र के अंकों से तुलना करके मालूम कर सकते हैं। इस सिद्धान्त के एक अनुभवी प्रयोग द्वारा न्यादर्श के आकार के निर्णय करने में सहायता मिलती है।

इस प्रकार सम्भावना के सिद्धान्त का महत्व हम भलीभाँति समझ सकते हैं। इसी सिद्धान्त पर बीमा कम्पनियों का सारा कार्य आधारित है। प्रीमियम निश्चित करने के लिये मरण-तालिकायें (Mortality Tables) बनानी आवश्यक होती हैं। मरण-तालिकायें बनाने के लिय आवश्यक सामग्री दो प्रकार से प्राप्त होती है—(अ) जन गणना की रिपोर्टों से वा पिछले अनुभवों के संचित ज्ञान से। मरण-तालिका में उम्र, वर्ष के प्रारम्भ में जीवित व्यक्तियों और वर्ष के प्रारम्भ में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या दी रहती हैं। यदि वर्ष के अन्त में मरने वालों की संख्या को वर्ष के प्रारम्भ में जीवित रहने वालों की संख्या से भाग दे दिया जाय तो मरणशीलता की दर मालूम हो जायगी, जिसके आधार पर बीमा कम्पनियाँ अपने प्रीमियम की दरें निश्चित करती हैं। जब कोई बीमा कम्पनी जीवन बीमा करती है, तो इस बात की सम्भावना रहती है कि उसके द्वारा बीमा किये गये व्यक्तियों में से कुछ शीघ्र मर जायेंगे। महानुमाप जड़ता नियम बीमा कम्पनियों को और अधिक जीवन बीमा करने के लिये उत्साहित करता रहता है क्योंकि जितना ही अधिक बीमा किया जायगा उतनी ही हानी होंने की सम्भावना कम होती जायगी।

संख्या संकलन का द्वितीयक ढंग

द्वितीय ढंग (Secondary Method) में द्वितीयक उद्गमों से प्राप्त सामग्री का उपयोग किया जाता है और संकलनकर्ता और प्रयोग कर्त्ता एक ही व्यक्ति नहीं होते। ऐसे समंकों को समाचार पत्रों, पाक्षिक, एवं सरकारी रिपोर्टों के आधार पर एकत्रित करके उनके द्वारा निष्कर्षों पर पहुँचा जाता है। द्वितीयक सामग्री ऐसी सामग्री है जो कि केवल संकलन-कर्त्ता के लिये ही प्राथमिक हो और जिसे निष्कर्ष निकालने वाला अपने कार्य के लिये प्राथमिक मान ले। प्राथमिक और द्वितीयक ढंगों का अन्तर केवल यथार्थता का अन्तर है। समंकों के विश्लेषण होने के पहले जितने अधिक हाथों से हो कर वे गुजरेंगे उतना ही भ्रामक अनुमान होता जायगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने स्वयं ही संख्याओं का संकलन न किया हो प्रायः उनका अन्तर्निहित अर्थ ठीक प्रकार से नहीं समझ सकते। इसलिये हो सकता है कि उनके द्वारा प्राप्त किये गये निष्कर्ष यथार्थता से बहुत दूर हों।

द्वितीयक समंकों के महत्वपूर्ण उद्गम स्थान निम्नलिखित हैं:—

(१) सरकारी सूचना क्षेत्र

(अ) केन्द्रीय विभागों द्वारा प्रकाशित सामग्री। सरकारी कमेटियों की रिपोर्टें। व्यापारी बुलेटिन और जाँच-कमेटियों की रिपोर्टें। सरकारी शासन सम्बन्धी आज्ञायें।

(ब) राजकीय एवं स्थानीय समंक, म्यूनिस्पैलिटी, कृषि संस्थायें, श्रमिक आफ़िस, सेवाकार्य संस्थायें, बैंकों इत्यादि के द्वारा प्रकाशित सामग्री।

(२) व्यवसायिक समुदायों द्वारा प्रकाशित सामग्री। चेम्बर आफ़ कामर्स, ट्रेड यूनियन, मिल मालिक संघ इत्यादि द्वारा प्रकाशित सामग्री।

(३) अनुसन्धान-शालाओं के द्वारा प्रकाशित सामग्री। विश्वविद्यालयों, आर्थिक व्यूरो इत्यादि के द्वारा प्रकाशित सामग्री।

(४) सामयिक समाचार पत्रों, पाक्षिक एवं मासिक पत्रिकाओं, व्यापार एवं आर्थिक पत्रिकाओं में छपे समाचार।

(५) अनुसन्धान-कर्त्ताओं के प्रकाशन।

(६) महत्वशाली विद्वानों के अप्रकाशित प्रलेख।

(७) बाजार—भाव।

प्रोफेसर बावले के कथनानुसार "बिना अर्थ और सीमायें समझे हुये मुद्रित समंकों को उनके बाह्य कलेवर से ही यथार्थ न समझ लेना चाहिये और उन पर आधारित प्रत्येक तर्क की कटु समलोचना करना श्रेयस्कर मानना चाहिये"। श्री० कोनर महोदय ने बावले के इस विचार की पुष्टि की है और कहा है कि "यदि कोई भी व्यक्ति दूसरे के द्वारा संकलित समंकों का प्रयोग सशंक भाव से नहीं करेगा तो उसके लिये यथार्थ निष्कर्ष तक पहुँचने में अनेक बाधायें होंगी"।

द्वितीयक सामग्री की कुछ कमियाँ निम्नलिखित बातों पर निर्भर हैं:—

(१) न्यादर्श में समुचित अंक न लिये गये हों।

(२) समंकों के संकलन में संदिग्ध एवं अनुचित शब्दों या परिभाषाओं का प्रयोग किया गया हो।

(३) माप एवं विश्लेषण एककों (Units) की कोई स्थायी परिभाषा न रखी गई हो।

इन्हीं कारणों से मुद्रित सामग्री के उपयोग करने वाले संख्या-शास्त्रियों को चाहिये कि वे निम्नलिखित बातों पर पूर्व-विचार कर लें।

(१) संकलित सामग्री कौन कौन से उद्गमों से प्राप्त की गई थी।

(२) संकलन की कौन सी पद्धति अपनाई गई थी और कौन से माप एकक एवं विश्लेषण एककों का प्रयोग किया गया था।

(३) पूर्व अनुसन्धान का उद्देश्य एवं प्रकृति क्या थी।

(४) संख्या या संकलन करते समय निदर्शन (Sampling) अथवा गणना (Census) कौन सी प्रणाली का प्रयोग किया गया था।

(५) सम्पूर्ण खोज में यथार्थता की अपेक्षित परिसीमा क्या रही थी।

(६) पूर्व--संग्रहक की यथार्थवादिता एवं झुकाव की क्या सीमा थी, अर्थात् वे पक्षपातरहित व्यक्ति थे या नहीं।

(७) पूर्व खोज में कितना समय लगा था ?

सभी प्रकार के समंकों का प्रयोग करने से पहिले उन्हें भली भाँति सम्पादित कर लेना चाहिये जिससे यह मालूम हो सके कि वे पूर्ण और समुचित, यथार्थ और समान हैं अथवा नहीं।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Explain the different methods used in the collection of statistical data. Discuss the respective advantages and disadvantages of these methods.

सामग्री संग्रहण के विभिन्न ढंगों को समझाइये और उनके परस्पर गुण-दोषों पर विचार कीजिए।

(B. Com., Agra, 1938).

2. How far do the results of statistical investigation depend upon correct sampling ? Compare the different methods used to secure representative data.

कहाँ तक आपके विचार से सांख्यिकीय अनुसंधान के निष्कर्ष यथार्थ निर्दशन प्रणाली पर निर्भर होते हैं। प्रतिनिधि समंक एकत्र करने के विभिन्न ढंगों पर विचार कीजिए।

3. Mention the methods that are generally used in collecting data. Explain their respective merits and the conditions in which they may be used.

सामग्री संकलन के प्रायः प्रयोग में आने वाले ढंगों का विवरण दीजिए और उनके परस्पर गुण-दोषों पर विचार करते हुए उन विशेष परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनमें उनके प्रयोग आवश्यक हों।

(B. Com., [S] Agra, 1948).

4. State and Explain the Law of Statistical regularity and the Law of Inertia of Large numbers. How do these laws help the investigators.

सांख्यिकीय नियमिता नियम और महानुमाप जड़ता सिद्धान्त को समझाइये और ये बतलाइये कि वे अन्वेषकों को किस प्रकार सहायता पहुँचाते हैं।

5. Compare the advantages and disadvantages of the Census method (complete enumeration) and the sample method of collecting statistics.

सामग्री संकलन की संगणना और न्यादर्श पद्धतियों के गुण-दोषों की तुलना कीजिए।

(B. Com., Cal., 1937.)

6. How far does the reliability of a random sample vary with (i) the size of the sample (ii) the degree of variation in the universe ?

दैव प्रवरण द्वारा लिए गए न्यादर्श की यथार्थता पर (अ) न्यादर्श की आकृति और (ब) समग्र में अपाकरण की मात्रा किस प्रकार प्रभाव डालती हैं इस पर विचार कीजिए।

(P.C.S. 1948)

7. Briefly describe the method of random sampling and comment on its use in social investigation.

दैव प्रवरण की पद्धति को संक्षेप में लिखिये और उसके सामाजिक अनुसंधानों में प्रयोग पर विचार कीजिए।

(M. Com., Agra, 1945)

8. What method would you employ in the collection of data when the field of enquiry is (a) small, (b) fairly large, (c) very large, with due regard to accuracy, labour and cost.

सामग्री संग्रहण के किस ढंग का आप प्रयोग करेंगे यदि अनुसंधानीय क्षेत्र (अ) छोटा हो, (ब) काफी बड़ा हो, (स) बहुत बड़ा हो। किसी भी ढंग की सिफारिश करते समय आप यथार्थता, श्रम और लागत का ध्यान रखिये।

(B. Com., Agra, 1947)

9. Discuss the advantages of Direct Personal investigation as compared with the other methods generally used in collecting data.

'व्यक्तिगत स्वयं अवलोकन' की अन्य सामग्री संकलन की रीतियों से तुलना कीजिए और गुण-दोषों का निरूपण कीजिए।

(B. Com., [S] Agra, 1950)

10. Distinguish between a census and a sample enquiry and briefly discuss their comparative advantages Which

of these methods would you prefer for calculating the total wages of workers in a given industry ?

संगणना और निर्देशन अनुसंधानों के गुण दोष बतलाते हुए तुलना कीजिए और बतलाइये कि किसी एक निश्चित उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की कुल मजदूरी निकालने के लिए आप किस पद्धति का प्रयोग करेंगे और क्यों ? (M. Com. Agra, 1946)

11. Briefly describe the statistical problem involved in a marketing survey of an agricultural crop like rice or wheat in India.

भारतवर्ष के किसी कृषि उत्पादन (जैसे चावल, या गेहूँ) के बाजार सम्बन्धी अनुसंधान में सांख्यिकीय समस्या का विवरण कीजिए।

(M. Com., Agra, 1945).

12. It has been found necessary to collect quickly certain essential statistics suitable for estimating rural indebtedness in a Province of the size of Madras.

Draft a Questionnaire not exceeding 12 questions. Also give the forms of three statistical tables for which you would like to give priority in compilation.

ये आवश्यक समझा गया है कि मद्रास के बराबर प्रान्तों में ग्रामीण कर्ज के सम्बन्ध में अनुमान लगाने के लिए योग्य समंक शीघ्र ही एकत्र किए जाए।

१२ प्रश्नों के भीतर ही एक प्रश्नावली बनाइये और तीन ऐसी सांख्यिकीय सारणीयों के नमूने दीजिए जिनको आप आगणना करते समय प्राथमिकता देगें। (I.A.S., 1947).

13. "In making house-to-house enquiry everything depends upon the skill, tact, and reliability of the investigators". Prove the correctness of the above remark in collecting the family budgets of cultivators in U.P.

"घर–घर अनुसंधान करने में सभी कुछ प्रगणकों की योग्यता होशियारी और विश्वास पर निर्भर होता है।" उपरोक्त कथन की पुष्टि उत्तर प्रदेश के किसानों के पारिवारिक आय-व्ययकों के संग्रहण का उदाहरण लेकर कीजिए। (B. Com. Agra 1947)

अध्याय ६.

यथार्थता एवं अनुमान

व्यक्तिगत अभिनति या पक्षपात एवं अस्थिर माप-एककों (Units) के प्रयोग के कारण, संकलित समंकों में विभ्रम (Errors) हो सकते हैं। यदि विभ्रमयुक्त समंकों के प्रयोग से निष्कर्ष प्राप्त किये जायेंगे तो वे भी भ्रामक होंगे। इसलिये संग्रहीत समंकों के उपयोग करने से पहिले उनका सम्पादन (Edit) करना अति आवश्यक है। सम्पादन कार्य (Editing of data) का अर्थ यह है कि संग्रहीत समंकों की अपेक्षित यथार्थता और सम्मिलित किये गये अनुमानों के सम्बन्ध में समुचितता मालूम की जाय। सम्पादन कार्य का यह भी उद्देश्य है कि यह मालूम किया जाय कि समंक प्राप्त करने में (अ) पक्षपात रहित संकलन किया गया था या नहीं, (ब) माप एकक में कोई गड़बड़ी तो नहीं थी, और (स) वही माप एकक अनुसंधान के अन्त तक प्रयुक्त हुये थे अथवा नहीं। यदि प्राप्त समंक उचित न समझे जाँय तो फिर से संख्या संकलन का कार्य किया जाना चाहिये नहीं तो अनुचित समंकों के प्रयोग से केवल भ्रामक निष्कर्षों का ही प्रतिपादन किया जा सकेगा। यदि संसूचकों (Informants) एवं प्रगणकों (Enumerators) ने बिना प्रश्नों को स्वयं समझे ही या उसके अर्न्तनिहित अर्थों के प्रतिकूल संगणना की हो तो फिर से सरल एवं सहज प्रश्नावलियों के आधार पर समंकों का संकलन करना चाहिये।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सामग्री के सम्पादन में निम्नलिखित बातों की परीक्षा कर लेनी चाहिये।

(१) संख्या संकलन के वही माप-एकक सम्पूर्ण अनुसंधान में व्यवहृत हुये हैं या नहीं।

(२) संकलनकर्त्ताओं ने पक्षपातरहित संकलन किया है अथवा नहीं।

(३) क्या प्रश्नावलियों में दिये गये प्रश्नों के उत्तर देने से पहिले उत्तर देने वालों को प्रश्न समझा दिये गये थे या नहीं।

(४) यथार्थता की परिसीमा और अनुमानों के प्रयोग के सम्बन्ध में पूर्व-निश्चित धारणायें बना ली गई थीं या नहीं।

यथार्थता (Accuracy)

सांख्यिकी एक ऐसा शास्त्र है जो विशाल समंक समूहों का अध्ययन करता है। इसी कारण इसकी पद्धतियाँ संभावना के सिद्धांत पर आधारित हैं। प्रायः विशाल समंक-समूहों के अध्ययन में यथार्थ गणनाओं की अपेक्षा अनुमानों की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार भविष्य के सम्बन्ध में प्रवृत्तियों का अध्ययन करते समय हमें सम्भावनाओं या अनुमानों पर ही निर्भर रहना होता है। जब कभी हमें व्यक्तिगत अभिनति का प्रभाव दूर करना होता है तो दैव प्रवरण पर आधारित अनुमान पक्षपातपूर्ण संगणना की अपेक्षा अधिक उत्तम होता है। व्यवसायिक समंकों की तुलना में सामाजिक एवं भौतिक समंक अधिक यथार्थ होते हैं क्योंकि व्यापारी की शक्ति के बाहर बहुत से ऐसे कारण हुआ करते हैं जो माँग और मूल्य पर प्रभाव डालते रहते हैं। यथार्थता स्वयं ही एक तुलनात्मक शब्द है, और सांख्यिकी तुलनात्मक यथार्थता पर ही अधिक ध्यान देती है। वास्तव में ऐसे किसी भी शास्त्र में जहाँ अंकों के प्रयोग से तथ्यों का संकलन किया जाता है पूर्ण यथार्थता प्राप्त करना सम्भव नहीं है। उदाहरणार्थ, यदि एक साधारण फुट से १/१० इंच तक पदार्थ नापा जा सकता है तो सेन्टीमीटर और मिलीमीटर स्केल से क्रमशः १/१० मीटर या १/१० मिलीमीटर तक अंक जाने जा सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि साधारण फुट की अपेक्षा सेन्टीमीटर स्केल और सेन्टीमीटर स्केल की अपेक्षा मिलीमीटर स्केल के नापों में अधिक यथार्थता पाई जाती है। परन्तु क्या यह हम कह सकते हैं कि मिलीमीटर स्केल का नाप ही पूर्ण रूप से यथार्थ है। नहीं, क्योंकि नापने के ढंगों में उन्नति हो सकती है और किसी नये आविष्कृत मापन यन्त्र के द्वारा अधिक तुलनात्मक यथार्थता प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि तुलनात्मक यथार्थता ही आवश्यक है और वही प्रगतिशील यथार्थता है।

सांख्यिकी में ऐसे बहुत से ढंगों का प्रयोग किया जाता है जो या तो किसी समंक समूह की केन्द्रीय प्रवृत्ति की ओर संकेत करने वाले सूक्ष्म स्वरूप बतलाते हैं या महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों का सुन्दर दिग्दर्शन करते हैं। किसी भी समंक-वटन (Frequency distribution) को समझाने के लिये बिन्दु रेखाओं (Graphs), चित्रों (Diagrams) या चित्रलेखों (Pictograms) की सहायता ली जाती है। इन सभी उदाहरणों में न तो पूर्ण यथार्थता

सम्भव ही है और न अपेक्षित ही है। हम किसी भी देश की राष्ट्रीय आय प्रति व्यक्ति या मनुष्य की आयु प्रतिदिन या जनसंख्या प्रति सहस्त्र जान कर ही सन्तुष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार उपरोक्त विवेचना से हम निम्नलिखित तथ्यों पर पहुँचते हैं:—

(१) संकलन में आदर्श यथार्थता सम्भव नहीं, क्योंकि इस कार्य में प्रायः बहुत से प्रगणकों की आवश्यकता होती है जिनकी अपनी अलग अभिनति (Prejudice) हुआ करती है।

(२) पूर्ण यथार्थता यदा कदा ही पाई जा सकती है और इस कारण हमें समग्र के बड़े होने, समय की कमी, और धन के अभाव के कारण पूर्ण यथार्थता के समीप की तुलनात्मक यथार्थता पर ही विश्वास कर लेना चाहिये।

(३) भौतिक एवं सामाजिक शास्त्रों के अन्तर्गत आने वाले उदाहरणों में तुलनात्मक यथार्थता अधिक होती है और व्यापारिक समंकों में कम, क्योंकि व्यापारी को माँग पूर्ति में बहुत से बाहरी कारणों का सामना करना पड़ता है जिन पर उसका बस नहीं होता। उसकी हानि या लाभ का आधार ही अनिश्चितता है।

(४) विज्ञान एवं गणित के ढंगों में दिन प्रतिदिन उन्नति होती जा रही है और उनके कारण समंकों की यथार्थता भी बढ़ती जा रही है। इसलिये हम यथार्थता को प्रगतिशील यथार्थता कह सकते हैं।

(५) इस प्रकार सर्वोत्तम पद्धति वह है जिसमें अपेक्षित यथार्थता की सीमा एवं मात्रा का पहले ही से निर्णय कर लिया जाता है और फिर उसी मात्रा को संकलित समंकों में लाने का प्रयत्न किया जाता है।

यथार्थता की अपेक्षित मात्रा

कार्य आरम्भ करने से पहिले अपेक्षित यथार्थता की परिसीमा एवं मात्रा निश्चित कर लेना आवश्यक है और यह निम्नलिखित बातों पर निर्भर होती हैं। (अ) अनुसंधान का विषय एवं उद्देश्य, (ब) सम्भावित यथार्थता और (स) समंक संकलन की व्यवहृत पद्धति।

कभी कभी यथार्थता की परिसीमा एवं मात्रा संकलनकर्त्ता स्वयं निश्चित नहीं कर सकता और परिस्थितियाँ उनका निर्णय करती हैं। यदि

किसी जनसंख्या की गणना की जाय तो प्रतिशत यथार्थता पाना असम्भव है, परन्तु यदि किसी छोटी पुस्तक के आकार का नाप लिया जाय तो प्रति इंच, प्रति सेन्टीमीटर या प्रति मिलीमीटर यथार्थता प्राप्त की जा सकती है। ऐसी परिस्थितियों में जहाँ यथार्थता की परिसीमा और मात्रा निश्चित नहीं की जा सकती, संकलनकर्त्ता को प्राप्य सम्भावित यथार्थता तक पहुँचने की कोशिश करना चाहिये।

अनुमान (Approximations)

कभी कभी विशाल समंक भ्रामक होते हैं और इस कारण पूर्णांकों का प्रयोग करना अधिक उपयुक्त होता है। इनके प्रयोग से जोड़, बाकी, गुणा, भाग करने एवं तुलना करने में बड़ी आसानी होती है। पूर्णांकों के प्रयोग से विभ्रम (Error) की सम्भावना भी कम रहती है। अतः अनुमान द्वारा विभ्रम कम किया जा सकता है। यदि कोई संख्या समीपतम इकाई (१०) तक पूर्णांक बनाई जाय तो ±५ ऐसी परिसीमायें बतलाता है जिनके भीतर ही विभ्रम पाया जायगा। इस प्रकार यदि ४९० पूर्णांक है तो सम्भावित विभ्रम (Possible Error) ४९५ और ४८५ के बीच में पाया जायगा।

अनुमान लगाने के प्राय: ३ ढंग होते हैं—

(अ) संख्यायें छोड़ कर अनुमान लगाना,

(ब) संख्यायें जोड़ कर अनुमान लगाना,

(स) समीपतम इकाई तक पूर्णांक बना कर अनुमान लगाना।

(अ) संख्यायें छोड़ कर अनुमान लगाना

यदि दो या अधिक बड़ी संख्यायें दो हों, तो संख्या छोड़ कर अनुमान लगाया जा सकता है। उदाहरणार्थ, ३,४५,९०० को केवल ३४५; २,४९,५२६ को केवल २४९; और ७,२९,२०९ को केवल ७२९ मान लिया जाय। इस ढंग में विभ्रम की सम्भावना बहुत अधिक होने के कारण इसका प्रयोग बहुत कम किया जाता है।

(ब) संख्यायें जोड़ कर अनुमान लगाना

यदि दो या अधिक बड़ो संख्यायें दी हों तो उन्हें आगे वाली इकाई में १ जोड़ कर पूर्णांक बनाया जा सकता है। उदाहरणार्थ, ३,५५,९०० को

३५६; २,४९,५२६ को २५०; और ७,२९,२०९ को ७३० लिया जा सकता है । इस ढंग के अनुसार भी छोड़ी जानी वाली संख्याओं का कोई ध्यान नहीं रखा जाता । केवल ऊपर वाली संख्या में एक जोड़ दिया जाता है । ऐसे अनुमानों भी विभ्रम की सम्भावना अधिक है ।

(स) समीपतम इकाई तक पूर्णांक बनाना

यह ढंग सबसे अधिक प्रयोग में लाया जा सकता है । इसमें यदि निम्न इकाई ५ या ५ से अधिक है तो उच्च इकाई में एक जोड़ कर पूर्णांक बना लिया जाता है, अन्यथा उच्च इकाई के बाद की ५ से कम सभी संख्याओं को छोड़ दिया जाता है । इस प्रकार ३,४५,९०० को ३४६; २,४९, ५२६ को २५० और ७,२९,२०९ को ७२९ लिया जा सकता है । विभ्रम की सम्भावना इस प्रकार अनुमान लगाने में बहुत कम हो जाती है । इसके प्रयोग से हिसाब लगाने में बहुत आसानी होती है और बड़ी संख्याओं से उत्पन्न भ्रम भी दूर हो जाता है ।

ऐसे प्रत्येक ही उदाहरण में जिसमें अनुमान लगाया गया हो, कुछ न कुछ अनुमान सम्बन्धी विभ्रम (Error of Estimation) हो जाता है । यह विभ्रम वास्तविक संख्या एवं अनुमानित संख्या का अन्तर होता है । यदि वास्तविक संख्या अनुमानित संख्या से अधिक हो तो इस अन्तर को अनुलोम विभ्रम (Positive Error) और यदि इसके प्रतिकूल हो तो उसको विलोम विभ्रम (Negative Error) कहते हैं । इस प्रकार के विभ्रमों की सम्भावना अनुमान की प्रणाली पर निर्भर रहती है । समीपतम इकाई तक पूर्णांक बनाने की अनुमान पद्धति सर्वोत्तम है क्योंकि इसके द्वारा व्युत्पन्न राशियों में विभ्रम होने की सबसे कम सम्भावना होती है । परन्तु जब वास्तविक संख्यायें ऐसी हों कि उनका प्रयोग किया जा सके तो अनुमानों का प्रयोग न करना चाहिए ।

सांख्यिकीय विभ्रम (Statistical Errors)

वास्तविक संख्या और अनुमानित संख्या के अन्तर को सांख्यिकीय विभ्रम कहते हैं, जिनकी उत्पत्ति निम्नलिखित कारणों से हो सकती है—(अ) गलत अनुमान, (ब) पक्षपातपूर्ण आगणना, (स) विश्लेषण के एककों में असमानता, (द) संकलित अंकों का समुचित न्यादर्श न होना, (य) माप एककों का अनियमित एवं अनुचित होना । विभ्रम को 'अशुद्धि'

नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अशुद्धि का कारण कोई प्रारम्भिक भ्रान्ति हो सकती है। सांख्यिकीय विभ्रमों के तीन मूलभूत कारण हैं—(अ) प्रारंभिक दोष, (ब) अपर्याप्तता, (स) छलसाधन। प्रारम्भिक दोष के कारण उत्पन्न विभ्रम को उद्गम विभ्रम (Error of origin) कहते हैं और उनकी उत्पत्ति के प्रायः निम्नलिखित कारण होते हैं— (अ) मापन यंत्र में दोष, (ब) संकलनकर्ता की अभिनति और पक्षपात, (स) अयोग्य प्रगणकों अथवा सूचना देने वाले संसूचकों का प्रश्नावलियों को या अनुसंधान के उद्देश्य, क्षेत्र एवं प्रकृति को न समझना। अपर्याप्तता विभ्रम (Error of inadequacy) ऐसे विभ्रमों को कहते हैं जिनकी उत्पत्ति का कारण है न्यादर्श में सम्मिलित किये गए अंकों का समुचित व पर्याप्त न होना अथवा संकलित सूचनाओं की कमी। ऐसे विभ्रमों को सम सम्भाविक न्यादर्श (Random Sampling) या अनुक्रमिक न्यादर्श (Sequential Sampling) को अपना कर दूर किया जा सकता है। मापन या अवलोकन में दक्षता की कमी के कारण कभी कभी अनजाने में विभ्रम उत्पन्न हो जाते हैं, जिन्हें प्रहस्तन विभ्रम या छलसाधन विभ्रम (Error of Manipulation) कहते हैं। इनकी उत्पत्ति गलत अनुमानों और अनुपयुक्त संकलन की पद्धति के अपनाने के कारण भी हो सकती है। इन्हें भी दूर किया जा सकता है।

सांख्यिकीय विभ्रमों के वर्गीकरण के अनुसार दो प्रकार के विभ्रम होते हैं:—(अ) अभिनत विभ्रम या संचयी विभ्रम (Biassed or Cumulative error), (ब) अनभिनत विभ्रम या पूरक विभ्रम (Unbiassed or Compensatory error)।

अभिनत या संचयी विभ्रम

अभिनत या संचयी विभ्रमों की उत्पत्ति निम्नलिखित कारणों से होती है:—(अ) प्रगणकों के पक्षपातपूर्ण व्यवहार से, (ब) माप-दंड में उपस्थित खराबी के कारण और, (स) व्यक्तिगत स्वाभाविक अभिनति के कारण। इस प्रकार के विभ्रम एक ही दिशा में होते जाते हैं और उनकी प्रकृति संचयी होती है। इस कारण जितने ही अधिक माप हम लेते जायेंगे उतना ही अभिनत विभ्रम बढ़ता जायगा और जब हम सम्पूर्ण क्षेत्र को नाप लेंगे तो यह विभ्रम महानतम होगा। इस प्रवृत्ति के कारण अभिनत विभ्रम

को संचयी विभ्रम भी कहा जाता है। यदि किसी मापदंड से हम कपड़ा नाप रहे हैं, और वह २ इंच छोटा है तो प्रत्येक नाप में हम २ इंच की गलती करते जायेंगे और विभ्रम की प्रकृति संचयी होगी। कभी कभी प्रगणकों के स्वभावजन्य अभिनति के कारण भी विभ्रम संचयी होता जाता है। इस प्रकार यदि किसी व्यक्ति का स्वभाव है कि वह अतिशयोक्ति करे तो अनुसन्धान क्षेत्र में अंक एकत्र करते समय भी उसके स्वभाव का प्रभाव उसके द्वारा संग्रहीत सामग्री में परिलक्षित होगा।

अनभिनत विभ्रम या पूरक-विभ्रम

दैव प्रवरण या पक्षपातरहित संकलन या मापन के कारण उत्पन्न विभ्रमों की प्रकृति पूरक होती है, क्योंकि उनका आधार 'सम्भावना का सिद्धान्त है'। इन विभ्रमों का कारण कुछ ऐसी परिस्थितियाँ हैं जिनके ऊपर प्रगणकों का कोई भी नियंत्रण नहीं होता है और संकलन अथवा मापन करते समय उन्हें ऐसे विभ्रमों की किंचित मात्र भी आशंका नहीं रहती। इस प्रकार के विभ्रम दोनों ही दिशाओं में होते हैं और अनुलोम (Positive) और विलोम (Negative) विभ्रम एक दूसरे के पूरक होने के कारण अंत में प्राप्त सामग्री में लघुतम विभ्रम रह जाता है। इस प्रकार यदि एक पक्षपातरहित व्यक्ति एक दोषरहित तराजू का प्रयोग करता है तो यह सम्भव है कि अनजाने में नापते समय कभी कम नापे और कभी अधिक। परन्तु अंत में उसके द्वारा नापी गई वस्तु में बहुत अधिक विभ्रम न मिल सकेगा—इसका कारण क्या है?—कभी तो वह दो छँटाँक कम नाप जायगा और कभी १½ छटाँक अधिक, तदुपरान्त एक छटाँक कम और २½ छँटाँक अधिक। इस प्रकार विभ्रम एक दूसरे को पूर्ण करते रहेंगे और अंत में प्राप्त सम्पूर्ण माप प्रायः यथार्थ ही होगी। अनभिनत विभ्रम की पूरक प्रकृति के के कारण ही हम उसे पूरक विभ्रम भी कह सकते हैं। जितने ही अधिक अंक न्यादर्श में लिये जायेंगे पूरक प्रवृत्ति के कारण अनभिनत विभ्रम कम होता जायगा। क्योंकि दैव प्रवरण में 'महानुमाप जड़ता नियम' के अनुसार बड़ा न्यादर्श लेने से संकलन में अधिक स्थिरता आ जाती है।

विभ्रमों की माप

विभ्रमों की माप दो प्रकार से की जा सकती हैः—(अ) निरपेक्ष रूप से और सापेक्ष रूप से। जब विभ्रम की माप निरपेक्ष रूप से की जाती है

तो वह निरपेक्ष विभ्रम कहलाता है। निरपेक्ष विभ्रम (Absolute Error) वास्तविक माप एवं अनुमानित माप के अन्तर को कहते हैं, अर्थात निरपेक्ष विभ्रम=वास्तविक माप—अनुमानित माप। यथा,

नि० वि०=वा—अ

उदाहरणार्थ, यदि वास्तविक माप २ इंच है और अनुमानित माप १·८ इंच, तो निरपेक्ष विभ्रम + २″ होगा और इसे अनुलोम होने के कारण अनुलोम निरपेक्ष विभ्रम (Positive absolute error) कहा जायगा। यदि वास्तविक माप १·८ इंच होगा, तो इसे विलोम निरपेक्ष विभ्रम (Negative absolute error) कहा जायगा।

सापेक्ष विभ्रम (Relative Error) वास्तविक माप और अनुमानित माप के अन्तर और अनुमानित माप के अनुपात को कहते हैं, अर्थात् दूसरे शब्दों में निरपेक्ष विभ्रम को यदि अनुमानित माप से भाग दिया जाय तो प्राप्य गुणक को हम सापेक्ष विभ्रम कहेंगे। अपने उदाहरण में यदि निरपेक्ष विभ्रम २ इन्च है और अनुमानित माप १·८ इन्च तो सापेक्ष विभ्रम बराबर होगा,

$$\frac{\cdot२''}{१\cdot८''} = \cdot ११''$$

दूसरे शब्दों में सापेक्ष विभ्रम बराबर है,

$$\frac{\text{निरपेक्ष विभ्रम}}{\text{अनुमानित माप}} = \frac{\text{वास्तविक माप–अनुमानित माप}}{\text{अनुमानित माप}}$$

यथा,

$$\text{सा. वि.} = \frac{\text{वा} - \text{अ}}{\text{अ}}$$

यदि सापेक्ष विभ्रम को हम प्रतिशत लिखें तो उसे प्रतिशत विभ्रम (Percentage Error) कहेंगे। सापेक्ष विभ्रम ऐसी दशा में अनुलोम होगा, जब वा>अ और विलोम होगा यदि वा<अ ।

द्वितीयक अंकों का सम्पादन कार्य

द्वितीयक समंकों का प्रयोग करने से पहले उनका सम्पादन करना आवश्यक है। इस सम्पादन कार्य में उनके संकलन और प्रारम्भिक विश्लेषण सम्बन्धी विभ्रम मालूम करके जहाँ तक हो सके दूर करने का प्रयत्न करना चाहिये जिससे प्राप्त सामग्री अनुसन्धानीय समस्या के पूर्णतः अनुरूप एवं उपयोगी हो। समंकों में समता होनी चाहिए और यदि समता

नहीं है तो विषम समंक क्षेत्र को समान स्तरों में विभाजित कर लेना चाहिए ।

द्वितीयक सामग्री के सम्पादन में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है,

(१) समंकों के उद्‌गम स्थान ।

(२) संकलन में प्रयुक्त माप एवं विश्लेषण एकक ।

(३) प्राथमिक अनुसन्धान की मुख्य समस्या, प्रकृति, एवं उद्देश्य ।

(४) यथार्थता की अपेक्षित परिसीमा और उसका सम्पूर्ण अनुसन्धान में प्रयोग ।

(५) अनुसन्धान की अवधि ।

(६) प्राथमिक अनुसन्धान में कार्य करने वाले प्रगणकों की कार्य के लिए सिद्धता ।

प्राथमिक एवं द्वितीयक सामग्री के सम्पादन कार्य के समाप्त हो जाने पर और उनके विभ्रमों को यथा सम्भव दूर कर देने के बाद उनका वर्गीकरण किया जाता है, जिससे उनके अर्न्तनिहित लक्षण स्पष्ट हो जायें ।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Distinguish between (a) Absolute and Relative Errors and (b) Biassed and Unbiassed Errors. Discuss the effects of these errors and explain the steps that are taken to meet the effects.

(अ) निरपेक्ष और सापेक्ष विभ्रम, (ब) अभिनत और अनभिनत विभ्रम में भेद स्पष्ट कीजिए । उपरोक्त विभ्रमों के प्रभाव और उनको दूर करने के उपाय समझाइये ।

2. (a) Discuss the main sources of errors in Statistics and their effects.

(b) State the various methods of Approximation and their utility in Statistics.

(अ) सांख्यिकी में विभ्रमों के प्रमुख उद्गमों और उनके प्रभावों का विवरण दीजिए।

(ब) अनुमान लगाने के विभिन्न ढंग और उनकी उपयोगिता समझाइये।

(B. Com., Agra, 1940)

3. Give a few instances of Biassed Errors in the publications of the Govt. of India. How can these errors be avoided.

भारत सरकार के कुछ प्रकाशनों में अभिनत विभ्रमों का उदाहरण दीजिए और बतलाइये कि उन्हें किस प्रकार दूर किया जा सकता है।

(M.A., Agra, 1949)

4. Discuss the standard of accuracy required in statistical calculations. To what extent should Approximation be used.

सांख्यिकीय गणनाओं में यथार्थता के अपेक्षित स्तर के विषय में विवरण दीजिए। अनुमानों का कहां तक उपयोग करना चाहिए।

(M. A., Agra, 1949)

5. What precautions should be taken in the use of published statistics.

मुद्रित सामग्री के उपयोग में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(B. Com., Agra, 1949)

6. In what way does a statistical error differ from a mistake ? What classes of errors are there and how may they be measured?

अशुद्धि और विभ्रम में क्या अंतर है। विभ्रम कितने प्रकार के होते हैं और उन्हें किस प्रकार नापा जा सकता है।

(B. Com., Alld., 1943)

7. "It is never safe to take Published Statistics at their face value, without knowing, their meaning and limitations." Elucidate the statement.

"प्रकाशित सामग्री को बिना उनके अर्थ और सीमाएं समझे हुए उनके बाह्य मूल्य के अनुसार ही समझ लेना एक बहुत बड़ी भूल है" उपरोक्त कथन का विस्तारपूर्वक विवेचन कीजिए।

अध्याय ७.

समंकों का वर्गीकरण एवं सारणीकरण
(Classification and Tabulation of Data)

वर्गीकरण

जब संग्रहीत सामग्री का सम्पादन हो चुकता है और उसमें आ जाने वाले विभ्रमों को दूर कर दिया जाता है तो वर्गीकरण की आवश्यकता इसलिये पड़ती है कि समंकों के मुख्य लक्षण पूर्णतया स्पष्ट हो जायें। वर्गीकरण एक ऐसी रीति है जिसके द्वारा किसी भी समग्र के अंक उम्र, जाति और सामाजिक परिस्थिति के अनुसार इस प्रकार से वर्गों में बांट दिये जाते हैं कि उनकी ओर देखते ही संख्याशास्त्र से अनभिज्ञ व्यक्ति को भी समग्र के लक्षणों का पूर्ण ज्ञान हो जाता है। कभी कभी संग्रहीत सामग्री में बहुत से तथ्य इतने सम्बन्धित होते हैं कि यदि वर्गीकरण न किया जाय तो उनका कोई भी महत्व न होगा।

श्री एल० आर० कोनर महोदय के अनुसार "वर्गीकरण वस्तुओं को वास्तविक या भावों के अनुसार कुछ संभागों में समभाजित करने की क्रिया कहते हैं, जिसके द्वारा समान गुणों वाली वस्तुयें एक साथ रखी जाती हैं। इस प्रकार का वर्गीकरण विभिन्नताओं के बीच में समान वस्तुओं को खोजकर उन्हें एक साथ करने का कार्य करता है।" यह संक्षिप्तिकरण का एक ऐसा ढंग है जो समग्र के अन्तर्गत आने वाले समंकों को उनके लक्षण, गुणों और समानताओं के अनुसार विभिन्न स्तरों में विभाजित करता है। ऐसा वर्गीकरण करने से पहिले समग्र का उद्देश्य एवं अर्थ ठीक ठीक समझ लेना अत्यन्त आवश्यक है।

वर्गीकरण के उद्देश्य

(१) यह किसी भी समग्र के अन्तर्गत आने वाले तथ्यों में समानता एवं विषमता को स्पष्ट करता है।

(२) इस रीति के द्वारा अनावश्यक समंकों को छोड़ देने के कारण तथ्य सरल और सुगम हो जाते हैं।

(३) इसके द्वारा ऐसे समंकों को ठीक प्रकार से समझा जा सकता है, जिन्हें एक साधारण बुद्धि का मनुष्य बेकार और विशालकाय जान कर छोड़ सकता है।

(४) इसके द्वारा तुलना करने के योग्य अंशों का पता लग जाता है और इस ओर भी संकेत हो जाता है कि निष्कर्ष किस प्रकार निकाले जा सकते हैं।

(५) इसके द्वारा संख्याओं का उनके गुणों के अनुसार तर्कशुद्ध विन्यास (Arrangement) किया जा सकता है।

वर्गीकरण जिस प्रकार समंक-संकलन में एक प्राथमिक आवश्यकता है उसी प्रकार समंक-विश्लेषण में भी उसका एक महत्वपूर्ण स्थान है। समंक-संकलन करने से पहिले एक योजना तैयार होनी चाहिये जिसमें उन सभी मदों का वर्गीकृत विवरण होना चाहिये जिनके अन्तर्गत समंक एकत्रित करना अभीष्ट हो। परन्तु यदि कभी इस प्रकार का वर्गीकरण संख्या संकलन के समय न किया जा सका हो और प्राप्त समंक-समूह ऐसा हो कि उसे समान स्तरों में विभाजित किया जा सके तो मध्यकों (Averages), अपकिरण गुणकों (Coefficients of Variation) या विषमता-गुणकों (Coefficients of Skewness) के द्वारा विश्लेषण करने से पहिले वर्गीकरण अवश्य कर लेना चाहिये।

वर्गीकरण विचार करने की एक ऐसी शैली है जिसका रूप अनुसंधान के उद्देश्य पर निर्भर रहता है। यदि अनुसंधान में किसी भी वस्तु से सम्बन्धित संकलन एकक को समभाजित करके किया गया हो तो उन समभाजित एककों द्वारा एकत्र सामग्री को मिला देना चाहिये। उदाहरणार्थ, यदि कुल चल मुद्रा का परिमाण मालूम करना है और इसके लिये एक एकक के विभिन्न समभागों का प्रयोग किया गया था जैसे टंक मुद्रा, नोट, हुंडी, बैंक ड्राफ्ट इत्यादि, तो उन सबसे प्राप्त अंकों को एक में मिला देना चाहिये।

उपरोक्त विवरण से वर्गीकरण का महत्व स्पष्ट हो जाता है। बिना वर्गीकरण के प्राप्त समंक समूहों का विश्लेषण असम्भव सा जान पड़ता है और यदि निष्कर्ष प्राप्त होंगे भी तो उनमें यथार्थता की न्यूनता होगी। उचित वर्गीकरण संकलनकर्ता की बुद्धि और अनुभव पर निर्भर होता है

और एक आदर्श वर्गीकरण में विशालता, स्थिरता, असंदिग्धता और लचीलापन इत्यादि गुण पाये जाते हैं। वर्गीकरण का मुख्य उद्देश्य यह है कि "समान वर्गों में समान अंक ही रखे जाँय" इस लिये जितना उत्तम वर्गीकरण होगा वर्गों में उतने ही प्रतिनिधि समंकों का चुनाव किया जायगा और अयोग्य तथा असम्बद्ध अंक छोड़ दिये जायेंगे। जितने अधिक वर्ग होंगे उतनी ही अधिक असमानता पाई जायगी परन्तु उतनी ही पूरक प्रवृत्ति की भी सम्भावना होगी। वास्तव में वर्गीकरण आवश्यक अंकों को एकत्रित करना और एकत्रित सामग्री में आवश्यक अंकों को छाँटना ये दोनों ही कार्य करता है। वर्गीकरण चार प्रकार का हो सकता है; (अ) गुणात्मक, (Qualitative), (ब) अंकात्मक (Quantitative) (स) सामयिक या समयानुसार (Temporal), (द) स्थानानुसार (Spatial)।

(१) गुणात्मक वर्गीकरण

इस प्रकार का वर्गीकरण समंकों के विवरणात्मक स्वरूप पर निर्भर रहता है। विवरणात्मक लक्षण केवल विभिन्न समंकों के गुणों की ओर संकेत करते हैं और धर्म, जाति, प्रान्त, उम्र इत्यादि के सम्बन्ध में हो सकते हैं जिनमें गुणात्मक दृष्टि से विभिन्नतायें पाई जाती हों। इन्हीं विभिन्नताओं के कारण इस प्रकार के विवरणात्मक लक्षणों का गुणात्मक रूप से विभाजन किया जा सकता है। उदाहरणार्थ, समग्र को साक्षर-निरक्षर, नौकरी पेशा-बेकार, स्त्री-पुरुष, अन्धे-दृष्टिवान, इत्यादि में बाँटा जा सकता है। यदि उपरोक्त प्रकार से एक गुण के दो भाग किये जाँय तो उसे साधारण वर्गीकरण या द्वन्द-भाजन वर्गीकरण (Dichotomy) कहते हैं। यदि एक ही गुण को दो उपगुणों में बाँट कर उन उपगुणों को फिर से संभाजित किया जाय तो बहुगुण–वर्गीकरण (Manifold Classification) कहते हैं।

निम्न तालिका से द्वन्द–भाजन एवं बहुगुण-वर्गीकरण स्पष्ट रूप से समझ में आ जाते हैं। गुण सम्भाजन करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि प्रत्येक तथ्य को किसी भी उपगुणों में रखते समय उस उपगुण की परिभाषा का पूर्ण ध्यान रखा जाता है या नहीं। यदि उपगुण की परिभाषा ही ठीक प्रकार न की जाय तो वर्गीकरण निरर्थक होगा।

(२) अंकात्मक वर्गीकरण

यह वर्गीकरण संग्रहीत तथ्यों के अंकात्मक लक्षणों के अनुसार किया ना सकता है और कुछ ऐसे संभाग (Classes) बना दिये जाते हैं, जिनमें उन संभाग–सीमाओं के अर्न्तगत आने वाले सभी समंक रखे जा सकें। इस प्रकार गुणात्मक वर्गीकरण को हम अंकात्मक वर्गीकरण में बदल सकते हैं, यदि प्रत्येक गुण तथा उपगुण से सम्बन्धित तथ्यों को अंकों के रूप में लिख दिया जाय अर्थात् प्रत्येक गुण के अर्न्तगत आने वाले तथ्यों के लिए कुछ आंकिक सीमायें बना दी जाँय। उदाहरणार्थ, वर्षों में उम्र, भार, मन सेर-छँटाक में, या ऊँचाई गज-फुट-इंच में क्रमशः नापी जा सकती हैं।

अगले पृष्ठ पर दी गई तालिका में उम्र और भार सम्बन्धी प्रत्येक समंक राशि को विशिष्ट समूहों में बाँट दिया गया है और प्रत्येक अंक-समूह की परिसीमायें निश्चित की गई हैं। इस प्रकार के वर्गीकरण को संभागान्तर वर्गीकरण (Classification according to Class–intervals), प्रत्येक संभाग को संभागान्तर (Class-interval), उनकी

परिसीमाओं को संभाग-सीमायें (Class-limits), प्रत्येक के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या को संभाग–बारम्बारता (Class-frequency) और संभाग की परिसीमाओं के अन्तर को संभाग-विस्तार या संभाग-अन्तर (Magnitude or interval) कहते हैं । दोनों संभाग की सीमाओं के बीच के अंक को मध्य-विन्दु (Mid-point) कहते हैं ।

अंकात्मक वर्गीकरण

उम्र (वर्षों में)		भार (पौण्ड में)	
संभाग	व्यक्ति–संख्या	संभाग	संख्या
१०–२०	५	८०-९०	१०
२०–३०	७	९०-१००	२०
३०–४०	१०	१००-११०	२५
४०–५०	४	११०-१२०	१०

इस प्रकार यदि किसी भी स्थान में ५० व्यक्ति रहते हैं जिनकी उम्र २० से ४० साल के बीच में है तो (२०–४०) को एक संभागान्तर कहेंगे, जिसकी संभाग-सीमायें २० एवं ४० हैं । ५० को उस संभाग की बारम्बारता कहेंगे और २० व ४० के अन्तर को संभाग-विस्तार । इस संभाग में मध्य-विन्दु ३० होगा ।

किसी भी समंक समूह में जहाँ संभागान्तर का प्रयोग किया जाय, प्रत्येक संभागान्तर बराबर विस्तार का होना चाहिए क्योंकि इससे औसत और प्रतिनिधि निष्कर्ष मालूम करने में सहायता मिलेगी । कभी कभी संभाग समान विस्तार के नहीं होते हैं । ऐसा उस समय होता है जब कि समान संभागों में समंक-समूहों को संभाजित करने से बहुत से समंक कुछ थोड़े से ही संभागों में जमाव कर लेते हैं । यदि विषम संभाग ऐसी अवस्था में न लिए जायेंगे तो अनेक समंकों के अनुचित जमाव के कारण हो सकता है कि प्रतिनिधि उत्तर न प्राप्त हो सके परन्तु जहाँ संभागों का आगे विश्लेषण करना अभीष्ट हो बराबर संभागों को लेकर ही बढ़ना चाहिए । कभी-कभी संभागान्तरों की सीमायें अनिश्चित सी रख दी जाती हैं, "जैसा दस साल से

नीचे", "५० साल से ऊपर"। ऐसी तालिका को विवर्तमुखी-सारिणी (Open-end Table) कहते हैं।

संभागान्तरों को दो प्रकार से लिखा जा सकता है—(अ) अपवर्जी रीति (Exclusive method) के अनुसार और (ब) समावेशिक रीति (Inclusive method) के अनुसार। यदि किसी संभाग की उच्च सीमा ही अपने अगले वाले संभागान्तर की निम्न सीमा हो और इसी रीति से अन्य संभाग रखे गए हों तो उसे अपवर्जी रीति कहते हैं। जैसे १०-२०, २०-३०, ३०-४० और ४०-५० इत्यादि। इसे अपवर्जी रीति इसलिए कहते हैं कि किसी संभागान्तर के अन्तर्गत उसकी उच्च सीमा के नीचे सभी समक रखे जाते हैं, परन्तु ठीक उच्च सीमा के बराबर वाले अंक अपवर्जित समझे जाते हैं, और उन्हें अगले संभाग में रख दिया जाता है। इस प्रकार १० से लेकर १९·९९ तक के अंक प्रथम संभाग में रखे जायेंगे। परन्तु ठीक २० वाला समंक अगले संभाग (२०-४०) में रखा जायगा।

यदि दोनों परिसीमाओं के बराबर वाले समंक उसी संभाग में रखे जांय तो इस रीति को समावेशिक रीति कहते हैं क्योंकि एक ही संभाग में दोनों ही संभाग-सीमाओं के बराबर समंको का समावेश हो सकता है। उदाहरणार्थ, ०–९, १०–१९, २०–२९ इत्यादि। इस रीति का प्रयोग अस्पष्ट होने के कारण कम किया जाता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि संभागांतर के प्रयोग में हमें निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिये।

(१) जहां तक हो सके संभागांतर बनाते समय उसकी उच्च एवं निम्न सीमाओं के रूप में संभाग की वास्तविक संख्यायें ही ली जानी चाहिये।

(२) संभागान्तर का विस्तार समुचित होना चाहिये जिससे उसमें विभिन्न माप के अंक सम्मिलित होकर एक दूसरे की विषमताओं को दूर कर सकें।

(३) जहां तक हो सके प्रत्येक संभाग में समान अंक ही रखना चाहिये परन्तु कभी कभी विषम बिस्तार वाले संभागों का प्रयोग करना आवश्यक हो जाता है जबकि किसी विशिष्ट संभाग में अधिक अंको का जमाव रोकना अभीष्ट होता है। जहां तक हो सके विवर्तमुखी सारिणी (Open-end Table) का प्रयोग न किया जाना चाहिये।

(४) जहां तक हो सके अपवर्जी रीति का प्रयोग करना चाहिये क्योंकि वह दूसरी की अपेक्षा सरल व सुगम है।

(३) सयमानुसार वर्गीकरण

जब संकलित तथ्यों का दिन, महीनों या वर्षो अथवा ऐतिहासिक क्रम के अनुसार विन्यास किया जाता है तो उसे समयानुसार वर्गीकरण कहते हैं। उदाहरणार्थ, भारत के इतिहास को हम विभिन्न कालों में बाँट सकते हैं और प्रत्येक काल के तथ्यों को उनके अन्तर्गत रख सकते हैं।

(४) स्थानानुसार वर्गीकरण

जब समंको का विभाजन स्थान अथवा भौगोलिक स्थिति के अनुसार किया जाय तो उसे स्थानानुसार वर्गीकरण कहते हैं। उदाहरणार्थ, जनसंख्या, उत्पादन और जन्म-मरण दर इत्यादि को प्रांतों के अनुसार बांट सकते हैं।

समंक मालायें (Statistical series)

समंक माला अंकों का एक ऐसा तर्कशुद्ध क्रमानुसार विन्यास है जिसमें समान लक्षणों वाले या प्रतिकूल लक्षणों वाले परन्तु समान क्षेत्रीय अंक एक साथ रखे जाते हैं। कालान्तर माला (Temporal series) एक ऐसी समंक माला है जिसमें समंको का काल, समय या ऐतिहासिक क्रम के अनुसार विन्यास किया जाता है। स्थानिक माला (Spatial Series) में तथ्यों का विन्यास भौगोलिक क्रम के अनुसार किया जाता हैं। परिस्थिति माला (Condition series) एक ऐसी समंक माला है जिसमें संकलित तथ्यों को उनकी विशेष परिस्थिति के अनुसार लिखा जाता है उदाहरणार्थ, समंको को उम्र, उँचाई, लम्बाई और भार इत्यादि के अनुसार बढ़ते हुये या घटते हुये क्रम से लिखा जाय।

अंकात्मक मालायें (Quantitative series)

ये दो प्रकार की हो सकती हैं—(अ) खंडित माला या विच्छिन्न माला (Discontinuous or Discrete series), (ब) सतत या अविच्छिन्न माला। प्राय: व्यक्तिगत अंको को उचित यथार्थता से नापा जा सकता है और उन्हे एक माला का रूप दिया जा सकता है। प्रत्येक समंक एक दूसरे से एक पूर्णांक के बराबर विचलन करता है और जब सभी समंको को एक माला या श्रेणी का रूप दे दिया जाता है तो प्रत्येक समंक के रूप में कोई गणित सम्बन्धी अविछिन्नता नहीं रहती। इस कारण ऐसी माला को विच्छिन्न या

खँडित माला कहते हैं। परन्तु इसके विपरीत बहुत से अंक ऐसे होते हैं जिन्हें व्यक्तिगत रूप से पूर्णतम यथार्थता से नापा नहीं जा सकता और सभी समंक आपस में बहुत कम विचलन करते हैं तो उन सबको एक ही संभाग में रख सकते हैं। इस प्रकार प्राप्त की गई माला के संभागों में गणित सम्बन्धी अविच्छन्नता बनी रहती है जिसके कारण उसे आविच्छन्न माला कहते हैं। इन दोनों प्रकार की मालाओं का अन्तर निम्नलिखित सारणी से स्पष्ट हो जाता है।

विच्छिन्न माला (Discrete Series)		अविच्छिन्न माला (Continuous Series)	
उम्र (Age)	बारम्बारता (Frequency)	उम्र-संभाग (Class-intervals)	बारम्बारता (Frequency)
२५	१५	१०–२०	१५
२६	२०	२०–३०	२०
२७	१७	३०–४०	१७
२८	१२	४०–५०	१२
२९	३	५०–६०	३
३०	५	६०–७०	५

विच्छिन्न माला का प्रयोग उस समय किया जाता है जब कि कुल समंकों की संख्या काफी कम हो और उनके प्रदर्शन में श्रंखला को सूक्ष्म बनाने की किसी भी विधि के प्रयोग की आवश्यकता न हो। अन्य सब परिस्थितियों में अविच्छिन्न माला का प्रयोग करना चाहिये। संग्रहीत समंक स्वयं ही स्पष्ट कर देते हैं कि किस प्रकार की माला से काम चलेगा। उदाहरणार्थ, ब्याज की दर को एक विच्छिन्न माला के ही रूप में रखना चाहिये, क्योंकि ब्याज की दर प्रायः एक पूर्णांक ही होती है और उत्पादन, मजदूरी इत्यादि को अविच्छिन्न माला के रूप में दिखाया जा सकता है।

सारिणीकरण (Tabulation)

सम्पादन और वर्गीकरण के उपरान्त संग्रहीत सामग्री को तालिकाओं और सारिणी के रूप में क्रमानुसार रखते हैं जिससे उसके लक्षण और अधिक स्पष्ट और सुगम हो जायें। श्री होरेस सेक्राइस्ट महोदय के कथनानुसार "वर्गीकरण द्वारा किये गये संग्रहीत सामग्री के विश्लेषण को एक स्थायी

स्वरूप देने के कार्य को हम सारणीकरण कहते हैं जिसमें समान लक्षणों वाले समंकों को तुलना करने के लिये पास पास रखा जाता है।" इसलिये सारणीकरण संग्रहीत समंकों के वर्गीकरण और विश्लेषण एवं विवेचन के बीच की वस्तु है। कोनर महोदय के विचार से सारणीकरण संकलित समंकों को क्रमानुसार प्रदर्शित करने का ऐसा ढंग है जिसके द्वारा समस्या के अन्तर्गत आने वाली चीजें अधिक स्पष्ट हो जाती हैं। इस प्रकार सारणीकरण का मुख्य उद्देश्य सम्पादित एवं वर्गीकृत सामिग्री को एक ऐसा स्वरूप प्रदान करना है जिससे विश्लेषण करने में आसानी हो और महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकें।

सारणीकरण के लाभ

(१) सारणी में उन्हीं शीर्षक अथवा अनुशीर्षकों को बार बार दोहराने की आवश्यकता नहीं रह जाती और एक अधिक तर्क शुद्ध एवं पद्धतिपूर्ण ढंग से समंकों का विन्यास किया जा सकता है।

(२) केवल शीर्षकों में संक्षिप्त करके उनके द्वारा एक कठिन एवं विशाल समग्र को सारणी सरल और सुगम संख्यायें बना देती हैं।

(३) सारणीकरण से विश्लेषण, औसत निकालने और सह-सम्बन्ध (Correlation) की जाँच करने में सुविधा होती है।

सारणी के भेद

प्राय: सारणी कई प्रकार से बनाई जाती है और उनका चुनाव समंकों के उद्देश्यों के अनुसार किया जाता है। सर्वसाधारण सारणी (General Purpose Table) में विशाल समंक समूहों का प्रदर्शन उनके लक्षणों को शीर्षकों के रूप में लिख कर किया जाता है। विशिष्ट-उद्देश्य-सारणी (Special Purpose Table) संग्रहीत तथ्यों के विश्लेषण, सह-सम्बन्ध या गुण-सम्बन्ध के दिग्दर्शन के लिये किसी निश्चित उद्देश्य से बनाई जाती है। जहाँ बहुत से असबन्ध तथ्यों को छोड़ना श्रेयस्कर हो इस प्रकार की सारणी एक सारांश सारणी का कार्य करती है।

प्राथमिक सारणी (Primary Table) में प्राथमिक संकलन द्वारा एकत्रित समंकों का प्रयोग किया जाता है और इसका उद्देश्य भावी संदर्भ से लिये सामग्री को एक वर्गीकृत रूप में रखना है।

व्युत्पन्न सारणी (Derivative Table) एक ऐसी सारणी है जिसे संकलित सामग्री पर कुछ प्रयोग कर लेने के बाद बनाया जाता है। उदाहरणार्थ, प्रयोग या औसत निकालने के बाद जो समंक प्राप्त होते हैं, उन्हें यदि एक सारणी के रूप में रख दिया जाय तो वह सारणी व्युत्पन्न समंकों पर आधारित होने के कारण व्युत्पन्न सारणी कहलायेगी। इस प्रकार की सारणी का प्रयोग विशेष रूप से निर्वचन (Interpretation) के लिये किया जाता है। एक साधारण और व्युत्पन्न माला का अन्तर निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट हो जाता है।

प्राथमिक सारणी (Primary Table)		व्युत्पन्न सारणी (Derivative Table)	
उम्र (Age)	बारम्बारता (Frequency)	उम्र (Age)	प्रतिशत (Percentage)
२१	२०	२१	१०
२२	३५	२२	१७.५
२३	५०	२३	२५
२४	५५	२४	२७.५
२५	४०	२५	२०

सारणी के अंग

सारणी में निम्नलिखित मुख्य अंग होते हैं—

(१) शीर्षक (Title), (२) अनुशीर्षक (Captions), (३) अनुलेख (Stubs), (४) लकीरें तथा खाली स्थान (Lines and spaces), (५) समंकों का विन्यास (Arrangement of items)

सारणी का शीर्षक ऐसा होना चाहिये कि उसका उद्देश्य पूर्णरूप से स्पष्ट कर दे। शीर्षक सूक्ष्म होना चाहिये क्योंकि लम्बे शीर्षक लोग पढ़ना नहीं चाहते पर संक्षिप्तता के लिये स्पष्टता का बलिदान न किया जाना चाहिये।

सारिणी के अनुशीर्षक (Caption) प्रत्येक स्कम्भ (Column) के ऊपर दिये जाने वाले शीर्षक होते हैं। और इस प्रकार लिखे जाते हैं कि प्रत्येक स्कम्भ में दिखलाये गये समंकों की प्रकृति स्पष्ट हो जाय। यदि समंक किसी एक विशेष माप—एकक (Unit of measurement) के अनुसार लिखे गए हों तो अनुशीर्षक के साथ ही उसे भी लिख दिया जाता है। यदि एक ही माप-एकक पूरी सारिणी में प्रयुक्त हुआ तो उसे सारिणी के ऊपर ही लिख दिया जाता है। यदि विभिन्न स्कम्भों में विभिन्न अनुशीर्षक दिए गए हों तो उन्हें स्कम्भों के प्रारम्भ में लिख देना चाहिए। जैसे, "मजदूरी रुपयों में," "भार पौंड में," "ऊँचाई फुटों में," और "लम्बाई गजों में," ।

अनुलेख (Stub) प्रत्येक बेंड़ी लाइन के विवरण को कहते हैं। प्राय: अनुलेख के स्कम्भ के ऊपर भी उसका अनुशीर्षक दिया जाता है और इस स्कम्भ की चौड़ाई अनुलेख की लम्बाई के ऊपर निर्भर रहती है।

रूल डालना और स्थान छोड़ना भी सारिणी बनाने में विशेष महत्व रखते हैं। क्योंकि इनके द्वारा ही हम सारिणी में आकर्षण ला सकते हैं। इसलिए यदि पहले रूल और रिक्त स्थानों का एक आकर्षक खाका बना लिया जाय और फिर उसमें समंक भरे जाँय तो कदाचित एक अच्छी सारणी बन सकेगी।

सारिणी में समंकों का विन्यास भी एक आवश्यक वस्तु है। शीर्षकों और अनुशीर्षकों के अतिरिक्त समंकों का किसी तर्कशुद्ध पद्धति से बढ़ते हुए (Ascending) या घटते हुए (Descending) प्रकार (Order) से विन्यास करना आवश्यक होता है, क्योंकि किसी कौशलपूर्ण ढंग से विन्यस्त समंक बिखरे हुये समंकों की अपेक्षा अधिक स्पष्ट एवं सुगम होते हैं। जब कुछ स्कम्भों में रखे गये समंकों की तुलना करना अभीष्ट हो तो ऐसे स्कम्भों को पास पास रखना चाहिये। कभी कभी ऐसे तथ्यों को सारिणी में शामिल करना कठिन हो जाता है जिनके बहुत कम समंक हों तो उन्हें एक मिश्रित तथ्य (Miscellaneous) में रखा जा सकता है। सारिणी के भीतर अंकों का वर्णात्मक, दिवसात्मक, भौगोलिक, इत्यादि किसी भी प्रकार से विन्यास किया जा सकता है। यदि कोई अनियमितता हो या विवरण की अपूर्णता हो तो सारिणी के अन्त में एक नोट दिया जा सकता है। जहाँ तक सम्भव हो सारिणी को स्वयं पूर्ण होना चाहिये और

'फुटनोटों' पर निर्भरता अच्छी नहीं । यदि द्वितीयक सामग्री का प्रयोग किया जाये तो संदर्भ और उद्गम देना आवश्यक होता है जिससे अन्वेषक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति उसके मूल्यांकन में अपनी बुद्धि एवं शक्ति का पूर्ण प्रयोग कर सकें ।

सारिणी के प्रकार

(१) साधारण सारिणी (Simple Table) एक ऐसी सारिणी है जिसमें विभिन्न समंकों के केवल एक ही लक्षण का विवेचन होता है । इस सारिणी को एकाकी सारिणी या प्रथमक्रम सारिणी भी कहते हैं । निम्नलिखित सारिणी एक ऐसी सारिणी का उदाहरण है, जिसमें किसी बड़े कालेज के विद्यार्थियों की संख्या के सम्बन्ध में सूचना दी गई है । इस सारिणी के द्वारा केवल एक ही प्रश्न का उत्तर मिलता है कि किस विभाग में कितने विद्यार्थी हैं और उनके व्यक्तिगत गुणों के सम्बन्ध में कोई भी धारणा नहीं बनती ।

विभाग	विद्यार्थियों की संख्या
१. वाणिज्य	
२. विज्ञान	
(अ) भौतिक विज्ञान	
(ब) रसायन शास्त्र	
(द) जीव विज्ञान	
३. कला	
(१) अंग्रेजी	
(२) अर्थशास्त्र	
(३) राजनीति	
(४) हिन्दी	
(५) दर्शनशास्त्र	
(६) इतिहास	
(७) भूगोल	
(८) संस्कृत	
४. प्रशिक्षण सिद्धान्त	
५. सन्नियम	
योग	

(२) द्विघात सारणी (Double Table) में एक ही प्रकार के समंकों के किन्हीं दो गुणों का वर्णन होता है जैसे निम्नलिखित सारणी के द्वारा हम विद्यार्थियों की विभागानुसार संख्या जानने के अतिरिक्त यह भी जान सकते हैं कि उनमें से प्रति विभाग कितने पुरुष और कितनी महिलायें हैं।

विभाग	विद्यार्थियों की संख्या		योग
	पुरुष	महिलाएं	
१. वाणिज्य			
२. विज्ञान			
३. कला			
४. प्रशिक्षण शास्त्र			
५. सन्नियम			
योग			

(३) त्रिघात सारणी (Treble Table) में उसी संभाग के तीन गुणों का विवरण होता है जैसे हम निम्न सारणी से विद्यार्थी समुदाय के सम्बन्ध में तीन बातें जान सकते हैं—(अ) विभिन्न विभागों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या, (ब) विद्यार्थियों की प्रकृति, (स) विद्यार्थियों के रहने का स्थान।

विभाग	विद्यार्थियों की संख्या				योग
	पुरुष		महिलाएं		
	क्षात्रावासी	शहरी	क्षात्रावासी	शहरी	
१. वाणिज्य					
२. विज्ञान					
३. कला					
४. प्रशिक्षण शास्त्र					
५. सन्नियम					
योग					

(४) बहुगुणी सारणी (Manifold Table) ऐसी सारणी को कहते हैं जो किसी एक संभाग को ३ से अधिक गुणों में विभाजित करती हो, जैसे निम्नलिखित सारणी चार बातें बतलाती है:— (अ) विद्यार्थियों की विभागों के अनुसार संख्या, (ब) उनकी प्रकृति, (स) निवास-स्थान और (द) उम्र।

विभाग	उम्र-संभाग	विद्यार्थियों की संख्या				योग
		पुरुष		महिलाएं		
		क्षात्रावासी	शहरी	क्षात्रावासी	शहरी	
१. वाणिज्य	१०–२० २०–३० ३०–४० ४०–५०					
योग						
२. विज्ञान	१०–२० २०–३० ३०–४० ४०–५०					
योग						
३. कला	१०–२० २०–३० ३०–४० ४०–५०					
योग						
कुल योग						

सारिणीकरण के नियम

सारिणी पूर्ण एवं स्पष्ट होना चाहिये और प्रत्येक सूचना के लिये निश्चित स्कम्भ होना चाहिये। यदि अधिक स्कम्भों की आवश्यकता पड़े तो संकलनकर्त्ता अपनी विवेक बुद्धि से उन्हें बढ़ा सकता है, परन्तु ऐसा करने में इस बात का ख्याल रखना चाहिये कि समंकों का जितना विवेचनात्मक संभाजन होगा उतने ही अच्छे निष्कर्ष निकाले जा सकेंगे।

(२) सारिणी इस प्रकार की बनाई जानी चाहिए कि उन्हें देखते ही सूचनायें शीघ्र समझ में आ जायें। सारिणी तर्कशुद्ध होनी चाहिए और उसमें ऐसे ही तथ्यों का समावेश करना चाहिए जो आपस में सम्बन्धित हों चाहे वे सम या विषम समग्र से प्राप्त किए गए हों। ऐसी सारिणी जो कठिन एवं विशाल हो, उसे कई भागों में विभाजित कर देना चाहिए और विभिन्न समंकों की तुलना करने की दृष्टि से कई व्युत्पन्न सारिणी बना लेनी चाहिए।

(३) शीर्षक, अनुशीर्षक एवं अनुलेखों को इस प्रकार सजाना चाहिए कि उनके साधारण एवं विशिष्ट गुण तथा उद्देश्य स्पष्ट हो सकें।

(४) सारिणी का शीर्षक छोटा, स्पष्ट एवं असंदिग्ध होना चाहिए।

(५) जिसमें प्राथमिक और व्युत्पन्न समंक (प्रतिशत, औसत, योग, इत्यादि) साथ साथ दिए गए हों, ऐसी सारिणी में उन्हें पास पास रखना चाहिए, जिससे उनका अर्थ शीघ्रता से समझ में आ सके और उनकी तुलना भी की जा सके।

(६) स्कंभों और अनुलेखों का सम्बन्ध योग्य संभाजन द्वारा स्पष्ट कर देना चाहिए।

(७) बहुगुणी सारिणी में अनुलेखों और स्कंभों की क्रम संख्यायें दे देनी चाहिए जिससे वे ठीक समझ में आ सकें और जहां तक हो सके बेकार स्थान न छोड़ा जाय। कोई भी सारिणी इतनी बड़ी न होनी चाहिए कि उसे एक ही बार में न देखा जा सके।

(८) यदि सारिणी को पूर्ण बनाने के लिए आवश्यक सूचनाओं में से कुछ गायब हों तो इस सम्बन्ध में सारिणी के अन्त में एक नोट दे देना चाहिए।

(९) यदि सारिणी में द्वितीयक समंकों का उपयोग किया गया हो तो ऐसे अंकों का उद्गम स्थान का संदर्भ दे देना चाहिए जिससे उसे पढ़ने वाला समंकों की उपयोगिता के सम्बन्ध में धारणायें बना सके।

(१०) सारिणी में विभिन्न प्रकार की मोटी व पतली रेखाओं का प्रयोग इसलिए करना चाहिए कि उसके उपयोग करने वालों को उसका प्रयोजन भली प्रकार समझने में सुविधा हो।

(११) स्कंभों और अनुशीर्षकों के एककों की स्पष्ट रूप से परिभाषा करनी चाहिए और उन्हें स्कंभों के प्रारम्भ में दिखलाना चाहिए।

(१२) बहुधा देखा जाता है कि पूर्व-निश्चित विभागों में सभी समंक नहीं रखे जा सकते। इस कारण एक "मिश्रित" स्कंभ का भी आयोजन करना चाहिए।

(१३) जहां तक हो सके इस प्रकार का प्रयत्न करना चाहिए कि इकाई के नीचे इकाई, दहाई के नीचे दहाई, और सैकड़े के नीचे सैकड़े के अंक लिखे जाँय।

(१४) यदि बहुत बड़े और कठिन अंक हों तो उन्हें लाख या हजार तक पूर्णांक बना लेना चाहिए। इससे तुलना करने में आसानी होती है।

(१५) यदि किसी विशिष्ट स्कंभ या अंक पर जोर देना अभीष्ट हो तो विभिन्न चिन्हों का प्रयोग किया जा सकता है, कभी कभी अधिक स्थान छोड़ कर, मोटा लिखकर या लाल स्याही के प्रयोग द्वारा अंकों को महत्व दिया जाता है।

बारम्बारता सारिणी

जब विच्छिन्न (Discrete) या अविच्छिन्न (Continuous) समंक मालाओं (Series) को सारिणी के रूप में रख दिया जाता है तो ऐसी सारिणी को चल समंकों की बारम्बारता–सारिणी या आवृत्ति–सारिणी (Frequency Table of Variables) कहते हैं। चल समंक ऐसी कोई एक माला है जिसमें विचलन करने वाली संख्याओं अथवा उन परिसीमाओं का प्रयोग किया जाता है जिनके भीतर वे विचलन करें। बारम्बारता या आवृत्ति सारिणी तीन प्रकार की हो सकती है:— (अ) समंक–विन्यास, (Array) या विच्छिन्न सारिणी, (ब) अविच्छिन्न–सारिणी और (स) संचयी आवृत्ति-सारिणी (Cumulative Frequency Table)।

किसी भी समग्र में सम्मिलित समंकों के द्वारा एक आवृत्ति-सारणी आसानी से बनाई जा सकती है। उदाहरणार्थ, किसी कक्षा के तीस विद्यार्थियों के अर्थशास्त्र में क्रमशः निम्नलिखित नम्बर आये हैं—२०, १५, १६, १८, २५, ३०, ४५, २७, १५, २९, ३५, ४२, ४५, १७, १५, २०, २५, २६, २९, ३५, ३६, ३७, ४१, ४२, ४४, ४६, ४०, ३५, १५। यदि इन समंकों को निम्नलिखित रूप में लिख दिया जाय तो उसे विच्छिन्न-आवृत्ति-सारणी (Discrete frequency table) कहेंगे।

आकार (Size)	आवृत्ति (Freq.)	आकार (Size)	आवृत्ति (Freq.)	आकार (Size)	आवृत्ति (Freq.)
१५	४	२७	१	४०	१
१६	१	२९	३	४१	१
१७	१	३०	१	४२	२
१८	१	३५	३	४४	१
२०	२	३६	१	४५	२
२५	२	३७	१	४६	१
२६	१				

उपरोक्त विवरण से अविच्छिन्न-आवृत्ति-सारणी (Continuous frequency table) बनाया जा सकता है। नीचे अविच्छिन्न-आवृत्ति-सारणी बनाने की अपवर्जी (Exclusive) एवं समावेशिक (Inclusive) रीतियाँ समझाई गई हैं।

अपवर्जी रीति (Exclusive Method)

आकृति (SIZE)	बारम्बार आने की संख्या (NO. OF OCCURRENCES)	आवृत्ति (FREQ.)
१५ – २०	~~IIII~~ II	७
२० – २५	II	२
२५ – ३०	~~IIII~~ II	७
३० – ३५	I	१
३५ – ४०	~~IIII~~	५
४० – ४५	~~IIII~~	५
४५ – ५०	III	३

समावेशिक रीति (Inclusive Method)

आकृति (SIZE)	बारम्बार आनेकी संख्या (NO OF OCCURRENCES)	आवृत्ति (FREQ.)
१५–१९	~~IIII~~ II	७
२०–२४	II	२
२५–२९	~~IIII~~ II	७
३०–३४	I	१
३५–३९	~~IIII~~	५
४०–४४	~~IIII~~	५
४५–४९	III	३

इस प्रकार प्राप्त की गई आवृत्ति-सारणी को हम संचयी-आवृत्ति-सारणी (Cumulative frequency table) में भी परिवर्तित कर सकते हैं।

सारणी (अ)			सारणी (ब)		
आकार (Size)	आवृत्ति (Freq.)	संचयी आवृत्ति (Cum. Freq.)	आकार (Size)	आवृत्ति (Freq.)	संचयी आवृत्ति (Cum. Freq.)
१५–२०	७	७	१५–१९	७	७
२०–२५	२	९	२०–२४	२	९
२५–३०	७	१६	२५–२९	७	१६
३०–३५	१	१७	३०–३४	१	१७
३५–४०	५	२२	३५–३९	५	२२
४०–४५	५	२७	४०–४४	५	२७
४५–५०	३	३०	४५–४९	३	३०

इस प्रकार हम देखते हैं कि संचयी-आवृत्ति सारणी में अगले संभाग की बारम्बारता के साथ पिछले संभाग की बारम्बारता क्रमशः जोड़ते चले जाते हैं और अन्तिम संचयी-आवृत्ति सब संभागों की बारम्बारता के सम्पूर्ण योग के बराबर होती है।

सारिणीकरण के यांत्रिक ढंग

सारिणीकरण का कार्य यंत्रों के द्वारा भी किया जा सकता है। यन्त्र रहित सारिणीकरण में अनुसूचियों (Schedules) को हाथ से ही छाँट कर उन्हें समुचित वर्गों म रखा जाता है। प्राप्त अनुसूचियों को निश्चित चिन्हों की सहायता से छाँट लेने के बाद समंकों को भौगोलिक, गुणात्मक या अंकात्मक वर्गों में रख कर उनसे एक प्रमुख सारिणी बनाई जाती है। इस प्रमुख सारिणी से विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये अनेक सारिणी बनाई जा सकती हैं।

Sorting Machine

याँत्रिक सारिणीकरण में अनुसूचियों को छांटने का कार्य मशीन के द्वारा किया जाता है। इस पद्धति का प्रयोग विदेशों में जनगणना के लिये कार्डों को स्त्री-पुरुष, बेकार-नौकर, साक्षर-निरक्षर, इत्यादि गुणों के अनुसार छांटने के निमित्त किया जाता ह। भारतीय जनगणना में भी सन् १९४१ में इस प्रकार का एक प्रयत्न किया गया था। यंत्रों के प्रयोग के लिये यह आवश्यक होता है कि जनगणना कार्डों के ऊपर की जाय। कार्ड में विभिन्न गुणों के लिये चिन्ह बने रहते हैं जिनके ऊपर एक छेद करने वाली मशीन के द्वारा प्रगणक छेद बना देते हैं। सभी कार्डों को अन्त में एकत्रित करके छांटने

वाली मशीन में डाल दिया जाता है जिसमें लगी हुई सुई उन कार्डों को विभिन्न गुणों के अनुसार अलग अलग खानों में फेंकती है।

Punching Machine

इस प्रकार कार्डों के छँट जाने के बाद उन्हें सारिणीकरण यंत्र में लगा दिया जाता है जो समान अंकों को शीघ्रतापूर्वक जोड़ कर एक कागज के फ़ीते पर छापती जाती है। इन यंत्रों का प्रयोग भारतवर्ष में अभी नहीं के बराबार हैं।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. What precautions would you take in tabulating your data.

अपनी संग्रहीत सामग्री को सारिणी में परिवर्तित करते समय आप किन बातों का ध्यान रखेंगे।

(B. Com., Agra, 1937)

2. Explain the purpose and Methods of Classification of data. How are the machine tabulating cards prepared and used.

सामग्री के वर्गीकरण का उद्देश्य और ढंग समझाइये। याँत्रिक सारणीयन कार्ड किस प्रकार बनाए और प्रयोग किये जाते हैं।

(B. Com., Agra, 1943)

3. Dicuss the function and importance of tabulation in a scheme of investigation. Prepare blank table to show distribution of the students of a college according to age, class and residence for arranging (a) Physical training and (b) Tutorial classes.

किसी भी अनुसंधान की योजना में सारणीकरण के कार्य और महत्व समझाइये। (अ) शारीरिक शिक्षा और (ब) शिक्षण वर्ग, की व्यवस्था करने के लिए किसी भी एक कालेज के विद्यार्थियों की आयु, कक्षा और निवास स्थान बतलाते हुए एक निरंक सारणी बनाइये।

(B. Com., Agra, 1942)

4. Rearrange the following blank table to make it more intelligible.

निम्न निरंक सारणी को अधिक स्पष्ट करने के हेतु पुर्नविन्यस्थ कीजिए।

Sex	Brahmin		Rajput		Kayastha		Harijan
	Literate	Illiterate	Literate	Illiterate	Literate	Illiterate	
Male							
Female							

5. "In collection and tabulation common sense is the chief requisite and experience the chief teacher" Discuss.

What precautions in your opinion are necessary to avoid Statistical errors in the collection and computation of economic data.

"संकलन और सारणीयन में सामान्य मतित्र की प्रमुख आवश्यकता है और अनुभव प्रमुख शिक्षक हैं।" समझाइये।

आपकी राय में आर्थिक तथ्यों के संकलन और परिगणन में क्या बातें ध्यान में रखना चाहिए जिससे सांख्यिकीय विभ्रमों की प्रविष्टि न हो सके।

(M. A., Agra, 1940)

अध्याय ८.

सांख्यिकीय माध्य

(Statistical Averages)

सांख्यिकी में माध्य का एक मूलभूत महत्व है और उसके ऊपर ही इस शास्त्र के प्रायः सभी विश्लेषण, विवेचन एवं निर्वचन के ढंग आधारित हैं। यदि हम किसी भी एक विशाल समग्र का महत्व एक सरल रूप में समझना चाहते हैं तो हमें ऐसी रीति अपनाना चाहिये जिसमें समग्र के प्रायः सभी महत्वशाली लक्षणों का ध्यान रखा जाय। यदि समग्र के महत्व रहित अंकों को छोड़ दिया जाय तो उससे समग्र के स्वरूप में बहुत ही साधारण सा परिवर्तन होता है। प्रत्येक मनुष्य की यह प्रकृति होती है कि वह विशाल और विपुल अंकों को देख कर ही घबड़ा जाता है और इसलिये वह एक ऐसे सूक्ष्म स्वरूप की खोज में रहता है जिसके द्वारा उन अंकों का आशय आसानी से समझा जा सके। किसी भी ऐसे सूक्ष्म समंक में एक विशेषता होती है कि वह सम्पूर्ण समग्र का प्रतिनिधित्व कर सके। यह कार्य सांख्यिकीय माध्य पूरा करते हैं। सांख्यिकीय माध्य किसी भी समग्र की प्रतिनिधित्व करने वाली एक महत्वपूर्ण संख्या है जो उसके अंतर्गत आने वाले समंकों के लक्षणों का एक सूक्ष्म विवरण प्रदान करती है। यह संख्या समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को दिग्दर्शित करती है और इसके चारों ओर समग्र के अंक विचलन करते हैं।

माध्य के उद्देश्य एवं उपयोग

(१) यह सम्पूर्ण समग्र का एक सूक्ष्म चित्र प्रस्तुत करते हैं जिसे देख कर एक साधारण व्यक्ति समग्र का आशय आसानी से समझ जाता है अर्थात् इसके द्वारा कठिन और विपुल अंक सुगम हो जाते हैं।

(२) इनके द्वारा विभिन्न समग्रों अथवा वर्गों की तुलना आसानी से की जा सकती हैं जबकि उनमें आपस में अन्तर हो। केन्द्रीय प्रवृत्ति की तुलना विभिन्न समंकों की तुलना की अपेक्षा अधिक आसान है।

(३) इसके द्वारा केवल न्यादर्शों (Samples) की परीक्षा करके समग्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। हम पिछले अध्याय में देख चुके हैं कि विपुल अंकों वाले समग्र को दैव प्रवरण (Random sample) के प्रयोग से एक छोटे और सरल प्रतिनिधि न्यादर्श में संकुचित किया जा सकता है और सम्भावना के नियम के अनुसार न्यादर्श में समग्र के प्रायः सभी लक्षणों का चित्रण होगा। इस न्यादर्श का माध्य निकाल कर हम समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को जान सकते हैं क्योंकि अभिनति शून्य न्यादर्श समग्र का एक छोटा परन्तु यथार्थ चित्र होता है।

(४) जब किसी दो या अधिक समंकमालाओं के बीच पाये जाने वाले सम्बन्ध को वास्तविक स्वरूप देना अभीष्ट हो तो माध्य का प्रयोग अनिवार्य हो जाता है। इस प्रकार ऊँचाई, भार, आयु इत्यदि के सम्बन्ध को जानने के लिये हम उनके माध्यों का अनुपात मालूम करते हैं।

किसी भी सन्तोषजनक माध्य में निम्नलिखित गुण होना आवश्यक है:—

(१) माध्य पूर्णरूपेण स्पष्ट होना चाहिये और ऐसा न हो कि उसे देख कर निरीक्षक को अनुमान लगाने पड़ें। यदि ऐसी अवश्यकता होती है तो अनुमानित माध्य निरीक्षक के व्यक्तिगत झुकाव और विद्वता का केवल एक प्रतिबिम्ब मात्र रह जाता और उनके प्रतिनिधिक गुण नष्ट हो जाते हैं।

(२) जहाँ तक सम्भव हो माध्य समंकमाला के समस्त अंकों पर आधारित होनी चाहिये। यदि सभी अंकों पर माध्य आधारित न होगा तो वह उस समंकमाला के समस्त लक्षणों का विवरण देने वाला प्रतिनिध न होगा।

(३) माध्य गणित के नियमों के अनुकूल परन्तु एक अस्पष्ट संख्या न होनी चाहिये जो शीघ्रता व सरलता से समझी न जा सके।

(४) माध्य ऐसा होना चाहिए जिसे शीघ्रता और सरलता से निकाला जा सके परन्तु हिसाब लगाने की सरलता को इतना महत्व न देना चाहिए जिससे अन्य महत्वशाली गुणों की अवहेलना हो जाय।

(५) माध्य पर निदर्शन के उच्चावचन (Fluctuations of Sampling) का कम से कम प्रभाव होना चाहिए। निदर्शन या प्रवरण करते समय एक ही समग्र से ऐसी रीति के अनुसार अंकों का चयन करना चाहिए

कि प्राप्त किये गए न्यादर्शों के माध्यों में विशेष अन्तर न हो। यदि दो या अधिक न्यादर्शों के माध्यों में से कुछ ऐसे हों जिनसे समंकमाला के अंक बहुत अधिक विचलन करते हों तो केवल ऐसे ही माध्य को प्रतिनिधि मानना चाहिए जो अपेक्षाकृत अधिक स्थिर हों ।

(६) माध्य ऐसी संख्या होनी चाहिये जिस पर गणित और बीजगणित के प्रयोग आसानी से किये जा सकें ।

माध्यों के प्रकार

माध्य पाँच प्रकार के होते हैं–(१) भूयिष्ठक (Mode), (२) मध्यका (Median), (३) मध्यक (Mean), (४) गुणोत्तर माध्य (Geometric Average), (५) हरात्मक माध्य (Harmonic Average) । यह सभी माध्य "एकघातीय माध्य (Averages of the First order)" कहलाते हैं। एकघातीय माध्य वे माध्य हैं जिन्हें प्राथमिक समंकों के आधार पर निकाला जाता है। यदि समंकमाला के दिये हुए समंकों का प्रयोग न करके माध्य निकालने में उन समंकों से व्युत्पन्न समंकों का प्रयोग किया जाये तो ऐसे माध्यों को "द्विघातीय माध्य" (Averages of the Second order) कहते हैं ।

भूयिष्ठक (Mode)

भूयिष्ठक ऐसे अंक की आकृति (Size) को कहते हैं, जिसके समंकमाला में सर्वाधिक उदाहरण पाये जाँय, अथवा जिसकी आवृत्ति सबसे अधिक हो। विभिन्न लेखकों ने इसकी विभिन्न प्रकार से परिभाषायें की हैं। यदि किसी ने इसे "अंकों में सर्वाधिक आवृत्ति वाली आकृति" कहा तो अन्य किसी ने इसे "सर्वाधिक अंकों के जमाव वाली संख्या (Size of highest concentration) माना है । इसी प्रकार कुछ व्यक्तियों के अनुसार भूयिष्ठक "सर्वाधिक पीन-मूल्य (Thickest value) या "सर्वाधिक अंकों से प्रव्यक्त (Manifested) एक अकेली संख्या" के रूप में समझा जा सकता है। इन सभी परिभाषाओं का एक ही आकृति की ओर संकेत है जिसकी समग्र में सबसे अधिक अभ्यावृत्ति (Repetition) होती हो । प्रायः यह देखा गया है कि समग्र में कोई विशिष्ट आकृति ऐसी अवश्य होती है जो बार बार सामने आती है और उसकी बारम्बारता इतनी महत्वशाली होती है कि यदि उसी समग्र (Universe) से अनेक न्यादर्श (Sample) लिये

जाँय तो उन सभी में वही संख्या सर्वोत्तम महत्व की मालूम पड़ेगी । इस संख्या को ही भूयिष्ठक कहते हैं ।

विच्छिन्न माला में भूयिष्ठक का प्रदर्शन

किसी भी ऐसी समंकमाला में भूयिष्ठक मालूम करना आसान है जिसमें केवल निरीक्षण मात्र से ही हम यह जान सकें कि किस विशिष्ट संख्या की आवृत्ति सबसे अधिक है । कभी कभी ऐसी समंकमालायें होती हैं जिनमें अंकों का जमाव कई स्थानों पर एक सा होता है, अर्थात् कई आकृतियों को बराबर आवृत्ति होती है । ऐसी दशा में भूयिष्ठक जानने के लिए समूह बनाने पड़ते हैं और इस विधि को वर्ग-बन्धन (Grouping) कहते हैं ।

उदाहरण १—भूयिष्ठक प्रर्दशन

अंकों की आकृति (Size)	आवृत्ति	(आवृत्ति Frequency)				
		१	२	३	४	५
१५	२०	} २५		} २९		
१६	५		} ९		} २९	
१७	४	} २४				} ३४
१८	२०		} ३०	} ५०		
१९	१०	} ३०			} ४५	
२०	२०		} ३५			} ३९
२१	१५	} १९		} ३९		
२२	४		} २४			
२३	२०					

उपरोक्त सारिणी को देखते ही हमें यह मालूम पड़ता है कि इस समंकमाला में चार भूयिष्ठक हैं क्योंकि चार आकृतिओं की बारम्बारता सर्वाधिक होते हुये भी आपस में बराबर हैं । ऐसी स्थिति में हमें वर्ग-बन्धन

रीति के द्वारा यह मालूम करना आवश्यक हो जाता है कि इन चारों आकृतियों में किस आकृति के पास अंकों का जमाव अपेक्षाकृत अधिक है। उपरोक्त वर्ग-बन्धन में पहले दो स्कंभों नम्बर १ और २ में द्विपद-बन्धन (Grouping in Twos) और बाद के तीन स्कंभों में त्रिपद-बन्धन (Grouping in Threes) किया गया है। दूसरे बार द्विपद-बन्धन में ऊपर की एक आवृत्ति छोड़ दी जाती है जिससे सभी आवृत्तिओं का पद-बन्धन हो सके और यही त्रिपद-बन्धन में भी किया जाता है जिसमें पहली बार एक और दूसरी बार दो आवृत्तियाँ छोड़ दी जाती हैं। इसी प्रकार आगे भी वर्ग-बन्धन किया जा सकता है परन्तु त्रिपद वर्ग-बन्धन में ही सही हल प्राप्त हो जाता है। वर्ग-बन्धन कर लेने के पश्चात् हम एक विश्लेषण सारिणी बनाते हैं।

विश्लेषण सारिणी (Analysis Table)

स्कम्भ क्रम	१	२	३	४	५	
(१)		१९	२०			
(२)			२०	२१		
(३)	१८	१९	२०			
(४)		१९	२०	२१		
(५)			२०	२१	२२	
अभ्यावृत्ति	१	३	५	३	१	

उपरोक्त विश्लेषण सारिणी से इस हम निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि समंक-माला को देखने से यद्यपि चार भूयिष्ठक मालम होते हैं परन्तु वास्तव में सबसे अधिक अभ्यावृत्ति वाला केवल एक ही अंक है जिसकी आकृति २० है।

अविच्छिन्न माला में भूयिष्ठक प्रदर्शन

जैसा हम पिछले अध्याय में देख चुके हैं किसी भी विच्छिन्न माला को एक अविच्छिन्न माला में परिवर्तित किया जा सकता है। यदि किसी अविच्छिन्न

माला में भूयिष्ठक जानना अभीष्ट हो तो वर्ग-बन्धन के द्वारा अथवा केवल दृष्टि निक्षेप (Inspection) से हम यह जान सकते हैं कि भूयिष्ठक आकृति किस संभाग में होगी और तत्पश्चात् उसका अनुमान लगाना पड़ेगा।

उदाहरण २– भूयिष्ठक प्रदर्शन

	अंकों की आकृति (आ) (Size) (S)		आकृति की बारम्बारता (ब) (Frequency) (f)
	१७—१९		११
	१९—२१		३४ बा$_1$
(सी$_1$)	२१—२३	(सी$_2$)	४२ (बा)
	२३—२५		१५ बा$_2$

उपरोक्त सारिणी में सर्वाधिक बारम्बारता या आवृत्ति ४२ है, जिससे हमें यह पता चलता है कि इस बारम्बारता वाली आकृत्ति २१–२३ परिसीमाओं वाले संभाग में होगी। इस संभाग को भूयिष्ठ संभाग (Modal Group) कहते हैं। और इसकी परिसीमाओं को सी$_1$ (L_1) और सी$_2$ (L_2) कहते हैं। भूयिष्ठ संभाग की आवृत्ति को बा (f), उसके ऊपर वाले संभाग की आवृत्ति को बा$_1$ (f_1) और उसके नीचे वाले संभाग की आवृत्ति को बा$_2$ (f_2) कहते हैं।

वर्ग–बन्धन या साधारण निरीक्षण से भूयिष्ठ संभाग मालम कर लेने के पश्चात् निम्नलिखित सूत्रों (Formulae) की सहायता से भूयिष्ठक की आकृति मालूम की जाती है।

(A) $$\text{Mode} = L_1 + \frac{f_2}{f_1 + f_2}(\quad - L_1)$$

$$\text{भू} = \text{सी}_1 + \frac{\text{बा}_2}{\text{बा}_1 + \text{बा}_2}(\text{सी}_2 - \text{सी}_1)$$

$$= २१ + \frac{१५}{३४+१५}(२३ - २१)$$

$$= २१ + \frac{३०}{४९} = २१.६$$

(B) $$\text{Mode} = L_1 + \frac{f - f_1}{(2f - f_1 - f_2)}(L_2 - L_1)$$

$$\text{भू} = \text{सी}_1 + \frac{\text{बा} - \text{बा}_1}{(\text{२ बा} - \text{बा}_1 - \text{बा}_2)}(\text{सी}_2 - \text{सी}_1)$$

$$\text{भू} = \text{२१} + \frac{\text{४२} - \text{३४}}{(\text{८४} - \text{३४} - \text{१५})}\ \text{२}$$

$$= \text{२१} + \frac{\text{८}}{\text{३५}} \times \text{२}$$

$$= \text{२१.४}$$

उपरोक्त सूत्रों के प्रयोग से हम देखते हैं कि उत्तरों में अन्तर पाया जाता है। इसका कारण यह है कि दोनों ही सूत्रों के आधार भिन्न हैं। पहला सूत्र तो भूयिष्ठ संभाग के ऊपर और नीचे वाले संभागों की आवृत्तियों पर आधारित है और दूसरा सूत्र आवृत्तियों के परस्पर अन्तर पर। दोनों सूत्रों का प्रयोग ठीक माना गया है।

बहु-भूयिष्ठ वर्ग (Multi-Modal Groups)

कभी–कभी कई आकृत्तियों की बराबर आवृत्ति (Frequency) होती ह और भूयिष्ठक मालूम करना कठिन होता है। जब किसी भी समंकमाला में दो भूयिष्ठक हों तो उसे द्विभूयिष्ठ माला (Bi-modal series), तीन भूयिष्ठक होने पर उसे त्रिभूयिष्ठ माला (Tri-modal series) और अधिक होने पर उसे बहु-भूयिष्ठ माला (Multi-modal) कहते हैं। वर्ग-वन्धन रीति के प्रयोग से कभी-कभी भूयिष्ठक मालूम किया जा सकता है, परन्तु बहु-भूयिष्ठ माला में भूयिष्ठक को छोड़ कर कोई अन्य माध्य ही केन्द्रीय-प्रवृत्ति का उचित दिग्दर्शन करा सकता है।

भूयिष्ठक के लक्षण (Characteristics)

(१) भूयिष्ठक पर किसी भी समंक माला के निम्नतम और उच्चतम अंकों का कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता।

(२) भूयिष्ठक मालूम करने में आकृति से बारम्बारता अधिक महत्वशाली होती है और यह आवश्यक नहीं कि सर्वाधिक बारम्बारता उसी आवृति की हो जो समंक माला में सबसे बड़ी है। इस प्रकार सबसे छोटी

आकृति भी भूयिष्ठक हो सकती है, यदि उसकी आवृत्ति (Frequency) सबसे अधिक हो।

(३) किसी भी कठिन समंकमाला में जब एक से अधिक भूयिष्ठक हों तो उनका निकालना दुष्कर कार्य होता है।

भूयिष्ठक के गुण

(१) प्रायः केवल निरीक्षण द्वारा ही भूयिष्ठक मालूम किया जा सकता है और यथार्थ भूयिष्ठक मालूम करने में किसी कठिन क्रिया की आवश्यकता नहीं पड़ती।

(२) भूयिष्ठक पर समंक माला के अंकों के विचलन का कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता अर्थात् आकृति की विषमता से भूयिष्ठक नहीं जाना जाता वरन् बारम्बारता की अधिकता से उसका निर्णय किया जा सकता है।

(३) अंकों के अत्यधिक जमाव वाली संख्या होने के कारण साधारण बुद्धि का व्यक्ति भी इसके द्वारा समग्र के लक्षणों को अधिक आसानी से समझ सकता है।

(४) केवल न्यादर्श लेकर ही किसी भी समग्र का भूयिष्ठक जाना जा सकता है, यदि अंकों के छाँटने में दैव प्रवरण का प्रयोग किया गया हो। इसका कारण यह है कि वही आकृति जिसकी अभ्यावृत्ति (Repetition) किसी भी समग्र में सबसे अधिक हो एक अभिनति शून्य न्यादर्श में भी भूयिष्ठक होगी।

(५) सबसे अधिक बार आने वाली संख्या होने के कारण किसी भी समग्र से लिये गये प्रत्येक न्यादर्श में एक ही भूयिष्ठक पाया जायगा और इसकी अपेक्षा अन्य किसी भी माध्य में यह गुण नहीं पाया जाता।

(६) इसे हम बिन्दुरेखीय पद्धति (Graphical Method) से भी मालूम कर सकते हैं।

भूयिष्ठक के दोष

(१) किसी भी गणित के समीकार या सूत्र की सहायता से इसका ठीक पता नहीं लगाया जा सकता।

(२) यदि इसका और भी गणित सम्बन्धी विश्लेषण करना आवश्यक हो तो उसमें भी सफलता नहीं मिलती।

(३) यदि किसी समंकमाला में बहुत से भूयिष्ठक हों तो उस समय इसका महत्व नष्ट हो जाता है और समंकमाला की केन्द्रीय प्रवृत्ति समझने के लिये हमें किसी अन्य माध्य का सहारा लेना पड़ता है।

(४) यदि किसी भी समंकमाला की उच्चतम और निम्नतम आकृतियों को या उनके परस्पर विचलन को महत्व देना आवश्यक हो तो भूयिष्ठक से काम नहीं चलता।

(५) भूयिष्ठक और आकृतियों के कुल योग का गुणा करने पर हमें समंकमाला की समस्त आकृतियों का योग नहीं मालूम हो पाता जैसे कि मध्यक (Mean) के द्वारा सम्भव है।

भूयिष्ठक के व्यवसायिक प्रयोग

(१) व्यवसायिक क्षेत्र में समंकों का एक विशिष्ट स्थान है और इस कारण किसी ऐसे समंक का स्थायी महत्व होगा ही जो सबसे अधिक बार दृष्टिगोचर हो। भूयिष्ठक सबसे अधिक आवृत्ति वाली संख्या होने के कारण अन्य माध्यों की तुलना में किसी भी समग्र के लक्षण एवं केन्द्रीय प्रवृत्ति को अधिक स्पष्ट करता है। यदि बहुत सी मशीनें एक ही काम में लगी हों तो ऐसा पाया जा सकता है कि कई मशीनें बराबर उत्पादन करती हों। ऐसी दशा में भूयिष्ठ उत्पादन प्रति मशीन निश्चित किया जा सकता है। इसी प्रकार भूयिष्ठ समय के पूर्व निर्णय से कन्ट्रैक्ट करने में आसानी होती है। व्यापार पर धनवातिक (Meterological) भविष्यवाणी से बड़ी सहायता मिलती है और ऐसी भविष्यवाणी भूयिष्ठ अनुमानों पर आधारित होती है।

मध्यका (Median)

यदि किसी समंकमाला के सभी समंकों का किसी उन्नतोन्मुख (Ascending) या अधोमुख (Descending) क्रम के अनुसार विन्यास (Arrange) किया जाय तो मध्यस्थ अंक की आकृति को मध्यका कहते हैं। दूसरे शब्दों में मध्यका एक ऐसी आकृति है जो समंकमाला दो बराबर भागों में विभाजित करती है। इसीलिये इसे संभाजन विवरण (Partition Expression) भी कहते हैं।

उदाहरण १—मध्यका प्रदर्शन

क्रमांक	आकृति	क्रमांक	आकृति	क्रमांक	आकृति
१	१००	६	८०	११	५०
२	१००	७	७५	१२	५०
३	९०	८	७०	१३	४५
४	९०	९	६०	१४	४०
५	९०	१०	५०	१५	३५

(१) यहाँ कुल समंकों की संख्या विषम है, इसलिये निम्नलिखित सूत्र के अनुसार हम मध्यस्थ अंक मालूम कर सकते हैं, यदि कुल संख्या को यो (N) माना जाय—

$$\text{Median Item} = \left\{ \frac{N+1}{2} \right\}$$

$$\text{मध्यस्थ अंक} = \left\{ \frac{\text{यो}+१}{२} \right\}$$

$$= \left\{ \frac{१५+१}{२} \right\} = ८$$

मध्यका = ८ वें अंक की आकृति = ७०

(२) यदि कुल समंकों की संख्या सम हो तो मध्यस्थ अंक मालूम करने के लिये निम्नलिखित सूत्र होगा—

$$\text{Median Item} = \frac{\frac{(N)}{2} + \frac{(N+1)}{2}}{2}$$

$$\text{मध्यस्थ अंक} = \frac{\frac{(\text{यो})}{२} + \frac{(\text{यो}+१)}{२}}{२}$$

$$= \frac{\frac{(१६)}{२} + \frac{(१६+१)}{२}}{२}$$

$$\text{मध्यका} = \frac{\frac{(१६)}{२}\text{ की आकृति} + \frac{(१६+१)}{२}\text{ की आकृति}}{२}$$

$$= \frac{७०+६०}{२} = ६५$$

उदाहरण २—मध्यका प्रदर्शन

आकृति S (आ)	आवृत्ति F (बा)	संचयी आवृत्ति CF (सं)
१५	४	४
१६	६	१०
१७	१०	२०
१८	२	२२
१९	९	३१
२०	३	३४
२१	५	३९
२२	७	४६
२३	२	४८
२४	३	५१
२५	१	५२
२६	१	५३

$$\text{Median Item} = \frac{(N+1)}{2} = \frac{(53+१)}{2} = 27$$

$$\text{मध्यस्थ अंक} = \frac{(\text{यो}+१)}{२} = \frac{(५३+१)}{२} = २७$$

मध्यका = २७ वे अंक की आकृति = १९

उदाहरण ३—मध्यका प्रदर्शन—अविच्छिन्न माला

उम्र संभाग S (आ)	आवृत्ति F (बा)	संचयी आवृत्ति C F (सं)
१०–२०	४	४
२०–३०	८	१२
३०–४०	१५	२७ $\text{सं}^{\text{उ}}$
सी_1 ४०–५० सी_2	२० बा.	४७
५०–६०	५	५२
६०–७०	३	५५

अविच्छिन्न माला में $\frac{(\text{यो} + १)}{२}$ की सहायता से हम यह जान सकते हैं कि मध्यका किस उम्र संभाग में पाया जायगा। संभागान्तर मालूम हो जाने पर हमें किसी भी आन्तरगणन के सूत्र का सहारा लेना पड़ेगा जिससे संभाग की सीमाओं के बीच में मध्यका की यथार्थ आकृति मालूम हो सके। निम्नलिखित सूत्र में सी_1 और सी_2 (L_1 & L_2) का प्रयोग संभागान्तर की सीमाओं के लिये, वि (I) का प्रयोग संभागान्तर के विस्तार के लिये, $\text{सं}_{\text{उ}}$ (CF^P) का प्रयोग मध्यकावर्ग से ऊपर के संभाग की संचयी आवृत्ति के लिये और बा (F) का प्रयोग संभागान्तर की आवृत्ति के लिये किया गया है।

$$\text{Median item} = \left\{\frac{N+1}{2}\right\} = \left\{\frac{55+1)}{2}\right\} = 28$$

$$\text{मध्यस्थ अंक} = \left\{\frac{\text{यो} + १}{२}\right\} = \left\{\frac{५५ + १}{२}\right\} = २८$$

$$\text{Median} = L_1 + \frac{I}{F} \left(MI - CF^P\right)$$

$$\text{मध्यका} = \text{सी}_1 + \frac{\text{वि}}{\text{बा}} \left(\text{म अं} - \text{सं}_{\text{उ}}\right)$$

$$= ४० + \frac{१०}{२०} (२८ - २७)$$

$$= ४० \text{ साल } ६ \text{ महीने}$$

मध्यका के गुण

(१) मध्यका को हम अधिक यथार्थता से मालूम कर सकते हैं, क्योंकि यह समंकमाला में स्थित एक अंक की आकृति होती है और प्रत्येक समंक-माला स्वयं पाई जाती है।

(२) इसके ऊपर समंकमाला के उच्चतम और निम्नतम समंकों का केवल इतना ही प्रभाव पड़ता है कि उनकी बारम्बारता कुल योग मालूम करने के लिये जोड़ दी जाती है।

(३) इस पर उच्चतम और निम्नतम समंकों की केवल आवृत्ति का प्रभाव पड़ने के कारण यदि केवल आवृत्ति ही दी हो तो हम मध्यका मालूम कर सकते हैं।

(४) भूयिष्ठक के समान मध्यका भी बिन्दु रेखाओं के द्वारा प्रदर्शित की जा सकती है ।

(५) भूयिष्ठक के समान इसे भी केवल निरीक्षण मात्र से ही जाना जा सकता है ।

मध्यका के दोष

(१) किसी साधारण गणित की विधि से नहीं मालूम किया जा सकता और न इसके आधार पर ही कोई विस्तृत क्रिया की जा सकती है ।

(२) मध्यका निकालने के पहले समंकमाला का उन्नतोन्मुख या अधोमुख क्रम के अनुसार विन्यास करना आवश्यक होता है ।

(३) भूयिष्ठक के समान ही मध्यका और आवृत्ति के कुल योग से गुणा करने पर आकृतियों का महा-योग नहीं मालूम हो सकता है ।

(४) मध्यका पर बीजगणीतीय (Algebraic) प्रयोग नहीं किये जा सकते हैं ।

मध्यका के उपयोग

जब व्यक्तिगत तथ्यों का आंकिक माप करना असम्भव हो या बिना वर्ग-बन्धन के समंकों की तुलना न की जा सके तो मध्यका का प्रयोग उपयोगी होता है । इसका महत्व समाजगत तथ्यों के वर्णन करने में किया जाता है जैसे भृति, धन इत्यादि के वितरण को इसके द्वारा हम बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं । यदि किसी दो कक्षाओं के विद्यार्थियों की बुद्धिमत्ता की तुलना करना अभीष्ट हो तो एक बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है कि बुद्धि की तुलना कैसे की जाय जिसका ठीक ठीक नाप नहीं किया जा सकता । परन्तु यह समस्या मध्यका के उपयोग से दूर हो जाती है । यह तो सच है कि बुद्धि को नापा नहीं जा सकता परन्तु यह भी सच है कि एक कक्षा के विद्यार्थियों को उनकी बुद्धि के अनुसार बढ़ते हुए या घटते हुए क्रम से खड़ा किया जा सकता है और मध्यस्थ विद्यार्थी की बुद्धि मध्यका होगी । यदि बुद्धि को हम किसी भी परीक्षा में मिले हुए प्राप्तांक के बराबर मान लें तो बढ़ते हुए या घटते हुए क्रम से विन्यस्त समंकमाला के मध्यस्थ अंक के प्राप्तांक को हम मध्यका कहते हैं । मध्यका का प्रयोग व्यवसायिक समंकों में प्रायः अधिक उपयोगी सिद्ध नहीं होता क्योंकि ऐसे समंक बहुत अधिक अस्थिर होते हैं ।

चतुर्थांश, दशाँश एवं शताँश

किसी भी अंक विन्यास या समंकमाला को दो बराबर विभागों में विभाजित किया जाय तो उसके संभाजन विवरण को मध्यका कहते हैं। इसी प्रकार हम समंकमाला को दो से अधिक बराबर भागों में बाँट सकते हैं। जब किसी भी अंक विन्यास को चार भागों में बांटा जा सकता है तो प्रत्येक भाग करने वाली संख्या को चतुर्थाँश (Quartile) कहते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक ५ वें भाग की संख्या को पंचमाँश (Quintile), आठवें भाग की संख्या को अष्टमाँश (Octile), दसवें भाग की संख्या को (Decile) और सौवें भाग की संख्या को (Percentile) कहते हैं।

चतुर्थांश (Quartiles)

जब मध्यका के ऊपर और नीचे की समंकमाला को दो भागों में विभाजित करते हैं तो सम्पूर्ण समंकमाला चार चतुर्थाँशों में विभाजित हो जाती है। मध्यका और निम्नतम आकृति के बीच के चतुर्थांश को अधर चतुर्थांश और उच्चतम आकृति और मध्यका के बीच के चतुर्थांश को अपर चतुर्थाँश कहते हैं। इन्हें क्रमशः प्रथम चतुर्थाँश और द्वितीय चतुर्थाँश कहते हैं। चतुर्थाँश मालूम करने के लिये निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग किया जाता है।

(अ) विच्छिन्न माला

Lower Quartile = Size of $Q I_1$

अधर चतुर्थांश = अधर चतुर्थांक की आकृति

$$Q I_1 = \left\{ \frac{N+1}{4} \right\}$$

$$\text{अधर चतुर्थांक} = \left\{ \frac{\text{यो} + १}{४} \right\}$$

Upper Quartile = Size of $Q I_3$

अपर चतुर्थाँश = अपर चतुर्थांक की आकृति

$$Q I_3 = 3\left\{ \frac{N + 1}{4} \right\}$$

$$\text{अपर चतुर्थांक} = ३ \left\{ \frac{\text{यो} + १}{४} \right\}$$

(ब) अविच्छिन्न माला

$$Q\,I_1 = \left\{ \frac{N+1}{4} \right\}$$

$$\text{अधर चतुर्थांक} = \left\{ \frac{\text{यो} + १}{४} \right\}$$

$$\text{Lower Quartile} = L_1 + \frac{I}{F} \left\{ QI_1 - CF^{p} \right\}$$

$$\text{अधर चतुर्थांश} = \text{सी}_1 + \frac{\text{वि}}{\text{बा}} \left\{ \text{अ. च}_1 - \text{सं}_{\text{उ}} \right\}$$

$$Q\,I_3 = {}^{3} \left\{ \frac{N+1}{4} \right\}$$

$$\text{अपर चतुर्थांक} = {}^{३} \left\{ \frac{\text{यो} + १}{४} \right\}$$

$$\text{Upper Quartile} = L_1 + \frac{I}{F} \left\{ QI_3 - CFP \right\}$$

$$\text{अपर चतुर्थांश} = \text{सी}_1 + \frac{\text{वि}}{\text{बा}} \left\{ \text{अ. च}_3 - \text{सं}_{\text{उ}} \right\}$$

यहाँ अ. च_1 और अ. च_3 का प्रयोग अधर चतुर्थांक एवं अपर चतुर्थांक के लिए किया गया है। $\text{सं}_{\text{उ}}$ के अर्थ चतुर्थांक वाले संभाग के ऊपर वाले संभाग की संचयी बारम्बारता से है।

उदाहरण--चतुर्थांश प्रदर्शन

उम्र संभाग S (आ)	आवृत्ति F (बा)	संचयी आवृत्ति CF (सं)
१०–२०	४	४
२०–३०	८	१२
३०–४०	१५	२७
४०–५०	२०	४७
५०–६०	५	५२
६०–७०	३	५५

$$QI_1 = \left\{\frac{N+1}{4}\right\} = \left\{\frac{55+1}{4}\right\} = 14$$

$$\text{अधर चतुर्थांक} = \left\{\frac{\text{यो} + १}{४}\right\} = \left\{\frac{५५ + १}{४}\right\} = १४$$

$$\text{Lower Quartile} = L_1 + \frac{I}{F}(QI_1 - CF^P)$$

$$\text{अधर चतुर्थांश} = \text{सी}_1 + \frac{\text{वि}}{\text{बा.}}(\text{अ. च}_1 - \text{सं}_\text{उ})$$

$$= ३० + \frac{१०}{१५}(१४ - १२)$$

$$= ३०\cdot३३$$

$$QI_3 = 3\left\{\frac{N+1}{4}\right\} = 3\left\{\frac{55+1}{4}\right\} = 42$$

$$\text{अपर चतुर्थांक} = ३\left\{\frac{\text{यो}+१}{४}\right\} = ३\left\{\frac{५५ + १}{४}\right\} = ४२$$

$$\text{Upper Quartile} = L_1 + \frac{I}{F}(QI_3 - CF^P)$$

$$\text{अपर चतुर्थांश} = \text{सी}_1 + \frac{\text{वि}}{\text{बा}}(\text{अ.चं.}_3 - \text{सं}_\text{उ})$$

$$= ४० + \frac{१०}{२०}(४२ - २७)$$

$$= ४० + \frac{१५}{२} = ४७\cdot५$$

दशांश (Deciles)

यदि किसी समंकमाला को १० बराबर भागों में विभाजित किया जाय तो प्रत्येक विभाजन करने वाली संख्या को दशाँश कहा जायगा और उनकी संख्यायें न्यूनतम अंक की ओर से क्रमशः गिनी जायगी। दशांश मालूम करने के लिए निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग किया जाता है।

(अ) विच्छिन्न माला

$$DI_1 = \left\{\frac{N+1}{10}\right\}$$

$$\text{दशाँक}_1 = \left\{\frac{\text{यो} + १}{१०}\right\}$$

दशांश$_I$ = दशांक$_I$ की आकृति

$$DI_8 = 8\left\{\frac{N+1}{10}\right\}$$

$$\text{दशांक}_8 = ८\left\{\frac{\text{यो} + १}{१०}\right\}$$

दशांश$_8$ = दशांक$_8$ की आकृति

(ब) अविच्छन्न माला

$$DI_I = \left\{\frac{N+1}{10}\right\}$$

$$\text{दशांक}_I = \left\{\frac{\text{यो} + १}{१०}\right\}$$

$$DI_8 = 8\left\{\frac{N+1}{10}\right\}$$

$$\text{दशांक}_8 = ८\left\{\frac{\text{यो} + १}{१०}\right\}$$

$$\text{Decile}_I = L_I + \frac{I}{F}\ (DI_I - CF^P)$$

$$\text{Decile}_8 = L_I + \frac{I}{F}\ (DI_8 - CF^P)$$

$$\text{दशांश}_I = \text{सी}_I + \frac{\text{वि}}{\text{बा}}\ (\text{द}_I - \text{सं}_{\text{उ}})$$

$$\text{दशांश}_8 = \text{सी}_I + \frac{\text{वि}}{\text{बा}}\ (\text{द}_8 - \text{सं}_{\text{उ}})$$

उदाहरण—दशांश प्रदर्शन

उम्र संभाग (S) आ	आवृत्ति (F) बा	संचयी आवृत्ति (CF) सं
१०—२०	४	४
२०—३०	८	१२
३०—४०	१५	२७
४०—५०	२०	४७
५०—६०	५	५२
६०—७०	३	५५

$$DI_1 = \left\{\frac{N+1}{10}\right\} = \left\{\frac{55+1}{10}\right\} = 5{\cdot}6$$

$$द_1 = \left\{\frac{यो + १}{१०}\right\} = \left\{\frac{५५ + १}{१०}\right\} = ५{\cdot}६$$

$$Decile_1 = L_1 + \frac{I}{F}(D\,I_1 - CF^P)$$

$$दशांश_1 = सी_1 + \frac{वि}{बा}(द_1 - सं_{उ})$$

$$= २० + \frac{१०}{८}(५{\cdot}६ - ४) = २२$$

$$DI_8 = 8\left\{\frac{N+1}{10}\right\} = 8\left\{\frac{55+1}{10}\right\} = 44{\cdot}8$$

$$द_8 = ८\left\{\frac{यो + १}{१०}\right\} = ८\left\{\frac{५५ + १}{१०}\right\} = ४४{\cdot}८$$

$$दशांश_8 = सी_1 + \frac{वि}{बा}(द_8 - सं_{उ})$$

$$= ४० + \frac{१०}{२०}(४४{\cdot}८ - २७)$$

$$= ४८{\cdot}९$$

शताँश (Percentiles)

यदि किसी भी समंकमाला को सौ बराबर भागों में विभाजित किया जाय तो प्रत्येक विभाजन करने वाली संख्या को शताँश कहते हैं और उनकी संख्यायें न्यूनतम अंक से क्रमशः गिनी जायगी। शताँश निकालने के लिये निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग किया जाता है।

(अ) विच्छिन्नमाला

$$PI_1 = \left\{\frac{N+1}{100}\right\}$$

$$शतांक_1 = \left\{\frac{यो + १}{१००}\right\}$$

$$शताँश_1 = शताँक_1 \text{ की आकृति}$$

$$PI_{60} = 60 \left(\frac{N+1}{100}\right)$$

$$श_{60} = ६० \left(\frac{यो + १}{१००}\right)$$

$$शतांश_{60} = शतांक_{60} \text{ की आकृति}$$

(ब) अविच्छिन्नमाला

$$PI_{I} = \left(\frac{N+1}{100}\right)$$

$$शतांश_{I} = \left(\frac{यो + १}{१००}\right)$$

$$Percentile_{I} = L_{I} + \frac{I}{F}(PI_{I} - CF^{P})$$

$$शतांश_{I} = सी_{I} + \frac{वि}{बा}(श_{I} - सं_{उ})$$

$$PI_{60} = 60 \left(\frac{N+1}{60}\right)$$

$$श_{६०} = ६० \left(\frac{यो + १}{१००}\right)$$

$$Percentile_{60} = L_{I} + \frac{I}{F}(PI_{60} - CF^{P})$$

$$शतांश_{६०} = सी_{I} + \frac{वि}{बा}(श_{६०} - सं_{उ})$$

स्थानिक मूल्यों के लक्षण एवं गुण

उपरोक्त चतुर्थांश, दशांश और शतांश इत्यादि सभी स्थानिक मूल्य (Positional values) के नाम से पुकारे जाते हैं, क्योंकि वे समंकमाला में किसी निश्चित स्थान पर अवस्थित होने के कारण ही अपने नामों से पुकारे जाते हैं। इन स्थानिक मूल्यों के निम्नलिखित लक्षण और गुण हैं।

(१) ये कोई ऐसी प्रतिनिधि संख्यायें नहीं हैं जो किसी भी समंकमाला के सभी समंकों की केन्द्रीय प्रवृत्ति को स्पष्ट कर सकें।

(२) इनको हम प्रथम घातीय माध्य (Averages of the First Order) नहीं कह सकते क्योंकि ये सम्पूर्ण समंकमाला पर आधारित न होकर उसके किसी भाग पर आधारित होते हैं।

(३) मध्यका के समान इन स्थानिक मूल्यों को भी सूत्रों और बिन्दुरेखीय विधि द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है।

(४) यदि किसी समंकमाला के किसी विशिष्ट भाग के सम्बन्ध में अध्ययन करना अभीष्ट हो तो ये सबसे अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं।

मध्यक (Mean)

मध्यक या गणित माध्य को मालूम करने के लिये किसी भी समंकमाला की सम्पूर्ण आकृतियों के योग को उनकी संख्या से भाग देना होता है, इसे साधारण रूप से 'औसत' कहा जाता है और प्राय: जब 'औसत' शब्द का प्रयोग किया जाता है तो उसका अर्थ इसी माध्य से होता है। यह सबसे सरल और सुगम माध्य है जिसका प्रयोग प्रायः न केवल किसी भी समग्र के समंकों की केन्द्रीय प्रवृत्ति को समझाने के लिये ही किया जाता है वरन् इसके आधार पर विभिन्न प्रकार के विचलन गुणक (Coefficients of Dispersion) बनाये जाते हैं। मध्यक निकालने की दो रीतियाँ हैं (अ) ऋजु रीति (Direct Method) या लघु रीति (Short-cut Method)।

ऋजु रीति (Direct Method)

इस रीति के अनुसार सभी आकृतियों को जोड़कर संयोगित आकृति को समग्र के समंकों की संख्या से भाग दे दिया जाता है और भजनफल को मध्यक कहते हैं। संमकमाला की समस्त आकृतियों के जोड़ को लिखने में प्राय: यूनानी वर्णाक्षर Σ (Sigma) का प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ होता है—कुलयोग। मध्यक निकालनें में निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है—

$$\text{Mean} = \frac{\Sigma S}{N} \qquad \text{मध्यक} = \frac{\Sigma \text{ आ}}{\text{यो}}$$

यदि किसी विच्छिन्न माला में मध्यक मालूम करना हो तो (यो) सभी बारम्बारताओं या आवृत्ति के जोड़ के बराबर होगा और आकृतियों का योग मालूम करने के लिये प्रत्येक आकृति को उसकी आवृत्ति से गुणा करना पड़ेगा क्योंकि ऐसी माला में समान आकृतियों को बार बार न लिख कर केवल उनकी बारम्बारता ही लिख दी जाती है। इसलिये मध्यक निकालने में निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जायगा, जिसमें (Σ आ० बा०) का अर्थ सभी आकृतियों और उनकी बारम्बारताओं के गुणनफलों का योग होता है।

उदाहरण १—मध्यक प्रदर्शन

क्रमांक	आकृति (S आ)	क्रमांक	आकृति (S आ)	क्रमांक	आकृति (S आ)
१	१००	६	८०	११	५०
२	१००	७	७५	१२	४५
३	९०	८	७५	१३	४०
४	९०	९	६०	१४	३५
५	९०	१०	५०	१५	३५
				कुल संख्या यो = १५	संचयी आकृति Σ आ=१०१५

$$\text{Mean} = \frac{\Sigma S}{N} \qquad \text{मध्यक} = \frac{\Sigma \text{ आ}}{\text{यो}} \qquad = \frac{१०१५}{१५} = ६७\cdot९$$

उदाहरण २—मध्यक प्रदर्शन—विच्छिन्न माला

आकृति S (आ)	आवृत्ति F (बा)	आ. बा. (S. F.)
१५	४	६०
१६	६	९६
१७	१०	१७०
१८	२	३६
१९	९	१७१
२०	३	६०
२१	५	१०५
२२	७	१५४
२३	२	४६
२४	३	७२
२५	२	५०
	यो=५३	Σ आ. बा. = १०२०

$$\text{Mean} = \frac{\Sigma \text{ S. F.}}{\text{N}} \qquad \text{मध्यक} = \frac{\Sigma \text{ आ. बा.}}{\text{यो}} = \frac{१०२०}{५३} = १९\cdot२$$

जब अविच्छिन्न समंकमाला में मध्यक मालूम करना अभीष्ट हो तो सभी संभागान्तरों के मध्य बिन्दुओं (Middle Points) मालूम करके उसे साधारण विच्छिन्नमाला में परिवर्तित कर लेना चाहिये और फिर मध्यबिन्दुओं को आकृति मान कर उनसे उनकी बारम्बारताओं का गुणा करके गुणनफलों के कुल योग को बारम्बारताओं के योग से भाग देना चाहिये। इस प्रकार अविच्छिन्न माला में मध्यक प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जायगा जिसमें (Σ म. बा.) का अर्थ सभी मध्यबिन्दुओं और उनकी आवृत्ति के गुणनफलों का योग है।

$$\text{Mean} = \frac{\Sigma \text{ M. F.}}{\text{N}} \qquad \text{मध्यक} = \frac{\Sigma \text{ म. बा.}}{\text{यो}}$$

उदाहरण ३—मध्यक प्रदर्शन—अविच्छिन्न माला

उम्र संभाग S (आ)	मध्य बिन्दु M. (म.)	आवृत्ति F (बा.)	मध्य बिन्दु × आवृत्ति (M × F) म. बा.
१०–२०	१५	४	६०
२०–३०	२५	८	२००
३०–४०	३५	१५	५२५
४०–५०	४५	२०	९००
५०–६०	५५	५	२७५
६०–७०	६५	३	१९५
		यो = ५५	Σ म. बा. = २१५५

$$\text{Mean} = \frac{\Sigma \text{ M. F.}}{\text{N}} \qquad \text{मध्यक} = \frac{\Sigma \text{ म.बा.}}{\text{यो}}$$

$$= \frac{२१५५}{५५} = ३९\cdot२$$

लघुरीति (Short-cut Method)

यदि किसी समंकमाला में बड़े अंक अधिक हों तो लघुरीति के प्रयोग से क्रिया अधिक सरल और संक्षिप्त हो जाती है और मध्यक मालूम करने में समय भी कम लगता है। इस रीति का विवरण निम्नलिखित है:—

(१) समंकमाला की किसी भी समंक की आकृति को मध्यक मान लो।

(२) इस माने हुये मध्यक से सभी आकृतियों के विचलन (Deviation) मालूम करो जोकि दोनों ही दिशाओं में (+) और (—) होंगे।

(३) इन (+) और (—) विचलनों को जिन्हें अपकिरण भी कहते हैं उनके समंकों की आवृत्तियों से गुणा करो और इन गुणनफलों का कुल योग मालूम करके उसे समंकों की आवृत्ति के कुल योग से भाग दो।

(४) यदि उपरोक्त गुणक को माने हुये माध्य में जोड़ दिया जाय तो हमें यथार्थ मध्यक मालूम हो जायगा।

(५) इस रीति को हम निम्नलिखित सूत्र के रूप में रख सकते हैं, जिसमें (य) माना हुआ मध्यक है, और (Σ वि$_{य}$ बा.) का अर्थ कल्पित माध्य से विभिन्न आकृतियों के अनुलोम (+) और विलोम (—) अपकिरण या विचलन और उनकी आवृत्तियों के गुणनफल का योग है।

$$\text{Mean} = X + \frac{\Sigma Fd_X}{N} \qquad \text{मध्यक} = \text{य} + \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}}$$

उदाहरण—४.

आकृति S (आ)	आवृत्ति F (बा)	आकृतियों का य से अपकिरण (Fd_X वि$_{य}$ बा.)	वि$_{य}$ × बा
११५	४	+३	+१२
१०५	८	—७	—५६
य ११२×	३	०	०
१०६	२	—६	—१२
११७	१	+५	+ ५
१२०	५	+८	+४०
	यो = २३		Σ वि$_{य}$ बा. =—११

$$\text{Mean} = X + \frac{\Sigma Fd_X}{N}$$

$$\text{मध्यक} = \text{य} + \frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}.}{\text{यो}}$$

$$= ११२ + \left\{\frac{-११}{२३}\right\} = ११२ - \cdot४७८ = १११\cdot५२२$$

यदि अविच्छिन्न माला में मध्यक निकालना अभीष्ट हो तो कल्पित माध्य चुनने से पहिले समंकमाला को एक विच्छिन्न माला में संभागों के मध्य-बिन्दु मालूम करके परिवर्तित कर लेना चाहिए। इन मध्य-बिन्दुओं में से किसी एक को कल्पित माध्य मान कर उससे विभिन्न मध्य-बिन्दुओं का अपकिरण निकाल लेना चाहिए और अनुलोम एवं विलोम अपकिरणों को उनकी आवृत्तियों से गुणा करके गुणनफलों का योग जान कर ऐसे योग को कुल आवृत्तियों के योग से भाग दे देना चाहिए। तत्पश्चात् यथार्थ मध्यक निकालने के लिए इस गुणक को (य) में जोड़ देना चाहिए।

उदाहरण—५.

आकृति S (आ)	मध्य-बिन्दु M (म)	आवृत्ति F (बा)	अपकिरण (म–य) d_x वि$_{\text{य}}$	वि$_{\text{य}}$ × बा $d_x \times F$
०–१०	५	६	—२०	—१२०
१०–२०	१५	८	—१०	— ८०
२०–३०	य २५x	१५	०	०
३०–४०	३५	२	+ १०	+ २०
४०–५०	४५	५	+ २०	+१००
५०–६०	५५	२	+ ३०	+ ६०
६०–७०	६५	७	+ ४०	+२८०
		यो = ४५		Σ वि$_{\text{य}}$ बा = २६०

$$\text{Mean} = x + \frac{\sum Fd_x}{N}$$

$$\text{मध्यक} = \text{य} + \frac{\sum \text{वि}_{\text{य}} \text{बा.}}{\text{यो}}$$

$$= २५ + \frac{२६०}{४५} = २५ + ५{\cdot}८$$

$$= ३०{\cdot}७७$$

यदि मध्यक निकालने की क्रिया को आसान बनाना हो तो (य) को समंकमाला के बीच में ही चुनना चाहिए। यदि (य) के दोनों ओर अनुलोम और विलोम अपकिरणों का योग शून्य के बराबर हो तो हमें यह मान लेना पड़ेगा कि (य) ही यथार्थ मध्यक है और यदि यथार्थ मध्यक और कल्पित माध्य में कुछ अन्तर होगा तो वह $\left\{ \frac{\sum \text{वि}_{\text{य}} \text{बा.}}{\text{यो}} \right\}$ के बराबर होगा। सूत्रानुसार,

$$\text{मध्यक} = \text{य} + \frac{\sum \text{वि}_{\text{य}} \text{बा.}}{\text{यो}}$$

$$\therefore \text{मध्यक} - \text{य} = \frac{\sum \text{वि}_{\text{य}} \text{बा.}}{\text{यो}}$$

मध्यक के गुण

(१) मध्यक निकालने की विधि सरल और क्रिया अति आसान है।

(२) यह आसानी से समझ में आ जाता है और किसी गणित के विशेष ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती।

(३) भूयिष्ठक और मध्यका के प्रतिकूल ये सभी आकृतियों और उनकी बारम्बारताओं को समान महत्व प्रदान करता है और इस कारण ये समंकमाला के उच्चतम और लघुतम आकृतियों को महत्व देने में उपयोगी सिद्ध होता है।

(४) मध्यका के प्रतिकूल इसे निकालने के लिए समंकमाला को किसी विशिष्ट क्रम के अनुसार विन्यास करने की आवश्यकता नहीं होती।

(५) इसके द्वारा प्राप्त किया गया निष्कर्ष अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होता है क्योंकि इसके द्वारा समंकमाला के समंकों की विषमतायें दूसरी ओर होने वाली समताओं के द्वारा संतुलित हो जाती हैं।

(६) इसे अंकगणित और बीजगणित की रीतियों की सहायता से और भी अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।

(७) यदि समंकों की संख्या और मध्यक मालूम हो तो दोनों को परस्पर गुणा करके समग्र की कुल आकृतियों का योग मालूम किया जा सकता है।

(८) ये एक अत्यन्त निश्चित और स्पष्ट माध्य है।

मध्यक के दोष

(१) इसे हम मध्यका और भूयिष्ठक के समान केवल निरीक्षण द्वारा नहीं जान सकते जब तक कि समंकमाला अत्यन्त सरल और छोटी न हो।

(२) इसे भूयिष्ठक और मध्यका के समान बिन्दुरेखा के द्वारा नहीं निकाला जा सकता है।

(३) यदि उच्चतम और लघुतम आकृतियाँ न मालूम हों किसी भी समंकमाला का मध्यक नहीं मालूम किया जा सकता यद्यपि मध्यका और भूयिष्ठक निकाले जा सकते हैं यदि केवल उनकी बारम्बारता दी गई हो।

(४) प्रायः ऐसा होता है कि मध्यक पूर्णांक नहीं पाया जाता और ऐसी अवस्था में समग्र में उसके बराबर के समंक नहीं पाये जाते। ऐसी दशा में यह केवल एक विवरणात्मक माध्य ही रह जाता है और समग्र का प्रतिनिधित्व नहीं करता।

(५) यदि समंकमाला के सभी समंकों का उपयोग मध्यक निकालने में किया जाय तो उसके द्वारा हम कुछ भी नहीं समझ सकेंगे और यदि मध्यक के निकलने में एक भी संख्या छोड़ दी जाय तो इसकी यथार्थता पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है।

(६) यदि इस माध्य के साथ ही साथ समंक न दिये जायँ तो इसके द्वारा कभी कभी भ्रमात्मक निष्कर्ष निकल सकते हैं। उदाहरणार्थ, दो मजदूरों की एक सप्ताह के प्रत्येक दिन की मजदूरी नीचे दी गई है।

राम	श्याम
६)	४)
६)	५)
६)	४)
५)	५)
४)	६)
३)	६)
३०)	३०)

दोनों ही मजदूर ३०) सप्ताह में कमाते हैं और इस प्रकार उनकी प्रतिदिन की औसत मजदूरी ५) होती है। यद्यपि दोनों ही व्यक्ति सप्ताह में ३०) और प्रतिदिन ५) कमाते हैं फिर भी उनके आय क्रम में अन्तर है जोकि मध्यक समझाने में सर्वथा असमर्थ है।

मध्यक के प्रयोग

मध्यक एक बहुत सरल प्रकार का माध्य होने के नाते शीघ्रता से समझ में आ जाता है। इस माध्य के द्वारा व्यवसायिक समंकों के विश्लेषण में अत्यन्त सहायता मिलती है परन्तु इसके प्रयोग करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि कोई एक आध बहुत बड़ी या बहुत छोटी संख्या छूट तो नहीं गई है क्योंकि कोई एक ही बहुत बड़ी या छोटी संख्या मध्यक को गलत कर सकती है।

भारित मध्यक (Weighted Average)

साधारण मध्यक निकालने में समंकमाला के प्रत्येक अंक को बराबर महत्व दिया जाता है और यह मान कर चला जाता है कि प्रत्येक संभाग में एक ही प्रकार का और समान अंक-वंटन (Distribution of items) है। परन्तु कोई भी व्यक्ति इस तथ्य को भूल नहीं सकता है कि प्रत्येक समग्र में विभिन्न अंकों का भिन्न भिन्न महत्व होता है। यदि किसी समग्र में अंकों के महत्व में परस्पर भेद हो तो मध्यक निकालने से पहिले विभिन्न

समंकों का उनके अपेक्षाकृत महत्व (Relative importance) के अनुसार भार-वंटन (Weighting) किया जाता है और इसके पश्चात् मालूम किये गये मध्यक को भारित मध्यक (Weighted Average) कहते हैं।

यदि किसी एक व्यवसाय में १००० मजदूर काम करते हैं जिन्हें अपनी योग्यता के अनुसार मजदूरी मिलती है। उदाहरणार्थ, २०० होशियार मजदूरों को १०) प्रति सप्ताह, ५०० साधारण होशियार मजदूर को ८) प्रति सप्ताह और ३०० अति साधारण को ३) प्रति सप्ताह मिलते हैं तो देखने से ऐसा मालूम होता है कि प्रति मजदूर की औसत मजदूरी $\left\{ \frac{१०+८+३}{३} \right\}$ = ७) है और प्रति सप्ताह व्यवसायघर को ७०००) देने पड़ते हैं। परन्तु वास्तव में व्यवसायघर को (२०० × १०) + (५०० × ८) + (३०० × ३) = ६९००) देने पड़ते हैं। अब यदि हम वास्तव में औसत निकलना चाहते हैं तो साधारण मध्यक से काम नहीं चलेगा जो ७) प्रति व्यक्ति है और भारित मध्यक निम्नांकित विधि से निकाला जायगा।

$$\text{भारित मध्यक} = \left\{ \frac{(२००\times१०) + (५००\times८) + (३००\times३)}{१०००} \right\}$$

$$= ६।।।=)५$$

इस प्रकार हम देखते हैं कि भारित मध्यक एक ऐसा माध्य है जिसमें समंकों को समग्र में उनके अपेक्षाकृत महत्व की ओर संकेत करने वाली संख्याओं से गुणा किया जाता है और उनके गुणनफलों को जोड़ कर कुल समंकों की संख्या से भाग दे दिया जाता है। भार (Weight) एक ऐसी वास्तविक या अविहित संख्या है जो किसी भी समंक की समग्र में महत्व स्पष्ट करती है। भार के सम्बन्ध में दो विचारधारा हैं। कुछ संख्याशास्त्रियों का मत है कि भार और आवृत्ति में कोई अन्तर नहीं क्योंकि किसी भी समंक की आवृत्ति यह समझाती है कि किसी समग्र में अन्य समंकों की अपेक्षाकृत उस समंक की कितने बार अभ्यावृत्ति (Repetition) हुई है। कुछ अन्य संख्याशास्त्रियों का इस विचार से मतभेद है और वे आवृत्ति और भार को बिलकुल विभिन्न मानते हैं। उनका कहना है कि आवृत्ति समग्र

के वास्ताविक स्वरूप को स्पष्ट करती है। परन्तु विभिन्न समंकों का महत्व नहीं समझा पाती। उदाहरणार्थ, किसी भी आफिस में यदि चार चपरासी काम करते हैं तो चपरासो की आवृत्ति चार हुई और वह केवल इतना बतला सकती है कि अन्य पदाधिकारियों की अपेक्षा चपरासियों की कितनी संख्या है। परन्तु आवृत्ति यह समझाने में सर्वथा असमर्थ है कि वे चार चपरासी केवल दो चपरासियों का काम करते हैं या छः व्यक्तियों के बराबर का श्रम करते हैं। यदि वे चपरासी ६ व्यक्तियों के बराबर काम करते हैं तो उनका भार ६ होगा, यद्यपि आवृत्ति केवल ४ हैं। इस प्रकार दूसरे मत के अनुसार भार एक ऐसी संख्या है जो समंकों का महत्व स्पष्ट करती है परन्तु जो समग्र की आन्तरिक परिस्थिति से प्रभावित न होकर किसी वाह्य कारण पर आधारित होती है।

भारित मध्यक का प्रयोग निम्नलिखित दशाओं में करना उपयोगी होता है:—

(१) जब किसी समग्र के विभिन्न संभागों की आवृत्तियों में बहुत अधिक अन्तर हो कि क्योंकि इस प्रकार का अंतर परस्पर बहुत अधिक अपकिरण का द्योतक है। उदाहरणार्थ, यदि किसी फैक्टरी में विभिन्न योग्यता के व्यक्ति काम करते हैं तो उनकी औसत आय निकालने के लिये भारित मध्यक का प्रयोग करना आवश्यक होगा।

(२) जब आवृत्ति का अनुपात प्रति संभाग बदलता जाय तो भारित मध्यक भी बदलता जायगा। इस प्रकार यदि अतिकुशल, कुशल और अकुशल मजदूरों का अनुपात किसी फैक्टरी में २, ४ और ६ हो जो बदल जाये और यदि साथ ही साथ कुल व्यय भी बढ़ा हो तो भारित मध्यक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि कुल व्यय बढ़ा न हो तो एक नया भारित मध्यक निकालना पड़ेगा और ऐसी दशाओं में एक साधारण मध्यक बेकार सिद्ध होगा।

(३) यदि विभिन्न श्रेणियों के प्रतिशतों की तुलना करना अभीष्ट हो तो भारित मध्यक ऐसी संख्याओं की केन्द्रीय प्रवृत्ति को एक साधारण मध्यक की अपेक्षा अधिक आसानी से समझा सकेगा। उदाहरणार्थ, नीचे की तालिका में तीन विश्वविद्यालयों की विभिन्न परीक्षाओं के प्रतिशत परीक्षाफल दिये हुये हैं और यह जानना अभीष्ट है कि कौन सा विश्व-विद्यालय सर्वोत्तम है।

परीक्षा	प्रतिशत	परीक्षा	फल
		विश्वविद्यालय	
	अ	ब	स
एम० ए०	८०	७५	७०
एम० एस० सी०	७०	७०	६०
बी० ए०	६५	८०	७०
बी० एस० सी०	६०	७५	८०
बी० काम०	७५	६०	७५

उपरोक्त तालिका में यह नहीं दिया गया है कि विभिन्न परीक्षाओं के प्रतिशत परीक्षाफलों के भार क्या हैं अर्थात् प्रत्येक परीक्षा में कितने विद्यार्थी सम्मिलित हुये थे। हो सकता है कि जिसमें ८० प्रतिशत परीक्षा फल रहा हो केवल १० ही विद्यार्थी बैठे हों और जिसमें ६० प्रतिशत परीक्षा फल रहा उसमें ३० ही विद्यार्थी बैठे हों। बड़ी भारी समस्या खड़ी हो जाती है कि किस विश्वविद्यालय को उत्तम कहा जाय। इस समस्या का निवारण केवल भारित मध्यक ही कर सकता है। भार यदि विदित न हो तो अविहित (Estimated) भारों का प्रयोग करना चाहिये।

भारित मध्यक के उपयोग

भारित मध्यक में वही गुण दोष हैं जो एक साधारण मध्यक में पाये जाते हैं। एक साधारण मध्यक के समान ही ये भी समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को दिग्दर्शित करता है परन्तु उसकी अपेक्षा कुछ विशेष परिस्थितियों में यह अधिक उपयोगी सिद्ध होता है जिनका कि विवरण दिया जा चुका है। भारित मध्यक का विशेष प्रयोग जन्म-मृत्यु की दरें (Rates) निकालने में किया जाता है।

जन्म-मृत्यु की दरें

जन्म और मृत्यु की दरें प्रायः प्रति सहस्र निकाली जाती हैं। जीवन या मृत्य की दर निकालने के लिये विभिन्न उम्र संभागों के व्यक्तियों की जन्म या मृत्यु प्रति सहस्त्र मालूम कर ली जाती हैं और फिर इन प्रति सहस्त्र दरों की आकृति (Size) मान कर और उन संभागों के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों की संख्याओं को भार (Weight) मान कर एक भारित मध्यक निकाल लिया जाता है जिसे हम सामान्य जन्म या मृत्यु दर (General Birth or Death Rates) कहते हैं।

उदाहरण—मृत्यु–दर

उम्र संभाग	स्थानिक जनसंख्या नगर (अ)			आदर्श जनसंख्या नगर (ब)		
वर्ष	जनसंख्या	मृत्यु	मृत्यु–दर प्रति सहस्त्र	जनसंख्या	मृत्यु	मृत्यु दर प्रति सहस्त्र
१० से नीचे	२०,०००	६००	३०	१२,०००	३६२	३१
१०–२०	१२,०००	२४०	२०	३०,०००	६६०	२२
२०–४०	५०,०००	१२५०	२५	६२,०००	१६१२	२६
४०–६०	३०,०००	१०५०	३५	१५,०००	५२५	३५
६० से ऊपर	१०,०००	५००	५०	३,०००	१८०	६०
	१,२२,०००		२९.९	१,२२,०००		२६.६

(अ) नगर की सामान्य मृत्यु–दर

$$= \frac{१}{१,२२,०००} \times (२०,००० \times ३०) + (१२,००० + २०) + (५०,००० \times २५) + (३०,००० + ३५) + (१०,००० \times ५०) = २९.९$$

(ब) नगर की सामान्य मृत्यु-दर

$$= \frac{१}{१,२२,०००} \times (१२,००० + ३१) + (३०,००० + २) + (६२,००० \times २६) + (१५,००० \times ३५) + (३,००० \times ६०) = २६\cdot६$$

दोनों ही नगरों की सामान्य मृत्यु दरों की तुलना से यह मालूम देता है कि (ब) नगर (अ) नगर की अपेक्षा अधिक स्वस्थ है परन्तु कभी कभी ऐसा हो सकता है कि दोनों ही नगरों की मृत्यु दरें बराबर हों फिर भी कुछ कारणों से यह न कहा जा सके कि उनमें से किस नगर की जनसंख्या

अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ है उदाहरणार्थ, ऐसा हो सकता है कि बराबर मृत्यु दरों वाले नगरों में उम्र के अनुसार जनसंख्या का विभाजन विभिन्न हो और यदि एक में बाल मृत्यु दर अधिक हो तो दूसरे में कम। इसी प्रकार किसी भी नगर में मिल इत्यादि होने के कारण अथवा असंतुलित भोजन, डाक्टरी सहायता की असुविधा और बस्तियों के कारण युवा-मृत्यु दर अधिक हो सकती है। इन कारणों को ध्यान में रखते हुए यदि हम तुलना करना चाहें तो हमें निम्नलिखित पद्धति का प्रयोग करना होगा।

किसी भी एक नगर के उम्र संभागों और उनकी जन-संख्याओं को दूसरे नगर के लिये आदर्श मान लिया जाय। ऐसी दशा में यदि (ब) नगर आदर्श है तो (अ) नगर को स्थानिक कहा जायगा। स्थानिक नगर की मृत्यु दर के लिये आदर्श नगर के उम्र संभागों की जनसंख्या को भार (Weights) मान कर एक भारित मध्यक निकालना होगा। यह भारित मध्यक स्थानिक नगर की आदर्शित मृत्यु दर (Standardised death rate) है। इस प्रकार आदर्शित मृत्यु-दर किसी भी नगर की विभिन्न उम्र संभागों की मृत्यु-दरों को आदर्श नगर की परिस्थितियों में रख देती है। जिस प्रकार हम यदि कपड़े के दो टुकड़ों की तुलना करना चाहें तो तुलना कभी यथार्थ न होगी यदि वे दोनों ही टुकड़े एक ही माप दण्ड से न नापे जाँय। इसी प्रकार यदि दो नगरों की मृत्यु-दरों की तुलना करनी हो तो यह आवश्यक है कि दोनों ही नगरों की परिस्थिति समान मान ली जाय। इस लिये यदि स्थानिक और आदर्श नगर की सामान्य मृत्यु-दरों की तुलना की जाय तो निष्कर्ष गलत होगा। ऐसी दशा में आदर्श नगर की सामान्य मृत्यु-दर और स्थानिक नगर की आदर्शित मृत्यु-दर की तुलना करना ही उचित होगा उपरोक्त उदाहरण में (ब) नगर को आदर्श मान लिया गया है। इसलिए (अ) नगर की आदर्शित मृत्यु-दर निकालने के लिये (अ) नगर की प्रति सहस्र मृत्यु-दर को आकृत्ति मान कर (ब) नगर की तत्संवादी (Corresponding) उम्र संभागों की जन संख्याओं से जिन्हें भार कहा जा सकता है, गुणा किया जायगा, और फिर इन सब गुणनफलों को जोड़ कर (ब) नगर की कुल जन संख्या से जिसे भार का योग कहा जा सकता है, भाग दे दिया जायगा।

(अ) नगर की आदर्शित मृत्यु-दर

$$= \frac{१}{१,२२,०००} \times \; (१२,००० \times ३०) + (३०,००० \times २०)$$
$$+ \; (६२,००० \times २५) \; + \; (१५,००० \; \times \; ३५)$$
$$+ \; (३,००० \; \times \; ५०) \; = \; २६.१$$

(अ) नगर की आदर्शित मृत्यु-दर और (ब) नगर की सामान्य मृत्यु-दर की तुलना से यह सिद्ध होता है कि यदि (अ) नगर को (ब) नगर की ही स्थिति में रख दिया जाय तो भी (अ) नगर (ब) नगर की अपेक्षा अस्वस्थ ही रहेगा। इसी पद्धति को हम विवाह-दर, जन्म–दर, बेकारी-दर इत्यादि मालूम करने में अपना सकते हैं।

वर्गकरणी माध्य (Quadratic Mean)

कभी कभी जब किसी समंकमाला के कुछ अंक अनुलोम और कुछ विलोम होते हैं तो मध्यक निकालने का साधारण ढंग काम नहीं देता और सभी अंकों को जोड़ कर उनकी संख्या से भाग दे देने पर एक बिल्कुल ही असंबद्ध संख्या प्राप्त होती है। ऐसी स्थिति में नीचे लिखे किसी भी एक ढंग का प्रयोग किया जा सकता है।

(१) सभी अंकों को जोड़ कर कुल संख्या से भाग दे दिया जाय, परन्तु यह आवश्यक है कि अंकों को जोड़ते समय अनुलोम और विलोम चिन्हों पर ध्यान न दिया जाय। इस रीति में एक बहुत बड़ा दोष यह है कि अर्थ रखने वाले गणित के (+) और (—) चिन्हों को बिल्कुल छोड़ दिया जाता है।

(२) समंकमाला के अनुलोम और विलोम सभी अंकों के वर्ग बना लिये जाँय और समस्त वर्गों को जोड़ कर उनकी संख्या से भाग देकर लब्धि का वर्गमूल निकाल लिया जाय। इस मध्यक को वर्गकरणी माध्य (Quadratic Average) कहते हैं इस पद्धति से (+) और (—) चिन्हों को महत्वहीन समझ कर छोड़ा नहीं जाता वरन् गणित की ही एक क्रिया (वर्ग निकालना) द्वारा दूर कर दिया जाता है। इस प्रकार इस माध्य का निम्नलिखित सूत्र होगा।

$$Q\ M. = \sqrt{\frac{a^2 + b^2 + c^2 \ldots\ldots n^2}{N}}$$

$$\text{वर्गकरणी माध्य} = \sqrt{\frac{\text{अ}^2 + \text{ब}^2 + \text{स}^2 \ldots\ldots \text{ज्ञ}^2}{\text{यो}}}$$

प्रतिनिधि और विवरणात्मक मध्यक

यद्यपि हम किसी भी समंक का मध्यक मालूम कर सकते हैं परन्तु यह कहना कठिन है कि वह मध्यक सम्पूर्ण समग्र का प्रतिनिधित्व करता है जब तक कि मध्यक आकृति स्वयं भी समग्र में न पाई जाय। यदि प्राप्त मध्यक समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को दिग्दर्शित करने के अतिरिक्त उसमें पाया भी जाय तो ऐसे मध्यक को प्रतिनिधि मध्यक (Typical Average) कहते हैं। यदि समग्र में अंक बहुत विषम हों या समंक अपूर्ण हों तो प्रतिनिधि मध्यक प्रायः नहीं पाया जाता और प्राप्त मध्यक को उसके केवल विवरणात्मक महत्व के कारण विवरणात्मक मध्यक कहते हैं।

व्यापारिक मध्यक

व्यापारिक मध्यक साधारण मध्यक के ही प्रयोग से बनते हैं और प्रायः तीन प्रकार के होते हैं— (अ) चल माध्य (Moving Average), (ब) प्रगामी माध्य (Progressive Average) और (स) संग्रथित माध्य (Composite Average)।

चलमाध्य साधारण मध्यक का ही एक रूप है जिसमें ऊपर वाली संख्याओं को एक एक करके क्रमशः छोड़ते जाते हैं और नीचे वाली संख्याओं को क्रमशः सम्मिलित करके माध्य निकालते हैं। इसे प्रायः किसी विषम अवधि जैसे तीन वर्ष, पाँच वर्ष, सात वर्ष, इत्यादि, के लिये मालूम करते हैं, जिससे प्राप्त माध्य को बीच के वर्ष के सामने रखा जा सके। यदि किसी व्यवसाय घर में त्रिवर्षीय चल-माध्य लिया जाय तो पहले तीन चल माध्य निम्नलिखित होंगे—

$$\frac{a+b+c}{3}, \qquad \frac{b+c+d}{3}, \qquad \frac{c+d+e}{3}$$

$$\frac{\text{अ}+\text{ब}+\text{स}}{\text{३}}, \qquad \frac{\text{ब}+\text{स}+\text{द}}{\text{३}}, \qquad \frac{\text{स}+\text{द}+\text{क}}{\text{३}}$$

चल माध्य का प्रयोग उसी समय किया जाता है जब अल्पकालीन उच्चावचन (Short Period fluctuations) को दूर करके अनियमित समंकमाला को नियमित बनाना होता है।

प्रगामी-माध्य एक संचयी मध्यक है जिसका प्रयोग किसी भी व्यवसाय के शैशव काल में किया जा सकता है। इसे निकालने में प्रत्येक बाद के वर्ष के लाभ को पिछले वर्षों के कुल लाभ में क्रमशः जोड़ कर मध्यक मालूम किया जाता है। इस प्रकार प्रारम्भ के कुछ वर्षों के प्रगामी माध्य निम्नलिखित होंगे :—

$$\frac{a+b}{2}, \quad \frac{a+b+c}{3}, \quad \frac{a+b+c+d}{4}$$

$$\frac{\text{अ}+\text{ब}}{\text{२}}, \quad \frac{\text{अ}+\text{ब}+\text{स}}{\text{३}}, \quad \frac{\text{अ}+\text{ब}+\text{स}+\text{द}}{\text{४}}$$

प्रायः प्रत्येक प्रगामी माध्य के सामने एक स्कंभ में प्रगति और अवनति दिखाने के लिये अंक लिख दिये जाते हैं जिससे लाभ के बढ़ने या घटने की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से ज्ञात होती रहे।

संग्रथित माध्य किसी भी व्यवस्था में समय समय पर लिखे गये मध्यकों का एक सम्मिलित मध्यक होता है। इस प्रकार यदि किसी व्यवसाय घर में विभिन्न मासिक मध्यक य_1, य_2, य_3, य_4, इत्यादि हैं, तो वर्ष भर का संग्रथित मध्यक निम्नलिखित होगा :—

$$\text{Composite Mean} = \frac{x_1+x_2+x_3+x_4+\ldots\ldots x_{12}}{N}$$

$$\text{संग्रथित मध्यक} = \frac{\text{य}_1+\text{य}_2+\text{य}_3+\text{य}_4\ldots\ldots\text{य}_{12}}{\text{१२}}$$

गुणोत्तर-माध्य

गुणोत्तर-माध्य (Geometric Mean) किन्हीं भी अनन्त अंकों के गुणनफलों के योग का अनन्त मूल (Nth root) होता है। इस प्रकार यदि तीन संख्यायें २, ४ और ८ हैं तो उनका गुणोत्तर माध्य $\sqrt[३]{२\times४\times८} = \sqrt[३]{६४} = ४$ होगा। इस प्रकार यदि य_1, य_2, $\text{य}_3\ldots\ldots\text{य}_{\text{अ}}$

विभिन्न संख्याओं के लिये प्रयोग किये जायँ तो गुणोत्तर माध्य निम्न-लिखित सूत्र से निकाला जायगा।

$$Gm = \sqrt[n]{a \times b \times c \times d \times e \ldots\ldots x^n}$$

$$\text{गुणोत्तर माध्य} = \sqrt[\text{अ}]{\text{य}_1 \times \text{य}_2 \times \text{य}_3 \times \text{य}_4 \cdots \text{य}_\text{अ}}$$

प्रायः वर्ग मूल या घनमूल तो मालूम किये जा सकते हैं परन्तु अनन्त संख्याओं के गुणनफलों का अनन्त मूल निकालना हो वहाँ साधारण गणित की क्रिया से काम नहीं चलता और छेदामाला (Logarithm Tables) का प्रयोग करना पड़ता है। छेदामाला के प्रयोग से गणित की कठिन क्रियायें आसान हो जाती हैं जैसे,

$$(a \times b) = \text{Anti log } (\log a + \log b)$$

$$(\text{अ} \times \text{ब}) = \text{अच्छेद } (\text{छेदा अ} + \text{छेदा ब})$$

$$\frac{a}{b} = \text{Anti log } (\log a - \log b)$$

$$\frac{\text{अ}}{\text{ब}} \text{ अच्छेद } (\text{छेदा अ} - \text{छेदा ब})$$

$$a^n = \text{Anti log } (n \log a)$$

$$\text{अ}^{\text{अ}} = \text{अच्छेद } (\text{अ छेदा अ})$$

$$\sqrt[n]{a} = \text{Anti log}\left(\frac{1}{n} \log a\right)$$

$$\sqrt[\text{अ}]{\text{अ}} = \text{अच्छेद}\left(\frac{१}{\text{अ}} \text{ छेदा अ}\right)$$

छेदा माला के प्रयोग से हम गुणोत्तर माध्य का निम्नलिखित सूत्र प्राप्त करते हैं:—

$$G. M. = \text{Anti log} \left\{ \frac{\log a + \log b + \log c + \ldots\ldots \log n}{n} \right\}$$

$$\text{गु. मा.} = \text{अच्छेद} \left\{ \frac{\text{छेदा य}_1 + \text{छेदा य}_2 + \text{छेदा य}_3 \ldots\ldots \text{छेदा य}_\text{अ}}{\text{अ}} \right\}$$

उदाहरण—गुणोत्तर माध्य

आकृति (Size)		छेदांक (Logarithms)
५९·६	$य_1$	१·७७५२
७१५·२	$य_2$	२·८५४३
१०·०	$य_3$	१·००००
११५·२	$य_4$	२·०६०७
२०·०	$य_5$	१·३०१०
७५·५	$य_6$	१·८७७९
२·५	$य_7$	·३९७९
अ = ७		११.२६७०

$$\text{गु. मा.} = \text{अच्छेद} \left\{ \frac{\text{छेदा } य_1 + \text{छेदा } य_2 + \text{छेदा } य_3 \ldots\ldots \text{छेदा } य_{अ}}{अ} \right\}$$

$$= \text{अच्छेद} \left\{ \frac{११·२६७०}{७} \right\}$$

$$= \text{अच्छेद } १·६$$

$$= ३९·८१$$

गुणोत्तर माध्य के लक्षण

(१) यदि समंक माला के सभी अंक बराबर न हों तो गुणोत्तर माध्य हमेशा साधारण मध्यक से छोटा होगा।

(२) ये मध्यक की अपेक्षा उच्चतम और न्यूनतम समंकों को बहुत कम महत्व देता है।

(३) इसे मालूम करने में बहुत काफी समय लगता है और इस कारण इसका प्रयोग बहुत कम किया जाता है।

(४) यदि सभी दिय हुए समंक अनुलोम (Positive) हों तो बिल्कुल यथार्थ गुणोत्तर माध्य निकाला जा सकता है।

(५) इसे कभी कभी छेदा मध्यक कहते हैं। क्योंकि इसे मालूम करने में प्राय: छेदा माला का प्रयोग करना पड़ता है।

गुणोत्तर-माध्य के गुण

(१) क्योंकि इसे निकालने में समग्र के सभी अंकों का प्रयोग किया जाता है। इसलिये ये समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को स्पष्ट करने में पूर्णतया समर्थ होता है।

(२) ये बड़े अंकों को कम और छोटे अंकों को अधिक महत्व देता है इसलिये यह मध्यक की अपेक्षा विषमताओं का अधिक सन्तुलन करता है।

(३) जनसंख्या, नौकरी या मृत्यु की वार्षिक दरों की तुलना करने में इसका विशेष उपयोग किया जाता है।

(४) इस पर बीजगणित की क्रिया के प्रयोग किये जा सकते हैं।

(५) मध्यक के समान गुणोत्तर माध्य से भी आकृतियों का कुल योग निकाला जा सकता है।

गुणोत्तर-माध्य के दोष

(१) गणित से अनभिज्ञ व्यक्तियों की गुणोत्तर माध्य कठिनाई से समझ में आता ह।

(२) यदि दिये हुये समंकों में से कोई एक समंक भी शून्य हो तो गुणोत्तर माध्य नहीं निकाला जा सकता क्योंकि कुल गुणनफल शून्य हो जायगा।

(३) इसे केवल निरीक्षण द्वारा नहीं मालूम किया जा सकता है।

(४) यह केवल केन्द्रीय प्रवृत्ति का दिग्दर्शन करा सकता है और एक प्रतिनिधि माध्य नहीं होता।

गुणोत्तर-माध्य के प्रयोग

गुणोत्तर माध्य का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध होता है:—

(१) जब किन्हीं दो संख्याओं के अन्तर की अपेक्षा उनके अनुपात पर अधिक महत्व देना हो।

(२) जब समान अनुपातिक परिवर्तनों को बराबर भार देना हो।

(३) जब छोटी संख्याओं को बड़ी संख्याओं की अपेक्षा अधिक महत्व देना हो।

(४) जब निर्देशांक (Index Nos.) बनाने हों।

(५) जब समंकमाला में अनुलोम विषमता (Positive Skewness) पाई जाय।

(६) जब परिवर्तनों की दरों का माध्य मालूम करना अभीष्ट हो।

हरात्मक मध्यक

हरात्मक मध्यक (Harmonic Mean) विभिन्न अंकों के व्युत्क्रमों (Reciprocals) के साधारण मध्यक का व्युत्क्रम (Reciprocal) होता है। किसी भी अंक का व्युत्क्रम उसकी संख्या को उसके हर के रूप में रखकर मालूम किया जा सकता है। अर्थात् (अ) का व्युत्क्रम($\frac{१}{अ}$)होगा और ($\frac{४}{५}$)का व्युत्क्रम($\frac{५}{४}$)होगा। यदि $य_1$, $य_2$, $य_3$, $य_4$......इत्यादि संख्याओं का हरात्मक मध्यक निकालना हो तो निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जायगा—

$$H.\ M. = \frac{N}{\frac{1}{a} + \frac{1}{b} + \frac{1}{c} \ldots\ldots\ldots\ldots \frac{1}{n}}$$

$$ह.\ म. = \frac{अ}{\frac{१}{य_1} + \frac{१}{य_2} + \frac{१}{य_3} \ldots\ldots\ldots\ldots \frac{१}{अ}}$$

जब अधिक बड़ी संख्यायें होती हैं तो क्रिया की सुविधा के लिये व्युत्क्रम माला का प्रयोग किया जाता है और ऐसी दशा में सूत्र में निम्नलिखित परिवर्तन हो जाता है।

$$ह.\ म. = व्युत्क्रम \left\{ \frac{\frac{१}{य_1} + \frac{१}{य_2} + \frac{१}{य_3} \ldots\ldots\ldots\ldots \frac{१}{य_{अ}}}{अ} \right\}$$

हरात्मक मध्यक निकालने में व्युत्क्रम माला से विभिन्न अंकों का व्युत्क्रम मालूम करके उनके जोड़ को अंकों की संख्या से भाग देकर प्राप्त लब्धि का व्युत्क्रम निकाल लिया जाता है।

हरात्मक मध्यक

आकृति (Size)	व्युत्क्रम (Reciprocals)
६·५	·१५३८
१६९·०	·००५९
११·०	·०९०९
११२·५	·००८९
१४·२	·०६९९
७५·५	·०१३३
३५·५	·०२८२
२१५·०	·००४७
अ = ८	·३७५६

$$\text{ह.म.} = \text{व्युत्क्रम} \left\{ \frac{\frac{१}{य_१} + \frac{१}{य_२} + \frac{१}{य_३} \cdots \frac{१}{य_{अ}}}{अ} \right\}$$

$$= \text{व्युत्क्रम} \left\{ \frac{·३७५६}{८} \right\}$$

$$= \text{व्युत्क्रम } ·४६९$$

$$= २·१३२$$

हरात्मक मध्यक के लक्षण

(१) यह बीजगणित की क्रियाओं के लिये उपयुक्त है।

(२) यह एक अप्रसिद्ध मध्यक है और इसे निकालने में काफी समय और श्रम लगता है।

(३) यह केवल समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति समझाता है और इसका स्वयं समग्र में पाया जाना शंकापूर्ण है।

(४) समय, दर या अन्य घटनाओं के नापने में इसका विशेष प्रयोग किया जाता है।

(५) यह छोटे अंकों को अधिक और बड़ों को कम महत्व देता है, इसलिये यह हमेशा ही साधारण गुणोत्तर माध्य से कम रहता है।

क्षीण मध्यक

भूयिष्ठक, मध्यका और मध्यक को उनकी सरलता, सुगमता और उपयोगिता के कारण अधिक महत्वशाली माध्य कहा जाता है। गुणोत्तर, और हरात्मक और वर्गकरणी माध्यों को क्षीण मध्यक (Minor Means) कहा जाता है, क्योंकि उनका प्रयोग बहुत कम किया जाता है और वे उसी समय अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं जबकि अनुपातों या परिवर्तनों को महत्व देना अभीष्ट हो।

माध्यों की सापेक्षिक स्थिति

प्रायः समग्र के विभिन्न समंकों में दो प्रकार का अंक-वंटन होता है— (अ) संमित अंक–वंटन (Symmetrical item–distribution) और (ब) असंमित अंक-वंटन (Asymmetrical item–distribution)। यदि समंकों का वंटन संमित हो और समंकमाला का यदि एक विन्दुरेखीय चित्र बनाया जाय तो प्रायः एक घंटी के समान गोल वक्र बनेगा। ऐसे वक्र को सामान्य वक्र (Normal Curve) भी कहते हैं, जिसके मुख्य लक्षण अगले अध्याय में विस्तारपूर्वक समझाये गये हैं। इस सामान्य वक्र के दो प्रमुख लक्षण हैं, जिनका सम्बन्ध माध्यों की सापेक्षिक स्थिति से है—(अ) इस सामान्य अंक-वंटन में भूयिष्ठक केवल एक ही होता है और भूयिष्ठक, मध्यका और मध्यक सभी की आकृति एक ही होती है। (ब) मध्यका से चतुर्थांश १ और चतुर्थांश ३ बराबर दूरी पर होते हैं।

यदि समग्र के अंक–वंटन में उपरोक्त गुण न पाये जाँय तो उसे असंमित वंटन कहते हैं। दूसरे शब्दों में हम यह सकते हैं कि यदि किसी समग्र में एक से अधिक भूयिष्ठक हों, भूयिष्ठक, मध्यका और मध्यक तीनों की आकृति बराबर न हो या चतुर्थांश १ और चतुर्थांश ३ मध्यका से बराबर दूरी पर

न हों तो उसका अंक-वंटन असंमित होगा ऐसे अंक-वंटन को विषम अंक-वंटन (Skewed Distribution) भी कहते हैं।

एक संमित वंटन में भूयिष्ठक, मध्यका और मध्यक एक होने चाहिये परन्तु विषम समंकमाला में वे एक नहीं होते और एक साधारण विषम समग्र में उनकी निम्नलिखित स्थिति होती है—

Mean—Mode = 3 (Mean—Median)

or Mode = Mean—3 (Mean—Median)

मध्यक—भूयिष्ठक = ३ (मध्यक—मध्यका)

या भूयिष्ठक = मध्यक—३ (मध्यक—मध्यका)

किसी भी विषम समग्र में प्राय: मध्यक गुणोत्तर माध्य से हरात्मक माध्य की अपेक्षा बड़ा होता है। सूत्रानुसार मध्यक > गुणोत्तर माध्य > हरात्मक माध्य। किसी संमित समग्र में ये सब बराबर होंगे।

यदि किसी भी समग्र के अंकों में समान्तर बृद्धि (Arithmetical-Progression) हो तो भूयिष्ठक और मध्यका गुणोत्तर माध्य की अपेक्षा मध्यक के अधिक समीप होंगे। इसके विपरीत यदि समग्र में अंकों का विचलन गुणोत्तर बृद्धि (Geometrical Progression) के अनुसार हो तो भूयिष्ठक और मध्यका मध्यक की अपेक्षा गुणोत्तर माध्य के अधिक समीप होंगे।

किसी भी समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को बतलाने के लिये भूयिष्ठक और मध्यका की अपेक्षा मध्यक अधिक उपयुक्त अकेली संख्या होती है। क्योंकि इसमें समग्र के छोटे बड़े सभी अंक सम्मिलित होते हैं। मध्यक में इस प्रकार विवरणात्मक उपयोगिता तो है परन्तु प्रतिनिधिकता नहीं यदि एक प्रतिनिधि माध्य की आवश्यकता हो तो हमें मध्यका या भूयिष्ठक को चुनना होगा। यदि उच्चतम और निम्नतम अंकों की अपेक्षा अधिकतम आकृति वाले अंक की आवश्यकता हो तो केवल भूयिष्ठक ही उपयोगी सिद्ध होगा।

माध्यों का चुनाव

विभिन्न प्रकार के माध्यों से प्रत्येक का चुनाव सांख्यिक (Statistician) के पूर्व निश्चित उद्देश्य पर निर्भर रहता है यदि उसे समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति का दिग्दर्शन कराना हो और उसे सर्वसाधारण के विचारार्थ न

रखना हो तो वह मध्यक निकालेगा । यदि जनसाधारण के लिए एक सुगम संख्या प्राप्त करना अभीष्ट हो जो केन्द्रीय प्रवृत्ति का करीब करीब दिग्दर्शन कराने के अतिरिक्त स्वयं भी समग्र में पाई जाय तो भूयिष्ठक या मध्यका निकालना आवश्यक होगा । यदि समग्र के सभी अंकों को समान महत्व देना हो तो मध्यक, यदि बड़े अंकों को कम और छोटों को अधिक महत्व देना हो तो गुणोत्तर या हरात्मक माध्य और यदि अकृतियों से आवृत्ति को अधिक महत्व देना हो तो मध्यका और यदि केवल सर्वाधिक आवृत्ति को महत्व देना हो तो भूयिष्ठक का प्रयोग करना चाहिए ।

माध्यों का चुनाव समग्र के अंक-वंटन पर भी निर्भर होता है । श्री० वाल्श महोदय के अनुसार माध्यों के प्रयोग में निम्नलिखित तथ्यों का ध्यान रखना चाहिए ।

(१) यदि किसी समंकमाला में उच्चतम और निम्नतम सीमाओं की निश्चित आकृतियाँ न दी हों तो साधारण मध्यक का प्रयोग करना चाहिए।

(२) जहाँ निम्न सीमा निश्चित हो परन्तु उच्च सीमा का कोई पता न हो । वहाँ गुणोत्तर माध्य का प्रयोग करना चाहिए ।

(३) जहाँ उच्च और निम्न सीमायें निश्चित हों और ऊपर के नियम न लागू होते हों तो भूयिष्ठक निकालना चाहिए । यदि वह मध्यक के अधिक निकट हो । परन्तु यदि भूयिष्ठक गुणोत्तर माध्य के अधिक समीप हो तो गुणोत्तर माध्य का प्रयोग करना चाहिए ।

यदि किसी समग्र के अंक-वंटन के स्वरूप का अध्ययन करना हो तो मध्यका और चतुर्थांश इत्यादि निकालना चाहिये । इसी प्रकार यदि समग्र के किसी विशेष अंग का अध्ययन करना हो तो विभिन्न स्थानिक मूल्यों (Positional values) का प्रयोग करना चाहिये । सेक्राइस्ट महोदय के कथनानुसार "माध्यों के कार्य एकदम स्पष्ट होने के कारण उनका उचित प्रयोग किया जाना चाहिए, और ऐसा करते समय उनके लक्षणों पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है ।"

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. What is a Statistical Average (सांख्यिकीय माध्य). How is it that different averages are taken for different purposes ?

Find out the average of (a) motion in the case of a person who rides the first mile @ 10 miles an hour, the next mile @ 8 miles an hour, and the third mile @ 6 miles an hour. (b) increase in population which in the first decade has increased 20%, in the next 25% and in the third 44%.

(*B. Com., Agra,* 1938).

[(a) Harmonic Mean (हरात्मक मध्यक) $=7\frac{31}{47}$
(b) Geometric Mean (गुणोत्तर मध्यक) $=29{\cdot}3$]

2. Compare Mean (मध्यक), Mode (भूयिष्ठक), Median (मध्यका) as averages representing groups. Explain with illustrations the particular circumstances, in which case each of them may be most advantageously used.

(*B. Com., Agra,* 1940).

3. What is the purpose served by an average ? Discuss the special advantages attached to the different averages and illustrate their uses ? (*B. Com., Agra,* 1942).

4. Define (a) Arithmetic average (मध्यक) (b) Geometric average (गुणोत्तर मध्यक) (c) Median (मध्यका) and (d) Mode, (भूयिष्ठक) which, of the three is the most representative and why ? (*M. Com., Agra,* 1945).

5. From the following Statements select any two which are correct and any three which are incorrect, in respect of each of such five statements selected by you. Give your comment explaining briefly why you consider the statement correct or incorrect :—

(i) The Median may be considered more typical than the Mean because the Median is not affected by the size of the extremes;

(ii) The Standard error (प्रमाप विभ्रम) of the Median is 0·6745 of the standard deviation (प्रमाप विचलन);

(iii) In a Frequency distribution (आवृत्ति वंटन) the true value of the Mode cannot be calculated exactly;

(iv) The Geometric mean cannot be used in the averaging of index numbers because it gives undue importance to small numbers;

(v) The base of any weighted index number (भारित निर्देशांक) cannot be shifted with accuracy without recalculating the entire series except when the average used is the Geometric mean;

(vi) The Harmonic Mean (हरात्मक मध्यक) of a series of fractions is the same as the Reciprocal (व्युत्क्रम) of the Arithmetic Mean of the series.

(*P.C.S.* 1948).

6. Below are given figures of production of wheat in a certain area during the 55 years in thousand tons :—

1.	14.20	12.	20.70	23.	17.80	34.	19.95	45.	44.50
2.	16.45	13.	28.95	24.	12.96	35.	11.35	46.	23.65
3.	12.25	14.	26.10	25.	31.90	36.	27.45	47.	6.35
4.	9.20	15.	15.10	26.	23.50	37.	30.65	48.	38.95
5.	42.50	16.	24.44	27.	16.65	38.	20.65	48.	19.50
6.	25.50	17.	22.25	28.	8.10	39.	13.65	50.	25.45
7.	20.85	18.	18.50	29.	13.10	40.	24.50	51.	34.60
8.	17.85	19.	10.15	30.	24.85	41.	29.10	52.	19.35
9.	3.95	20.	24.10	31.	32.50	42.	36.10	53.	37.50
10.	14.85	21.	33.50	32.	23.00	43.	15.85	54.	47.50
11.	21.32	22.	26.75	33.	21.95	44.	26.50	55.	29.90

(a) Find a frequency distribution with equal class-intervals of 5.00 thousand tons, beginning the first class with '000 thousand tons.

(b) From the frequency distribution, calculate the Arithmetic Mean, the Median and the Mode.

(c) Find Median from the ungrouped data.

(d) The Arithmetic Mean from the ungrouped data is 22·89 thousand tons. Can you explain why this differs from the Arithmetic Mean as calculated from the frequency distribution and under what conditions the two Arithmetic Means would be identical ?

(*P.C.S.*, 1948).

7. Write Short notes on :—

Frequency Distribution (अवृत्ति वंटन), Mode, Median, Mean, Geometric Mean, Harmonic Mean, Quadratic Mean (वर्गकरणी माध्य), Weighted Average, Standardised death rate (आदर्शित मृत्युदर), Discrete Series, Progressive average, (प्रगामी माध्य) Statistical unit, (सांख्यिकीय एकक), Moving average, (चल माध्य).

8. Statistics help collective agreement of wage adjustments. What data are required for the consideration of a revision in wage rates in a factory ? Which average will you utilize and why ?

(*M. Com.*, *Alld.*, 1943).

9. Compare the merits and demerits of the Median and the Mode. In which of the following problems would they be most useful ?

(a) Skull measurement.
(b) Size of holdings.
(c) Comparison of intelligence.
(d) Marks obtained in any examination.

(*M. A.*, *Agra*, 1943).

10. The marks obtained by students of classes A & B are given below. Give as much information as you can regarding the composition of the classes in respect of intelligence.

Marks obtained	No. of students Class A	No. of students Class B
5—10	1	5
10—15	10	6
15—20	20	15
20—25	8	10
25—30	6	5
30—35	3	4
35—40	1	2
40—45	0	2

[Median (मध्यका) A=18·5 B=19·6
M. D=(मध्यका विचलन) A=4·8 B = 6·8]

(*B. Com., Agra*, 1939).

11. Find the Mode (भूयिष्ठक) and the Median (मध्यका) from the following table by the use of graphs and check the results by calculations.

Marks	Students	Marks	Students
0—10	2	40—50	35
10—20	18	50—60	20
20—30	30	60—70	6
30—40	45	70—80	3

[Mode (भूयिष्ठक)=35·38
Median (मध्यका)=36·66]

(*B. Com., Agra.*, 1941).

12. The monthly incomes of 10 families in rupees in a certain locality are given below :—

Family	A	85	F	8
,,	B	70	G	45
,,	C	15	H	250
,,	D	75	I	40
,,	E	500	J	36

Calculate the Mean, the Geometric Mean (गुणोत्तर मध्यक) & the Harmonic Mean (हरात्मक मध्यक). Which of the above three averages represents the figures best ?

[A (मध्यक) = 113·6 H (हृ. मा.)=30·03
G (गु. मा.)= 79·98]

(*M. A., Agra*, 1955).

13. From the following figures given below, find the Mode, (भूयिष्ठक) Median (मध्यका) and Quartiles (चतुर्थांश). What information could you deduce from them ?

Age	No. of Persons
20—25	50
25—30	70
30—35	100
35—40	180
40—45	150
45—50	120
50—55	70
55—60	59

[Mode (भू)=38·6 Q_1 ($च_1$) =34
Median (मा) =40 Q_3 ($च_3$)=47]

(*B. Com., Agra*, 1949).

14. From the table given below, find the Mean (मध्यक) and the Mode (भूयिष्ठक) :—

Marks	No. of Candidates
1— 5	7
6—10	10
11—15	16
16—20	32
21—25	24
26—30	18
31—35	10
36—40	5
41—45	1

(*B. Com., Agra*, 1951).

{ Mean (म)=20·36 Mode (भू)=19—Taking series as it is.
Mean (म)=20·36 Mode (भू)=18·5—When series is changed into an exclusive one }

15. According to the Census of 1941, the following are the population figures in thousands, of the first 36 cities of India.

2488	391	203	178
1490	360	176	131
777	258	213	147
733	437	176	143
522	284	193	181
672	302	160	153
591	263	213	142
407	260	169	92
387	239	204	151

Find Median (मध्यका) and Quartiles (चतुर्थांश).

[Median (मा) = 226 Q_3 (च$_3$)=403
Q_1 (च$_1$) = 170·75]

(*M. Com., Agra,* 1948).

16. The following table gives the number of persons with different incomes in the U.S.A. during the year 1929·

Income in thousands of dollars	No. of persons in lakhs
Under 1	13
1—2	90
2—3	81
3—5	117
5—10	66
10—25	27
25—50	6
50—100	2
100—1000	2

Calculate the average income per head.

[a (मध्यक) =$8.06 Lakhs] (*B. Com., Luck.,* 1939).

17. The following table gives the population of males at different age groups of the U.K. and India at the time of the census (जनगणना) of 1931.

Age group	U.K. Lakhs	India Lakhs
0— 5	18	214
5—10	19	258
10—15	20	222
15—20	18	157
20—25	16	145
25—30	14	161
30—40	27	257
40—50	25	184
50—60	19	120
Above 60	17	100

Calculate the average age of males in U. K. and India and Comment on the difference.

[Mean (मध्यक) U.K. =29·62
Mean (मध्यक) India = 25·33] (*B. Com., Luck.*, 1941).

18. The following table gives the marks obtained by a batch of 30 B. Com. students in a class-test in Statistics (Max Marks 100).

Roll No.	Marks obtained	Roll No.	Marks obtained
1	33	16	24
2	32	17	33
3	55	18	42
4	47	19	38
5	21	20	45
6	50	21	26
7	27	22	33
8	12	23	44
9	68	24	48
10	49	25	52
11	40	26	30
12	17	27	58
13	44	28	37
14	48	29	38
15	62	30	35

Find the values of the Mode (भूयिष्ठक), the Median (मध्यका) and the Quartiles (चतुर्थांश)

[M (मा) = 39 Q^3 (च$_3$) = 48·25
Q_1 (च$_1$) = 30·67 Mode (भू) = 33]

(*B. Com., Alld.*, 1938).

19. Compute the Weighted Geometric Average of Relative Prices of the following commodities for the year 1939 (Base year 1938-Price=100).

Commodity	Relative Price	Weight Value produced in 1938
Corn	128·8	1385
Cotton	62·4	819
Hay	117·7	842
Wheat	99·0	561
Oats	130·9	408
Potatoes	143·5	194
Sugar	125·6	142
Barley	150·2	100
Tobacco	101·1	103
Rye	116·2	25
Rice	117·5	17
Oil Seeds	78·7	29

{ Simple Geometric Mean = 111·3
Weighted Geometric Mean = 109·14
(भारित गुणोत्तर मध्यक) = १०९·१४ }

(*B. Com., Alld.*, 1943).

20. Refer to the following frequency table and find out the Mean, Median and Mode.

Class-Intervals (Score)	Frequencies
130—134	1
125—129	2
120—124	4
115—119	7
110—114	9
105—109	10
100—104	15
95— 99	28
85— 94	41
80— 84	72
75— 79	39
70— 74	29
65— 69	23
60— 64	17
55— 59	11
50— 54	8
45— 49	6
40— 44	3
35— 39	2
30— 34	2

Median (मा) = 81·7
Mode (भू) = 82·6
Mean (म) = 81·6

(*L. T.* 1945).

21. The scores obtained by boys of 11 in an intelligence test are given below :—

10, 47, 52, 50, 68, 71, 67, 65, 70, 73, 36, 43, 38, 78, 80, 84, 27, 30, 20, 93, 94, 97, 59, 63, 56, 64, 58, 60, 57.

(a) Make a frequency distribution of these scores choosing a suitable class-interval (संभागान्तर) and draw the frequency curve (वक्र).

(b) Calculate the Mean and the Standard Deviation (प्रमाप विचलन). (*L. T.*, 1947).

[Mean (म) =58·9
S.D. (प्र. वि)=21·1]

22. Calculate the Average, Median and upper and lower Quartile ages in the following table :—

Age group	Population in thousands	
	1881	1931
0— 4	3520	3280
5— 9	3160	3500
10—19	5340	7200
20—29	4560	6640
30—39	3420	5980
40—49	2660	5240
50—59	1900	3780
60—69	1320	2440
70—79	600	1220
80 and over	120	320

	1881	1931
Median	22·8	28·7
Q_1=	9.9	14.33
Q_3=	39·8	45.9

(*M. A., Agra*, 1940).

23. The Frequency distribution of cost of production of gur in Rupees per maund for different holdings in two districts is given below. Find the average cost in each district and test whether there is any significant difference.

Cost in Rupees per md.	District A	District B
2— 3	9	1
3— 4	32	10
4— 5	37	34
5— 6	21	23
6— 7	13	21
7— 8	7	14
8— 9	5	10
9—10	2	9
10—11	1	5
11—12	2	2
12—13	1	1
Total	130	130

[Mean (मध्यक) A =5·08 B = 6·28] (*I.C.S.*, 1939).

24. The following is the frequency distribution of a random sample of 509 employees by weekly earnings. Calculate the average weekly earning and its Sampling error (निदर्शन विभ्रम).

Weekly Earning	Number of Employees
10	3
12	6
14	10
16	15
18	24
20	42
22	75
24	90
26	79
28	55
30	36
32	26
34	19
36	13
38	9
40—42	7

[Average Weekly Earning=Rs. 26·2] (*I.A.S.* 1948).

25. Compare the relative advantages and disadvantages of the Arithmetic mean, Median and Mode.

The following table gives the results of certain examinations of three Universities in the year 1936. Which is the best University ? Give reasons for your answer.

University Examination	Percentage results in University		
	A	B	C
M. A.	80	75	70
M. Sc.	70	70	60
B. A.	65	80	70
B. Sc.	60	70	80
B. Com.	75	65	75

(*M. A., Cal.*, 1937).

Percentage results should serve as sizes (आकृति) and assumed number of students appearing in each examination as weights (भार). Determine the weighted Arithmetic average.

26. Amend the following table and locate the Median from the amended table. Also measure the magnitude (आकृति) of the Median (मध्यका) so located.

Sizes	Frequencies
10—15	10
15—17·5	15
17·5—20	17
22—30	25
30—35	28
35—40	30
45 and onwards	40

[Median (मध्यका) =32·85] (*B. Com., Alld.*, 1942).

27. Explain the short-cut Method (लघुरीति) of calculating the Arithmetic Average (मध्यक).

The following data relate to sizes of shoes sold at a stores during a given week. Find the average size by the short-cut Method.

Sizes of Shoes	4.5	5.6	5.5	6	6.5	7	7.5	8	8.5	9	9.5	10	11.5	11
No. of pairs	1	2	4	5	15	30	60	95	82	75	44	25	15	4

[Average size=8·40] (*M.A., Cal.,* 1936).

28. The following is the age distribution of candidates appearing at the Matriculation and Intermediate examination of the Patna University in 1937.

Age in years	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	Total
Matriculation	5	48	189	303	522	980	981	794	515	474	×	4811
Intermediate	×	×	×	5	45	87	127	150	155	127	175	871

Compare the Median and Modal ages of the Matriculation candidates with those of I.A. candidates.

(*M. A. Patna,* 1940).

[Median Matric=18·48 I.A.=20·16
Mode " =18·8 I.A.=20·18]

29. From the results of the two Colleges A & B given below state which of them is better and why.

	A College		B College	
	Appeared	Passed	Appeared	Passed
M.A.	30	25	100	80
M. Com.	50	45	120	95
B.A.	200	150	100	70
B. Com.	120	75	80	50
	400	295	400	295

(*B. Com., Luck.,* 1949).

[Determine percentage passed in each Subject and treating percentages as sizes and number appeared as weights determine weighted average.]

30. What is a Weighted Average (भारित माध्य) ? Why and how are weights given ?

Determine which of the town, A & B is more healthy.

A			B		
Age	Population	Deaths	Age	Population	Deaths
0—15	15,000	360	0—15	20,000	500
15—50	20,000	400	15—50	52,000	1,040
50 & above	5,000	140	50 & above	8,000	240
	40,000	900		80,000	1780

(*B. Com., Agra*, 1949).

General Death Rate of Town A=22·5
(सामान्य मृत्युदर)
" " " " B=22·25
Standardized Death Rate of Town B=23·25
(आदर्शित मृत्युदर)

31. The marks (out of a maximum of 100) obtained by candidates in an examination are shown in the following frequency table. Calculate the Arithmetic Average and the Mode.

Marks	Number of candidates
17·5—22·5	2
22·5—27·5	8
27·5—32·5	33
32·5—37·5	80
37·5—42·5	170
42·5—47·5	243
47·5—52·5	213
52·5—57·5	145
57·5—62·5	67
62·5—67·5	35
67·5—72·5	4

(*B. Com., Pt. II, Agra*, 1954).

$$\left\{ \begin{array}{l} \text{Mean}=46{\cdot}965 \\ \text{Mode}= L_1+\dfrac{f-f_1}{2f_1-f_1-f_2}\times I= 46{\cdot}04 \end{array} \right\}$$

32. (a) In what circumstances would you consider the Arithmetic mean, the Geometric Mean, the Harmonic Mean, respectively the most suitable statistic (माप) to describe the central tendency (केन्द्रीय प्रवृत्ति) of a distribution ?

(b) Determine Mode and the Median from the following figures:—

25, 15, 23, 40, 27, 25, 23, 25, 20

[Mode (भू) = 25, Median (मध्यका) =25]

(*M. Com., Pt.II, Agra,* 1954).

33. Calculate the Median (मध्यका) and Quartiles (चतुर्थांश) from the frequency table given in question 31 above.

(*B. Com., Pt.II, Agra,* 1954).

[Median (मध्यका) =46·77 Q_1 ($च_1$) =41·25
Q_3 ($च_3$) =52·56]

34. The following is the distribution of wages per thousand employees in a certain factory:—

Daily wages in As.	2	4	6	8	10	12	14
No. of Employees	3	13	43	102	175	220	204
Daily wages in As.	16	18	20	22	24		Total
No. of Employees	139	69	25	6	1		1000

(*M.A. Alld.,* 1940).

[Median (मध्यका)=13·49 Annas, Mode (भू)13·48 Annas
There is no significant difference in the averages]

35. Define the Mean (मध्यक) the Median (मध्यका), and the Mode (भू). Find their values in the case of the heights of trees in a garden whose frequency distribution (आवृत्ति बंटन) is given in the following table:—

Heights	Frequencies (आवृत्ति)
Under 7 feet	26
„ 14 „	57
„ 21 „	92
„ 28 „	134
„ 35 „	216
„ 42 „	287
„ 49 „	341
„ 56 „	360

(*M. A. Math., Agra*, 1947).

[Mean (म) 31 ft. 1″, Mode (भू) 33 ft. 6″, Median (मा) 31 ft. 11″]

36. The foll wing table gives the distribution of population according to age in India and Japan at the time of the last Census 1931.

Age groups in years	Population in Millions	
	India	Japan
0—10	98·9	17·8
10—20	72·5	14·3
20—30	63·2	11·3
30—40	48·6	8·6
40—50	32·6	6·5
50—60	19·4	5·4
60—80	13·2	5·1

Calculate the Average age of people in India and in Japan and comment on the difference.

(*B. Com., Alld.*, 1940).

[India=23·9 years, Japan=26·6 years.]

अध्याय ६.

अपकिरण, विषमता और पृथु शीर्षत्व

(Dispersion, Skewness & Kurtosis)

अपकिरण

पिछले अध्याय में हमने जिन माध्यों का अध्ययन किया है उन्हें प्रथम-घातीय माध्य (Averages of the First Order) कहते हैं, क्योंकि वे किसी भी समग्र के वास्तविक समंकों का ही उपयोग करते हैं और उनका कार्य केवल समग्र को केन्द्रीय प्रवृत्ति को स्पष्ट करना रहता है। उनके द्वारा हमें यह नहीं मालूम हो सकता है कि समग्र में जो समंक पाये जाते हैं वे समान हैं या विषम, उनमें परस्पर विचलन है या नहीं, वे समग्र के माध्य से कितना विचलन करते हैं और समग्र में किन स्थानों पर अंकों का झुकाव अधिक है। यह कार्य द्विघातीय माध्यों (Averages of the Second Order) की सहायता से पूरा किया जा सकता है। द्विघातीय माध्य वे माध्य हैं जो समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति पर आधारित हों या जिनके निकालने में वास्तविक समंकों का प्रयोग न करके व्युत्पन्न समंकों (विचलन) का प्रयोग किया जाता है। द्विघातीय माध्य समग्र के अंकों का अपकिरण, विषमता और अंक-झुकाव (पृथु शीर्षत्व) के अध्ययन में प्रयोग किये जाते हैं।

"अपकिरण" का सांख्यिकी में दो अर्थों में प्रयोग किया जाता है—प्रथम अर्थ के अनुसार अपकिरण अंकों का परस्पर विचलन होता है और दूसरे अर्थ में वह समग्र के विभिन्न आकृतियों का उनके माध्य से विचलन अध्ययन करता है इन्हीं दो अर्थों पर अपकिरण के विभिन्न माप आधारित हैं।

अपकिरण मापों (Measures of Dispersion) का प्रयोग समग्र की प्रकृति को अध्ययन करने में किया जाता है। प्रायः ऐसा देखा जाता है

कि समंकमाला की आकृतियों की विभिन्नताओं का मध्यक पर कोई प्रभाव न पड़े और ऐसे समय में माध्य पूर्णरूप से समग्र का प्रतिनिधित्व न कर सके। यह बात निम्नलिखित सारिणी में स्पष्ट रूप से समझाई गई है।

संभाग (Class interval)	बा 1	बा 2	बा 3	बा 4	बा 5	बा 6
०–१०	१०	४	२०	१०	५	०
१०–२०	१२	६	१६	१०	६	२०
२०–३०	१६	२२	१२	१२	८	२०
३०–४०	२४	३७	४	२८	१२	२०
४०–५०	१६	१९	१२	२३	८	२०
५०–६०	१२	९	१६	१२	६	२०
६०–७०	१०	३	२०	५	५	०

उपरोक्त ६ समंकमालाओं में यद्यपि अंक-वंटन विभिन्न है, परन्तु प्रत्येक में माध्य ३५ है। पहिले स्कंभ में बारम्बारता वंटन समान है, दूसरे में केन्द्र की ओर अंकों का झुकाव अधिक है, तीसरे में अंकों का झुकाव परिसीमाओं वाले अंकों की ओर अधिक है। चौथे में अंक-वंटन विषम है। पाँचवें में अंक-वंटन समान है परन्तु पहिले स्कंभ का आधा है और छठे में अंक-वंटन समान है परन्तु न्यून अंकों का प्रायः अभाव है, और अंकों का विस्तार बहुत कम है। यह उदाहरण इस सत्य की ओर संकेत करता है कि प्रथमघातीय मध्यक केन्द्रीय प्रवृत्ति के अतिरिक्त समग्र के सम्बन्ध में अन्य कुछ नहीं बतला सकते।

अपकिरण, जैसा कि कहा जा चुका है दो अर्थों में प्रयुक्त होता है–(अ) आकृतियों का परस्पर विचलन और (ब) आकृतियों का अपने माध्य से विचलन। इन्हीं दो अर्थों के ऊपर अपकिरण नापने की दो रीतियाँ आधारित हैं— (१) परिसोमा रीति (Method of limits) और (२) विचलन माध्य रीति (Method of averaging deviations)। जिनका विवरण आगे दिया जा रहा है।

परिसीमा रीति

विचरण विस्तार (Range)

यदि किसी समंकमाला के अंक परस्पर विचलन करते हों तो उनके इस प्रविक्षेप को विचरण विस्तार (Range) के द्वारा नापा जा सकता है। विचरण विस्तार किसी भी समंकमाला के उच्चतम और न्यूनतम आकृतियों के अन्तर को कहते हैं, जो उस समंकमाला के अंकों के परस्पर विचलन की ओर निर्देश करता है और यह माप एक ऐसी संख्या प्रदान करता है जिससे अधिक विचलन समग्र के अंकों में नहीं पाया जा सकता है। यह अपकिरण का सरलतम माप है जिसकी इस प्रकृति के कारण उसका औद्योगिक समस्याओं के समझाने में बहुत अधिक प्रयोग किया जाता है। यदि उच्चतम और न्यूनतम अंक समग्र में अपवाद स्वरूप आ गये हों तो अपकिरण का यह माप समग्र के अंक विचलन को ठीक प्रकार समझाने में असमर्थ होगा। इसके द्वारा समग्र के अंक-वंटन का स्वरूप भी स्पष्ट नहीं हो पाता और यह नहीं जाना जा सकता कि वह समान है या विषम। यह माप केवल परिसीमा वाले अंकों को ही महत्व देता है और इस कारण इसके द्वारा यह भी नहीं मालूम हो सकता कि उन परिसीमाओं के बीच की आकृतियों में कहाँ अंकों का जमाव अधिक हो गया है।

साँख्यिकी में निरपेक्ष मापों (Absolute Measures) का विशेष महत्व नहीं है और इस कारण तुलना करने के लिये सापेक्षिक (Relative) मापों का प्रयोग किया जाता है। विचरण विस्तार एक निरपेक्ष माप है और उसका सापेक्षिक माप प्रविक्षेप गुणक (Coefficient of Range) कहलाता है जिसे निकालने के लिये विचरण–विस्तार को समग्र के उच्चतम और न्यूनतम आकृतियों के योग से भाग दे दिया जाता है। इसका विशेष प्रयोग उत्पादन के गुणात्मक नियंत्रण (Quality Control) और स्टाक बाजार के मूल्यों और ब्याज की दरों के नापने में किया जाता है।

विचरण विस्तार के लक्षण निम्नलिखित हैं:—

(१) यह बहुत सरलता से मालूम हो जाने के कारण सुगम होता है।

(२) यह एक अत्यन्त अस्थिर अपकिरण माप है। यदि उच्चतम या न्यूनतम परिसीमाओं के अंकों में एक साधारण सा परिवर्तन हो जाय तो विचरण-विस्तार बदल जायगा।

(३) यह समग्र के अंक-वंटन का स्वरूप स्पष्ट करने में असमर्थ है।

(४) यह एक अत्यन्त साधारण माप है और जहाँ समय की कमी होती है, इसका प्रयोग उपयोगी सिद्ध होता है।

चतुर्थांशान्तर विस्तार

किसी भी समग्र के अंकों के परस्पर विचलन को दिग्दर्शित करने के लिये कभी कभी चतुर्थाँशान्तर विस्तार (Interquartile Range) का प्रयोग किया जाता है। यह माप तृतीय और प्रथम चतुर्थाँशों का अन्तर होता है और इसका प्रयोग चतुर्थाँश विचलन (Quartile Deviation) निकालने में किया जाता है। यह माप भी एक अच्छा माप नहीं है, क्योंकि यह स्थानिक मूल्यों (Positional Values) पर आधारित है जो समग्र के किंचित मात्र भी प्रतिनिधि नहीं होते हैं। यदि समग्र के केवल बीच के अंकों का बंटन अध्ययन करना अभीष्ट हो तो इसका प्रयोग उपयोगी सिद्ध होता है। इस माप को यथार्थ माप नहीं कहा जा सकता क्योंकि इस पर व्यक्तिगत अंकों के विचलन का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

चतुर्थांश विचलन

चतुर्थाँश विचलन (Quartile Deviation) किसी भी समग्र के तृतीय और प्रथम चतुर्थाँशों के अन्तर का आधा होता है। इस कारण इसे अर्ध-चतुर्थाँशान्तर-विस्तार भी कहते हैं। इसे निकालने का सूत्र निम्नलिखित होगा यदि ($च_3$) और ($च_1$) का प्रयोग दोनों चतुर्थाँशों के लिए किया जाय।

$$Q.\ D. = \frac{Q_3 - Q_1}{2} \qquad \text{चतुर्थाँश विचलन} = \frac{च_3 - च_1}{२}$$

यह माप एक ऐसी संख्या प्रदान करता है जिसे यदि ($च_1$) में जोड़ दिया जाय या ($च_3$) में से घटा दिया जाय तो प्राप्त संख्या मध्यका (Median) होती है परन्तु यह केवल एक संमित माला (Symmetrical series) में ही होगा और एक असंमित या विषम माला में मध्यका से ($च_1$) और ($च_3$) के अन्तर बराबर नहीं होंगे। यह भी एक निरपेक्ष माप है और इसका

सापेक्षिक माप चतुर्थांश विचलन गुणक (Coefficient of Quartile Deviation) कहते हैं जिसका सूत्र निम्नलिखित है ।

$$\text{Coeff. of Q. D.} = \frac{\frac{Q_3 - Q_1}{2}}{\frac{Q_3 + Q_1}{2}} = \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1}$$

$$\text{चतुर्थांश विचलन गुणक} = \frac{\frac{\text{च}_3 - \text{च}_1}{२}}{\frac{\text{च}_3 + \text{च}_1}{२}} = \frac{\text{च}_3 - \text{च}_1}{\text{च}_3 + \text{च}_1}$$

इस माप का प्रयोग ऐसी स्थिति में नहीं किया जा सकता है जब किसी भी समग्र में एक से अधिक न्यादर्श लिए जांय और उनमें आपस में विभिन्नतायें हों क्योंकि इस माप के द्वारा निदर्शन के उच्चावचन (Sampling fluctuations) के सम्बंध में कोई भी संकेत नहीं मिलता । इसका प्रयोग उस समय भी नहीं किया जा सकता जबकि विभिन्न संभागों में आवृत्तियाँ अनियमित हों या अंतिम संभाग अनिश्चित हो । इसके सूत्र का बीजगणितीय (Algebraic) विश्लेषण नहीं किया जा सकता है ।

चतुर्थांश विचलन के गुण

(१) विचरण विस्तार के समान यह माप भी अत्यन्त सरल और सुगम है ।

(२) क्योंकि यह माप उच्चतम और न्यूनतम अंकों को छोड़ देता है और प्रतिनिधि समंक प्रायः समंकमाला के मध्य में ही पाये जाते हैं, इस कारण यह एक प्रतिनिधि माप होता है ।

(३) इसे एक यथार्थ माप नहीं समझा जाता क्योंकि यह विचलनों के ऊपर आधारित नहीं है ।

(४) इसका बीजगणितीय विश्लेषण नहीं किया जा सकता ।

(५) क्योंकि यह माप (च_1) के ऊपर और (च_3) के नीचे के अंक छोड़ देता है इसलिए उस समय यह अनुपयोगी होता है जब कुल अंकों को समान महत्व देना अभीष्ट हो ।

विचलन माध्य रीति

उपरोक्त अपकिरण माप किसी भी समंक क्षेत्र के अंक-वंटन को पूर्ण रूप से समझाने में असमर्थ सिद्ध होते हैं क्योंकि उनका आधार कुछ विशेष स्थिति वाली आकृतियाँ ही होती हैं। विचलन माध्य रीति 'समग्र के माध्य से उसके अंकों के विचलन' पर आधारित है और माध्य समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को दिग्दर्शक करने वाली सबसे अधिक महत्वपूर्ण संख्या होती है। विचरण-विस्तार केवल प्रारम्भ और अन्त की संख्याओं पर और चतुर्थांश-विचलन बीच की विशिष्ट संख्याओं पर निर्भर माप हैं और वे प्रत्येक समंक के विचलन को कोई महत्व नहीं देते। उनकी अपेक्षा विचलन माध्य रीति से निकाले गये माप अधिक उत्तम होते हैं क्योंकि वे प्रत्येक समंक के विचलन को महत्व देते हैं।

अपकिरण-घात

किसी भी समग्र के अंकों के अपकिरण की मात्रा नापने के लिये पहले उसकी केन्द्रीय प्रवृत्ति को नापना आवश्यक है। केन्द्रीय प्रवृत्ति को नापने के सर्वोत्तम माध्य भूयिष्ठक, मध्यका, और मध्यक होते हैं। इन मध्यकों में से किसी एक को मालूम कर लेने के पश्चात् उससे विभिन्न समंकों के विचलन मालूम किये जाते हैं। इन विचलनों का माध्य मालूम करके समग्र का औसत अपकिरण जाना जाता है। प्राय: अपकिरण के तीन घात (Moments) प्रयोग किये जाते हैं:—

(१) प्रथम अपकिरणघात (First Moment of Dispersion) समंकों के विचलनों के योग को समंक की कुल संख्या से भाग देने पर प्राप्त होता है जिसका सूत्र निम्नलिखित है:—

$$\text{प्रथम अपकिरणघात} = \frac{\Sigma \text{ वि}}{\text{यो}}$$

(२) द्वितीय अपकिरणघात (Second Moment of Dispersion) विचलनों के वर्गों को जोड़ कर उनके योग को संख्याओं के योग से भाग देने पर प्राप्त होता है जिसका सूत्र निम्नलिखित है:—

$$\text{द्वितीय अपकिरणघात} = \frac{\Sigma \text{ वि}^2}{\text{यो}}$$

(३) तृतीय अपकिरणघात (Third Moment of Dispersion) विचलनों के घन निकाल कर उनके योग को कुल संख्याओं के योग से भाग देने पर प्राप्त होता है और उसका सूत्र निम्नलिखित है:—

$$\text{तृतीय अपकिरणघात} = \frac{\Sigma \text{ वि}^3}{\text{यो}}$$

मध्यक विचलन (Mean Deviation)

मध्यक विचलन प्रथमघातीय अपकिरण का दूसरा नाम है, जिसे किसी भी समंकमाला की सभी आकृतियों के मध्यक से विचलनों (Deviations) के योग को समंकों की कुल संख्या से भाग देकर मालूम किया जाता है। जैसा कि पिछले अध्याय में बताया जा चुका है कि यदि किसी समंकमाला में कुछ अंक (+) और कुछ (—) चिन्ह वाले हों तो उनका माध्य निकालने के लिये उन सभी अंकों को (+) चिन्ह वाला मानना होता है नहीं तो प्राप्त माध्य एक ऐसी संख्या आ जाती है जिसका कि समग्र से कोई भी सम्बन्ध नहीं होता है। यह अपकिरण का माप होता है इसलिये यदि आकृतियों में बहुत अधिक अन्तर हो तो मध्यक विचलन भी बहुत अधिक होगा। इसे मध्यक विचलन इसलिए कहते हैं कि यह समंकमाला की विभिन्न आकृतियों के विचलनों का मध्यक होता है। यह अपकिरण का एक प्रतिनिधि माध्य है क्योंकि समंकमाला के सभी अंकों को बराबर महत्व प्रदान करता है।

मध्यक विचलन एक निरपेक्ष माप है और उसका सापेक्षिक माप इसे मध्यक से भाग देकर मालूम किया जाता है। मध्यक विचलन को यूनानी भाषा के (δ) वर्णाक्षर द्वारा समझाया जाता है जिसे (Delta) कहते हैं। यदि ($\Sigma \text{ वि}_{\text{य}}$) का प्रयोग मध्यक से समंकमाला के सभी आकृतियों के विचलनों का योग दिखलाने के लिये किया जाय तो इस माप के निम्नलिखित सूत्र होंगे:—

$$\text{Mean Deviation or } \delta = \frac{\Sigma dx}{N}$$

$$\text{मध्यक विचलन या } \delta = \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}}}{\text{यो}}$$

$$\text{Coeff. of M. D.} = \frac{\delta}{a}$$

$$\text{मध्यक-विचलन गुणक} = \frac{\delta}{\text{मध्यक}}$$

इसी प्रकार हम मध्यक के अलावा किसी भी माध्य के प्रयोग के द्वारा मध्यक विचलन मालूम कर सकते हैं और मध्यक-विचलन गुणक मालूम करने के लिये हमें उसी माध्य से मध्यक विचलन को भाग देना चाहिये जिससे कि विचलन (Deviations) प्राप्त किये गये हों। प्रायः मध्यक विचलन निकालने में मध्यका (Median) का प्रयोग किया जाता है क्योंकि अन्य माध्यों की अपेक्षा मध्यका से लिये गये आकृतियों के विचलनों का योग न्यूनतम होता है। भूयिष्ठक से यदि विचलन लिये जाँय तो उनका योग सर्वाधिक होगा और मध्यक से लिये गये विचलनों का योग शून्य के बराबर होता है। यदि मध्यक के अलावा मध्यका या भूयिष्ठक का प्रयोग मध्यक-विचलन निकालने में किया जाय तो उनके सूत्र निम्नलिखित होंगेः—

$$\text{M. D. from Median} = \frac{\Sigma d_M}{N}$$

$$\text{मध्यका से मध्यक विचलन} = \frac{\Sigma \text{वि}_\text{य}}{\text{यो}}$$

$$\text{Coeff. of M. D.} = \frac{\delta}{\text{Median}}$$

$$\text{मध्यका से म. वि. गुणक} = \frac{\text{मध्यका से म. वि.}}{\text{मध्यका}}$$

$$\text{M. D. from Mode} = \frac{\Sigma d_Z}{N}$$

$$\text{भूयिष्ठक से म. वि.} = \frac{\Sigma \text{वि}_\text{य}}{\text{यो}}$$

$$\text{Coeff. of M. D.} = \frac{\delta}{\text{Mode}}$$

$$\text{भूयिष्ठक से म. वि. गुणक} = \frac{\text{भू. से म. वि.}}{\text{भूयिष्ठक}}$$

उदाहरण १—मध्यक विचलन

मास Months	मासिक आय Monthly Earnings	मध्यक से विचलन (Dev. from Median) (Signs Ignored)
१	२००	२५
२	२०५	२०
३	२०६	१९
४	२०७	१८
५	२२०	५
६	२२५	०
७	२२५	०
८	२२५	०
९	२३०	५
१०	२३०	५
११	२४०	१५
१२	२५०	२५
यो = ११		Σ वि$_{\text{य}}$ = १३७

$$\text{Median Item} = \left\{\frac{N+1}{2}\right\} = \left\{\frac{12\times1}{2}\right\} = 6{\cdot}5$$

$$\text{मध्यस्थ अंक} = \left\{\frac{\text{यो}+१}{२}\right\} = \left\{\frac{१२+१}{२}\right\} = ६{\cdot}५$$

Median = 225

मध्यका = २२५

$$\text{Mean dev. from Median} = \frac{\Sigma\, d^{x}}{N}$$

$$\text{मध्यका से म. वि.} = \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}}}{\text{यो}}$$

$$= \frac{१३७}{१२} = ११\cdot४१६$$

$$\text{Coeff. of M. D.} = \frac{\delta}{\text{Median}}$$

$$\text{मध्यका से म. वि. गुणक} = \frac{\text{मध्यका से म. वि.}}{\text{मध्यका}}$$

$$= \frac{११\cdot४१६}{२२५} = \cdot०५$$

विच्छिन्न माला में मध्यक विचलन निकालने के लिए सर्वप्रथम समंकों का माध्य (प्रायः मध्यका) मालूम किया जायगा। माध्य मालूम करने के पश्चात् इससे सभी अंकों का विचलन निकाला जायगा और फिर प्रत्येक विचलन को तत्संवादी (Corresponding) आवृत्ति से गुणा करके सभी गुणनफलों का योग मालूम किया जायगा। इस योग को कुल आवृत्तियों के योग से भाग देने पर प्राप्त संख्या मध्यक विचलन कहलायेगी और यदि उसे माध्य से भाग दे दिया जाय तो प्राप्त संख्या मध्यक विचलन गुणक होगा।

उदाहरण २— मध्यक विचलन

आकृति (Size)	आवृत्ति (बा) (Freq.)	विचलन (वि) (Deviations)		वि. × बा	
		मध्यका	मध्यक	मध्यका	मध्यक
४	२	४	५·७	८	११·४
६	४	२	३·७	८	१४·८
८	५	०	१·७	०	८·५
१०	३	२	·३	६	·९
१२	२	४	२·३	८	४·६
१४	१	६	४·३	६	४·३
१६	४	८	६·२	३२	२५·२
	२१			६८	६९·७

(अ) Median $= \left\{\frac{N+1}{2}\right\} = \left\{\frac{21+1}{2}\right\}$ th size $= 8$

मध्यका $= \left\{\frac{\text{यो}+१}{२}\right\} = \left\{\frac{२१+१}{२}\right\}$ की आकृति = ८

M. D. from Median $= \frac{68}{21} = 3{\cdot}238$

मध्यका से म. वि. $= \frac{६८}{२१} =$ ३·२३८

Coeff of M. D. $= \frac{\text{M. D.}}{\text{Median}} = \frac{3{\cdot}238}{8} = {\cdot}40475$

म. वि. गुणक $= \frac{\text{म. वि.}}{\text{मध्यका}} = \frac{३·२३८}{८} =$ ·४०४७५

(ब) Mean $= \frac{204}{21} = 9{\cdot}7$

मध्यक $= \frac{२०४}{२१} =$ ९·७

मध्यक से म. वि. $= \frac{६९·७}{२१} =$ ३·३

मध्यक से म. वि. गुणक $= \frac{\text{म. वि.}}{\text{मध्यक}} = \frac{३·३}{९·७} =$ ·३४

अविच्छिन्न माला में मध्यक विचलन निकालने के लिये पहिले संभागान्तरों के मध्य बिन्दु मालूम किये जाते हैं और तत्पश्चात् सूत्रों के अनुसार माध्य निकाल कर उनसे विचलन मालूम करके, विचलनों और तत्संवादी बारम्बारताओं के गुणनफलों के योग को बारम्बारताओं के कुल योग से भाग दे दिया जाता है। यदि मध्यक विचलन को माध्य से भाग दे दिया जाय तो मध्यक विचलन गुणक प्राप्त हो जाता है जोकि एक अपकिरण का सापेक्षिक माप है।

उदाहरण ३—मध्यक विचलन

आकृति (Size)	बा. (Freq.)	मध्य बिन्दु (Mid. pts.)	मध्यका से विचलन (Dev. from Median)	विचलन × बारम्बारता (Dev×Freq.)
०—५	८	२·५	१०·३	८२.४
५—१०	२२	७·५	५·३	११६·६
१०—१५	४५	१२·५	·३	१३·५
१५—२०	१५	१७·५	४.७	७०·५
२०—२५	१०	२२·५	११·५	९७
२५—३०	७	२७·५	९.७	१०२·९
३०—३५	२	३२·५	१४·७	३९·४
३५—४०	१	३७·५	१९·७	२४·७
	यो=११०			Σ वि$_{य}$ =५४७

$$\text{Median} = L_1 + \frac{I}{F}(MI - CF^P)$$

$$\text{मध्यका} = \text{सी}_1 + \frac{\text{वि}}{\text{बा.}} \ (\text{मं. अं} - \text{सं}_{\text{उ}})$$

$$= १० + \frac{५}{४५}(५५·५ - ३०) = १२·८३$$

$$\text{M. D. from Median} = \frac{\Sigma d_x}{N} = \frac{547}{110} = 4·97$$

$$\text{मध्यक से म. वि.} = \frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}}{\text{यो}} = \frac{५४७}{११०} = ४·९७$$

$$\text{Coeff. of M.D.} = \frac{\text{M.D.}}{\text{Median}} = \frac{4·97}{12·8} = ·38$$

$$\text{म. वि. गुणक} = \frac{\text{म. वि.}}{\text{मध्यका}} = \frac{४.९७}{१२·८} = ·३८$$

जिस प्रकार किसी भी समंकमाला में उसके समंकों का माध्य एक कल्पित माध्य की सहायता से लघुरीति के द्वारा मालूम किया जा सकता है उसी प्रकार माध्य-विचलन निकालने के लिये लघु-रीति का प्रयोग किया जा सकता है। लघु-रीति में कल्पित माध्य से विचलन मालूम करके उन विचलनों के योग में यथार्थ माध्य और कल्पित माध्य के अन्तर के बराबर संशोधन करना होता है। क्योंकि मध्यक विचलन प्रायः मध्यका से निकाला जाता है इस रीति का बहुत कम प्रयोग किया जाता है।

मध्यक विचलन के लक्षण

(१) यह समग्र के अंकों का अपकिरण नापने का एक सुन्दर ढंग है जिसमें समग्र के सभी अंकों के विचलनों को महत्व दिया जाता है। वास्तव में यह समग्र के अंकों का औसत विचलन समझाता है।

(२) प्रमाप-विचलन की अपेक्षा इस पर अन्तस्थ अंकों का कम प्रभाव पड़ता है क्योंकि इसमें अंकों के विचलनों का वर्ग नहीं निकालना पड़ता।

(३) इसमें क्योंकि अंकों के (+) और (—) चिन्ह छोड़ दिये जाते हैं, इसलिये एक गणित सम्बन्धी दोष है।

(४) यह आसानी से मालूम हो जाता है और सुगम है परन्तु इसका और अधिक गणित सम्बन्धी विश्लेषण नहीं किया जा सकता।

(५) इसे अधिकतर साधारण प्रकार की तुलनाओं में प्रयोग किया जाता है।

प्रमाप-विचलन (Standard Deviation)

जैसा हम देख चुके हैं कि यदि किसी समंकमाला में कुछ अंक अनुलोम और कुछ विलोम हों तो साधारण माध्य काम नहीं देते और यदि एक साधारण मध्यक निकालना हो तो हमें (+) और (—) चिन्हों को त्याग देना पड़ता है। यही बात विचलनों के माध्य निकालने में भी लागू होती है। उपरोक्त मध्यक-विचलन में गणित सम्बन्धी दोष है कि वह (+) और (—) चिन्हों को महत्व नहीं देता है। इस दोष को दूर करने के लिए विचलनों का साधारण मध्यक न निकाल कर एक वर्ग-

करणी माध्य (Quadratic Average) निकाला जाता है। यह वर्गकरणी-माध्य ही प्रमाप-विचलन (Standard Deviation) कहलाता है। जिस प्रकार वर्ग-करणी माध्य में किसी भी समंकमाला के सभी अंकों के वर्गों को जोड़कर और कुल संख्या से भाग देकर लब्धि का वर्ग मूल निकाल लिया जाता है उसी प्रकार प्रमाप-विचलन में मध्यक से लिए गए आकृतियों के विचलनों के वर्गों के योग को कुल संख्या से भाग देकर वर्गमूल मालूम किया जाता है। इस माप में यह विशेषता है कि (+) और (—) चिन्हों का त्याग न करके उनका एक गणित की ही क्रिया के द्वारा निरसन (Elimination) किया जाता है। प्रमाप-विचलन को मध्यक-विभ्रम (Mean error), मध्यक-समायत-विभ्रम (Mean Square Error) और विचलन-समायत-मध्यक-मूल (Root-Mean Square-Deviation) भी कहते हैं। अन्तिम पद प्रमाप-विचलन के मालूम करने की क्रिया को स्पष्ट करता है जिसमें विचलनों को समायत करके उनके मध्यक का मूल्य निकालना होता है। प्रमाप-विचलन को यूनानी चिन्ह (σ) Sigma द्वारा जाना जाता है। प्रमाप-विचलन एक निरपेक्ष माप है और और इसका सापेक्षिक माप प्रमाप-विचलन गुणक (Coefficient of Standard Deviation) मालूम करने के लिए प्रमाप-विचलन को मध्यक से भाग दे दिया जाता है। प्रमाप-विचलन और उसका गुणक निम्नलिखित सूत्रों द्वारा निकाले जाते हैं जो अपकिरण के द्वितीयघात (Second Moment of Dispersion) पर आधारित है।

$$\text{Standard Deviation} = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_x}{N}}$$

$$\text{प्रमाप-विचलन} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}}}$$

$$\text{Coeff. of S. D.} = \frac{\text{S. D.}}{\text{Mean}}$$

$$\text{प्रमाप-विचलन गुणक} = \frac{\text{प्र. वि.}}{\text{मध्यक}}$$

उदाहरण १—प्रमाप-विचलन

मास Months	मासिक आय Monthly Earnings	विचलन Dev.	विचलन के वर्ग Sq. of Dev.
१	२०	—२	४
२	२०	—२	४
३	२०	—२	४
४	२१	—१	१
५	२२	०	०
६	२२	०	०
७	२२	०	०
८	२२	०	०
९	२३	+१	१
१०	२३	+१	१
११	२४	+२	४
१२	२५	+३	९
योग=१२	Σ अ=२६४	मध्यक=२२	Σ वि$^2_{य}$ =२८

$$\text{S. D. or } \sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_x}{N}}$$

$$\text{प्रमाप-विचलन या } \sigma = \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{२८}{१२}} = \sqrt{२{\cdot}३} = १{\cdot}५$$

$$\text{Coeff. of S.D.} = \frac{\text{S. D.}}{\text{Average}}$$

$$\text{प्रमाप-विचलन-गुणक} = \frac{\text{प्र. वि.}}{\text{मध्यक}}$$

$$= \frac{१{\cdot}५}{२२} = {\cdot}०७$$

प्रमाप-विचलन और उसके गुणक विच्छिन्न माला में निकालने के लिये विचलनों के वर्गों को तत्संवादी बारम्बारताओं से गुणा करके गुणनफलों के योग को समंकों की संख्या से भाग देकर वर्गमूल मालूम किया जाता है।

उदाहरण २—प्रमाप-विचलन

आकृति (Size)	आवृत्ति (Freq.) बा.	मध्यका से विचलन (Dev. from M) (१०)	विचलनों के वर्ग वि^{2}य (d^2_x)	वि^{2}य. बा. fd^2_x
४	२	—६	३६	७२
६	४	—४	१६	६४
८	६	—२	४	२४
१०	६	०	०	०
१२	२	+२	४	८
१४	१	+४	१६	१६
१६	४	+६	३६	१४४
	यो =२५			Σ वि^{2}य बा =३२८

$$S.D = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2_x}{N}}$$

$$\text{प्रमाप-विचलन} = \sqrt{\frac{\text{वि}^2_{\text{य}}\ \text{बा}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{३२८}{२५}} = \sqrt{१३} = ३\cdot६$$

$$\text{प्रमाप-विचलन-गुणक} = \frac{३\cdot६}{१०} = \cdot३६$$

प्रमाप-विचलन को किसी अविच्छिन्न माला में निकालने के लिये उसे मध्य बिन्दु मालूम करके पहिले एक विच्छिन्न माला में परिवर्तित कर दिया जाता है, और उसके पश्चात् उपरोक्त विधि से प्रमाप-विचलन और गुणक प्राप्त कर लिये जाते हैं।

उदाहरण ३—प्रमाप-विचलन

भार (पौण्ड)	मध्य बिन्दु	व्यक्तियों की संख्या Freq. (बा)	मध्यक से विचलन (१३३)	विचलनों के वर्ग वि^{2}य	वि^{2}य बा fd^2x
११०—१२०	११५	२०	—१८	३२४	६४८०
१२०—१३०	१२५	३०	— ८	६४	१९२०
१३०—१४०	१३५	२५	+ २	४	१००
१४०—१५०	१४५	२२	+१२	१४४	३१६८
१५०—१३०	१५५	१३	+२२	२६४	३४३१
		यो = ११०			Σ वि^{2}बा =१५,१००

$$\text{S.D. or } \sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2x}{N}}$$

$$\text{प्रमाप-विचलन} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2{}_{\text{य}}\text{बा.}}{\text{यो}}}$$

$$\sqrt{\frac{१५,१००}{११०}} = \sqrt{१३७\cdot३०}$$

$$= १२\cdot८$$

$$\text{प्रमाप-विचलन-गुणक} = \frac{\sigma}{\text{मध्यक}} \quad \frac{१२\cdot८}{१३३} = \cdot०९६$$

इस प्रकार हम देखते हैं कि अविच्छिन्न माला में प्रमाप–विचलन मालूम करने के लिये निम्नलिखित क्रिया करनी पड़ती है।

(१) सर्व प्रथम संभागों के मध्यबिन्दु मालूम करके माध्य निकालो।

(२) मध्यक से मध्य बिन्दुओं के विचलन मालम करो और उनके वर्ग बनाओ।

(३) विचलनों के वर्गों को तत्संवादी आवृत्तियों से गुणा करो और गुणनफलों का योग निकालो ।

(४) उपरोक्त योग को कुल समंकों की आवृत्ति से भाग देकर वर्ग-मूल निकालो । यही प्रमाप-विचलन होगा ।

(५) उपरोक्त वर्गमूल को प्रमाप-विचलन गुणक निकालने के लिये मध्यक से भाग दे दो ।

प्रमाप-विचलन की लघु-रीति

प्रमाप-विचलन निकालने की उपरोक्त विधि के अतिरिक्त एक लघु-रीति भी है जिससे क्रिया और आसान हो जाती है। लघु-रीति के अनुसार किसी भी एक कल्पित माध्य से अन्य आकृतियों का विचलन मालूम कर लिया जाता है और फिर उपरोक्त रीति से प्रमाप-विचलन मालूम करके उसमें यथार्थ और कल्पित मध्यक के अन्तर के बराबर संशोधन कर दिया जाता है। इस रीति में क्रिया के निम्नलिखित अंग होते हैं :—

(१) किसी भी एक आकृति को कल्पित माध्य लेकर अन्य आकृतियों का उससे विचलन मालूम करो ।

(२) इन विचलनों के वर्गों को तत्संवादी आवृत्तियों से गुणा करके उनके गुणनफलों का योग मालूम करो और इस योग को समंकों की संख्या से भाग दो ।

(३) उपरोक्त लब्धि में संशोधन करने के लिये निम्नलिखित सूत्रों में से किसी एक के वर्ग का प्रयोग करो ।

$$(a - x) = \left\{ \frac{\Sigma d_x}{N} \right\}$$

$$(\text{मध्यक} - \text{य}) = \left\{ \frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}}{\text{यो}} \right\}$$

इस प्रकार प्रमाप-विचलन की लघु-रीति के निम्नलिखित में से कोई भी सूत्र अपनाया जा सकता है:—

(अ) $$S.\ D. = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_x}{N} - (a - x)^2}$$

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}} - (\text{मध्यक—य})^2}$$

(ब) $$\text{S. D.} = \sqrt{\frac{\Sigma d^2x}{N} - \left\{\frac{\Sigma dx}{N}\right\}^2}$$

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}} - \left\{\frac{\Sigma\ \text{वि}_{\text{य}}}{\text{यो}}\right\}^2}$$

(स) $$\text{S. D.} = \sqrt{\frac{\Sigma d^2x - N(a - x)^2}{N}}$$

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{वि}^2_{\text{य}} - \text{यो}\ (\text{मध्यक—य})^2}{\text{यो}}}$$

उदाहरण १—प्रमाप-विचलन, लघु-रीति

भार पौंड	आवृत्ति बा	मध्यक से विचलन वि$_{\text{य}}$	विचलनों के वर्ग वि$^2_{\text{य}}$	वि$^2_{\text{य}}$ ×बा. fd^2x	वि$_{\text{य}}$ ×बा. fdx
९०	४	—१०	१००	४००	—४०
९५	१०	— ५	२५	२५०	—५०
९८	५	— २	४	२०	—१०
१००	४	०	०	०	०
१०५	७	+ ५	२५	१७५	+२५
११०	५	+१०	१००	५००	+५०
११५	२	+१५	२२५	४५०	+३०
	यो=३७			Σ वि$^2_{\text{य}}$ बा =१७९५	Σ वि$_{\text{य}}$ बा. =१५

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2_x}{N} - \left\{\frac{\Sigma fd_x}{N}\right\}^2}$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}} - \left\{\frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}}\right\}^2}$$

$$= \sqrt{\frac{१७९५}{३७} - \left\{\frac{१५}{३७}\right\}^2}$$

$$= \sqrt{४८\cdot५१ — \cdot१६४}$$

$$= \sqrt{४८\cdot३४६} = ६\cdot९५$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2_x}{N} - \left\{a - x\right\}^2}$$

$$= \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}} \text{ बा}}{\text{यो}} \quad (\text{मध्यक} — \text{य})^2}$$

$$= \sqrt{\frac{१७९५}{३७} - \left\{१००\cdot४ — १००\right\}^2}$$

$$= \sqrt{४८\cdot५१ — \cdot१६४}$$

$$= \sqrt{४८\cdot३४६} = ६\cdot९५$$

$$\text{Mean} = x + \frac{\Sigma fd_x}{N}$$

$$\text{मध्यक} = \text{य} + \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}}$$

$$= १०० + \frac{१५}{३७} = १००\cdot४$$

$$\text{प्रमाप-विचलन-गुणक} = \frac{\text{प्र. वि.}}{\text{मध्यक}}$$

$$= \frac{६\cdot९५}{१००\cdot४} — \cdot०६९$$

उदाहरण २—प्रमाप-विचलन लघु-रीति

भार पौंड आ.	व्यक्ति संख्या बा.	मध्यबिन्दु	मध्यक से विचलन $वि_य$	$वि^2_य$ d^2x	$वि^2_य$ बा. fd^2x	$वि_य$ बा. fdx
११०-१२०	२०	११५	—२०	४००	८०००	—४००
१२०-१३०	३०	१२५	—१०	१००	३०००	—३००
१३०-१४०	२५	१३५	०	०	०	०
१४०-१५०	२२	१४५	+१०	१००	२२००	+२२०
१५०-१६०	१३	१५५	+२०	४००	५२००	+२६०
	यो= ११०				Σ $वि^2_य$. बा. =१८,४००	Σ $वि_य$. बा. =—२२०

$$S.\ D. = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2x - n\ (a—x)}{N}}$$

$$प्र.\ वि. = \sqrt{\frac{\Sigma\ वि^2_य\ बा—यो\ \ (मध्यक—य)^2}{यो}}$$

$$= \sqrt{\frac{१८४००—११०\ \ (१३३—१३५)^2}{११०}}$$

$$= \sqrt{\frac{१८४००\ —\ (—२)^2}{११०}}$$

$$=\ \ १२\cdot८$$

$$प्र.\ वि.\ गु. = \frac{१२\cdot८}{१३३} = \cdot०९६$$

$$S.\ D. = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2x}{N} - (a—x)^2}$$

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{ वि}^2_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}} - (\text{मध्यक—य})^2}$$

$$= \sqrt{\frac{१८,४००}{११०} - (१३३—१३५)^2}$$

$$= १२\cdot८$$

$$\text{S. D.} = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2_x}{n} - \left\{\frac{\Sigma fd_x}{n}\right\}^2}$$

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{ वि}^2_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}} - \left\{\frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}}\right\}^2}$$

$$= \sqrt{\frac{१८४००}{११०} - \left\{\frac{—२१०}{११०}\right\}^2}$$

$$= \sqrt{\frac{१८४००—(—२)^2}{११०}}$$

$$= १२\cdot८$$

$$\text{प्र. वि. गु.} = \frac{१२\cdot८}{१३३} = \cdot०९६$$

प्रमाप-विचलन के लक्षण व प्रयोग

(१) प्रमाप विचलन समंकमाला के सभी अंकों को समान महत्व देने के कारण अपकिरण का एक यथार्थ माप है ।

(२) मध्यक विचलन के प्रतिकूल यह गणित की ही क्रिया के द्वारा (+) और (—) चिन्हों का निरसन करता है, इस कारण इसमें गणित सम्बन्धी दोष नहीं है ।

(३) यह बीजगणित के प्रयोग के द्वारा और भी अधिक समझाया जा सकता है और इसका एक गणित सम्बन्धी महत्व है ।

(४) अपकिरण के किसी भी अन्य माप की अपेक्षा इस पर निदर्शन के उच्चावचन (Sampling fluctuations) का न्यूनतम प्रभाव होता है ।

(५) निर्वचन (Interpretation) सम्बन्धी गुण होने के कारण इसका प्रयोग अंक-वंटन और समग्र के आन्तरिक अपकिरण को समझाने में विशेष रूप से किया जाता है।

(६) यह एक बहुत ही स्थिर माप है।

(७) अर्थशास्त्री और सामाजिक कार्यकर्ता इसकी क्रिया की कठिनाई के कारण इसका कम प्रयोग करते हैं।

अपकिरण के अन्य माप

उपरोक्त अपकिरण मापों के अतिरिक्त उन्हीं पर आधारित कुछ अन्य माप निम्नलिखित हैं।

(१) विचरण गुणक (Coefficient of Variation) अपकिरणों के नापने का एक सापेक्ष माप है और इसे निकालने के लिए किसी भी अपकिरण के गुणक को १०० से गुणा कर दिया जाता है। इस प्रकार यह प्रतिशत अपकिरण का द्योतक होता है। क्योंकि प्रमाप-विचलन अपकिरण का सबसे अच्छा माप है इसलिए श्री कार्ल पियर्सन महोदय ने उस पर यह आधारित विचरण गुणक को सर्वोत्तम बताया है जिसका सूत्र निम्नलिखित है।

$$\text{Coeff. of Variation} = \frac{\text{S.D.}}{\text{A}} \times 100$$

$$\text{विचरण गुणक} = \frac{\text{प्र. वि.}}{\text{मध्यक}} \times १००$$

(२) घनक (Modulus) अपकिरण के द्वितीय घात पर आधारित एक अन्य माप है जिसका कि प्रयोग बहुत कम दिया जाता है। इसका सूत्र निम्नलिखित है।

$$c = \sqrt{\frac{2\Sigma fd^2x}{N}}$$

$$\text{घ} = \sqrt{\frac{२\Sigma \text{वि}^2{}_\text{य} \text{ बा}}{\text{यो}}}$$

(३) विचरण मापांक (Variance) का दूसरा नाम द्वितीय अपकिरण घात (Second Moment of Dispersion) है जिस पर कि प्रमाप

विचलन आधारित है। प्रमाप-विचलन विचरण मापाँक का वर्गमूल होता है। इसका सूत्र निम्नलिखित है।

$$\text{Variance or } \sigma^2 = \frac{\Sigma fd^2x}{N}$$

$$\text{विचरण मापांक} = \frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}}$$

(४) सुतथ्यता (Precision) यह घनक का व्युतक्रम होता है और इसका सूत्र निम्नलिखित है।

$$P = \frac{1}{\sqrt{\frac{2\Sigma fd^2x}{N}}}$$

$$\text{सु} = \frac{\text{१}}{\sqrt{\frac{\text{२}\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}} \text{ बा.}}{\text{यो}}}}$$

घनक के समायत (Square) को उच्चावचन (Fluctuation) और प्रमाप-विचलन के ·६७४५ को संभाव्य विभ्रम (Probable Error) कहते हैं।

अपकिरण मापों का परस्पर सम्बन्ध

यद्यपि अपकिरण के विभिन्न मापों में परस्पर सम्बन्ध नहीं ठहराया जा सकता, तो भी उनकी तुलना निम्नलिखित रूप में की जा सकती है:—

(१) विचरण विस्तार केवल अंतस्थ अंकों के अन्तर द्वारा अपकिरण की महानतम मात्रा की ओर निर्देश करता है।

(२) चतुर्थांशान्तर विस्तार दोनों चतुर्थांशों के बीच के अंकों के अपकिरण को स्पष्ट करता है और करीब करीब आधी समंकमाला को छोड़ देता है।

(३) चतुर्थांश विचलन एक ऐसी संख्या प्रदान करता है जिसे यदि मध्यका में दोनों ओर जोड़ दिया जाय तो चतुर्थांशान्तर विस्तार मालूम हो जाता है। परन्तु ऐसा केवल एक संमित अंक-वंटन में ही सम्भव है।

(४) एक संमित (Symmetrical) या साधारण विषम समंकमाला में मध्यक विचलन प्रायः प्रमाप विचलन का ४/५ होता है।

(५) किसी संमित या साधारण विषम समग्र में चतुर्थांश विचलन प्रमाप-विचलन का २/३ होता है।

लारेंज वक्र (Lorenz Curve)

अंकों की अपेक्षा टेढ़ी मेढ़ी लकीरें मास्तिष्क पर अधिक स्थायी प्रभाव डालती हैं और कोई भी व्यक्ति उनके स्वरूप को विपुल अंकों की अपेक्षा अधिक आसानी से याद रख सकता है। इसी बात से प्रभावित होकर श्री० लारेंज महोदय ने धन, लाभ, आय, भृत्ति, या जनसंख्या के सापेक्षिक (Relative) अपकिरण को समझाने के लिये एक वक्र बनाया जिसे उनके नाम पर ही लारेंज वक्र (Lorenz Curve) कहते हैं और इसे बनाने की पद्धति निम्नलिखित हैः—

(१) यदि दो समंकमालाओं की तुलना करना हो तो सबसे पहले उनकी संचयी आकृति और संचयी बारम्बारता दोनों ही निकाल लेनी चाहिये।

(२) संचयी बारम्बारता और संचयी आकृतियों के अन्तिम पदों को १०० मान कर अन्य आकृतियों और तत्संवादी बारम्बारताओं के संचयी प्रतिशत मालूम करो।

(३) इन संचयी आकृतियों और बारम्बारताओं के प्रतिशतों को क्रमशः य (x) और र (y) मान कर (य) को य-अक्ष (Axis of x) और (व) को र–अक्ष पर (Axis of y) दिखलाया जायगा। परन्तु उन्हें बिन्दुरेखीय चार्ट पर दिखाने के लिये नई पद्धति के अनुसार अक्ष रेखायें ली जाँयगी। (र) अक्ष रेखा पर यदि ० से १०० तक प्रतिशत लिखे जायेंगे तो उनके प्रतिकूल (य) अक्ष पर १०० से ० तक प्रतिशत दिखलाये जायेंगे। ० और १०० को मिलाने वाली रेखा को समान-वंटन रेखा (Line of equal distribution) कहते हैं।

दोनों ही समंकमालाओं के संचयी प्रतिशतों को क्रमशः (य) और (र) मान कर बिन्दुरेखीय चार्ट पर मालूम करने से जो बिन्दु प्राप्त होंगे उनको मिलाने से जो वक्र बनेंगे उन्हें लारेंज वक्र कहा जायगा और तुलना करते समय समान-वंटन-रेखा आधार होगी। जो वक्र जितना ही समान-वंटन-रेखा के समीप होगा उतना ही उस समूह में अपकिरण कम पाया जायगा।

उदाहरण—

निम्नलिखित अंकों की सहायता से अपकिरण दिखलाने के लिये लारेंज वक्र बनाइये।

समूह (अ)		समूह (ब)	
आय (सहस्र)	व्यक्ति संख्या (सहस्र)	आय (सहस्र)	व्यक्ति संख्या (सहस्र)
३०	२०	४००	१०
४०	४०	५००	१०
६०	८०	४००	१०
८०	१२०	७००	३०
९०	१६०	६००	४०
६०	१४०	६००	५०
६०	१२०	८००	१००
५०	१२०	५००	१००
५०	२००	५००	१५०

समूह (अ)				समूह (ब)			
आय		व्यक्ति संख्या		आय		व्यक्ति संख्या	
संचयी आय	संचयी प्रतिशत	संचयी आवृत्ति	संचयी प्रतिशत	संचयी आय	संचयी प्रतिशत	संचयी आवृत्ति	संचयी प्रतिशत
३०	६	२०	२	४००	८	१०	२
७०	१४	६०	६	९००	१८	२०	४
१३०	२६	१४०	१४	१३००	२६	३०	६
२१०	४२	२६०	२६	२०००	४०	६०	१२
३००	६०	४२०	४२	२६००	५२	१००	२०
३६०	७२	५६०	५६	३२००	६४	१५०	३०
४२०	८४	६८०	६८	४०००	८०	२५०	५०
४५०	९०	८००	८०	४५००	९०	३५०	७०
५००	१००	१०००	१००	५०००	१००	५००	१००

सामान्य वक्र (Normal Curve)

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि किसी भी समग्र के विभिन्न अंकों में अपकिरण होता ही ह चाहे वह परस्पर हो या समग्र की केन्द्रीय प्रवृत्ति को दिग्दर्शित करने वाली एकमेव संख्या से जिसे कि हम माध्य कहते हैं। यदि इस माध्य के दोनों ओर समंकों का जमाव एक सा हो और विचलन बराबर हो तो ऐसे अंक-वंटन को सामान्य अंक-वंटन (Normal Distribution) कहते हैं और यदि उसी समग्र को बिन्दुरेखा की सहायता से दिखलाया जाये तो ऐसे वक्र को सामान्य-वक्र या सामान्य-आवृत्ति-वक्र कहते हैं। प्रकृति की अनेकों घटनायें जिन पर मनुष्य की अभिनति का प्रभाव नहीं पड़ सकता प्रायः इसी वक्र के अनुसार परिचालित होती हैं। दूसरे शब्दों में ऐसी घटनायें जिनमें सम्भावना एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हो प्रायः अनुकूल और प्रतिकूल दोनों ही प्रकार की होती हैं। उदाहरणार्थ, यदि एक पैसे को उछाला जाय तो वह सीधा और उल्टा दोनों ही प्रकार से गिर

सकता है और यदि उसे ३०० बार उछाला जाय तो इस बात की सम्भावना होगी कि १५० बार सीधा और १५० बार उल्टा गिरे।

सामान्य-वक्र सम्भावना के सिद्धांत पर आधारित है इस कारण यह एक बहुत महत्वपूर्ण वक्र है क्योंकि सम्भावना का सिद्धान्त प्रायः सभी प्रकार के सांख्यिकीय परिगणन का आधार है। सामान्य वक्र निम्नलिखित नियम पर आधारित है:—

"किसी भी प्राकृतिक घटना की यह प्रवृत्ति होती है कि उससे सम्बन्धित समंक भूयिष्ठक के दोनों ओर समान अनुपात में पाये जायँ जबकि उन पर सम्भावना का प्रभाव हो।"

सामान्य वक्र को सबसे पहिले सन् १७७३ ई० में अब्राहम–दे–मोवीरे ने सामने रखा और बाद में गाँस (Gauss) नामक व्यक्ति ने ज्योतिष सम्बन्धी अनेकों गणनायें करने में इस वक्र का प्रयोग किया और इस कारण कभी कभी इस वक्र को "गाँस का विभ्रम वक्र" कहते हैं।

सामान्य वक्र की निम्नलिखित विशेषतायें हैं—

(१) सामान्य वक्र में भूयिष्ठक केवल एक ही होता है और उसकी आकृति मध्यक और मध्यका के बिल्कुल बराबर होती है।

(२) वक्र के नीचे आने वाले क्षेत्र में उस समग्र के जिसका कि वह चित्र हो, प्रायः सभी अंक पाये जाते हैं।

(३) मध्यक की लकीर वक्र के क्षेत्र को दो समान भागों में विभाजित करती है और प्रत्येक भाग में समग्र के ५० प्रतिशत समंक पाये जाते हैं।

(४) सामान्य वक्र में दो ऐसे बिन्दु पाये जाते हैं जहाँ पर कि वक्र अपनी दिशा परिवर्तन करता है। यदि ऐसे बिन्दुओं से आधार अक्ष पर लम्ब (Perpendicular) डाले जायँ तो मध्यक से उन तक के अन्तर को प्रमाप-विचलन (Standard Deviation) कहते हैं।

(५) यदि मध्यक से दोनों ओर एक एक प्रमाप-विचलन लिये जाएँ तो उनके अर्न्तगत आने वाले क्षेत्र में समग्र के ६८·२६% समंक पाये जायँगे। इस अन्तर को प्रमाप-विभ्रम (Standard Error) कहते हैं।

(६) यदि मध्यक से दोनों ओर दो प्रमाप-विचलन के बराबर क्षेत्र लिया जाय तो उसमें ९५·४६% समंक पाये जायेंगे।

(७) यदि मध्यक से दोनों ओर तीन तीन प्रमाप-विचलन लिये जाएँ तो उनके क्षेत्र में समग्र के ९९·७३% अंक पाये जायेंगे।

(८) यदि मध्यक से दिशा परिवर्तन वाले बिन्दु के लम्ब तक के क्षेत्र के पाँच हिस्सों में से चार ले लिये जायँ तो उसे मध्यक विचलन कहते हैं। इस प्रकार मध्यक-विचलन प्रमाप-विचलन का ४/५ होता है।

(९) यदि मध्यक से प्रमाप-विचलन के लम्ब तक के अन्तर को तीन भागों में विभाजित करके दो भाग ले लिये जाएँ तो उसे सम्भाव्य-विभ्रम (Probable Error) कहते हैं। इस प्रकार सम्भाव्य-विभ्रम प्रमाप-विचलन का २/३ या ·६७४५ होता है। यदि मध्यक से दोनों ओर एक एक सम्भाव्य-विभ्रम लिये जाएँ तो उनके अन्तर्गत क्षेत्र में सम्पूर्ण समग्र के ५० प्रतिशत अंक पाये जायेंगे।

(१०) किसी भी सामान्य-वक्र में सम्भाव्य-विभ्रम और चतुर्थांश-विचलन दोनों ही बराबर होते हैं।

(११) यदि मध्यक से दोनों ओर चार चार सम्भाव्य-विभ्रम लिये जाएँ तो उनके अन्तर्गत क्षेत्र में समग्र के ९९ प्रतिशत अंक पाये जायेंगे।

(१२) सम्भाव्य-विभ्रम प्रमाप-विचलन का ·६७४५ और मध्यक-विचलन का ·८४५ होता है।

विषमता (Skewness)

अभी तक हमने समग्र के दो पहलुओं का अध्ययन किया है। केन्द्रीय प्रवृत्ति को नापने के लिये माध्यों का प्रयोग और समंकों के केन्द्रीय प्रवृत्ति के विचलनों को नापने के लिये मध्यक-विचलन और प्रमाप-विचलन का प्रयोग किया जाता है। अपकिरण-माप यद्यपि हमें यह बतला सकते हैं कि किस समूह में माध्य से समंकों का विचलन अधिक है परन्तु वे यह बताने में असमर्थ हैं कि विचलनों में समानता है या विषमता। इस कार्य को पूरा करने के लिये विषमता-मापों का प्रयोग किया जाता है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि ऐसी सब घटनायें जिन पर मनुष्य का प्रभाव न हो प्राय: सामान्य-वक्र बनाती हैं। सामान्य वक्र के लक्षणों में से यदि कुछ लक्षण किसी समग्र में न पाये जायँ तो ऐसे समग्र को विषम या

असंमित कहते हैं और वक्र की असंमित प्रकृति को विषमता (Skewness) कहते हैं ।

किसी भी संमित या सामान्य समग्र में प्रायः विषमता विभिन्न माध्यों की सापेक्षिक स्थिति के कारण निर्माण होती है । विषमता के अध्ययन में सामान्य वक्र के पूर्वोक्त लक्षणों में से निम्नलिखित लक्षण विशेष महत्व के हैं:—

(१) सामान्य वक्र में मध्यका, मध्यक और भूयिष्ठक एक ही स्थान पर होते हैं और उनकी आकृति बराबर होती है ।

(२) मध्यका से चतुर्थांश १ और चतुर्थांश ३ का अन्तर बराबर होता है ।

विषमता के माप उपरोक्त लक्षणों पर आधारित हैं ।

विषमता का प्रथम माप

जब किसी भी समग्र में भूयिष्ठक, मध्यका, और मध्यक एक ही स्थान पर नहीं रहते तो उसमें विषमता आ जाती है। यदि इन माध्यों के अन्तर मालूम कर लिये जायँ तो इनकी विषमता की मात्रा जानी जा सकती है।

जैसा कि उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि (अ) वक्र की संमित प्रकृति जिसका कि मूल कारण मध्यक, भूयिष्ठक और मध्यका का एक होना था, इन माध्यों के परस्पर दूर हट जाने के कारण दूर हो गई है। (ब) वक्र में भूयिष्ठक, मध्यका और मध्यक में अन्तर है और वक्र की विषमता का मूल कारण मध्यक से भूयिष्ठक का बहुत अधिक दूर चला जाना है। यदि उनके परस्पर अन्तर को मालूम कर लिया जाय तो वही विषमता का प्रथम माप होगा।

सूत्रानुसार, Skewness = A — Z

विषमता = मध्यक — भूयिष्ठक

कभी कभी जब भूयिष्ठक मालूम करना सम्भव नहीं होता तो मध्यक से मध्यका की दूरी मालूम करके उसके आधार पर भूयिष्ठक की दूरी का अनुमान लगाया जाता है। एक साधारणतया विषम अंक-वंटन में भूयिष्ठक मध्यक से जितनी दूर चल पाता है मध्यका उस अन्तर का केवल १/३ ही चल पाती है। इसलिये यदि मध्यक और मध्यका के अन्तर को ३ गुणा कर दिया जाय तो भयिष्ठक की स्थिति का अनुमान लग सकता है।

सूत्रानुसार,

Skewness = 3 (A–M)

विषमता = ३ (मध्यक–मध्यका)

क्योंकि विषमता के उपरोक्त माप निरपेक्ष माप हैं उनके गुणक बनाना आवश्यक हो जाता है और कार्ल पियर्सन ने निम्नलिखित विषमता-गुणक बनाये हैं जिन्हें विषमता के उत्कृष्ट माप समझा जाता है।

(A) Coeff. of Skewness

$$= \frac{A - Z}{S.D.}$$

(B) Coeff. of Skewness

$$= \frac{3 (A - M)}{S.D.}$$

(अ) विषमता-गुणक = $\frac{\text{मध्यक–भूयिष्ठक}}{\text{प्र.वि.}}$

(ब) विषमता-गुणक = $\frac{\text{३ (मध्यक–मध्यका)}}{\text{प्र. वि.}}$

उदाहरण—१

समूह (अ)			समूह (ब)		
अंक	मध्यक से विचलन (१३६)	विचलनों का समायत	अंक	मध्यक से विचलन (६०७)	विचलनों का समायत
१३०	६	३६	५९६	११	१२१
१३२	४	१६	६०१	६	३६
१३३	३	९	६०२	५	२५
१३५	१	१	६०५	२	४
१३५	१	१	६०५	२	४
१३६	०	०	६०७	०	०
१३७	१	१	६०८	१	१
१३८	२	४	६१९	१२	१४४
१४८	१२	१४४	६००	१३	१६९
		Σ वि$^2_{य}$ = २१२			Σ वि$^2_{य}$ = ५०४

$$\text{Karl Pearson's Skewness} = \frac{\text{A—Z}}{\text{S. D.}}$$

$$\text{कार्ल पियर्सन का विषमता-गुणक} = \frac{\text{मध्यक—भूयिष्ठक}}{\text{प्र. वि.}}$$

समूह (अ)

मध्यक = १३६

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{२१२}{९}} = \frac{१४\cdot५}{३} = ४\cdot८$$

भूयिष्ठक = १३५

$$\text{विषमता गुणक} = \frac{\text{मध्यक—भूयिष्ठक}}{\text{प्र. वि.}}$$

$$= \frac{१३६—१३५}{४\cdot८} = \cdot२०८$$

समूह (ब)

मध्यक = ६०७

$$\text{प्र. वि.} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{५०४}{९}} = \frac{२२४}{३} = ७\cdot५$$

भूयिष्ठक = ६०५

$$\text{विषमता-गुणक} = \frac{\text{मध्यक—भूयिष्ठक}}{\text{प्र. वि.}}$$

$$= \frac{६०७—६०५}{७\cdot५} = \cdot२६७$$

विषमता-गुणक देखने से ज्ञात होता है कि समूह (ब) में समह (अ) की अपेक्षा अधिक विषमता है।

विषमता का द्वितीय माप

किसी भी समग्र में यदि ($च_1$) और ($च_3$) मध्यका से बराबर दूरी पर न हों तो समग्र में विषमता आ जाती है और यदि यह जाना जा सके कि मध्यका से दोनों चतुर्थांशों की दूरी में कितना अन्तर पड़ गया है तो वही विषमता का माप होगा और उस निरपेक्ष माप का सापेक्षिक गुणक भी मालूम किया जा सकता है। यह बात निम्नलिखित सूत्रों द्वारा स्पष्ट हो जाती है—

$$\text{Skewness} \quad (Q_3 - M) - (M - Q_1)$$

$$\text{विषमता} = (च_3 - \text{मध्यका}) - (\text{मध्यका} - च_1)$$

$$\text{Coeff. of Skewness} = \frac{(Q_3 - M) - (M - Q_1)}{(Q_3 - M) + (M - Q_1)}$$

$$\text{विषमता-गुणक} \quad \frac{(च_3 - म) - (म - च_1)}{(च_3 - म) - (म - च_1)}$$

$$\text{या} = \frac{च_3 + च_1 - २म}{च_3 - च_1}$$

उदाहरण—२

प्राप्तांक	कक्षा (अ)	कक्षा (ब)	संचयी आवृत्ति	
			कक्षा (अ)	कक्षा (ब)
५५–५८	१२	२०	१२	२०
५८–६१	१७	२२	२९	४२
६१–६४	२३	२५	५२	६७
६४–६७	१८	१३	७०	८०
६७–७०	११	७	८१	८७

कक्षा (अ)

$$\text{Quartile}_1 = L_1 + \frac{I}{F}\,(QI - Cf^P)$$

$$च_1 = सी_1 + \frac{वि}{बा}(अ.\ च_1 - सं_उ)$$

$$= ५८ + \frac{३}{१७} (२०\cdot५ — १२) = ५९\cdot५$$

$$Q_3 = L_1 + \frac{I}{F} (QI_3 — Cf^P)$$

$$च_3 = सी_1 + \frac{वि}{बा_1} (अ.च_3 — सं_उ)$$

$$= ६४ + \frac{३}{१८} (६\cdot१५ — ५२) = ६५\cdot६$$

$$\text{Median} = L_1 + \frac{I}{F} (MI — Cf^P)$$

$$मध्यका = सी_1 + \frac{वि}{बा} (म \ अं — सं_उ)$$

$$= ६१ + \frac{३}{२३} (४१ — २९) = ६२\cdot६$$

$$विषमता\text{-}गुणक = \frac{च_3 + च_1 — २म}{च_3 — च_1}$$

$$= \frac{६५\cdot६ + ५९\cdot५ — २ (६२\cdot६)}{६५\cdot६ — ५९\cdot५}$$

$$= \frac{१२५\cdot१ — १२५\cdot२}{६\cdot१} = \frac{\cdot१}{६\cdot१} = —\cdot०१६$$

कक्षा (ब)

$$च_1 = ५८ + \frac{३}{२२} (२२ — २०) = ५८\cdot३$$

$$च_3 = ६१ + \frac{३}{२५} (६६ — ४२) = ६३\cdot९$$

$$म = ६१ + \frac{३}{२५} (४४ — ४२) — ६१\cdot२$$

$$विषमता\text{-}गुणक = \frac{६३\cdot९ + ५८\cdot३ — २ (६१\cdot२)}{६३\cdot९ — ५८\cdot३}$$

$$= —\cdot०३४$$

विषमता-गुणकों को देखने से ज्ञात होता है कि कक्षा (ब) में कक्षा (अ) की अपेक्षा अंक-वंटन अधिक असंमित है ।

विषमता का तृतीय माप

विषमता का तृतीय माप तृतीय अपकिरण-घात पर आधारित है और उसका सूत्र निम्नलिखित है।

$$S.K. = 3\sqrt{\frac{\frac{\Sigma d^3_x}{N}}{S.D.}}$$

$$\text{वि. गु.} = 3\sqrt{\frac{\frac{\Sigma \text{वि}^3_\text{य}}{\text{यो}}}{\text{प्र. वि.}}}$$

विषमता-मापों के लक्षण

(१) विषमता के प्रथम माप समग्र के विभिन्न माध्यों पर आधारित होने के कारण समग्र के सम्पूर्ण अंकों का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

(२) विषमता के द्वितीय माप स्थानिक मूल्यों पर आधारित होने के कारण कभी कभी विषमता की मात्रा के अच्छे माप होते हैं।

(३) विषमता के तृतीय माप इस कारण सर्वोत्तम हैं क्योंकि वह समग्र के प्रत्येक अंक को महत्व देते हैं परन्तु इन मापों का प्रयोग क्रिया की कठिनाई के कारण बहुत कम किया जाता है।

अङ्क–झुकाव (Kurtosis)

सामान्य-वक्र आवृत्तियों में क्रमशः घट-बढ़ के कारण प्रायः तीन प्रकार के स्वरूप का बन सकता है। सामान्य-वक्र का रूप समग्र में अंकों का झुकाव निश्चित करता है। प्रायः सामान्य वक्र में एक प्रकार की पृथुशीर्षता (Flat Topphedness) पाई जाती है जिसके कारण उसमें एक कूबड़ सा निकल आता है जिसके माप को अंक–झुकाव या पृथुशीर्षता कहते हैं।

उपरोक्त तीनों प्रकार की पृथुशीर्षता को अपकिरण के चतुर्थ-घात की सहायता से मालूम किया जा सकता है।

अपकिरण, विषमता और अङ्क-झुकाव की तुलना

(१) अपकिरण समग्र के विभिन्न अंकों के उनकी केन्द्रीय प्रवृत्ति से अन्तर या विचलन को नापता है। विषमता के द्वारा हम यह जान सकते हैं कि इस प्रकार के विचलनों की प्रवृत्ति के दोनों ओर समान हैं या विषम और पृथुशीर्षता से हम यह जान सकते हैं कि समग्र के मध्य में स्थिर समंक कितनी तेजी से घटते या बढ़ते हैं।

(२) अपकिरण विभिन्न अंकों के समग्र में स्थिति पर आधारित है परन्तु विषमता उन अंकों की केन्द्रीय और अन्तस्थ अंकों के प्रति प्रवृत्ति पर विचार करती है।

(३) अपकिरण के माप प्रथम, द्वितीय और तृतीय अपकिरण-घातों पर आधारित हैं। विषमता के माप प्रथम और तृतीय अपकिरण-घात पर आधारित हैं और पृथुशीर्षता चतुर्थ अपकिरण-घात के द्वारा नापी जाती हैं।

(४) अपकिरण के माप द्विघातीय माध्यों पर आधारित हैं। विषमता के माप प्रथमघातीय और द्विघातीय माध्यों पर आधारित हैं और पृथुशीर्षता केवल द्विघातीय माध्य पर आधारित है।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Discuss the various ways in which the differences in the characteristics of frequency distribution (अंक-बंटन) are generally measured. (*B. Com., Luck.*, 1937).

2. (a) Define dispersion (अपकिरण). Account for its importance in statistical methods. How is it measured ?

(b) Mention the important methods of measuring dispersion (अपकिरण-माप) and disucss their comparative merits. (*B. Com., Luck.*, 1943).

3. Define carefully Mean deviation, (मध्यक विचलन); S.D. (प्र० वि०), Q.D. (च० वि०) of any given distribution. In what problems should each be used ? In a non-symmetrical distribution (विषम अंक-बंटन) how would you find the Skewness (विषमता). (*M.A., Alld.*, 1940).

4. What is meant by Skewness (विषमता) ? How does it differ from dispersion (अपकिरण). What is the object of measuring these? (*B. Com., Alld.*, 1943).

5. Describe the different measures of dispersion and assess the relative advantages of each. Calculate the S.D. (प्र० वि०) of the following two series. Which shows greater variation (अपकिरण) ?

Section A	Section B
192	83
288	87
236	93
229	109
184	124
260	126
348	126
291	101
330	102
243	108

(*P.C.S.*, 1938).

{ Mean (मध्यक) A=260·1, B=105·9
S. D. (प्र० वि०) A=51.6, B= 14.96
Coeff. of S. D. (प्र० वि० गु०) A=·198, B =·141 }

6. What purpose does a measure of dispersion serve? Define S. D. (प्र० वि०) and Semi-interquartile Range (अर्ध-चतुर्थांशान्तर विस्तार) and calculate them from the following table giving the age distribution of 542 members of the House of Commons.

Age	No. of Members
20	3
30	61
40	132
50	153
60	140
70	51
80	2
	542

(*B. Com.*, *Nag.*, 1942).

{ Mean (म)=49·724
S.D. (प्र० वि०)=11·874
Q.D. (च० वि०)=10 }

7. Find Quartiles (चतुर्थांश) and S.D. (प्र० वि०) in the figures in the following table to show whether the variation is greater in the area or yield ?

Years	Area in lacs of acres	Yield in lacs of bales of 400 lbs. each
1914—15	152	49
—16	114	51
—17	138	50
—18	154	45
—19	144	40
—20	153	53
—21	141	49
—22	117	60
—23	136	63
1923—24	154	60

(*B. Com.*, *Agra*, 1938).

[Q.D. (च०वि०) of x=11·125; of y=6
S.D. (प्र०वि०) of x=13·9; of y=6·8]

8. Calculate the Coefficient of Variation (विचरण गुणक) of the income of 20 families which are given below: Rs. 2000, 35, 400, 15, 40, 1500, 300, 6, 90, 250, 20, 12, 450, 10, 150, 8, 25 30, 1200, 60.

(*B. Com.*, *Alld.*, 1941).

[Mean (मध्यक) 330 S. D. =550·6
Coeff. of Variation (वि० गु०) =166·8]

9. The following table gives the distribution of populations in towns A and B in age groups. Compare the variation and Skewness (विषमता) of their frequencies.

Age groups	Population in thousands	
	A	B
0—10	18	10
10—20	16	12
20—30	15	24
30—40	12	32
40—50	10	29
50—60	5	11
60—70	2	3
Above 70	1	1

(*B. Com.*, *Agra*, 1947).

[Mean (मध्यक) A= 26 ; B=34
S.D. (प्र०वि०) A= 17·5; B=15·05

Coeff of V., (वि० गु०) A=39·7. ; B=42·8
Coeff. Sk., (विषमता गुणक) A=+·343; B= —·223]

10. Find out a Coefficient of Dispersion (अपकिरण गुणक) and a Coefficient of Skewness (विषमता गुणक) from the following figures and explain them.

Weight in lbs.	No. of Persons	Weight in lbs.	No. of Persons
70— 80	12	110—120	50
80— 90	18	120—130	45
90—100	35	130—140	20
100—110	49	140—150	8

(*B. Com.*, *Agra*, 1940)

[Mean (म) = 110·2; Mode (भू) = 111·66
S.D.(प्र०वि०) = 17; Coeff. of Sk. (विषमता-गुणक) = —·85]

11. Find the S.D. (प्र० वि०) of the following frequency distribution (आवृत्ति वंटन)

Exceeding	Not exceeding	Frequency
5·5	6·5	4
6·5	7·5	2
7·5	8·5	5
8·5	9·5	7
9·5	10·5	9
10·5	11·5	4
11·5	12·5	2

[Mean (मध्यक) = 9·06 ; S.D. (प्र० वि०) 1·7] (*M.A.*, *Agra*, 1934)

12. In any two samples, where the variates (च ल) n_1 and n_2 are measured in same units,

(यो$_1$) n_1 =36 (Summation) ΣX_1^2 (Σ वि$_1^2$) =49428
(यो$_2$) n_2 =49 (Do) ΣX_2^2 (Σ वि$_1^2$) =71258

Compute the values of the S.D.(प्र०वि०) of the two samples.

What additional information is required to calculate the coefficient of variation (विचरण–गुणक) of the above two samples ? (*B. Com.*, *Luck.*, 1943).

Indicate the uses of such a Coefficient

[S.D.$_1$ (प्र० वि०$_1$) =37·01 S.D.$_2$ (प्र० वि०$_2$) =38·08]

The Value of Arithmetic average is needed for the computation of the Coeff. of variation.

13. The following table gives the frequency distribution (अंक वंटन) of expenditure on 1000 per family per month among working class families in two localities, and the mean and standard deviation of the expenditure at both places, and discuss whether there is any difference in the expenditure in the 1000 families at these two places.

Range of expenditure in Rs. per month	No. of families Place A	Place B
Rs. 3— 6	28	39
„ 6— 9	292	284
„ 9—12	389	401
„ 12—15	212	202
„ 15—18	59	48
„ 18—21	18	21
„ 21—24	2	5

(*P.C.S.* 1941)

[Mean (मध्यक) A=10·6 S.D. (प्र०वि०) A=3·06
„ „ B=10·5 „ „ B=3·15]

14. The following table shows the number of workers in two factories whose weekly earnings are given in Column (1) Determine the Mean value (मध्यक मूल्य) of weekly earnings and Standard Deviation (प्र० वि०) in both the factories.

Range of weekly earnings	Number of workers Factory A	Factory B
4— 6	74	71
6— 8	376	379
8—10	304	303
10—12	110	112
12—14	18	18
14—16	0	1
16—18	9	3
18—20	9	9
20—22	0	4
Total	900	900

(*M.A.*, *Cal.*, 1936).

[Mean (मध्यक) A = 8·35, B =8·36]
[S. D. (प्र०वि०) A = 2·23, B =2·32]

15. Calculate the Standard Deviation (प्र० वि०) of th following data with regard to 2589 families in the U.K.

No. of persons in the families	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

No. of familes 156, 852, 580, 433, 268, 148, 77, 41, 20, 8, 5, 12,28!

(*M.A.*, *Alld.*, 1942)

[Mean (मध्यक) 3·4]
[S.D. (प्र०वि०) =17·5]

16. Calculate the Mean Deviation (मध्यक विचलन) from the following data. What light does it throw on the social conditions of the community ? Difference in ages between husband and wife in a particular community, are given below) :—

Difference in years	Frequency (आवृत्ति)
0— 5	449
5—10	705
10—15	507
15—20	281
20—25	109
25—30	52
30—35	16
35—40	4

(*B. Com.*, *Bombay*, 1936)

[Mean (मध्यक)=10·5 Mean Deviation (मध्यक विचलन)=5·3]

17. What do you understand by the term 'dispersion (अप· किरण)' ? Name and describe two standard measures of dispersion.

The Index Number of prices of cotton and coal shares in 1942 were as under:—

Month	Index Number of prices of cotton shares	Index Number prices of coal shares
January	188	131
February	178	130
March	173	130
April	164	129
May	172	129
June	183	120
July	184	127
August	185	127
September	211	130
October	217	137
November	232	140
December	240	142

Which of the two shares do you consider more variable (चल) in price ?

(*M.A.*, *Agra.*, 1944).

[Mean(मध्यक)A=194 B=131 S.D. (प्र०वि०)A=23·8 B=5·79
V(वि० गु०) A=12·8 B=4·4]

18. From the following data, find out one measure of dispersion (अपकिरण माप) and state whether the variation in receipts is greater than that in passengers.

Years	Receipts	Passengers
1925	2354	50,010
1926	2780	61,060
1927	3011	70,005
1928	3020	70,110
1929	3541	83,001
1930	4150	91,100
1931	5000	100,000

(*B. Com.*, *Alld.*, 1932),

[Median (मध्यका) Receipts = 3020 Passengers =70110
M.D. (म० वि०) ,, = 649 ,, =13289
Coeff. of M.D.(म०वि०गु०) = ·215 ,, = ·189]

19. The following are the rents of 18 houses in a certain locality.

Rs. As.	Rs. As.
6—8	6—4
5—0	3—0
5—4	9—8
5—8	4—8
5—4	4—0
4—12	3—0
4—0	3—12
5—0	5—0
4—8	3—0

Calculate the Mean Deviation (म०वि०) of this group.

(*B. Com., Luck.*, 1930)

[Median (मध्यका) =4.875 M.D. (म०वि०)=1.014]

20. The following table gives the number of finished articles turned out per day by different number of workers in a factory. Find the Mean value (मध्यक) and 'Standard Deviation' (प्र०वि०) of the daily output of finished articles and explain the significance of 'Standard Deviation' (प्र०वि०).

Number of articles	Number of workers	Number of articles	Number of workers
18	3	23	17
19	7	24	13
20	11	25	8
21	14	26	9
22	18	27	4

(*B. Com., Cal.*, 1937).

[Mean (मध्यक)=22.519 S.D. (प्र० वि०)=2.3]

21. Write Short Notes:—

(1) Dispersion (अपकिरण)

(2) Standard Deviation (प्रमाप विचलन)

Calculate the Standard Deviation from the following data:—

Size of item	Frequency
6	3
7	6
8	9
9	13
10	8
11	5
12	4

(*B. Com.*, *Bombay*, 1936)

[Mean (मध्यक) = 9 S.D. (प्र०वि०) =1.6]

22. From the following figures find the Standard Deviation (प्र० वि०) and the Coefficient of Variation (विचरण गुणक):—

Marks	No. of persons
0—10	5
10—20	10
20—30	20
30—40	40
40—50	30
50—60	20
60—70	10
70—80	4

(*B.Com.*, (*s*) *Agra*, 1948).

[Mean (मध्यक) =39·3 S.D. (प्र०वि०) =1·6
V (वि०गु०) =10·9]

23. Explain the meaning and significance of skewness (विषमता). Which of the following two distributions is more skewed ?

Distribution of weekly Index Nos. of cost of living in Bombay, 1942.		Distribution of weekly Index Nos. of cost of living in Bombay, 1943.	
Index No.	No. of weeks	Index No.	No of weeks
140—150	5	200—210	10
150—160	10	210—220	10
160—170	20	220—230	10
170—180	9	230—240	8
180—190	6	240—250	7
190—200	2	250—260	7

(*M. Com., Agra*, 1950).

[Q_1 A=158·25 B=213·25 Median A.=165·75 B=226.5
Q_3 A=175·3 B=242·5 Coeff. of sk. A=·105 B= .09]

24. Calculate the Mean deviation (म०वि०) and the Standard Deviation (प्र०वि०) from the following data:—

Size of item	Frequency
3—4	3
4—5	7
5—6	22
6—7	60
7—8	85
8—9	32
9—10	8

(*B. Com., Agra* 1942 *and* 54).

[Mean (मध्यक) =7.09 Median (माध्यक) =7.5
S.D. (प्र०वि०) =1.15 M. D. (म०वि०) =.85]

25. Calculate (a) Median Coefficient of dispersion (मध्यका अपकिरण गुणक) and (b) Mean Coefficient of dispersion (मध्यक अपकिरण गुणक) from the following data:—

Size of items :	4,	6,	8,	10,	12,	14,	16,
Frequency :	2,	4,	5,	3,	2,	1,	4,

(*MA. Agra*, 1954)

[For Solution please refer to page 164]

26. Find the Coefficient of Skewness (विषमता गुणक) of the two groups given below and point out which distribution is more skew :—

Marks	Group (A)	Group (B)
55—58	12	20
58—61	17	22
61—64	23	25
64—67	18	13
67—70	11	7

(*M. A., Agra.*, 1954).

[For Solution please refer to page 170]

अध्याय १०.

सह-सम्बन्ध
(Correlation)

अभी तक हमने किसी भी समग्र के अन्तर्गत स्थित समंकों के स्वरूप, केन्द्रीय प्रवृत्ति, परस्पर विचलन, असंमित वंटन और पृथुशीर्षता इत्यादि के सम्बन्ध में अध्ययन किया है। इस अध्याय में हमें एक से अधिक समंक-समूहों की प्रवृत्तियों और उनके पारस्परिक सह-सम्बन्ध के विषय में विचार करना है। यदि किन्हीं दो समंकमालाओं के समंक समान या प्रतिकूल दिशा में अपकिरण करते हों तो ऐसे अपकिरण को सह-विचरण (Co-variation) कहते हैं। उदाहरणार्थ, यदि (अ) समंकमाला के अंकों में आरोही प्रवृत्ति (Increasing tendency) हो और (ब) समंकमाला के अंकों में अवरोही प्रवृत्ति (Decreasing tendency) हो तो उनका सह-विचरण विलोम होगा। यदि दोनों ही समंकमालाओं की आकृतियों में एक ही क्रम पाया जाए तो उनका सह-विचरण अनुलोम होगा।

यदि किन्हीं दो या दो से अधिक समंकमालाओं में सह-विचरण हो और उसके साथ ही परस्पर कारण और प्रभाव सम्बन्धी आश्रयभूतत्व (Inter-dependence) पाया जाय तो ऐसे सह-विचरण को सह-सम्बन्ध (Corre-lation) कहते हैं। यदि किन्हीं दो समंकमालाओं में सह-सम्बन्ध हो और उनके परस्पर आश्रय भूतत्व में एक माला कारण और दूसरी तत्संवादी प्रभाव प्रदर्शित करती हो तो कारण बतलाने वाली समंकमाला को विधेय-माला (Subject Series) और प्रभाव बतलाने वाली समंकमाला को सम्बद्ध-माला (Relative Series) कहते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि सह-सम्बन्ध दो या दो से अधिक समंकमालाओं के हेतुक सम्बन्ध (Causal-connection) का माप है जो उनके परस्पर समान या विपरीत दिशा में विचलन के कारण अनुलोम (+) या विलोम (—) पाया जाता है।

सह-सम्बन्ध को नापने के लिये सह-सम्बन्ध के गुणक बनाये जाते हैं जो सदा (+१) और (—१) की परिसीमाओं के अन्तर्गत ही रहते हैं।

यदि सह-सम्बन्ध गुणक (०) हो तो तुलना की जाने वाली समंकमालाओं में आश्रयभूतत्व किंचितमात्र भी नहीं होता।

सह-सम्बन्ध के माप

किन्हीं भी दो या दो से अधिक समंकमालाओं के परस्पर सह-सम्बन्ध को निम्नलिखित रीतियों से नापा जाता है।

(१) कार्ल पिर्यसन की रीति

(२) संगामि-विचलन रीति (The Concurrent Deviation's Method).

(३) स्पियरमैन की अनुस्थिति रीति (Spearman's Ranking Method).

(४) बिन्दु रेखीय रीति

(५) प्रविक्षेप रेखि चित्र (Scatter Diagram)

कार्ल पियर्सन रीति

किसी भी समंकमाला के विभिन्न अंकों का विचलन उनके मध्यक से निकाले गये अन्तरों द्वारा समझा जाता है जैसा कि हम पिछले अध्याय में पढ़ चुके हैं। यदि किन्हीं भी दो समंकमालाओं के सह-विचरण की मात्रा मालूम करना हो तो उनके तत्संवादी विचलनों को गुणा करके उनका योग निकाला जा सकता है। यही योग सह-विचरण का माप कहलाता है। यदि उन समंकमालाओं में आश्रयभूतत्व हो तो यही सह-विचरण का माप सह-सम्बन्ध का माप कहलायेगा। सांख्यिकी में निरपेक्ष मापों का विशेष महत्व न होने के कारण सापेक्षिक गुणक मालूम किये जाते हैं। इसीलिये कार्ल पियर्सन महोदय ने उपरोक्त सह-सम्बन्ध के माप का गुणक उसे दोनों समंकमालाओं के प्रमाप-विचलनों और कुल समंक संख्या के गुणनफलों से भाग देकर प्राप्त किया जो उन्हीं के नाम से विख्यात है। कार्ल पियर्सन के सह-सम्बन्ध-गुणक का सूत्र निम्नलिखित है जिसे (r) या (स) द्वारा समझा जाता है।

Karl Pearsan's Coeffcient of Correlation

$$= \frac{\Sigma d_x \ d_y}{n. \ \sigma x \ \sigma y}$$

कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणक

$$= \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} \text{ वि}_{\text{र}}}{\text{यो. प्र.वि}_{.\text{य}} \text{ प्र.वि.}_{\text{र}}}$$

जबकि उपरोक्त चिन्हों का प्रयोग सूत्र में निम्नलिखित के लिए किया गया है :—

Σ वि$_{य}$ वि$_{र}$ = दोनों समंकमालाओं के विभिन्न पदों के मध्यक से विचलनों के पारस्परिक गुणनफलों का योग

यो = समंकों की कुल संख्या

σय = (य) समंकमाला का प्रमाप विचलन

σर = (र) समंकमाला का प्रमाप विचलन

उदाहरण—१

विधेय माला (य)			सम्बद्ध माला (र)			
अंक	विचलन (वि$_{य}$) (२५)	विचलनों के वर्ग (वि$^{2}_{य}$)	अंक	विचलन (वि$_{र}$) (१२०)	विचलनों के वर्ग (वि$^{2}_{र}$)	वि$_{य}$ × वि$_{र}$
२४	—१	१	१२०	०	०	०
२५	०	०	१२२	+२	४	०
२६	+१	१	११९	—१	१	— १
२८	+३	९	११८	—२	४	— ६
२३	—२	४	१२१	+१	१	— २
२९	+४	१६	१२३	+३	९	+१२
२१	—४	१६	११७	—३	९	+१२
२७	+२	४	११६	—४	१६	— ८
२२	—३	९	१२४	+४	१६	—१२
		Σ वि$^{2}_{य}$ =६०			Σ वि$^{2}_{र}$ =६०	Σ वि$_{य}$. वि$_{र}$ = – ५

$$S.\ D.\ x. = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_x}{n}}$$

$$\text{प्र. वि.}_{य} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{य}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{६०}{९}}$$

$$\text{प्र. वि.}_{र} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{र}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{६०}{९}}$$

$$\text{स} = \frac{\Sigma \text{वि}_{य.} \text{वि}_{र.}}{\text{यो.} \times \text{प्र. वि}_{य.} \times \text{प्र. वि.}_{र}}$$

$$= \frac{—५}{९ \times \sqrt{\frac{६०}{९}} \times \sqrt{\frac{६०}{९}}}$$

$$= \frac{—५}{६०} = — .०८३$$

सह-सम्बन्ध विलोम है ।

लघु-रीति

प्रमाप-विचलन की भांति सह-सम्बन्ध गुणक भी लघु-रीति द्वारा निकाला जा सकता है । इस रीति के अनुसार विधेय और संबद्ध दोनों ही मालाओं में कल्पित माध्यों से विचलन निकाले जाते हैं और प्रमाप-विचलन के समान उसमें यथार्थ माध्य और कल्पित माध्य के अन्तर के बराबर संशोधन कर दिया जाता है । कार्ल पियर्सन के सह–सम्बन्ध गुणक का लघु-रीति-गणन के लिये निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग किया जाता है ।

$$\text{(I)} \quad r = \frac{\Sigma d_x \, d_y - n \, (a_1 - x) \, (a_2 - y)}{N \sqrt{\frac{\Sigma d^2{}_x}{n} - (a_1 - x)^2} \sqrt{\frac{\Sigma d^{2}{}_y}{n} - (a_2 - y)^2}}$$

$$\text{स} = \frac{\Sigma \text{वि}_{य.} \text{वि}_{र.} - \text{यो} \, (\text{म}_1 - \text{य}) \, (\text{म}_2 - \text{र})}{\text{यो} \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2{}_{य}}{\text{यो}} - (\text{म}_1 - \text{य})^2} \sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2{}_{र}}{\text{यो}} - (\text{म}_2 - \text{र})^2}}$$

$$(\text{II})\quad r = \frac{\Sigma d_x\, d_y - n\left\{\frac{\Sigma d_x}{n}\right\}\left\{\frac{\Sigma d_y}{n}\right\}}{N\sqrt{\frac{\Sigma d^2_x}{n} - \left\{\frac{\Sigma d_x}{n}\right\}^2}\sqrt{\frac{\Sigma d^2_y}{n} - \left\{\frac{\Sigma d_y}{n}\right\}^2}}$$

$$\text{स} = \frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}.\ \text{वि}_{\text{र}} - \text{यो}\left\{\frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}}{\text{यो}}\right\}\left\{\frac{\Sigma \text{वि}_{\text{र}}}{\text{यो}}\right\}}{\text{यो}\sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}} - \left\{\frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}}{\text{यो}}\right\}^2}\sqrt{\frac{\Sigma \text{वि}^2_{\text{र}}}{\text{यो}} - \left\{\frac{\Sigma \text{वि}_{\text{र}}}{\text{यो}}\right\}^2}}$$

$$(\text{III})\quad r = \frac{\Sigma d_x\, d_y - \frac{\Sigma d_x\, \Sigma d_y}{n}}{N\sqrt{\Sigma d^2_x - \left\{\frac{\Sigma d_x}{n}\right\}^2}\sqrt{\Sigma d^2_y - \left\{\frac{\Sigma d_y}{n}\right\}^2}}$$

$$\text{स} = \frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}.\ \text{वि}_{\text{र}} - \frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}.\ \text{वि}_{\text{र}}}{\text{यो}}}{\sqrt{\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}} - \left\{\frac{\Sigma \text{वि}_{\text{य}}}{\text{यो}}\right\}^2}\sqrt{\Sigma \text{वि}^2_{\text{र}} - \left\{\frac{\Sigma \text{वि}_{\text{र}}}{\text{यो}}\right\}^2}}$$

उपरोक्त सूत्रों में विभिन्न पदों का आशय निम्नलिखित हैः—

$\Sigma \text{वि}_{\text{य}}.\ \text{वि}_{\text{र}}$ = (य) और (र) मालाओं के विचलनों के गुणनफलों का योग

$\Sigma \text{वि}^2_{\text{य}}$ = (य) माला के विचलनों के वर्गों का योग

$\Sigma \text{वि}^2_{\text{र}}$ = (र) माला के विचलनों के वर्गों का योग

यो = कुल संख्याओं का योग।

$\Sigma \text{वि}_{\text{य}}$ = (य) माला के विचलनों के चिन्हों का ध्यान रखते हुए योग

$\Sigma \text{वि}_{\text{र}}$ = (र) माला के विचलनों के चिन्हों का ध्यान रखते हुए योग

म_1 एवं म_2 = दोनों मालाओं के यथार्थ मध्यक

उदाहरण—२ लघुरीति

विधेय माला (य)			संबद्ध माला (र)			
निर्यात टन	विचलन कल्पित मध्यक (५०)से $वि_य$	विचलनों के वर्ग	आयात टन	विचलन कल्पित माध्य (१००)से $वि_र$	विचलनों के वर्ग	$\Sigma वि_{य.} \times वि_र$
४५	—५	२५	९४	—६	३६	३०
४६	—४	१६	९६	—४	१६	१६
४८	—२	४	९८	—२	४	४
५०	—०	०	१००	०	०	०
५२	+२	४	१०४	+४	१६	८
५३	+३	९	१०५	+५	२५	१५
५१	+१	१	१०२	+२	४	२
४९	—१	१	९९	—१	१	१
४७	—३	९	९७	—३	९	९
	$\Sigma वि_य$ =—९	$\Sigma वि^2_य$ =६९		$\Sigma वि_र$ =—५	$\Sigma वि^2_र$ =—१११	$\Sigma वि_{य.} वि_र$ =८५

$$(i)\ r = \frac{\Sigma d_x\ d_y — n\ (a_1 — x)\ (a_2 — y)}{\sqrt{\frac{\Sigma d^2x}{n} - (a_1 — x)^2}\ \sqrt{\frac{\Sigma d^2y}{n} - (a_2 — y)^2}}$$

$$स = \frac{\Sigma वि_{य.}\ वि_र — यो\ (म_1 — य)\ (म_2 — र)}{यो \sqrt{\frac{वि^2_य}{यो} - (म_1 — य)^2}\ \sqrt{\frac{वि^2_र}{यो} - (म_2 — र)^2}}$$

$$= \frac{८५ — ९\ (४९ — ५०)\ (९९{\cdot}४ — १००)}{९ \sqrt{\frac{६९}{९} - (४९ — ५०)^2}\ \sqrt{\frac{१११}{९} - (९९{\cdot}४ — १००)^2}}$$

$$= \frac{८५ - ९(-१)(-\cdot६)}{९\sqrt{\frac{६९}{९} - (-१)^2}\ \sqrt{\frac{१११}{९} - (-\cdot६)^2}}$$

$$= \frac{७९\cdot६}{८५\cdot५} = \cdot९३$$

$$\text{(ii)}\ r = \frac{\Sigma d_x d_y - N\left\{\frac{\Sigma d_x}{n}\right\}\left\{\frac{\Sigma d_y}{n}\right\}}{N\sqrt{\frac{\Sigma d^2x}{n} - \left\{\frac{\Sigma d_x}{n}\right\}^2}\ \sqrt{\frac{d^2y}{n} - \left\{\frac{d_y}{n}\right\}^2}}$$

$$स = \frac{\Sigma वि_{य}.\ वि_{र} - यो\left\{\frac{\Sigma वि_{य}}{यो}\right\}\left\{\frac{\Sigma वि_{र}}{यो}\right\}}{यो\sqrt{\frac{वि^2_{य}}{यो} - \left\{\frac{वि_{य}}{यो}\right\}^2}\ \sqrt{\frac{वि_{र}}{यो} - \left\{\frac{वि_{र}}{यो}\right\}^2}}$$

$$= \frac{८५ - ९\left\{\frac{-९}{९}\right\}\left\{\frac{-५}{९}\right\}}{९\sqrt{\frac{६९}{९} - \left\{\frac{-९}{९}\right\}^2}\ \sqrt{\frac{१११}{९} - \left\{\frac{-५}{९}\right\}^2}}$$

$$= \frac{८५ - ९(-९)(\cdot६)}{९\sqrt{\frac{६९}{९} - (-१)}\ \sqrt{\frac{१११}{९} - (-\cdot६)}}$$

$$= \frac{७९\cdot६}{८५\cdot५} = \cdot९३$$

$$\text{(iii)}\ r = \frac{\Sigma d_x\cdot d_y - \left\{\frac{\Sigma d_x \times \Sigma d_y}{n}\right\}}{\sqrt{\Sigma d^2x - \left\{\frac{\Sigma dx}{n}\right\}^2}\ \sqrt{\Sigma d^2y - \left\{\frac{\Sigma d_y}{n}\right\}^2}}$$

$$स = \frac{\Sigma वि_य - \frac{\Sigma वि_य . \Sigma वि_र}{यो}}{\sqrt{वि^2_य - \left\{\frac{वि_य}{यो}\right\}^2} \sqrt{वि^2_र - \left\{\frac{वि_र}{यो}\right\}^2}}$$

$$= \frac{८५ - \frac{-९ \times -५}{९}}{\sqrt{६९ - \left\{\frac{-९}{९}\right\}^2} \sqrt{१११ - \left\{\frac{-५}{९}\right\}^2}}$$

$$= \frac{८०}{८५\cdot०२} = \cdot९६$$

सह-सम्बन्ध गुणक ये दिखलाता है कि दोनों मालाओं में अनुलोम सह-सम्बन्ध है और उसकी मात्रा अधिक है।

संगामी विचलन रीति

उपरोक्त रीति का प्रयोग किन्हीं दो मालाओं के दीर्घकालीन समंकों के आधार पर उनकी दीर्घकालीन सह-सम्बन्ध प्रवृत्ति की सीमा मालूम करने के लिये किया जाता है। परन्तु जब समंकमालायें अल्पकालीन उच्चावचन (Fluctuations) दिखलाती हों तो प्रायः गणन की सुविधा के कारण संगामी विचलन रीति (Concurrent Deviations Method) का प्रयोग किया जाता है जो कि केवल परिवर्तनों की दिशा को उनकी मात्रा की अपेक्षा अधिक महत्व देता है। यह गुणक आसान होने के कारण व्यवसाय के प्रारम्भ में बहुधा प्रयोग किया जाता है। इस रीति के अनुसार दोनों ही समंकमालाओं में पहले अंकों को छोड़ दिया जाता है और उसके बाद वाले अंकों के सामने परिवर्तन की दिशा (+) और (—) चिन्हों के द्वारा दिखलाई जाती है तत्पश्चात् एक अन्य स्कम्भ में दोनों ही मालाओं में संगामी विचलन को (+) और प्रतिगामी विचलन को (—) के रूप में दिखाया जाता है। संगामी विचलनों की संख्या जोड़ ली जाती है जिसे (सं) कहते

हैं और सह-सम्बन्ध-गुणक निकालने के लिये निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है ।

$$C = \pm \sqrt{\pm \frac{2C - N}{N}}$$

$$सं = \pm \sqrt{\pm \frac{2 सं - यो}{यो}}$$

उदाहरण—

अवधि	पूर्त्ति		मूल्य		संगामि (सं)
	पूर्त्ति देशनांक	पूर्व मास से विचलन	मूल्य देशनांक	पूर्व मास से विचलन	
१९३८					
सितंबर	८४		१४४		
अक्टूबर	८८	+	१४०	—	—
नवम्बर	८३	—	१४६	—	—
दिसम्बर	८९	+	१३२	—	—
१९३९					
जनवरी	९०	+	१३०	—	—
फरवरी	९२	+	१२८	—	—
माच	९५	+	१२७	—	—
अप्रैल	९८	+	१२५	—	—
मई	१०४	+	९८	—	—
जून	१०७	+	९६	—	—
जुलाई	११५	+	९३	—	—
अगस्त	१२०	+	९२	—	—
सितंबर	१२४	+	१३०	+	+
अक्टूबर	१२८	+	१६०	+	+
नवम्बर	१३०	+	१८८	+	+
दिसम्बर	२००	+	२००	+	+
					सं= ४

$$r = \pm\sqrt{\pm\frac{2C-N}{N}}$$

$$\text{सं} = \pm\sqrt{\pm\frac{\text{२ सं} - \text{यो}}{\text{यो}}}$$

$$= \pm\sqrt{\pm\left\{\frac{२ \times ४ - १५}{१५}\right\}}$$

$$= \pm\sqrt{-\left\{\frac{७}{१५}\right\}}$$

$$= - \cdot ४६$$

इस रीति के अनुसार केवल संगामी विचलन पर ही गुणक आधारित होता है और प्रतिगामी विचलनों को छोड़ दिया जाता है। यदि किसी भी बाद वाले अंक में कोई घट-बढ़ न हो तो उसके आगे (=) का चिन्ह बना दिया जाता है और यदि दोनों ही मालाओं में तत्संवादी अंकों के चिन्ह (=) के हों तो उसे संगामी विचलन के स्कंभ में (+) लिख दिया जाता है। परन्तु यदि तत्संवादी अंक का परिवर्तन (—) या (+) हो तो उसे प्रतिगामी समझ कर संगामी विचलन के स्कंभ में (—) द्वारा दिखलाया जायगा।

पियर्सन का अल्पकालीन (स)

यदि अल्पकालीन समंक दिये हों और कार्ल पियर्सन के सूत्र का प्रयोग करना हो तो उनके सूत्र में एक परिवर्तन यह करना होता है कि विचलन किसी एक स्थिर मध्यक से न निकाल कर चल-माध्यों (Moving Averages) से लिये जायें। जैसा कि अगले उदाहरण से स्पष्ट हो जायगा।

उदाहरण—

अवधि	पूर्ति				मूल्य				
	पूर्ति निर्देशांक	चल माध्य	च. म. से विचलन	$वि^2_य$	मूल्य निर्देशांक	चल माध्य	च. मा. से विचलन	$वि^2_र$	$वि_य. वि_र$
१९३६									
सितम्बर	८४				१४४				
अक्टूबर	८८				१४०				
नवम्बर	८३	८७	—४	१६	१४६	१३८	+ ८	६४	—३२
दिसम्बर	८९	८८	+१	१	१३२	१३५	— ३	९	— ३
१९३७									
सितम्बर	९०	९०	०	०	१३०	१३३	— ३	९	०
अक्टूबर	९२	९३	—१	१	१२८	१२८	०	०	०
नवम्बर	९५	९६	—१	१	१२७	१२२	+ ५	२५	— ५
दिसम्बर	९८	९९	—१	१	१२५	११५	+१०	१००	—१०
१९३८									
सितम्बर	१०४	१०४	०	०	९८	१०८	—१०	१००	०
अक्टूबर	१०७	१०९	—२	४	९६	१०१	— ५	२५	+१०
नवम्बर	११५	११४	+१	१	९३	१०२	— ९	८१	—९
दिसम्बर	१२०	११९	+१	१	९२	११४	—२२	४८४	—२२
१९३९									
सितम्बर	१२४	१२३	+१	१	१३०	१३१	—१	१	—१
अक्टूबर	१२८	१२७	+१	१	१६०	१५२	+८	६४	+८
नवम्बर	१३०				१८०				
दिसम्बर	१३४				२००				
				२८				९६२	—६४

$$S \cdot D. x = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_x}{N}}$$

$$\text{प्र. वि.}_{\text{य}} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{ वि}^2_{\text{य}}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{२८}{१२}} = \frac{५\cdot२}{३\cdot४} = १\cdot५३$$

$$S. D. y = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_y}{N}}$$

$$\text{प्र. वि.}_{\text{र}} = \sqrt{\frac{\Sigma \text{ वि}^2_{\text{र}}}{\text{यो}}}$$

$$= \sqrt{\frac{९६२}{१२}} = \frac{३१}{३\cdot४} = ९\cdot१२$$

$$r = \frac{\Sigma d_x \; d_y}{n \times \sigma x \times \sigma_y}$$

$$\text{स} = \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} \cdot \text{ वि}_{\text{र}}.}{\text{यो} \times \sigma\text{य} \times \sigma\text{र}}$$

$$= \frac{-६४}{१२ \times १\cdot५३ \times ९.१२}$$

$$= \frac{६४}{१६७\cdot४४३२} = -\cdot३८२$$

सह-सम्बन्ध विलोम है ।

वर्गित माला में पियर्सन का (स)

कार्ल पियर्सन का (स) एक वर्गित माला में भी निकाला जा सकता है । वर्गित माला या सह-सम्बन्ध सारणी (Correlation Table) एक ऐसी माला है जिसमें एक ही आवृत्ति दोनों विधेय और सम्बद्ध मालाओं में पाई जा सकती हैं । ऐसी वर्गित माला में सह-सम्बन्ध गुणक निकालने के लिये उसमें से दो अविच्छिन्न मालायें बाहर लेकर उनसे दोनों ही मालाओं के प्रमाप विचलन मालूम कर लिये जाते हैं । तत्पश्चात् उस सारणी के द्वारा Σ वि$_{\text{य}}$· वि$_{\text{र}}$· मालूम करके पूर्वोक्त सूत्र का प्रयोग किया जाता है ।

उदाहरण—३

(र) पतियों की आयु	(य) पत्नियों की आयु						कुल योग आवृत्ति (र)
	बि	१०-२०	२०-३०	३०-४०	४०-५०	५०-६०	
	म.य बि$_{य}$	१५	२५	३५	४५	५५	
१५-२५	२०	६	३				९
२५-३५	३०	३	१६	१०			२९
३५-४५	४०		१०	१५	७		३२
४५-५५	५०			७	१०	४	२१
५५-६५	६०				४	५	९
कुल योग	आ$_{य}$	९	२९	३२	२१	९	१००

(य) माला का प्र. वि. गणन

उम्र संभाग	म.बि.	आवृत्ति बा	म.बि. × बा	कल्पित माध्य से वि$_{य}$	वि$^2_{य}$	वि$^2_{य}$ × बा
१०-२०	१५	९	१३५	—२०	४००	३६००
२०-३०	२५	२९	७२५	—१०	१००	२९००
३०-४०	३५	३२	११२०	०	०	०
४०-५०	४५	२१	९४५	+१०	१००	२१००
५०-६०	५५	९	४९५	+२०	४००	३६००
		यो=१००	३४२०			Σ वि$^2_{य}$. बा. १२,२००

कल्पित माध्य = ३५ वर्ष

यथार्थ माध्य = $\frac{३४२०}{१००}$ = ३४·२

प्र. वि.$_य$ $= \sqrt{\frac{\Sigma वि^2_य बा — यो (म_I — य)^2}{यो}}$

$= \sqrt{\frac{१२२००—१०० (३४·२—३५)^2}{१००}}$

$= \sqrt{\frac{१२१३६}{१००}} = \frac{११०·१६}{१०} =$ ११·०१६

(र) माला का प्र. वि. गणन

उम्र संभाग	म.बि.	आवृत्ति बा	म. बि×बा	कल्पित माध्य से वि$_र$	वि$^2_र$	वि$^2_र$ ×बा.
१५–२५	२०	९	१८०	—२२	४००	३६००
२५–३५	३०	२९	८७०	—१०	१००	२९००
३५–४५	४०	३२	१२७०	०	०	०
४५–५५	५०	२१	१०५०	+ १०	१००	२१००
५५–६५	६०	९	५४०	+ २०	४००	३६००
		यो=१००	३९२०			Σ वि^{2}र. बा =१२,२००

कल्पित माध्य=४० वर्ष

यथार्थ माध्य= $\frac{३९२०}{१००}$ = ३९·२

प्र. वि. र= $\sqrt{\frac{वि^2_र — यो(म_2 – र)^2}{यो}}$

$= \sqrt{\frac{१२२००—१०० (३९·२—४०)^2}{१००}}$

$= \sqrt{\frac{१२·१२६}{१००}} = \frac{११०·१६}{१०}$

=११·०१६

उम्र संभाग →य		10—20	20—30	30—40	40—50	50—60	वि$_य$ × वि$_र$ × बा
↓ र	वि—य ↓ र	—20	—10	0	—10	—20	
15—25	—20	400 6 2400	200 3 600				3000
25—35	—10	200 3 600	100 16 1600	10			2200
35—45	0		10	15	7		0
45—55	—10			7	100 10 1000	200 4 800	1800
55—65	—20				200 4 800	400 5 2000	2800
वि$_य$ + वि$_र$ =बा		3000	2200	0	1800	2800	Σ वि$_य$. वि$_र$ =९८००

$$r = \frac{\sum d_x\, d_y - n(a_1 - x)\ (a_2 - y)}{n \quad \sigma_x \quad \sigma_y}$$

$$स = \frac{\sum वि_{य}\ वि_{र} - यो\ (म_1 - य)\ (म_2 - र)}{यो. \times प्र.वि._{य} \times प्र.वि._{र}}$$

$$= \frac{९८०० - १०० \ (३४\cdot२ - ३५)\ (३९\cdot२ - ४०)}{१०० \times ११\cdot०१६ \times ११\cdot०१६}$$

$$= \frac{९७३६}{१२१३५\cdot२२५६} = \cdot८०२$$

·८०२ विधेय एवं सम्बद्ध मालाओं में एक बड़ी मात्रा में अनुलोम आश्रयभूतत्व प्रदर्शित करता है ।

उपरोक्त सूत्र के स्थान पर यदि निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाए तो परिगणन अधिक आसान किया जा सकता है ।

$$r = \frac{\sum xy - n\left\{\frac{\sum d_x}{n}\right\}\left\{\frac{\sum d_y}{n}\right\}}{N\sqrt{\frac{\sum d^2_x}{n} - \left\{\frac{\sum d_x}{n}\right\}^2}\sqrt{\frac{\sum d^2_y}{n} - \left\{\frac{\sum d_y}{n}\right\}^2}}$$

$$स = \frac{\sum वि_{य}.\ वि_{र} - यो\left\{\frac{\sum वि_{य}}{यो}\right\}\left\{\frac{\sum वि_{र}}{यो}\right\}}{यो\sqrt{\frac{\sum वि^2_{य}}{यो} - \left\{\frac{\sum वि_{र}}{यो}\right\}^2}\sqrt{\frac{\sum वि^2_{र}}{यो} - \left\{\frac{\sum वि_{र}}{यो}\right\}^2}}$$

$$= \frac{९८०० - १००\left\{\frac{-८०}{१००}\right\}\left\{\frac{-८०}{१००}\right\}}{१००\sqrt{\frac{१२२००}{१००} - \left\{\frac{-८०}{१००}\right\}^2}\sqrt{\frac{१२२००}{१००} - \left\{\frac{-८०}{१००}\right\}^2}}$$

$$= \frac{९८०० - १०० \ (-\cdot८ \times -\cdot८)}{\sqrt{१२२०० - (-\cdot८)^2}\ \sqrt{१२२०० - (-\cdot८)^2}}$$

$$= \frac{९७३६}{१२१३५\cdot२२५६} = \cdot८०२$$

·८०२ एक बड़ी मात्रा में अनुलोम आश्रय भूतत्व प्रदर्शित करता है ।

कार्ल पियर्सन के (स) के लक्षण

(१) सह-सम्बन्ध यह माप हमेशा ही (+१) और (—१) के बीच में पाया जाता ह और यदि शून्य हो तो उसका अर्थ यह होता है कि दोनों ही मालायें स्वतन्त्र हैं और उनमें परस्पर कोई भी सह-सम्बन्ध नहीं है।

(२) यह माप समंकमाला के सभी अंकों को महत्व देता है इसलिये यह सह-विचरण का एक आदर्श माप है।

(३) यह माप संगामी-विचलन गुणक के प्रतिकूल केवल समंकों की आकृति के परिवर्तनों को महत्व न देकर उनकी आकृतियों को भी महत्व देता है इसलिये यह सह-सम्बन्ध का एक यथार्थ माप है।

(४) इस गुणक में केवल एक दोष है कि यदि किन्हीं भी दो समंक-मालाओं का गुणक निकाल दिया जाय तो उसे देख कर मालूम पड़ेगा कि दोनों मालायें सह-सम्बन्धित हैं। इस प्रकार यह गुणक यह नहीं बतलाता कि दोनों मालाओं में कारण और प्रभाव का सम्बन्ध है भी या नहीं।

(स) की परिकल्पनायें (Assumptions)

कार्ल पियर्सन का (स) निम्नलिखित परिकल्पनाओं के आधार पर निर्भर है—

(१) समंकमालाओं के सभी समंकों पर कुछ ऐसे स्वतन्त्र कारण प्रभाव डालते हैं जिनके द्वारा अंक-वंटन में सामान्यता निर्माण होती हो।

(२) यह स्वतन्त्र कारण एक दूसरे पर आश्रय भूत हैं और उनका सम्बन्ध कारण और प्रभाव का है।

सम्भाव्य विभ्रम (Probable Error)

जैसा कि पिछले अध्याय में कहा जा चुका है कि किसी भी 'संमित' अंक-वंटन या सामान्य-वक्र में संभाव्य-विभ्रम (Probable Error) प्रमाप-विचलन का २/३ या ·६७४५ होता है। इस विभ्रम का प्रयोग विभिन्न सांख्य-कीय मापों की यथार्थता जानने के लिये किया जाता है। इसके द्वारा मध्यक, प्रमाप-विचलन और सह-सम्बन्ध गुणक के महत्व का विश्लेषण किया जाता है। इन मापों के विश्लेषण के लिये संभाव्य विभ्रम के निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग किया जाता है—

$$P.E._{Mean} = \cdot 6745 \frac{\sigma}{\sqrt{N}}$$

$$\text{सं. वि}_{\text{मध्यक}} = \cdot ६७४५ \frac{\text{प्र.वि.}}{\sqrt{\text{यो}}}$$

$$P.E._{S.D.} = \cdot 6745 \frac{\text{प्र.वि.}}{\sqrt{2N}}$$

$$\text{सं. वि.}_{\text{प्र. वि.}} = \cdot ६७४५ \frac{\text{प्र. वि.}}{\sqrt{\text{२ यो}}}$$

$$P.E._{r} = \cdot 6745 \frac{1-r^2}{\sqrt{N}}$$

$$\text{सं. वि.}_{\text{स.}} = \cdot ६७४५ \frac{१-(\text{स})^2}{\sqrt{\text{यो}}}$$

संभाव्य-विभ्रम का प्रयोग केवल निम्नलिखित दशाओं में ही उपयोगी होता है। (अ) जबकि समग्र के अंकों में वंटन संमितीय हो, (ब) जिस माप की यथार्थता जानने के लिये संभाव्य विभ्रम का प्रयोग किया जा रहा हो वह एक समुचित न्यादर्श पर आधारित हो, और (स) समुचित न्यादर्श दैव-प्रवरण प्रणाली द्वारा लिया गया हो।

(स) का निर्वचन (Interpretation)

सह-सम्बन्ध गुणक का निर्वचन उसकी मात्रा और महत्व के अनुसार किया जा सकता है। मात्रा के अनुसार गुणक का निर्वचन करते समय यह देखा जाता है कि वह (+१) और (—१) के बीच में कहाँ स्थित है।

महत्व के अनुसार (स) के निर्वचन में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखा जाता है।

(१) यदि (स) ·३० से कम है तो सह–सम्बन्ध महत्वहीन है।

(२) यदि (स) ·५० से अधिक है तो सह–सम्बन्ध महत्वपूर्ण है।

(३) यदि (स) ·९० से अधिक है तो सह–सम्बन्ध अति महत्व-पूर्ण है।

(४) यदि (स) ·४० से अधिक है परन्तु ६० से कम है तो सह–सम्बन्ध साधारण है ।

(५) यदि (स) ·२५ से कम है तो सह–सम्बन्ध अति महत्वहीन है ।

(६) यदि (स) संभाव्य-विभ्रम से कम है तो समंक्र-मालाओं में सह–सम्बन्ध किंचित मात्र भी नहीं है ।

(७) यदि (स) ६ गुना संभाव्य विभ्रम से भी अधिक है तो सह–सम्बन्ध महत्वपूर्ण है ।

उदाहरण—

यदि समग्र के अंकों की संख्या क्रमशः ५० और ५०० हो तो निम्नलिखित (स) की मात्राओं का महत्व स्पष्ट कीजिए।

स= ·२, ·४, ·९

उत्तर—

(अ) जबकि अंकों की संख्या ५० हो—

(I) P. E. $= \cdot 6745 \frac{1-(r)^2}{\sqrt{N}} = \cdot ६७४५ \frac{१-(स)^2}{\sqrt{यो}}$

$= \cdot ६७४५ \frac{(\cdot २)^2}{\sqrt{50}} = \cdot ६७४५ \frac{\cdot ९६}{७\cdot ०७}$

$= \cdot ०९$

स. वि. का ६ गुना = ·५४

(II) P. E. $= \cdot 6745 \frac{1-(r)^2}{\sqrt{N}}$

$= \cdot ६७४५ \frac{१-(स)^2}{\sqrt{यो}}$

$= \cdot ६७४५ \frac{१-(\cdot ४)}{\sqrt{50}} = \frac{\cdot ८४}{७\cdot ०७}$

$= \cdot ०८$

सं. वि. का ६ गुना = ·४८

(III) $P.E. = \cdot 6745 \dfrac{1-(r)^2}{\sqrt{N}}$

$= \cdot ६७४५ \dfrac{१-(स)^2}{\sqrt{यो}}$

$= \cdot ६७४५ \dfrac{१-(\cdot ९)^2}{\sqrt{50}}$

$= \cdot ६७४५ \dfrac{\cdot १९}{७\cdot ०७} = \cdot ०१८$

सं. वि. का ६ गुना $= \cdot १०८$

(ब) जबकि अंकों की संख्या ५०० हो—

(I) $P.E. = \cdot 6745 \dfrac{1-(r)^2}{\sqrt{N}} = \cdot ६७४५ \dfrac{१-(स)^2}{\sqrt{यो}}$

$= \cdot ६७४५ \dfrac{१-(\cdot २)^2}{\sqrt{500}} = \cdot ३७४५ \dfrac{\cdot ९६}{२२\cdot ३६}$

$= \cdot ०२९$

सं. वि. का ६ गुना $= \cdot १९४$

(II) $P.E. = \cdot 6745 \dfrac{1-(r)^2}{\sqrt{N}} = \cdot ६७४५ \dfrac{१-(स)^2}{\sqrt{यो}}$

$= \cdot ६७४५ \dfrac{1-(\cdot ४)^2}{\sqrt{500}} = \cdot ६७४५ \dfrac{\cdot ८४}{२२\cdot ३६}$

$= \cdot ०२५$

सं. वि. का ६ गुना $= \cdot १५०$

(III) $P.E. = \cdot 6745 \dfrac{1-(r)^2}{\sqrt{N}} = \cdot ६७४५ \dfrac{१-(स)^2}{\sqrt{यो}}$

$= \cdot ६७४५ \dfrac{१-(\cdot ९)^2}{\sqrt{500}} = \cdot ६७४५ \dfrac{\cdot १९}{२२\cdot ३६}$

$= \cdot ००५८$

सं. वि. का ६ गुना $= \cdot ०३४८$

(अ) के (१) और (२) में सह-सम्बन्ध गुणक महत्वहीन हैं और (३) में महत्वपूर्ण। (ब) के (२) में सह-सम्बन्ध गुणक महत्वपूर्ण हैं और (३) में अति-महत्वपूर्ण हैं।

स्पियरमैन की अनुस्थिति रीति

प्रोफ़ेसर चार्ल स्पियरमैन ने सह-सम्बन्ध का एक माप बनाया जो कार्ल पियर्सन के गुणक की अपेक्षा अत्यन्त सरल है। यह गुणक सर्वप्रथम समंक-मालाओं के विभिन्न अंकों को उनकी अपनी माला में अनुस्थिति मालूम करके बनाया जाता है। यह गुणक यद्यपि बहुत सरल है फिर भी प्रोफ़ेसर थर्सटन के कथनानुसार यथार्थ भी हैं क्योंकि इसमें और कार्ल पियर्सन के गुणक में केवल तीसरे दशमलव अंक में अन्तर पड़ता है। इस गुणक को निकालने का परिगणन-क्रम निम्नलिखित है:—

(१) सभी समंकों की क्रमशः अपनी माला में अनुस्थिति (Rank) मालूम कीजिये। यदि कोई दो या अधिक आकृतियाँ बराबर हों तो उनकी अनुस्थितियों का मध्यक उन सभी के सामने रखा जायगा।

(२) विधेय माला के समंकों की अनुस्थिति से सम्बद्ध माला की तत्संवादी अनुस्थितियों को घटा कर उनके वर्ग मालूम करो।

(३) अनुस्थितियों के अन्तरों के वर्गों का जोड़ निकाल कर निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करो।

$$r = 1 - \frac{6 \Sigma d^2}{N (N^2 - 1)}$$

$$\text{स} = १ - \frac{\text{६ अ}^2}{\text{यो} (\text{यो}^2 - १)}$$

उपरोक्त सूत्र में (अ) का प्रयोग विधेय माला की अनुस्थितियों से सम्बद्ध माला की अनुस्थितियों के अन्तरों के लिये किया गया है और (यो) का अर्थ समंकमाला के अंकों की संख्या से है।

पूर्ति		मूल्य		अनुस्थितियों के अन्तर (अ)	(अ)^2
निर्देशांक *Index Nos.*	अनुस्थिति *Ranks.*	निर्देशांक *Index Nos.*	अनुस्थिति *Ranks.*		
८४	१५	१४४	५	१०	१००
८८	१४	१४०	६	८	६४
८३	१६	१४६	४	१२	१४४
८९	१३	१३२	७	६	३६
९०	१२	१३०	८·५	३·५	१२·२५
९२	११	१२८	१०	१	१
९५	१०	१२७	११	—१	१
९८	९	१२५	१२	—३	९
१०४	८	९८	१३	—५	२५
१०७	७	९६	१४	—७	४९
११५	६	९३	१५	—९	८१
१२०	५	९२	१६	—११	१२१
१२४	४	१३०	८·५	—४·५	२०·२५
१२८	३	१६०	३	०	०
१३०	२	१८०	२	०	०
१३४	१	२००	१	०	०
					Σ (अ)^2 =६६३·५

$$स = १ - \frac{६ \Sigma अ^2}{यो\ (यो^2 - १)}$$

$$= १ - \frac{६(६६३·५)}{१६(२५६ - १)}$$

$$= \frac{३९८१}{४०८०} = \frac{९९}{४०८०} = ·०२$$

अनुस्थिति रीति के लक्षण और प्रयोग

(१) इसकी परिगणन क्रिया अत्यन्त आसान है और यह समझ में जल्द आती है।

(२) अनुस्थिति गुणक उस समय भी निकाला जा सकता है जब केवल अंकों की अनुस्थिति दी हो।

(३) कार्ल पियर्सन के (स) की अपेक्षा यह गुणक व्यक्तिगत अंकों की अनुस्थितियों के अन्तर को महत्व देता है। इस कारण यह सह–विचरण का एक ऐसा माप है जो परस्पर अपकिरण पर आधारित है और समंकों का उनके माध्य से विचलन नहीं देखता।

(४) इस माप में कुछ कृतिमता है क्योंकि यह अनुस्थितियों पर आधारित है और कदाचित् विभिन्न व्यक्ति विभिन्न अंकों को विभिन्न प्रकार से अनुस्थिति प्रदान करते हैं।

(स) की बिन्दुरेखीय रीति

किन्हीं दो या अधिक समंकमालाओं के परस्पर सह-सम्बन्ध को बिन्दु-रेखा-चित्र बना कर उनके उच्चावचनों की समानता और असमानताओं की तुलना के द्वारा अध्ययन किया जा सकता है। बिन्दुरेखा-चित्रों को देखते ही सर्वसाधारण को सह-सम्बन्ध का अनुमान हो जाता है। यदि किसी भी वक्र का गतिक्रम अन्य वक्र के साथ साथ आरोही या अवरोही दिशा में हो तो सह-सम्बन्ध अनुलोम (+) होता है और यदि वह प्रतिकूल दिशा में हो तो (—) होता है। यदि कोई भी एक निश्चित प्रवृत्ति विभिन्न वक्रों में न दिखाई पड़ती हो तो सदा यही निष्कर्ष निकलेगा कि उनमें सह–सम्बन्ध का सर्वथा अभाव है।

वर्ष Year	(अ) (a)	(ब) (b)	(स) (c)
१	२००	१५०	११०
२	२५०	१७०	१००
३	२३०	१६०	१२०
४	२६०	१८०	११०
५	२९०	२२०	१००
६	२५०	१८०	१२०
७	२७०	२००	११०
८	२६०	१६०	१२०
९	२३०	१५०	१३०
१०	२५०	१७०	११०
११	२२०	१५०	१२०
१२	२४०	१६०	११०
१३	३००	१८०	१००
१४	२७०	१७०	१३०

पुरागमन और विलम्बना

जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि सह-सम्बन्ध केवल उन्हीं समग्रों के बीच हो सकता है जिनमें परस्पर आश्रयभूतत्व हो अर्थात् यदि एक विधेय हो तो दूसरी संबद्ध। संबद्धमाला विधेयमाला के प्रभाव को दिग्दर्शित करती है और प्राय: उसके अंकों के तत्संवादी अंक जो कि दूसरी माला में पाये जाते हैं उनके कारण बतलाते हैं। कभी कभी ऐसा होता है कि कारण और प्रभाव के बीच में समय का अन्तर पड़ जाता है। उदाहरणार्थ, यदि किसी विज्ञापन में कुछ रुपया खर्च किया जा रहा हो तो यह आवश्यक नहीं कि उसका प्रभाव तत्काल ही देखा जा सके। यदि प्रभाव कारण की अपेक्षा तात्कालिक न हो तो ऐसी दशा में कारण प्रभाव की अपेक्षा पुरागमन (Lead) करता है और प्रभाव में कारण की अपेक्षा विलम्बना (Lag) पाई जाती है।

जब किन्हीं भी विधेय और संबद्धमालाओं में कालिक विलम्बना (Time Lag) हो तो सह-सम्बंध गुणक निकालने के लिए उसका ध्यान रखना होता है और प्रत्येक कारण के तत्संवादी प्रभाव को उनके समक्ष रखकर ही गुणक बनाया जाता है। यह नीचे के उदाहरण से स्पष्ट हो जायगा जिसमें कि एक वर्ष की विलम्बना है और पहला कारण और दूसरा प्रभाव तत्पश्चात दूसरा कारण और तीसरा प्रभाव इत्यादि लिए गए हैं।

उदाहरण—

औसत वार्षिक मूल्य रुई प्रति गाँठ	वि$_{य}$ (य=५१२)	वि$^{2}_{य}$	क्षेत्रफल रुई की खेती (००० एकड़ में)	वि$_{र}$ र =२०९	वि$^{2}_{र}$	वि$_{य}$ × वि$_{र}$
५००	—१२	१४४	२१०	* *	* *	* *
५०५	— ७	४९	२०८	—१	१	+१२
५१५	+३	९	२०५	—४	१६	+२८
५०८	— ४	१६	२१८	+९	८१	+२७
५१२	०	०	२०६	—३	९	+१२
५१०	— २	४	२०९	०	०	०
५२०	+ ८	६४	२०७	—२	४	+ ४
५१८	+ ६	३६	२१०	+१	१	+ ८
५२२	+१०	१००	२१२	+३	९	+१८
५१०	— २	४	२०९	०	०	०
५०१	* *	* *	२०४	—५	२५	+१०
		४२६			१४६	११९

$$r=\frac{\Sigma d_x \; d_y}{n \times \sigma_x \times \sigma_y}$$

$$\text{स} = \frac{\Sigma \text{ वि}_{\text{य}} . \text{ वि}_{\text{र}}}{\text{यो} \times \text{प्र.वि.}_{\text{य}} \times \text{प्र.वि.}_{\text{र}}}$$

$$= \frac{११९}{१० \times \sqrt{\frac{४२६}{१०}} \times \sqrt{\frac{१४६}{१०}}}$$

$$= \frac{११९}{\sqrt{४२६ \times १४६}} = \frac{११९}{२४९.२९}$$

$$= \cdot ४७$$

यह सम्बन्ध गणक ये दिखलाता है कि एक वर्ष की विलम्बना छोड़ने पर भी दोनों मालाओं में अनुलोम सह-सम्बन्ध पाया जाता है। पुरागमन

और विलम्बना बहुत अच्छी प्रकार से समझाई जा सकती है यदि दोनों ही मालायें बिन्दु रेखाओं के द्वारा दिखलाई जाँय।

प्रविक्षेप रेखि–चित्र

यदि विधेय और संबद्ध मालाओं के समंकों को बिन्दुरेख कागज पर दिखलाया जाय तो यदि उनमें परस्पर सह-सम्बन्ध होगा तो बिन्दुओं की निश्चित प्रकार की लकीरें सी बन जाँयगी। यदि पूर्ण सह-सम्बन्ध होगा तो एक ही रेखा में सभी बिन्दु आ जाँयगे और यदि समंक–मालाओं में सह–सम्बन्ध का अभाव होगा तो उनके समंकों को प्रदर्शित करने वाले बिन्दु इधर उधर बिखरे से दिखाई देंगे और उनकी कोई निश्चित प्रवृत्ति नहीं जानी जा सकेगी। इन रेखि–चित्रों को प्रविक्षेप रेखि-चित्र (Scatter Diagram) कहते हैं।

विचरण का अनुपात

अभी तक जितने भी सह-सम्बन्ध के मापों का अध्ययन किया गया है वे दोनों ही समंकमालाओं के विभिन्न चल-समंकों (Variables) के परिवर्तनों के अनुपात को महत्व नहीं देते हैं और केवल उनके द्वारा सह-सम्बन्ध की प्रकृति और मात्रा का ज्ञान होता है। कभी कभी पारस्परिक परिवर्तनों के अनुपात जानना भी आवश्यक होता है। उदाहरणार्थ, यह जानना अच्छा ही होगा कि मूल्य की अपेक्षा मांग में कितना अनुपातिक परिवर्तन हुआ है अथवा विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों के आय और बचत में क्या अनुपातिक सम्बन्ध है। इसका अध्ययन एक ऐसी रेखा को खींच कर किया जा सकता है जो दोनों ही मालाओं की केन्द्रीय प्रवृत्तियों को दिग्दर्शित करती हो। ऐसी रेखा को अनुकूलतम रेखा (Line of best fit) कहते हैं। यदि इस रेखा के द्वारा (य) अक्ष पर बनाये हुये कोण (Angle) को नाप लिया जाय तो वही दोनों समंकमालाओं के विचरण का अनुपात होगा। यदि यह कोण ४५° का हो तो निष्कर्ष यह निकलेगा कि दोनों मालाओं में (य) और (र) चल-समंकों के परिवर्तनों का अनुपात बराबर है। यह कोण ४५° से जितना ही कम ज्यादा होता जायगा, उतना ही विचरण के अनुपात में अन्तर पड़ता जायगा। जितना ही अनुकूलतम रेखा (य) अक्ष के समानान्तर हो जायगी, उतना ही परिवर्तन का अनुपात (य) माला में (र) की अपेक्षा अधिक होता जायगा और इसी प्रकार इसका प्रतिकूल भी सत्य होगा। अनुकूलतम रेखा को उत्तम अन्वायोजन रेखा भी कहते हैं।

यदि वास्तविक समंकों को बिन्दु रेखा द्वारा न दिखा कर उनके मध्यकों पर आधारित प्रतिशत मूल्यों को ग्राफ पर दिखाया जाय तो विचरण के अनुपात का अध्ययन अधिक अच्छा हो सकेगा। इस विधि के अनुसार दोनों ही मालाओं के मध्यक निकाल लिये जायेंगे और उनके आधार पर विभिन्न समंकों के निर्देशाँक बना कर उन्हें बिन्दुरेखा चित्र पर दिखाया जायगा। यह रीति गॉल्टन (Galton) महोदय ने सर्वप्रथम बतलाई थी, इसीलिये इस चित्र को गॉल्टन-ग्राफ (Galton Graph) कहते हैं।

(य)	%	(र)	%
२३	११५	२८	११२
२४	१२०	२९	११६
२२	११०	२७	१०८
२१	१०५	२६	१०४
२०	१००	२५	१००
१८	९०	२३	९२
१७	८५	२२	८८
१६	८०	२१	८४
१९	९५	२४	९६

प्रतीपगमन रेखा

जैसा कि हम देख चुके हैं कि सह-सम्बन्ध का अर्थ एक प्रकार के आश्रय भूतत्व से होता है जिसमें विधेयमाला यदि कारण प्रदर्शित करती है तो संबद्धमाला उस पर आश्रित होकर उन कारणों का प्रभाव दिखलाती है। प्रत्येक समंकमाला के मध्यक उस माला के विभिन्न अंकों की केन्द्रीय प्रवृत्ति दिग्दर्शित करते हैं जिस ओर प्रायः सभी अंकों का झुकाव रहता है। यदि यों कहा जाये कि समंकमाला के सभी अंकों की प्रवृत्ति उनके मध्यक की ओर प्रतीपगामी (Regressing) होती है तो अत्युक्ति न होगी। यदि दो समंकमालाओं में परस्पर सह-संबन्ध हो तो दोनों ही मालाओं के अंक एक दूसरे के मध्यकों की ओर प्रतीपगामी होंगे। यदि दोनों ही मालाओं के मध्यकों की आकृति एक ही हो तो केवल एक ही प्रतीपगमन रेखा (Line of Regression) होगी अन्यथा दोनों की केन्द्रीय प्रवृत्तियों को दिग्दर्शित करने के लिये दो रेखायें होंगी। इन प्रतीपगमन रेखाओं को निम्नलिखित सूत्रों द्वारा समझाया जाता है।

(१) $(y-\overline{y}) = r \frac{\sigma_y}{\sigma_x} (x-\overline{x})$

$$(\text{र}-\overline{\text{र}}) = \text{स} \frac{\text{प्र.वि.}_{\text{य}}}{\text{प्र.वि.}_{\text{र}}} (\text{य}-\overline{\text{य}})$$

(२) $(x-\overline{x}) = r \frac{\sigma_x}{\sigma_y} (y-\overline{y})$

$$(\text{य}-\overline{\text{य}}) = \text{स} \frac{\text{प्र.वि.}_{\text{य}}}{\text{प्र.वि.}_{\text{र}}} (\text{र}-\overline{\text{र}})$$

उपरोक्त सूत्रों में से पहला (र) माला का (य) पर प्रतीपगमन और दूसरा (य) माला का (र) पर प्रतीपगमन दिखलाता है। इन सूत्रों में (य) और (र) का प्रयोग (य) और (र) मालाओं के मध्यकों के लिये और (स) का प्रयोग सह-सम्बन्ध गुणक और (σ य) और (σ व) का प्रयोग दोनों मालाओं के प्रमाप-विचलनों के लिये और (य) और (र) का प्रयोग दोनों मालाओं के विशिष्ट अंकों के लिये किया गया है।

उपरोक्त प्रतीपगमन रेखाओं की प्रवृत्ति निम्नलिखित गुणक दिखलाते हैं जिन्हें प्रतीपगमन गुणक (Coefficients of Regression) कहते हैं—

Regression Coefficient of x on y.

$$= r \frac{\sigma_x}{\sigma_y}$$

$$= स \frac{प्र.वि._य}{प्र.वि._र}$$

Regression Coefficient of y on x

$$= r \frac{\sigma_y}{\sigma_x}$$

$$= स \frac{प्र.वि._र}{प्र.वि._य}$$

प्रतीपगमन रेखाओं के सूत्रों का प्रयोग विधेय और संबद्धमालाओं के किसी भी एक ज्ञात अंक के तत्संवादी अज्ञात अंक को मालूम करने के लिये किया जाता है। जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि यदि दोनों मालाओं के सह-सम्बन्ध की मात्रा, मध्यक और मध्यक से प्रमापविचलन दिये हों तो किसी भी एक माला के अंक का अन्य माला में तत्संवादी अंक मालूम करना आसान होगा। यह कि निम्नलिखित उदाहरणों से स्पष्ट हो जायगा।

उदाहरण १—निम्नलिखित समंकों की सहायता से कलकत्ता की ७०) मूल्य का बंबई में तत्संवादी मूल्य निकालिये।

कलकत्ता में मध्यक मूल्य ६५)

बम्बई में मध्यक मूल्य ६७) बंबई के मूल्यों का प्र. वि. ३·५

कलकत्ता के मूल्यों का प्र. वि. २·५ सह-संबन्ध गुणक = +·८

उत्तर

मान लिया कि बंबई का मूल्य (य) है और कलकत्ता का मूल्य (र) है। तो हमें उपरोक्त प्रश्न में (र) के दिए हुए मूल्य के लिए (य) का तत्संवादी मूल्य मालूम करना है जो कि निम्नलिखित सूत्र की सहायता से संभव होगा।

$$(x - \overline{x}) = r \frac{\sigma x}{\sigma y} (y - \overline{y})$$

$$(य - \overline{य}) = स \frac{प्र.वि._य}{प्र.वि._र} (र - \overline{र})$$

$$(य-६७) = \cdot८ \frac{३\cdot५}{२\cdot५} \quad (७०-६५)$$

$$य = ६७ + ५\cdot६ = ७२\cdot६$$

इस प्रकार बम्बई में कलकत्ते के ७०) मूल्य का तत्संवादी मूल्य ७२·६ होगा ।

उदाहरण २–

निम्नलिखित दिए हुए समंकों की सहायता से गेहूँ का (अ) हापुड़ में मूल्य निकालिए जब कि कराँची में वह २·३३४ रुपये है और (ब) कराची में मूल्य निकालिए जब कि हापुड़ में वह ३·०५२ रुपये हैं ।

	हापुड़	कराची
मध्यक मूल्य प्रतिमन	२·४६३	२·७९७
प्रमाप–विचलन	·३२६	·२०७
सह-संबन्ध गुणक	+०·७७४	

(P. C. S. 1938)

उत्तर

माना कि हापुड़ का मूल्य (य) और कराची का मूल्य (र) है ।

प्रश्न के पहिले भाग के अनुसार (र) की दी हुई संख्या के लिए (य) की संख्या मालूम करना है जोकि (य) के (र) पर प्रतीपगमन सूत्र द्वारा सम्भव है —

$$(x-\overline{x}) = r \frac{\sigma x}{\sigma y} \quad (y-\overline{y})$$

$$(य-\overline{य}) = स \frac{प्र.वि._य}{प्र.वि._र} -(र-\overline{र})$$

$$(य-२\cdot४६३) = \cdot७७४ \frac{\cdot३२६}{\cdot२०७} (२\cdot३३४-२\cdot७९७)$$

$$(य) = १\cdot२१९ \times -\cdot४६३ + २\cdot४६३$$

$$(य) = २\cdot४६३ - \cdot५६४४$$

$$(य) = १\cdot८९८६$$

प्रश्न के दूसरे भाग के अनुसार (य) की दी हुई संख्या के लिए (र) की संख्या मालूम करना है जो कि (र) के (य) पर प्रतीपगमन सूत्र द्वारा संभव है—

$$(y-\bar{y}) = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} \quad (x-x)$$

$$(\text{र}-\bar{\text{र}}) = \text{स}\,\frac{\text{प्र.वि.}_{\text{र}}}{\text{प्र.वि.}_{\text{य}}} \quad (\text{य}-\bar{\text{य}})$$

$$(\text{र}-\text{२·७९७}) = \text{·७७४}\,\frac{\text{·२०७}}{\text{·३२६}}\,(\text{३·०५२}-\text{२·४६३})$$

$$(\text{र}) = \text{·४९}\,(\text{३·०५२}-\text{२·४६३})+\text{२·७९७}$$

$$= \text{·४९}\times\text{·५८९}+\text{२·७९७}$$

$$= \text{·२८८६१}+\text{२·७९७}$$

$$= \text{३·०८५६}$$

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Explain how a Correlation table (सह-सम्बन्ध सारणी) and a Dot diagram (प्रविक्षेप चित्र) are prepared and state their uses. Show how the Correlation Coefficient (सह-सम्बन्ध-गुणक) can be calculated from a Correlation table.

(*Combined Competitive Exam.*, 1936).

2. What is correlation (सह-सम्बन्ध) ? Explain how will you use the following methods in determining correlation:—

(a) Graph (बिन्दु रेख) (b) Correlation table (सह-सम्बन्ध सारणी), (c) Karl Pearson's Coefficient of Correlation सह-सम्बन्ध गुणक)।

(*B. Com.*, *Agra.*,1940).

3. Discuss the problems involved in correlation analysis सह-सम्बन्ध विश्लेषण) in the case of time series (कालिक माला) nd state how can they be solved.

(*M. A. Alld.*, 1950).

4. Explain by graphical illustration or otherwise the meaning of the term Regression Equation (प्रतीपगमन समीकार) Prove that (r स) is Geometric Mean (गुणोत्तर माध्य) between regression coefficient (प्रतीपगमन गुणक) of y on x and that of x on y. (*I.C.S.*, 1938).

5. Write Short Notes on:— (a) Correlation (विलोम सह-सम्बन्ध), (b) Regression (प्रतीपगमन), (c) Ratio of Variation (विचरणानुपात). (*M.A., Agra.*, 1941.)

6. What are the assumptions (परिकल्पनाएँ) on which the Pearsonian Coefficient of correlations (सह-सम्बन्ध गुणक) is based ? How does the positive (अनुलोम) correlation differ from the negative (विलोम) ? Compute r (स) of the short-time oscilliations (अल्पकालीन उच्चावचन) from the following data.

Year	Supply	Price
1921	80	146
1922	82	140
1923	86	130
1924	91	117
1925	83	133
1926	85	127
1927	89	115
1928	96	95
1929	93	100

(Assume a three-year cycle and ignore decimals).

[$r = -\cdot 99$] (*B. Com., Alld.*, 1943).

7. The following statistical coefficients (सांख्यिकीय माप) were deduced in the course of an examination of the relationship between yields of wheat and the amount of rainfall.

	Yield in lb. per acre	Annual Rainfall in inches
Mean (मध्यक)	985·0	12·8
Standard Deviation (प्र.वि.)	70·1	1·6
r (स) between yield and rainfall		0·52

From the above data Calculate: (a) the most likely yield of wheat per acre when the annual rainfall in 9·2″, and (b) probable annual rainfall for yield of 1400 lbs per acre.

(*M.A.*, *Agra*, 1938).

[(a) 903 lbs.
(b) 17·78 inches]

8. The following data are given for marks in English and Maths. in the S.L.C. examination of the U.P. in a certain year.

Mean (मध्यक) marks in English	39·5
,, ,, ,, Maths	47·6
S.D. (प्र०वि०) of marks in English	10·8
,, ,, ,,	16·9
r (स) between marks in English and Maths.	0·42

Form the two Lines of Regression (प्रतीपगमन रेखा) and explain why there are two equations (समीकार) of regression. Calculate the expected average marks in Maths. of candidates who received 50 marks in English.

[Ans. 54·5] (*P.C.S.*, 1941).

9. Find r (स) from the following Index Numbers and interpret it :—

Wages	Cost of living	Wages	Cost of living
100	98	99	92
101	99	97	95
103	99	98	94
102	97	96	90
100	95	95	91

[r (स) =·85] (*B. Com.*, *Agra*, 1943).

10. The following table gives the birth rates and death rates of a few countries of the world during the year 1931:—

Country	Birth rate	Death rate
Egypt	44	27
Canada	24	11
U.S.A.	19	12
India	33	24
Japan	32	19
Germany	16	11
France	18	16
Irish Free State	20	14
United Kingdom	16	12
Soviet Russia	40	18
Australia	20	9
Newzealand	18	8
Palestine	53	23
Swedan	15	12
Norway	17	11

Find r (स) between the birth rate and the death rate.

[r (स) $= + \cdot 84$] (*Lucknow, B. Com.* 1938).

11. Calculate r (स) from the following table and interpret (निर्वचन) it.

Year	Average Daily No. of Labourers (in '000)	Lakhs of Bales consumed by Mills
1925	368	22
1926	384	21
1927	385	24
1928	361	20
1929	347	22
1930	384	26
1931	395	26
1932	403	29
1933	400	28
1934	385	27

[r (स)$=.78$] (*Agra., B. Com.,* 1941).

12. The following table gives the average annual production of wheat and the average rainfall in the U.P.:—

Year	Price of Wheat (Rs. per maund)	Average annual rainfall (in inches)
1929	5.5	27
1930	3.6	36
1931	2.6	39
1932	3.4	39
1933	3.1	32
1934	2.7	35
1935	3.0	40
1936	2.0	33
1937	2.3	59
1938	3.1	36
1939	3.2	44
1940	3.8	36

Calculate the Coefficient of Correlation between the price of wheat and rainfall.

[*r* (स) = ·5] (*Agra, B. Com.*, 1944).

13. The following table gives data, regarding rainfall, rents of ordinary tenants per acre, under cultivation, and the average annual price of wheat in the U.P. during the last two decades :—

Year	Av. annual price of Wheat (Rs. per md.)	Rainfall (in inches)	Area (crores of acres)	Rent Rs. (per acre)
1920	6.1	29	3.5	6.5
1921	6.9	33	3.4	6.5
1922	6.6	45	3.5	6.6
1923	4.7	51	3.5	6.7
1924	4.7	48	3.5	6.9
1925	5.9	45	3.5	7.0
1926	5.9	40	3.4	7.1
1927	5.2	38	3.4	7.1

1928	5.5	44	3.4	8.0
1929	5.5	27	3.4	8.0
1930	3.6	36	3.4	8.0
1931	3.0	39	3.5	8.0
1932	3.5	39	3.5	7.9
1933	3.1	32	3.5	7.8
1934	2.7	35	3.5	7.8
1935	3.0	40	3.5	7.7
1936	2.0	33	3.5	7.7
1937	2.3	59	3.6	7.6
1938	3.1	36	3.6	7.4
1939	3.2	44	3.6	7.2

Calculate *r* (स) between the Prices of Wheat and Rainfall as given above. (*M. A.*, *Alld.*, 1944).)

[*r* (स) = ·098]

14. The following table gives the results of the Matriculation Examination held in 1936 of a certain University in India :—

Age of Candidates	Percentage of failures
13	39.2
14	40.6
15	43.4
16	34.2
17	36.6
18	39.2
19	48.9
20	47.1
21	54.5

Calculate *r* (स) and estimate its probable error (सम्भाव्य विभ्रम) from your results. Can you definitely assert that failure is correlated with age. (*P.C.S.*, 1940).

[*r* (स) = .68
P.E. (सं० वि०) = .12]

15. The following table gives the distribution of the total population and those who are wholly or partially blind among them. Find out if there is any relation between age and blindness :—

Age	No. of Persons in thousands	Blind
0—10	100	55
10—20	60	40
20—30	40	40
30—40	36	40
40—50	24	36
50—60	11	22
60—70	6	18
70—80	3	15

[Before computing the Coefficient of Correlation (सह-सम्बन्ध गुणक) between age and blindness, the rate of blindness per thousand or per lakh should be determined first, and then *r* (स) calculated between age and rate of blindness.)

[*r* (स) = .898] (*B. Com., Agra,* 1939).

16. Vital Statistical of U.P. (in thousands).

Years	Fevers	Respiratory Diseases	Dyssentry & Diarrohea	others	Total
1931	1025	37	16	228	1306
1932	853	34	13	176	1076
1933	698	35	12	160	905
1934	970	47	18	260	1295

Find out *r* (स) of the death from the fevers and total deaths given above. Calculate Standard Error (प्रमाप विभ्रम) of this Coefficient and the line of regression (प्रतीपगमन रेखा) of the deaths from fevers on total deaths.

[*r* (स) = 0.99 Standard Error (प्र० विभ्रम) = 5,
Regression Equation (समीकार) is y=0.744 x + 34]

(*M. A., Agra.,* 1937).

17. The following table gives the Frequency (आवृत्ति) according to age - group of marks obtained by 67 students in an intelligence test :—

Test Marks	Age—groups 18	19	20	21	Total
200—250	4	4	2	1	11
250—300	3	5	4	2	14
300—350	2	6	8	5	21
350—400	1	4	6	10	21
Total	10	10	19	20	67

Is there any relation between Age and Intelligence ?

[r (स) =.48] (*B. Com.*, *Agra*, 1942).

18. The following table gives the value of exports of raw cotton from India and the value of imports of manufactured cotton goods into India during the year 1913-14 to 1931-32 :—

(In cores of Rupees)

Year	Exports of raw cotton	Imports of manufactured cotton goods
1913—14	42	16
1917—18	44	49
1919—20	58	53
1921—22	55	58
1923—24	89	65
1929—30	98	76
1931—32	66	58

Calculate the coefficient of correlation (सह सम्बन्ध गुणक) between values of exports of raw cotton and the value of imports of cotton manufactured goods.

[r (स) = +·912] (*M. A.*, *Cal.*, 1937).

19. The following table gives the wholesale price index numbers for Calcutta and Karachi for the period 1927-1941:—

Year	Calcutta Index number (Base July, 1914)	Karachi Index number (Base July, 1941)
1927	148	137
1928	145	137
1929	141	133
1930	116	108
1931	96	95
1932	91	99
1933	87	97
1934	89	96
1935	91	99
1936	91	102
1937	102	108
1938	95	104
1939	108	108
1940	120	116
1941	139	120

(a) Calculate the Coefficient of Correlation *r* (स) between the above two series, and state what it indicates.

(b) Point out whether the Calcutta indices are more variable (चल) than the Karachi ones.

[*r* (स) = +.98] (*B. Com. Alld.* 1944).

20. Calculate the Coefficient of correlation *r* (स) between the cost of living and the weekly wages rate from the following data:—

Date	Cost of living Index	Index of weekly wage Rates
1920	151	155
1921	110	126
1922	102	99
1923	101	98
1924	103	101
1925	100	101

1926	100	102
1927	96	100
1928	95	99
1929	95	99
1930	87	98
1931	84	96
1932	81	94

[r (स) = + .836] *(M.A., Alld.,* 1937).

21. The following table gives the number of students having different heights & weights :—

Height in inches	Weight in pounds 80-90	90-100	100-110	110-120	120-130	Total
50—55	1	3	7	5	2	18
55—60	2	4	10	7	4	27
60—65	1	5	12	10	7	35
65—70	—	3	8	6	3	20
Total	4	15	37	28	16	100

Do you find any relation between height and wieght ?

[r (स) = ·052] *(B. Com., Alld.,* 1949).

22. The following table giving the Index Numbers of Industrial Production of Great Britain and the number of registered unemployed persons in the same country during 1924-1931 :—

Year	Industrial Production (Index Number)	Number of registered unemployed (Hundred thousands)
1924	100	11.3
1925	102	12.4
1926	104	14.0
1927	107	11.1
1928	105	12.3
1929	112	12.2
1930	103	19.1
1931	94	26.4

Calculate coefficient of Correlation between production and the number of unemployed.

[r (स) = — .695] (*B. Com., Luck.*, 1944).

23. From the following table find out how far the fluctuations (उच्चावचन) in prices correspond to the amount of money in circulation in India :—

Year	Rupees and Notes in circulation (crores)	Index Number of prices (1873=100)
1912	248	137
1913	256	143
1914	248	147
1915	266	152
1916	297	184
1917	338	196
1918	407	225
1919	463	276
1920	411	281
1921	393	260

[r (स)= ·96] (*B. Com., Agra.*, 1937).

24. The following table shows the distribution of marks. Calculate the Coefficient of Correlation r (स) and its Probable Error (सम्भाव्य विभ्रम)

Marks in Geography

	Range of Marks	0—20	20—40	40—60	60—80	Total
Marks in Mathematics	0—20	32	88	15	—	135
	20—40	45	436	200	4	685
	40—60	16	500	398	25	939
	60—80	—	105	532	40	677
	80—100	—	8	40	16	64
	Total	93	1,137	1,185	85	2,500

[r (स) = + .485
P.E. (सं. वि.) + .01032] (*M.A., Cal.*, 1935).

25. What is meant by Correlation (सह संम्बंध) ? Give the general rules for interpreting (निर्वचन) its coefficient.

Calculate the Coefficient of Correlation *r* (स) the age of 100 husbands and wives from the following data:—

Age of Husbands in years	Age of wives in years 10—20	20—30	30—40	40—50	50—60	Total
15—25	6	3	—	—	—	9
25—35	3	16	10	—	—	29
35—45	—	10	15	7	—	32
45—55	—	—	7	10	4	21
55—65	—	—	—	4	5	9
Total	9	29	32	21	9	100

[*r* (स) =0.8] (*M. Com., Alld.*, 1944.)

अध्याय ११

निर्देशांक
(Index Numbers)

निर्देशांक किसी भी ऐसे अंक को कहते हैं जो किसी निश्चित परिवर्तन की ओर निर्देश करे। यदि हमें किसी भी घटना से सम्बन्धित चल-समंकों का अध्ययन करना हो तो हम उनके परिवर्तनों को किसी भी एक निश्चित समय पर उनकी स्थिति को आधार मान कर निर्देशांक की सहायता से किसी अन्य समय में प्रतिशत परिवर्तन के रूप में जान सकते हैं। उदाहरणार्थ, यदि किसी वस्तु का मूल्य सन् १९३८ में ४) प्रति मन था और आज वही ६) प्रति मन हो गया है तो उस वस्तु के मूल्य में जो भी परिवर्तन हुआ है उसकी ओर संकेत करने वाली संख्या निर्देशांक कहलायेगी। अतः यदि हम यह कहें कि सन् १९३८ की अपेक्षा आज उस वस्तु का मूल्य १५० हो गया है तो यह निर्देशांक होगा, जिसे बनाने के लिये आधार वर्ष (१९३८) के मूल्य को १०० मान लिया गया है।

जैसा कि हम देख चुके हैं कि साँख्यिकी में निरपेक्ष मापों की अपेक्षा सापेक्षिक माप अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। निर्देशांक एक ऐसा ही सापेक्षिक माप है जो किसी भी निश्चित समय पर संबद्ध समंकों के अन्तर को नापने के लिये बनाया जाता है। यह किसी भी घटना या वस्तु के लिये बनाया जा सकता है जिसमें उच्चावचन पाये जायँ और इनके द्वारा कालिक परिवर्तनों की तुलना के द्वारा किसी भी देश की आर्थिक प्रवृत्तियों की नाप की जा सकती है। इन प्रवृत्तियों की नाप करके देश के आर्थिक स्तर का अनुमान लग सकता है जिसके आधार पर भावी राष्ट्र नियोजन सम्भव है। निर्देशांकों का प्रयोग प्रायः व्यवसाइयों, अर्थशास्त्रियों और सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के द्वारा मूल्य मजदूरी, विक्रय, उत्पादन और जीवन-निर्वाह का स्तर इत्यादि नापने में किया जाता है।

प्रायः निर्देशांक दो महत्वपूर्ण कार्य करते हैं—(अ) इनके द्वारा मूल्यों के कालिक परिवर्तनों को नापा जाता है और (ब) इनके प्रयोग के द्वारा

इन मूल्य परिवर्तनों का जनसाधारण के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है इसे भी जाना जा सकता है। सबसे अधिक प्रयोग किया जान वाला निर्देशांक प्रायः मूल्य निर्देशांक होता है और कभी कभी उनके आधार पर भृत्ति सम्बन्धी समंकों से यथार्थ भृत्ति (Real wages) की एक व्युत्पन्न माला भी बना ली जाती है जो राष्ट्र जीवन के आर्थिक स्तर के परिवर्तनों की ओर समुचित संकेत करती है।

निर्देशांकों के द्वारा मूल्य में परिवर्तन नापे जाते हैं जिससे कि उनके कारणों के प्रति अनुसंधान के लिए आकर्षण निर्माण हो और मूल्यों के आरोही क्रम को जनसाधारण के लाभ के लिए रोका जा सके। इनके द्वारा मूल्य-निर्धारण के लिए उपयोगिता के पुनरुत्पादन की लागत का भी अध्ययन किया जा सकता है। निर्देशांकों की सहायता से राष्ट्रीय आय, व्यवसायिक उत्पादन, कृषि उत्पादन इत्यादि के सामयिक परिवर्तनों को एक सरल और सुगम ढंग से अध्ययन किया जा सकता है।

निर्देशांकों का निर्माण

निर्देशांको का निर्माण १८ वीं शताब्दी के मध्य में इटली के कार्ली (Carli) नामक व्यक्ति ने सर्वप्रथम किया और इनके द्वारा उसने अमेरिका के अन्वेषण का इटली के अनाज, तेल और शराब पर प्रभाव नापने का प्रयत्न किया था। कार्ली ने सन् १५०० ई० के मूल्यों को १०० के बराबर मान कर निर्देशांक मालूम किए थे। उसके बाद १९ वीं शताब्दी के अन्तिम पक्ष में जेवन्स (Jevons) ने निर्देशांकों की सहायता से मूल्य-स्तरों का अध्ययन किया। कार्ली और जेवन्स के समय से अब तक निर्देशांकों के क्षेत्र और गणन में बहुत प्रगति हो गई है।

निर्देशांको के परिगणन में निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना आवश्यक होता है—

(अ) वस्तुओं का चुनाव

(ब) आधार वर्ष का निर्णय

(स) उचित माध्य का प्रयोग

(द) भार और भारित करने की विधि

वस्तुओं का चुनाव

वस्तुओं का चुनाव करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि केवल वही वस्तुयें चुनी जायें जो जन-साधारण के उपभोग में आती हों। अपने देश में विभिन्न वर्गों के उपभोग के स्तर विभिन्न होने के कारण वस्तुओं के चुनाव का कार्य काफी कठिन है और कभी कभी यदि कम वस्तुयें चुनी जायें तो वे समुचित रूप से सम्पूर्ण समाज के उपभोग स्तर को प्रदर्शित करने में असमर्थ होती हैं। इसलिये वस्तुओं की संख्या, जनसंख्या की प्रकृति और अपेक्षित यथार्थता की मात्रा पर निर्भर होती है और प्राय: विश्वस्त उद्गमों से प्राप्त मूल्यों का ही प्रयोग करना चाहिये।

आधार वर्ष

निर्देशांक बनाने में आधार वर्ष दो प्रकार का हो सकता है, (अ) स्थिर आधार (Fixed Base) और श्रंखला आधार (Chain Base)।

यदि आधार वर्ष स्थिर हो तो दो प्रकार से निर्देशांक बनाये जाते हैं:—

(१) किसी भी एक वर्ष के समाज के उपभोग की वस्तुओं के मध्यक मूल्य को आधार मान लिया जाय और उन्हें १०० के बराबर मान कर उनके तुलनात्मक मूल्य अन्य वर्षों के लिये निकाल लिये जायें।

(२) किसी भी एक ही वस्तु के कई वर्षों के मध्यक मूल्य को आधार मान लिया जाय और निर्देशांक उनकी तुलना करके बनाया जाय।

किसी भी एक निश्चित वर्ष को आधार वर्ष मानने के पहिले यह देख लेना चाहिये कि वह एक सामान्य प्रकृति का वर्ष रहा है या नहीं क्योंकि किसी भी युद्धकालीन, बाढ़, दुर्भिक्ष, मन्दी या तेज़ी वाले वर्ष को आधार मानने से राष्ट्र-जीवन के परिवर्तनों का यथार्थ माप न हो सकेगा। इसीलिये प्राय: निर्देशांक बनाने के पहिले सन् १९१३ और १९३९ को आधार वर्ष माना जाता रहा है क्योंकि वे युद्धकालीन प्रभावों से सर्वथा रहित थे। अब ऐसा प्रतीत होने लगे कि वस्तुओं के मूल्य प्राय: स्थिर हो चले हैं तो उन पुराने वर्षों को आधार न मान कर कोई नया आधार वर्ष लेना चाहिये। कभी कभी ऐसा भी होता है कि कोई सामान्य वर्ष ढूंढने पर भी नहीं मिलता ऐसी दशा में कई वर्षों के मूल्यों के औसत को आधार मानना उपयोगी होता है।

उदाहरण—१

वस्तुयें	प्रतिशत या मूल्यानुपात, १९३८=१००					
	१९३८	१९३९	१९४०	१९४१	१९४२	१९४३
१—चावल	१००	१०२	११४	११२	११२	१२२
२—गेहूं	१००	१०५	१०५	१०८	१०८	११५
३—जौ	१००	९५	९५	१०२	१०४	११०
४—अलसी	१००	१०४	१०६	१०२	१०२	१०४
५—तम्बाकू	१००	१०४	१०८	१०२	१०४	१०४
मूल्यानुपातों का योग	५००	५१०	५२८	५२६	५३०	५५५
मूल्यानुपातों का मध्यक	१००	१०२	१०६	१०५	१०६	१११
मूल्यानुपातों का मध्यका	१००	१०४	१०६	१०२	१०४	११०
गुणोत्तर माध्य	१००	१०२	१०५	१०५	१०६	१११

उपरोक्त उदाहरण में निर्देशांकों के परिगणन के क्रम निम्नलिखित हैं:—

(१) १९३८ के मूल्यों को आधार माना गया है और उन्हें १०० के बराबर मानकर मूल्यानुपात निकाले गये हैं।

(२) मूल्यानुपात निकालने में प्रत्येक चालू वर्ष के मूल्य को आधार वर्ष के मूल्य से भाग देकर १०० से गुणा किया गया है। जिसका सूत्र निम्न-लिखित है जिसमें P_0 (मू$_0$) और P_1 (मू$_1$) क्रमशः आधार वर्ष और चालू वर्ष के मूल्यों के लिए प्रयुक्त किए गए हैं—

$$\text{चालू वर्ष का निर्देशांक} = \frac{P_1}{P_0} \times १००$$

$$= \frac{\text{मू}_1}{\text{मू}_0} \times १००$$

(३) विभिन्न वस्तुओं के मूल्यानुपातों को जोड़कर उनके विभिन्न माध्य निकाले गये हैं ।

समूह	मूल्य प्रति इकाई					(मध्यक-मूल्य)
	१९१५	१९१६	१९१७	१९१८	१९१९	
१	२	३	४	५	६	४
२	३	४	५	६	७	५
३	४	५	६	७	८	६
१	१००	१५०	२००	२५०	३००	आधार वर्ष १९१५
२	१००	१३३	१६७	२००	२३३	
३	१००	१२५	१५०	१७५	२००	
योग	३००	४०८	५१७	६२५	७३३	
निर्देशांक (मध्यक)	१००	१३६	१७२	२०८	२४४	
१	५०	७५	१००	१२५	१५०	आधार (मध्यक-मूल्य)
२	६०	८०	१००	१२०	१४०	
३	६७	८३	१००	११७	१३३	
योग	१७७	२३८	३००	३६२	४२३	
निर्देशांक (मध्यक)	५९	७९	१००	१२१	१४१	

शृंखला-आधार

आज कल जीवन-निर्वाह का स्तर बहुत अधिक परिवर्तनशील होने के कारण प्राय: उपभोग की वस्तुओं की संख्या और गुणों में बहुत अधिक अन्तर होते रहते हैं। इसलिये यदि एक स्थिर-आधार की अपेक्षा चल-आधार (Shifting Base) लिया जाय तो उसके ऊपर निर्भर मूल्यानुपात राष्ट्र-जीवन की एक अच्छी झांकी प्रस्तुत कर सकेगा। इस रीति के अनुसार आधार वर्ष स्थिर न होकर गतिशील होता है और प्रत्येक आगे के वर्ष के लिये उसके पहिले का वर्ष आधार बन जाता है जिसके कारण निर्देशांक के परिगणन में नई वस्तुओं का समावेश होता रहता है। यह रीति प्रत्येक चालू वर्ष का उसके पहिले के वर्ष से सम्बन्ध समुचित रूप से व्यक्त करने में समर्थ होती है।

प्राय: चल-आधार (Shifting Base) ले लेने से ही काम नहीं चलता और श्रंखला–आधार (Chain Base) पर निर्देशांक बनाने होते हैं।

समूह	मूल्य प्रति इकाई					
	१९४०	१९४१	१९४२	१९४३	१९४४	१९४५
१	४	५	६	८	८	१०
२	५	६	८	९	१०	१२
३	२	३	४	४	५	६
मूल्यानुपात (स्थिर-आधार)						
१	१००	१२५	१५०	२००	२००	२५०
२	१००	१२०	१६०	१८०	२००	२४०
३	१००	१५०	२००	२००	२५०	३००
योग	३००	३९५	५१०	५८०	६५०	७९०
मध्यक	१००	१३२	१७०	१९३	२१७	२६३

समूह	मूल्य प्रति इकाई					
	१९४०	१९४१	१९४२	१९४३	१९४४	१९४५
चल-मूल्या-नुपात						
१	१००	१२५	१२०	१३३	१००	१२५
२	१००	१२०	१३३	११३	१११	१२०
३	१००	१५०	१३३	१००	१२५	१२०
योग	३००	३९५	३८६	३४६	३३६	३६५
मध्यक	१००	१३२	१७०	१९६	२२०	२६८
श्रृंखला—मूल्यानुपात	१००	१३२	११५	१२९	११२	१२२

उपरोक्त उदाहरण में श्रृंखला-मूल्यानुपातों के निकालने का परिगणन क्रम निम्नलिखित है:—

(१) पहिले वर्ष के मूल्य को आधार मान कर दूसरे वर्ष का मूल्यानुपात पूर्वोक्त सूत्र के द्वारा मालूम कीजिये।

(२) तत्पश्चात् दूसरे वर्ष के मूल्य को आधार मान कर तीसरे वर्ष का मूल्यानुपात उसी सूत्र की सहायता से निकालिये और दूसरी रीति के द्वारा सभी वर्षों के क्रमशः चल-मूल्यानुपात (Shifting Base Relatives) मालूम कीजिये।

(३) विभिन्न वर्षों के चल मूल्यानुपातों को जोड़ कर और कुल समूहों की संख्या से भाग देकर मध्यक निकालिये जिन्हें हम चल-आधार-निर्देशांक कह सकते हैं।

(४) यद्यपि चल-आधार-निर्देशांक मालूम कर लेने पर विभिन्न वर्षों के मूल्यानुपातों में एक क्रमबद्ध सम्बन्ध स्थापित हो गया है परन्तु श्रृंखला-पूर्ण करने के लिये उन सब चल-मूल्यानुपातों का फिर से एक स्थिर आधार

से सम्बन्ध स्थापित करना आवश्यक है। इस प्रकार श्रंखला मूल्यानुपात निकालने के लिये निम्नलिखित पद्धति अपनानी पड़ेगी।

∵ जब १९४१ में मूल्य १०० था तो १९४२ में मूल्य १७० था।

∴ जब १९४१ में मूल्य १३२ है तो १९४२ में मूल्य $\frac{१७०}{१००} \times १३२$ होगा।]

∵ जब १९४२ में मूल्य १०० था तो १९४३ में मूल्य १९६ था।

∴ जब १९४२ में मूल्य $\frac{१७०}{१००} \times १३२$ है तो १९४३ में मूल्य $\frac{१९६}{१००} \times \frac{१७०}{१००} \times १३२$ होगा।

∵ जब १९४३ में मूल्य १०० था तो १९४४ में मूल्य २२० था।

∴ जब १९४३ में मल्य $\frac{१९६}{१००} \times \frac{१७०}{१००} \times १३२$ है तो १९४४ में मूल्य $\frac{२२०}{१००} \times \frac{१९६}{१००} \times \frac{१७०}{१००} \times १३२$ होगा।

(५) इसी प्रकार अन्य वर्षों के श्रंखला-मूल्यानुपात निकालिये।

उचित माध्य का प्रयोग

विभिन्न माध्यों में मध्यक का प्रयोग व्यवसायिक समंकों के लिये प्रायः किया जाता है क्योंकि वह बहुत सरल और सुगम होता है परन्तु निर्देशांक बनाने में प्रायः मध्यका और गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया जाता है। जबकि किसी भी बाजार में समान वस्तुओं के विभिन्न मल्य चल रहे हों तो मध्यका एक प्रतिनिधि माध्य होता है जोकि एक वास्तविक संख्या हो। गुणोत्तर माध्य का इसलिये प्रयोग किया जाता है कि यह महान परिवर्तनों को कम महत्व देता है और कालिक उच्चावाचनों को छोड़ देने के कारण यह बाजार की प्रवृत्ति का एक यथार्थ मापक होता है इसके अतिरिक्त इसमें

एक बहुत बडा गुण होता है जिसे कि उत्क्राम्यता (Reversibility) कहते हैं।

भार-वंटन (Weighting)

निर्देशांकों के उपरोक्त विवरण में जो भी उदाहरण लिये गय हैं, उनके निर्देशांक बनाते समय सभी अंकों को समान महत्व दिया गया है। परन्तु प्रायः कभी कभी निर्देशांकों में ऐसी वस्तुओं के मूल्य सम्मिलित किये जाते हैं जो परस्पर विभिन्न महत्व रखते हों और जिनका प्रभाव समाज पर विभिन्न हो। इन विभिन्नताओं के कारण भार-वंटन की आवश्यकता पड़ती है। यदि एक ही प्रकृति की परन्तु विभिन्न गुणों वाली वस्तुयें ली जाँय तो उन्हें उनकी संख्याओं द्वारा विभाजित करना चाहिए। भार प्रायः दो प्रकार के होते हैं आन्तरिक (Implicit) और वाह्य (Explicit)। आन्तरिक भार-वंटन वास्तव में वस्तुओं को चुनते समय किया जाता है और वाह्य भार-वंटन मूल्यों की स्पष्ट प्रकृति पर निर्भर रहता है। भार-वंटन प्रायः वाह्य परिमाण, मौद्रिक-मूल्य, और कल्पित महत्व के आधार पर किया जाता है।

जीवन निर्वाह निर्देशांक

ऐसे निर्देशांक जो समाज के विशिष्ट वर्गों के जीवन निर्वाह स्तर के परिवर्तनों की ओर संकेत करते हैं, जीवन निर्वाह निर्देशांक (Cost of Living Index Numbers) कहलाते हैं।

इन निर्देशांकों को बनाते समय इस बात का ध्यान रखना होता है कि वे ही वस्तुयें प्रयोग में लाई जाय जोकि उसकी विशेष के उपयोग में काम आती हैं जिसके कि जीवननिर्वाह स्तर के अध्यपन के लिये निर्देशाँक बनाये जा रहे हैं। क्योंकि प्रत्येक वर्ग के उपयोग की वस्तुयें समान होते हुए भी सामाजिक स्तर विभिन्न होने के कारण उनके गुण एक नहीं होते और इसलिये उनके मूल्य भी एक नहीं हो सकते। उदाहरणार्थ विद्यार्थियों, अफ़सरों और मजदूरों सभी की आवश्यकतायें विभिन्न होंगी और इस कारण निर्देशाँक तभी उनके जीवन का दर्शन करा सकेंगे जब कि वे उनके उपयोग की वस्तुओं के मूल्य पर ही आधारित हों। जीवन-निर्वाह निर्देशाँक बनाते समय भार-वंटन का एक विशेष महत्व होता है। क्योंकि

इसके द्वारा विभिन्न स्तरों के व्यक्तियों के अनकूल ही वस्तुओं के मूल्यों को महत्व दिया जाता है।

जीवन निर्वाह निर्देशाँक बनाने की दो रीतियाँ हैं, (अ) समूही-व्यय रीति (Aggregate Expenditure Method) और (ब) परिवार आय-व्ययक रीति (Family Budget Method)।

समूही-व्यय रीति

इस रीति में आय-व्ययक सम्बन्धी अनुसन्धान करने की आवश्यकता नहीं होती और जिस वर्ग का जीवन निर्वाह निर्देशाँक बनाना होता है उसका आधार वर्ष और चालू वर्ष का समूही व्यय को निकाल कर चालू वर्ष के समूही व्यय को आधार वर्ष के समूही व्यय से भाग देकर लब्धि को १०० से गुणा किया जाता है।

इस निर्देशाँक को समूही-व्यय-रीति से निकालने के परिगणन क्रम निम्नलिखित हैं:—

(१) आधार वर्ष के मूल्यों को उनके तत्संवादी परिमाणों (भार) से गुणा करके उनका योग निकालिये।

(२) इसी प्रकार चालू वर्ष के मूल्यों को आधार वर्ष के परिमाणों से गुणा करके गुणनफलों का योग निकालिये।

(३) चालू वर्ष के समूही व्यय को आधार वर्ष के समूही व्यय से भाग देकर १०० से गुणा कीजिये।

अगले पृष्ठ पर दी गई तालिका में दिए हुए समंकों के आधार पर चालू वर्ष का निर्देशांक निम्नलिखित होगा:—

चालू वर्ष का निर्देशाँक

$$= \frac{\Sigma P_1 Q_0}{\Sigma P_0 Q_0} = \frac{\Sigma \text{मू}_1 \text{प}_0}{\Sigma \text{मू}_0 \text{प}_0}$$

$$= \frac{३२८}{०२४} \times १०० = \frac{३२८००}{२०४} = १६१$$

आधार वर्ष=१९२६ चल वर्ष=१९४२

वस्तुये	आधार वर्ष में उपभोग परिमाण प॰(Q_0)	इकाई	आधार वर्ष का मूल्य मू॰ (P_0)	चालू वर्ष का मूल्य मू$_I$ (P_I)	आधार वर्ष का समूही व्यय (P_0Q_0) (मू॰प॰)	चालू वर्ष का समूही व्यय ($_IPQ_0$) (मू$_I$प॰)
गेहूं	६ मन	प्रति मन	५	१०	३०	६०
चावल	७ मन	प्रति मन	५	८	३५	५६
चना	४ मन	प्रति मन	३	६	१२	२४
अरहर	२ मन	प्रति मन	४	६	८	१२
घी	६ सेर	प्रति सेर	२	३	१२	१८
गुड़	३ मन	प्रति मन	३	६	९	१८
नमक	२० सेर	प्रति मन	२	४	१	२
तेल	३० सेर	प्रति मन	२०	२८	१५	२१
कपड़ा	५० गज	प्रति गज	१	१·५	५०	७५
लकड़ी	१६ मन	प्रति मन	·७५	१	१२	१६
मिट्टी का तेल	१ टिन	प्रति टिन	४	६	४	६
मकान भाड़ा	—	प्रति मकान	१६	२०	१६	२०
					Σ मू॰ प॰=२०४	Σ मू$_I$प॰=३२८

परिवार आय व्यय रीति

इस रीति के अनुसार विशिष्ट वर्गों के पारिवारिक आय-व्ययकों को एकत्र करके उनके आधार पर भार-वंटन किया जाता है। निर्देशांक बनाने के लिये सर्व प्रथम चालू वर्ष के आधार वर्ष पर आधारित मूल्यानुपात निकाले जाते हैं। इन मूल्यानुपातों को आधार वर्ष के परिमाणों से गुणा करके गुणनफलों के योग को परिमाणों के योग से भाग दे दिया जाता है।

वस्तुयें	इकाई	आधारवर्ष का मूल्य मू$_0$ (P_0) रु०	चालू वर्ष का मूल्य मू$_1$ (P_1) रु०	चालू वर्ष का मूल्यानुपात $\frac{\text{मू}_1}{\text{मू}_0} \times$ १०० = नि (I)	भार (आधार वर्ष प$_0$) = भा (V)	नि × भा (I × V)
गेहूँ	प्रति मन	५	१०	२००	३०	६०००
चावल	,, ,,	५	८	१६०	३५	५६००
चना	,, ,,	३	६	२००	१२	२४००
अरहर	,, ,,	४	६	१५०	८	१२००
घी	प्रति सेर	२	३	१५०	१२	१८००
गुड़	,, मन	३	६	२००	९	१८००
नमक	,, ,,	२	४	२००	१	२००
तेल	,, ,,	२०	२८	१४०	१५	२१००
कपड़ा	प्रति गज	१	१·५	१५०	५०	७५००
लकड़ी	,, मन	७·५	१	१३·३	१२	१५९९·६
मिट्टी का तेल	प्रति टिन	४	६	१५०	४	६००
मकान भाड़ा	—	१६	२०	१२५	१६	२०००
					Σ भा = २०४	Σ नि.भा = ३२,७९९·६

चालू वर्ष का निर्देशांक

$$= \frac{\Sigma \text{ IV}}{\Sigma \text{ I}} = \frac{\Sigma \text{ नि. भा}}{\Sigma \text{ भा}}$$

$$= \frac{३२,७९९·६}{२०४} = १६१$$

जीवन निर्वाह निर्देशांक को परिवार आय-व्ययक रीति से निकालने के परिगणन क्रम निम्नलिखित हैं:—

(१) आधार-वर्ष के मूल्य को १०० मान कर चालू वर्ष के मूल्यानुपात निकाल कर १०० से गुणा करिए।

(२) प्रत्येक चालू वर्ष के मूल्यानुपात को तत्संवादी परिमाणों से गुणा करिए और गुणनफलों के योग को परिमाण के योग से भाग देकर निर्देशाँक निकालिए।

फिशर का आदर्श सूत्र

उपरोक्त उदाहरणों में भार के स्थान पर आधार-वर्ष के परिमाणों को लिया गया है। परन्तु यह रीति केवल ऐसे काल में ही काम में आ सकती है जबकि मनुष्य की इच्छायें और उपभोग की वस्तुओं में स्थिरता हो। प्रायः चालू वर्ष में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं का परिमाण वही नहीं होता जोकि आधार वर्ष में रहा हो। इसलिये एक ऐसे सूत्र की आवश्यकता है जो आधार वर्ष और चालू वर्ष दोनों ही के परिमाणों पर आधारित हो। इस आवश्यकता की पूर्ति प्रोफेसर फ़िशर ने अपने आदर्श सूत्र के द्वारा की है जोकि दोनों ही वर्षों के मूल्यों और परिमाणों पर आधारित है। इस सूत्र में $(मू_0)$ और $(म_1)$ एवं $(प_0)$ और $(प_1)$ क्रमशः आधार वर्ष और चालू वर्ष के मूल्य और परिमाण के लिये प्रयुक्त किये गये हैं।

Index No. for the Current Year =

$$100 \times \sqrt{\frac{\Sigma P_1 Q_0}{\Sigma P_0 Q_0} \times \frac{\Sigma P_1 Q_1}{\Sigma P_0 Q_1}}$$

$$\text{चालू वर्ष का निर्देशाँक} = १०० \times \sqrt{\frac{\Sigma मू_1 प_0}{\Sigma मू_0 प_0} \times \frac{\Sigma मू_1 प_1}{\Sigma मू_0 प_1}}$$

उदाहरण—

सन् १९३९ और १९४९ में एक कुटुम्ब ने निम्नलिखित वस्तुओं का उपभोग किया जिनके कि मूल्य और परिमाण नीचे दिये गये हैं। मूल्य के बढ़ने का कुटुम्ब पर क्या प्रभाव पड़ा है यह निर्देशाँक द्वारा समझाइये।

वस्तुयें	१९३९		१९४९	
	परिमाण $(प_0)$ सेर	मूल्य $(मू_0)$ रु०	परिमाण $(प_1)$ सेर	मूल्य $(मू_1)$ रु०
खाद्यान्न ...	५०	८	४५	३०
सब्जी और फल	३०	६	२५	२०
तेल, घी इत्यादि	१५	२०	१०	७०

आदर्श सूत्र के मूल्यानुपात

	$P_0 Q_0$ मू$_0$ प$_0$	$P_0 Q_1$ मू$_0$ प$_1$	$P_1 Q_0$ मू$_1$ प$_0$	$P_1 Q_1$ मू$_1$ प$_1$
खाद्यान्न ...	४००	३६०	१५००	१३५०
सब्जी और फल	१८०	१५०	६००	५००
तेल, घी इत्यादि	३००	२००	१०५०	७००
योग	८८०	७१०	३१५०	२५५०

चालूवर्ष का निर्देशांक=

$$१०० \times \sqrt{\frac{\Sigma \text{ मू}_1 \text{ प}_0}{\Sigma \text{ मू}_0 \text{ प}_0} \times \frac{\Sigma \text{ मू}_1 \text{ प}_1}{\Sigma \text{ मू}_0 \text{ प}_1}}$$

$$= १०० \times \sqrt{\frac{३१५०}{८८०} \times \frac{२५५०}{७१०}}$$

$$= १०० \times \sqrt{\frac{८०३२५}{६२४८}}$$

$$= १०० \times ३{\cdot}५८$$

$$= ३५८$$

उपरोक्त सूत्र अन्य सूत्रों से उत्तम है क्योंकि उसमें निम्नलिखित दो विशेषतायें हैं:—

(अ) यह सूत्र आधार और चालू दोनों ही वर्षों के मूल्य और परिमाणों को बराबर महत्व देता है और इस कारण इस पर यह आरोप किंचित मात्र भी नहीं लगाया जा सकता है कि किसी भी वर्ष की कुछ संख्याओं को छोड़ दिया गया है।

(ब) यह सूत्र काल-उत्क्रमण-परीक्षा (Time Reversal Test) और तत्व-उत्क्रमण-परीक्षा (Factor Reversal Test) में खरा उतरता है।

काल-उत्क्रमण परीक्षा के अनुसार यदि आधार वर्ष को चालूवर्ष और चालू वर्ष को आधार वर्ष मान लिया जाय तो प्राप्त निदशाँक पूर्व निर्देशाँक का व्युत्क्रम (Reciprocal) होगा ।

तत्व-उत्क्रमण-परीक्षा के अनुसार यदि दोनों वर्षों के मूल्य और परिमाणों में अदल बदल हो जाय तो निष्कर्ष में अन्तर न पड़ेगा ।

उदाहरण—

वस्तुएँ	आधार वर्ष		चालूवर्ष		मू$_0$ प$_0$	मू$_1$ प$_0$	मू$_0$ प$_1$	मू$_1$ प$_1$
	मू$_0$	प$_0$	मू$_1$	प$_1$				
१	६	५०	१०	५६	३००	५००	३३६	५६०
२	२	१००	२	१२०	२००	२००	२४०	२४०
३	४	६०	६	६०	२४०	३६०	२४०	३६०
४	१०	३०	१२	२४	३००	३६०	२४०	२८८
५	८	४०	१२	३६	३२०	४८०	२८८	४३२
					Σ मू$_0$ प$_0$ = १३६०	Σ मू$_1$ प$_0$ = १९००	Σ मू$_0$ प$_1$ = १३४४	Σ मू$_1$प$_1$ =१८८०

फिशर के अनुसार तत्व-उत्क्रमण-परीक्षा की संतुष्टि हो जायगी यदि निम्नलिखित सम्बन्ध पाया जाए, यथा—

$$P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma\ P_1\ Q_1}{\Sigma\ P_0\ Q_0}$$

$$\text{मू}_{01} \times \text{प}_{01} = \frac{\Sigma\ \text{मू}_1\ \text{प}_1}{\Sigma\ \text{म}_0\ \text{प}_0}$$

जबकि (मू$_{01}$) का प्रयोग चालू वर्ष के मूल्य का आधार वर्ष के मूल्य पर आधारित मूल्यानुपात और (प$_{01}$) का प्रयोग चालू वर्ष के परिमाण का आधार वर्ष के परिमाण पर आधारित परिमाणानुपात के लिए किया गया हो ।

फिशर के आदर्श सूत्र के अनुसार

$$P_{01} = \sqrt{\frac{\Sigma\ P_1\ Q_0}{\Sigma\ P_0\ Q_0} \times \frac{\Sigma\ P_1\ Q_1}{\Sigma\ P_0\ Q_1}}$$

$$मू_{०१} = \sqrt{\frac{\Sigma\ मू_१\ प_०}{\Sigma\ मू_०\ प_०} \times \frac{\Sigma\ मू_१\ प_१}{\Sigma\ मू_०\ प_१}}$$

$$= \sqrt{\frac{१९००}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१३४४}}$$

$$Q_{01} = \sqrt{\frac{\Sigma\ P_0\ Q_1}{\Sigma\ P_0\ Q_0} \times \frac{\Sigma\ P_1\ Q_1}{\Sigma\ P_1\ Q_0}}$$

$$प_{०१} = \sqrt{\frac{\Sigma\ मू_०\ प_१}{\Sigma\ मू_०\ प_०} \times \frac{\Sigma\ मू_१\ प_१}{\Sigma\ मू_१\ प_०}}$$

$$= \sqrt{\frac{१३४४}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१९००}}$$

$$P_{01} \times Q_{01} = \sqrt{\frac{\Sigma\ P_1\ Q_0}{\Sigma\ P_0\ Q_0} \times \frac{\Sigma\ P_1\ Q_1}{\Sigma\ P_0\ Q_1} \times \frac{\Sigma\ P_0\ Q_1}{\Sigma\ P_0\ Q_0} \times \frac{\Sigma\ P_1 Q_1}{\Sigma\ P_1 Q_0}}$$

$$मू_{०१} \times प_{०१} = \sqrt{\frac{\Sigma\ मू_१\ प_०}{\Sigma\ मू_०\ प_०} \times \frac{\Sigma\ मू_१\ प_१}{\Sigma\ मू_०\ प_१} \times \frac{\Sigma\ मू_०\ प_१}{\Sigma\ मू_०\ प_०} \times \frac{\Sigma\ मू_१\ प_१}{\Sigma\ मू_१\ प_०}}$$

$$= \sqrt{\frac{१९००}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१३४४} + \frac{१३४४}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१९००}}$$

$$= \sqrt{\frac{१८८०}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१३६०}}$$

$$= \frac{१८८०}{१३६०} = \frac{\Sigma\ P_1\ Q_1}{\Sigma\ P_0\ Q_0} = \frac{\Sigma\ मू_१\ प_१}{\Sigma\ मू_०\ प_०}$$

इस प्रकार तत्व-उत्क्रमण-परीक्षा की संतुष्टि हो जाती है।

फिशर के अनुसार काल-उत्क्रमण-परीक्षा की संतुष्टि हो जावेगी यदि निम्नलिखित सम्बन्ध पाया जाए,

$$P_{01} \times P_{10} = 1$$

$$मू_{०१} \times मू_{१०} = १$$

जबकि ($मू_{०१}$) का प्रयोग चालू वर्ष के आधार वर्ष पर आधारित मूल्यानुपात और ($मू_{१०}$) का प्रयोग आधार वर्ष के चालू वर्ष पर आधारित मूल्यानुपात के लिये किया गया हो।

फिशर के आदर्श सूत्र के अनुसार

$$P_{0I} = \sqrt{\frac{\Sigma\ P_I\ Q_0}{\Sigma\ P_0\ Q_0} \times \frac{\Sigma\ P_I\ Q_I}{\Sigma\ P_0\ Q_I}}$$

$$\text{मू}_{0I} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{मू}_I\ \text{प}_0}{\Sigma\ \text{मू}_0\ \text{प}_0} \times \frac{\Sigma\ \text{मू}_I\ \text{प}_I}{\Sigma\ \text{मू}_0\ \text{प}_I}}$$

$$= \sqrt{\frac{१९००}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१३४४}}$$

$$P_{I0} = \sqrt{\frac{\Sigma\ P_0\ Q_0}{\Sigma\ P_I\ Q_0} \times \frac{\Sigma\ P_0\ Q_I}{\Sigma\ P_I\ Q_I}}$$

$$\text{म}_{I0} = \sqrt{\frac{\Sigma\ \text{मू}_0\ \text{प}_0}{\Sigma\ \text{मू}_I\ \text{प}_0} \times \frac{\Sigma\ \text{मू}_0\ \text{प}_I}{\Sigma\ \text{मू}_I\ \text{प}_I}}$$

$$= \sqrt{\frac{१३६०}{१९००} \times \frac{१३४४}{१८८०}}$$

$$\text{मू}_{0I} \times \text{मू}_{I0} = \sqrt{\frac{१९००}{१३६०} \times \frac{१८८०}{१३४४} \times \frac{१३६०}{१९००} \times \frac{१३४४}{१८८०}}$$

$$= \sqrt{१} = १$$

इस प्रकार काल-उत्क्रमण-परीक्षा की संतुष्टि हो जाती है ।

विदेशी निर्देशांक

इंगलैण्ड

(१) सार बेक निर्देशांक (Saurbeck's Index)

यह निर्देशांक इंगलैण्ड में बनाया जाता था और इसका आधार वर्ष १८६७ से १८७७ तक के ११ वर्षों का औसत मूल्य रखा गया था । इसमें

जिन वस्तुओं के मूल्यों को लिया गया था उन्हें ४५ वर्गों में बांटा गया था। कुछ वर्गों के दो या तीन विभाग भी किये गए थे। निर्देशांक के परिगणन में मध्यक का प्रयोग किया जाता था। प्रत्येक वस्तु की अनुपातिक संख्या मालूम करने के लिए आधार काल के औसत मूल्य को १०० के बराबर मान लिया जाता था और उसके अनुसार चालू वर्ष का मूल्यानुपात मालूम कर लिया जाता था।

(२) स्टेटिस्ट निर्देशांक ('Statist's' Index)

इंगलैण्ड की 'स्टेटिस्ट' नामक पत्रिका प्रतिमास मूल्यों के निर्देशांक छापती है और ये प्रायः सारबेक के निर्देशांकों के आधार पर ही बनाये जाते हैं। एक प्रकार से ये सारबेक के निर्देशांकों के अविच्छिन्न क्रम (Continuation) के रूप में चालू हैं और इन्हें बनाने में वे ही वस्तुएं और आधार वर्षों का प्रयोग किया जाता है। इन निर्देशांकों में केवल एक अन्तर है और वह यह कि सारबेक निर्देशांकों की अपेक्षा वर्गीकरण में कुछ परिवर्त्तन कर दिया गया है।

(३) इकानॉमिस्ट निर्देशांक ('Economist's' Index)

यह इंगलैण्ड का एक प्रमुख पत्र है जिसमें मूल्य-निर्देशांक प्रकाशित होते हैं। आरम्भ काल में २२ वस्तुओं के मूल्यों के आधार पर उपरोक्त प्रकार से वर्गीकरण करके मूल्य निर्देशांक १८४५ से १८५० के औसत मूल्यों के अनुसार बनाया जाता था। सन् १९११ में इस निर्देशांक में परिवर्त्तन किये गए और अब १९०१ से १९०५ की अवधि को आधार माना जाता है और आधार काल का निर्देशांक १०० न मान कर २२०० लिया जाता है। चालू वर्ष का निर्देशांक निकालने के लिए चालू अवधि के औसत मूल्य को आधार मूल्य के प्रतिशत के रूप में परिवर्त्तित कर दिया जाता है और सभी प्रतिशतों को जोड़ कर दो से विभाजित कर दिया जाता है। इस निर्देशांक को बनाने में ४४ वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है जो कि निम्न पाँच वर्गों में बँटी है—(१) अनाज, (२) अन्य खाद्य पदार्थ (चाय, शक्कर, इत्यादि), (३) टेक्सटाइल, (४) खनिज पदार्थ, (५) मिश्रित (मक्खन, लकड़ी इत्यादि)। प्रत्येक वर्ग के लिए अलग अलग भी निर्देशांक बनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र के विदेशी और देशी व्यापार ब्यूरो (Bureau of Foreign and Domestic Commerce) द्वारा एक विश्व-मूल्य निर्देशाँक बनाया जाता है ।

संयुक्त राष्ट्र में सिक्युरटी मूल्यों के तीन प्रमुख निर्देशाँक हैं—(अ) डो-जोन्स निर्देशाँक (Dow-jones Index of stock prices) जोकि सबसे पुराना निर्देशाँक है और सन् १८८४ से चालू है । यह ११ शेयरों के बन्द होने के भाव पर आधारित ह । (ब) न्ययार्क टाइम्स निर्देशाँक जो सन् १९११ से प्रारम्भ किया गया है और (स) स्टैण्डर्ड स्टैटिस्टिक्ज कंपनी का निर्देशाँक जो शेयरों पर आधारित एक भारित मध्यक है । इसका आधार वर्ष सन् १९२६ है ।

न्यूयार्क का फेडरल रिजर्व बैंक अब सामान्य मूल्य स्तर के लिए निर्देशाँक बनाता है जिसे स्नाइडर निर्देशाँक (Snyder's Index) कहते हैं । यह एक भारित मध्यक है और प्रत्येक वर्ग के लिए अलग अलग निर्देशाँक प्रदान करता है ।

(२) जीवन-निर्वाह निर्देशांक

संयुक्त राष्ट्र श्रम ब्यूरो जीवन निर्वाह के निर्देशाँक नेशनल इन्डस्ट्रियल कान्फ्रेन्स बोर्ड द्वारा प्रतिमाह छापे जाते हैं । ये जोवन निर्वाह निर्देशाँक ३२ नगरों (जिनकी जनसंख्या ५०,००० से ऊपर हो) के लिए बनाए जाते हैं और संयुक्त राज्यों के लिए भी एक संयुक्त निर्देशाँक छापा जाता है । इसके बनाने में समूही-व्यय पद्धति (Aggregative Method) का प्रयोग किया जाता है । इसमें वस्तुओं को निम्नलिखित ६ वर्गों में बाँटा गया है—(१) खाद्यपदार्थ, (२) कपड़े, (३) किराया, (४) लकड़ी व रोशनी, (५) फर्नीचर इत्यादि, (६) मिश्रित ।

(३) अन्य निर्देशांक

अमरीका में उत्पादन के भौतिक आयतन संबन्धी निर्देशांक फेडरल रिजर्व बुलेटिन में छापे जाते हैं जो कि समूही पद्धति पर आधारित हैं ।

इनका आधार सन १९२३–१९२५ तक तीन वर्षों का औसत है। उपरोक्त निर्देशाँक के अतिरिक्त फेडरल रिजर्व बैंक आफ न्यूयार्क उत्पादन और व्यापार के मासिक निर्देशाँक छापता है जिनमें उत्पादन के अतिरिक्त व्यापार के आयतन को भी लिया जाता है।

व्यवसायिक चक्रों (Business Cycles) के निर्देशाँक भी कई एक छपते हैं जोकि चक्रीय उच्चावचनों के अतिरिक्त अन्य सभी आर्तव व अल्पकालीन प्रभावों को दूर करते हैं। बैरन का उत्पादन और व्यापारिक निर्देशाँक (Barron's Index of Production and Trade) एक वार्षिक निर्देशाँक है जिसमें शिल्प-उत्पादन के आयतन, खनिज संबंधी उत्पादन, गृह निर्माण, विद्युत-शक्ति उत्पादन, रेलों का उत्पादन और थोक व फुटकर व्यापार संबंधी समंकों का प्रयोग किया जाता है। इसके परिगणन में गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया जाता है।

न्यूयार्क टाइम्स द्वारा व्यवसायिक क्रिया को साप्ताहिक निर्देशाँक छापा जाता है जिसमें प्रवृत्ति (Trend) और साप्ताहिक आर्तव उच्चावचनों के निमित्त संशोधन करने के उपरान्त मूल्यों को सम्मिलित किया जाता है।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. What is the purpose of Index Numbers (निर्देशांकों). Explain clearly how they are prepared and used.

(*B. Com.*, *Agra*, 1937).

2. It is desired to find the difference in the cost of living (जीवन-निर्वाह स्तर) in the years 1929 and 1938 in the case of (*i*) clerks and (*ii*) labourers in a big town.

Explain fully the necessary procedure to be adopted.

(*B. Com.*, *Agra*, 1939).

2. Index numbers are Economic Barometers (वापीडमान). Explain the statement and mention what precautions should be taken in making use of any published index numbers.

Show with the help of an example how would you convert the index numbers from one basic period to another.

(*B. Com., Agra*, 1940).

3. Explain the uses of Index Numbers. Describe the procedure followed in the preparation of general and cost of living index numbers.

(*B. Com., Agra*, 1942.)

[No. of persons with incomes not exceeding Rs. 4000 is approximately 14,898.]

13. The age of mother and the average number of children born per mother are given in the following table. Find by any method of interpolation the average number of children born per mother aged 30—34.

Age of mother	No. of children
15—19	0.7
20—24	2.1
25—29	3.5
30—34	?
35—39	5.7
40—44	5.8

(P.C.S., 1943).

[Ans. Expected number of children born per mother aged 30 to 34 is 4·8 approximately.

14. Interpolate the (आन्तरगणन कीजिए) missing figures in the following table of rice cultivation.

Year	Acres in millions
1911	76.6
1912	78.7
1913	?
1914	77.7
1915	78.7
1916	?
1917	80.6
1918	77.6
1919	78.7

(*B. Com.*, *Agra*, 1937).

[The estimated acres of land under rice cultivation in 1913 and 1916 are 78.2 and 80.5 millions respectively.]

15. Find out by interpolation from the following data the number of workers earning Rs. 24 or more but less than Rs. 25.

Earning less than		Number of workers
Rs.	20	296
,,	25	599
,,	30	804
,,	35	918
,,	40	966

(P.*C.S.*, 1948).

[Ans. The number of workers earning Rs. 24 or more but less than Rs. 25 is 53.]

16. It is required to find the missing value (अज्ञात मूल्य) in the following table. Establish any suitable formula (समुचित सूत्र) for interpolation and find the missing value.

S. N.	Value	S.N.	Value
1	6.4577	6	1.7849
2	3.4531	7	1.6874
3	2.5604	8	1.6177
4	2.5604	9	1.5646
5	?	10	1.5232

(*I.C.S.*, 1940).

[Ans. Interpolated value of the item No. 5 is 1.9211]

अध्याय १४

भारत में साँख्यिकीय सामग्री
(Indian Statistics)

सामग्री संग्रहण व्यवस्था

कुछ वर्षों पूर्व तक भारतवर्ष में समंक संग्रहण करने के लिये कोई केन्द्रीभूत व्यवस्था नहीं थी। सर्व प्रथम १८ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में ईस्ट इंडिया कम्पनी ने कृषि सम्बन्धी समंकों का संकलन किया था और सन् १८६८ में सबसे पहले (Statistical Abstract of British India) इंगलैंड से और सन् १८८१ में (Imperial Gazetteer of India) का भारत से प्रकाशन हुआ जिनमें काफी महत्वपूर्ण सूचनाएँ छापी गईं थीं। भारतवर्ष की सर्व प्रथम जनगणना सन् १८७२ ई० में ली गई जो कि सम्पूर्ण भारत में एक सी न होने के कारण गलत ठहराई गई और पहली पूर्ण और समान जनगणना सन् १८८१ ई० में हुई जिसके बाद से भारतवर्ष में जनगणना की दस वर्षीय योजना अपना ली गई। यह जनगणनायें जन-संख्या के विभिन्न प्रकार के वितरण, गृह-सम्बन्धी परिस्थितियाँ, नौकरी, पेशा, जाति, साक्षरता, धर्म, विवाह इत्यादि से सम्बन्धित समंकों को संकलन करने के लिये की गई थी। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक भारत सरकार ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों से सम्बन्धित पत्रिकायें छापना प्रारम्भ कर दिया था और सन् १८८३ ई० के सांख्यिकीय कॉफ्रेंस में जोकि कलकत्ता में हुई थी उसके सुझाव के अनुसार अखिल भारतवर्षीय 'फसलों के पूर्वानुमान' (Crop Forecasts) और 'पंचवर्षीय पशु-गणनाओं' (Live Stock Censuses) का प्रकाशन आरम्भ कर दिया था। सन् १९१६-१८ के औद्योगिक कमीशन (Industrial Commission) ने उस समय की सार्वजनिक भावनाओं के अनुकूल व्यवसायिक और औद्योगिक समंकों के संकलन, विश्लेषण और प्रसार के सम्बन्ध में सरकार के सामने एक योजना रखी जिसके फलस्वरूप सन् १९२२ में व्यवसायिक सूचना विभाग (Commercial Intelligence Department) के साथ में साँख्यिकीय विभाग (Department of

Statistics) सम्मिलित कर दिया गया। सन् १९२५ में भारतीय आर्थिक अनुसंधान समिति (Indian Economic Enquriy Committee) नियुक्त की गई जिसके सभापति श्री० विश्वेसरैंया थे। इस समिति की स्थापना इसलिये की गई थी कि वह प्राप्य सांख्यिकीय सूचनाओं की समुचितता पर खोज करे, और आर्थिक अनुसंधान की आवश्यकता पर सुझाव रखे। इस समिति ने यह सुझाव रखा कि प्रत्येक प्रान्त में एक सांख्यिकीय कार्यालय (Statistical Bureau) होना चाहिये और समन्वय का कार्य करने के लिये एक केन्द्रीय कार्यालय का निर्माण किया जाना चाहिये। कृषि और श्रम के लिये जो रायल कमीशन नियुक्त हुये थे उन्होंने भी समंकों के संकलन, विश्लेषण और निर्वचन पर बहुत जोर दिया, जिसके फलस्वरूप भारतीय कृषि अनुसंधान कौंसिल (Indian Council of Agricultural Research) में एक सांख्यिकीय विभाग खोल दिया गया। सन् १९३३ में विश्वेसरैंया समिति के केन्द्रीय कार्यालय सम्बन्धी मत को आंशिक रूप में मान लिया गया और केन्द्र में एक सांख्यिकीय अनुसंधान ब्यूरो का निर्माण समंकों के संकलन, विश्लेषण और निर्वचन के लिये किया गया। सन् १९३४ में बॉवले रावर्टसन समिति ने सुझाव पेश किया कि केन्द्र में उत्पादन और जन-संख्या की गणनाओं के लिये एक सांख्यिकीय डाइरेक्टर (D'rector of Statistics) रखा जाय जिसका मुख्य कार्य समंकों का समन्वय करना हो। यह सुझाव भारत सरकार ने आंशिक रूप में सन् १९३८ में माना और भारत के आर्थिक सलाहकार (Economic Adviser) का दफ्तर खोल दिया गया और इसमें सांख्यिकीय अनुसंधान ब्यूरो भी मिला दिया गया। सन् १९४२ के इन्डस्ट्रियल स्टेटिस्टिक्स एक्ट के अनुसार एक औद्योगिक सांख्यिकीय दफ्तर (Directorate of Industrial Statistics) का निर्माण किया गया जो कि सन् १९४६ से औद्योगिक उत्पादन गणना (Census of Manufactures) का कार्य कर रहा है। सन् १९४८ में खाद्य और कृषि-खाद्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक आर्थिक और सांख्यिकीय डाइरेक्टरेट बनाया गया। सन् १९४९ में केन्द्रीय सचिवालय में सभी प्रकार के समंकों के समन्वय के लिये एक सांख्यिकीय यूनिट बनाया गया जोकि सन् १९५० में केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के रूप में परिवर्तित हो गया और आज प्रोफ़ेसर महलानवीस की अध्यक्षता में सांख्यिकी सम्बन्धी सभी प्रकार का कार्य कर रहा है।

द्वितीय महायुद्ध के आरम्भ तक समंकों के संकलन व निर्वचन का कार्य "व्यापारिक वृत्त एवं अंक के संचालनालय (Directorate of Commercial Intelligence and Statistics) में ही केन्द्रीभूत रहा, परन्तु द्वितीय विश्व युद्ध में इस प्रणाली का विकेन्द्रीकरण हो गया और केन्द्र में अब प्रायः प्रत्येक मंत्रणालय के अन्तर्गत एक-एक सांख्यिकीय विभाग है और उनके द्वारा एकत्रित समंकों का समन्वय केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (Central Statistical Organisation) करता है। सन् १९४८ के पहिले कृषि सम्बन्धी समंकों का संकलन 'व्यापारिक वृत्त एवं अंक सचालक' करता था किन्तु अब यह कार्य खाद्य-कृषि मंत्रणालय के अन्तर्गत अर्थ और अंक संचालक द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त भारतीय कृषि अनुसंधान कौंसिल का सांख्यिकीय विभाग फसल काटने के प्रयोग और अन्य खोज सम्बन्धी कार्य करता है। वित्त मंत्रणालय के अन्तर्गत एक राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान (National Sample Survey) और राष्ट्रीय आय कार्यालय (National Income Unit) हैं जो कि राष्ट्र-जीवन के बहुत ही महत्वशाली पहलुओं पर खोज सम्बन्धी कार्य कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त वित्त मंत्रणालय में एक अर्थ और अंक विभाग और एक प्रमंडल सन्नियम अंक विभाग (Company Law Statistics Section) हैं। वाणिज्य-व्यवसाय मंत्रणालय के अन्तर्गत आर्थिक सलाहकार, व्यापारिक वृत्त एवं अंक संचालक, औद्योगिक सांख्यिकीय संचालक के कार्यालय हैं। श्रम मंत्रणालय के अन्तर्गत एक श्रम व्यूरो है जो फैक्टरी ऐक्ट, ट्रेड-यूनियन ऐक्ट और अन्य श्रम सम्बन्धी संन्नियमों की प्रगति सम्बन्धी अंक प्रकाशित करता है। इसके अतिरिक्त पुनर्वास और नौकरी के संचालक का भी एक कार्यालय इस मंत्रणालय के अन्तर्गत है। गृह-मंत्रणालय के अन्तर्गत जनगणना आयुक्त का दफ्तर है जोकि जनगणना और जीवन सम्बन्धी समंकों का संकलन और समन्वय का कार्य करते हैं। इनके अतिरिक्त अन्य मंत्रणालयों के अन्तर्गत तत्सम्बन्धी सूचनाओं के संकलन, विश्लेषण एवं प्रकाशन के लिये छोटे छोटे कार्यालय हैं।

जैसा कि उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि केन्द्र में अब समंकों के संकलन, समन्वय और विश्लेषण की संतोष जनक व्यवस्था हो गई है। इस व्यवस्था और स्वतंत्रता के वातावरण में ऐसी आशा की जाती है कि संग्रहीत सामग्री में वैषम्य, व्यतिक्रम, और अविश्वस्नीयता न रहेगी जैसी कि अब तक रही है। आज भी समंकों का प्रकाशन बड़े विलम्ब से होता है जिससे

कि उनकी उपयोगिता मारी जाती है । उदाहरणार्थ, सन् १९५० की उत्पादन गणना के परिणाम सन् १९५५ में प्रकाशित किये गये हैं । इन परिणामों का अब केवल एक ऐतिहासिक महत्व मात्र ही रह गया है क्योंकि उत्पादन गणना के निष्कर्षों के आधार पर आगे अर्थ-नियोजन नहीं किया जा सकता । वास्तव में सन् १९५१ से अब तक राष्ट्रीय-नियोजन के पाँच वर्ष पूरे हो चुके हैं और उत्पादन के स्वरूप में बहुत कुछ परिवर्तन हो चुका है । अब तो यदि नई पंच वर्षीय योजना के लिये उत्पादन सम्बन्धी समंकों की आवश्यकता होगी तो सन् १९५० की उत्पादन गणना के समंक बेकार सिद्ध होंगे ।

यद्यपि केन्द्र को दशा सन्तोषजनक है राज्यों में अब भी कोई एक सी पद्धति नहीं पाई जाती । आसाम, बम्बई, मद्रास, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल में तो केन्द्रीय साँख्यिकी कार्यालय हैं जो विभिन्न प्रकार के समंकों का संकलन करते हैं । इन राज्यों में यद्यपि संकलन और समन्वय का कार्य केन्द्रीय सांख्यिकीय व्यूरो करते हैं किन्तु उनके प्रयोग विभिन्न विभागों में कार्य करने वाले सांख्यिकों (Statisticians) पर छोड़ दिया गया है । अन्य प्रान्तों में सामग्री संग्रहण की कोई केन्द्रीय व्यवस्था नहीं है और समंक संकलन और सांख्यिकीय ढंगों के प्रयोग दो विभिन्न कार्य हैं जिन्हें भिन्न-भिन्न संगठन सम्पादित करते हैं । उदाहरणार्थ, कृषि-समंकों का संकलन यदि प्रशासकीय प्रणाली द्वारा किया जाता है तो फ़सल काटने के प्रयोग कुछ सांख्यिकी विशेषज्ञ किया करते हैं ।

भारतवर्ष के सरकारी समंक प्रायः प्रशासकीय यंत्र द्वारा एकत्र किए जाते थे । इस देश की विशेष परिस्थितियों के कारण उन समंकों की यथार्थता पर आरोप लगाये जा सकते हैं । माल और पुलिस विभाग के द्वारा एकत्रित किये हुये समंक प्रायः ठीक नहीं होते क्योंकि उन्हें एकत्रित करने का कार्य प्राय: ऐसे व्यक्ति करते हैं जो प्राय: अशिक्षित होते हैं । भारतवर्ष के सरकारी समंकों में प्रायः अपर्याप्तता, समन्वयहीनता, असंबद्धता, अस्पष्टता और विलम्बित प्रकाशन इत्यादि दोष रहे हैं । इनके संबन्ध में सन् १९२५ में विश्वैसरैया कमेटी ने बहुत ही कटु समालोचना की थी । आज स्थिति बहुत कुछ बदल चुकी है । सन् १९५२ में ७४ अखिल भारतवर्षीय फसल अनुमान करीब २३ कृषि सम्बन्धी वस्तुओं के लिए प्रकाशित हुये थे । कृषि और अर्थ सम्बन्धी समंकों के परिमाण और यथार्थता की वृद्धि के लिए उत्पादन के अनुमान इत्यादि के

सम्बन्ध में अनेक योजनायें बनाई गईं । सरकार ने कृषि समंकों के सुधार के लिये सन् १९५२ में एक पंच वर्षीय समन्वय योजना लागू की जिसका कि एक प्रमुख अंग और क्षेत्र उत्पादन सम्बन्धी समंकों के संकलन में निरीक्षणकारी नियंत्रण निर्माण करना था । भारतीय कृषि अनुसन्धान कौंसिल की योजनाओं को सफल बनाने के लिये (F.A.O.) अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य व कृषि संगठन के विशेषज्ञ (Mr. D. G. Finney) की सेवायें भी प्राप्त कीं गईं और वर्ष भर में करीब ३० साँख्यिकीय रिपोर्टें प्रकाशित की गईं ।

सन् १९५१–५२–५३ में आर्थिक और साँख्यिकीय महत्व की बहुत सी रिपोर्टें प्रकाशित हुईं और कई सन्नियम बनाये गये । सन् १९५१ की जन-गणना प्रथम वैज्ञानिक और बहुत यथार्थ जनगणना है क्योंकि यह उस समय हुई जब कि भारत स्वतन्त्र हो चुका था और प्रत्येक प्रगणक के अन्दर यथार्थ समंकों के संग्रहण की महत्ता का पूर्ण अनुमान था । अप्रल सन् १९५१ को राष्ट्रीय आय कमेटी की पहली रिपोर्ट प्रकाशित हुई जोकि सरकार के द्वारा देश की राष्ट्रीय आय के अनुमान लगाने की दिशा में पहला वैज्ञानिक उद्योग था । यह रिपोर्ट सन् १९४८–४९ के अनुमान के अतरिक्त व्यक्तियों की विभिन्न उदगमों से आय, उनका पेशेवर वितरण, उत्पादन प्रति-व्यक्ति, सरकार का आन्तरिक उत्पादन में भाग, आय का उपभोक्ता के खर्चों से सम्बन्ध, और राष्ट्रीय आय के लेखे सम्बन्धी अनेक महत्पूर्ण समंक प्रदान करती है । इस कमेटी की द्वितीय रिपोर्ट फरवरी सन् १९५४ में प्रका-शित हुई जोकि भारतीय राष्ट्र की आय का अनुमान १९४८-४९, १९४९-५०, और १९५०-५१ के लिये प्रस्तुत करती है । इन अनुमानों के अतिरिक्त इस रिपोर्ट में अनुमान लगाने की पद्धति, वर्तमान समंकों की अपर्याप्तता और राष्ट्रीय आय के अनुमान सम्बन्धी समंकों में गुणात्मक सुधार सम्बन्धी सुझाव मिलते हैं । सितम्बर २५, सन् १९५३ को विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों का एक सम्मेलन दिल्ली में हुआ था जिसने कृषि सम्बन्धी समंकों के संकलन, विश्लेषण और निर्वचन के सम्बन्ध में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव पेश किये थे । सन् १९४९ में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसन्धान (N. S. S.) प्रोफेसर महलानवीस की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है जिसकी कि पहली रिपोर्ट सन् १९५३ में प्रकाशित हुई थी । सन् १९५३ में भारत सरकार ने एक समंक संकलन विधेयक (Collection of Statistics Act) पास किया

जिसके द्वारा सन् १९४२ के औद्योगिक समंक विधेयक (Industrial Statistics Act) की कमियों को दूर कर दिया गया। भारत सरकार बहुत तेजी से निर्देशाँकों के आधारवर्ष परिवर्तन करने की दिशा में विचार कर रही है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में समंकों की उपयोगिता और सामयिकता में सुधार करने के लिये अनेकों प्रयत्न हुये हैं जिससे यह आशा बँधती है कि निकट भविष्य में भारत के सरकारी समंकों का स्तर बहुत ऊँचा उठ जायगा।

जनगणना (Census)

जनसाधारण के लिये जनगणना का अर्थ किसी भी देश के निवासियों की संख्या की गिनती करना है परन्तु यह वास्तव में उन निवासियों के जीवन से सम्बन्धित सभी प्रकार के तथ्यों के सम्बन्ध में की जाने वाली एक ऐसी अनुसंधान क्रिया है जोकि किसी भी देश की सरकार ही करने को क्षमता रखती है। सरकार द्वारा समय समय पर की जाने वाली यह जाँच राष्ट्र-जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण होती है क्योंकि बिना विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित आँकड़े प्राप्त किये हुये भविष्य के लिये योजनायें नहीं बनाई जा सकतीं। श्री० जी० एल० मेहता के कथनानुसार आज देश में जो परिवर्तन हो रहे हैं उनके कारण अनेक व्यवस्था और नियोजन सम्बन्धी समस्यायें उठ खड़ी हुई हैं जिनका निवारण तथ्यों के वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर ही किया जा सकता है। जनसंख्या के प्रसार व गतिशीलता, राष्ट्रीय आय के विवरण, जीवन निर्वाह के अन्तर, गरीबी और बेकारी की समस्यायों को सुलझाने में समंकों का सहारा लेना ही पड़ता है। देश में किसी भी प्रकार का समाजिक अध्ययन या अर्थ-नियोजन वहाँ के निवासियों के पेशे सम्बन्धी ज्ञान के अभाव में सर्वथा असम्भव है। विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय-नियोजन के अतिरिक्त जनगणना के आधार पर सामाजिक सुधार किये जा सकते हैं और इसके द्वारा प्रदत्त आँकड़ों के सहारे कोई भी राजनीतिज्ञ राजकार्य में पूर्ण रूप से सफल हो सकता है। जनगणना की उपयोगिता के सम्बन्ध में यह कहना अत्युक्ति न होगी कि इसके द्वारा प्राप्त आँकड़े अर्थशास्त्रियों, समाज सेवकों, व्यापारियों और परिवहन की कम्पनियों के लिये समान रूप से लाभदायक सिद्ध होते हैं।

यदि कोई अर्थशास्त्री अपने देश की जनसंख्या विस्तार की प्रवृत्ति और उसका पेशे के अनुसार विभाजन जानना चाहता है तो वह जनगणना की रिपोर्ट पढ़ कर जन-विस्तार का पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त इसकी रिपोर्टों के आधार पर वह जन-विस्तार और अन्न के उत्पादन में सह-सम्बन्ध स्थापित करने और नागरिक जनसंख्या के विकास एवं ग्राम-उद्योगों के ह्रास में भी सम्बन्ध स्थापित कर सकता है। जनगणना व्यवसाइयों को बहुत ही महत्वपूर्ण समंक प्रदान करती है जिनके आधार पर वे अपने क्षेत्र में रहने वाले निवासियों के सम्बन्ध में पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके अपनी भावी समृद्धि की कल्पना कर सकते हैं। पेशों के अनुसार विभाजन सम्बन्धी आकंड़ों से व्यवसायी अपने लिये वर्तमान या भावी अनुकूलतम बाजारों का चुनाव कर सकता है और किसी विशेष नगर के निवासियों की संख्या वा उनके प्रति-व्यक्ति के उपभोग की मात्रा जान कर व्यापारी अपनी बिक्रय-प्रणाली में परिवर्तन कर सकता है।

व्यवसाइयों के समान परिवहन के साधनों के लिये भी जनगणना का एक विशिष्ट महत्व है क्योंकि कोई भी परिवहन की कम्पनी किसी भी क्षेत्र में कार्य आरम्भ करने से पहिले इस बात का अनुमान लगा लेना चाहती है कि उस कार्य में उसे यश की प्राप्ति होगी या नहीं। ये कम्पनियाँ घने बसे क्षेत्रों में सर्व प्रथम कार्य करना पसन्द करेंगी क्योंकि उन्हे अपने लगाये हुये धन पर अधिकतम प्राप्ति की आशा बँध जाती है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही बीमा कम्पनियाँ अपनी दरों की तालिकायें बनाती हैं और यह जान लेना आवश्यक है कि सन् १८९१ से प्रत्येक सरकार जनगणना की रिपोर्ट में जीवनांकिक (Actuary) की रिर्पोट भी छपती रही है। प्रत्येक सरकार जनगणना के आंकड़ों से यह जान सकती है कि सम्पूर्ण राष्ट्रीय आय के उत्पादन में कितने व्यक्ति लगे हुये हैं और वे उसे किस प्रकार बांटते हैं। प्रायः आयकर से प्राप्त धन का विभाजन केन्द्रीय और प्रान्तीय सरकारों के बीच में जनसंख्या के आधार पर ही किया जाता है।

भारतवर्ष में जनगणना अत्यन्त प्राचीन काल से होती आई है और इतिहास इस बात का साक्षी है कि कौटिल्य के काल में बहुत ही उन्नत स्वरूप में यह पद्धति विद्यमान थी और सैन्य-संकलन करने, जनसंख्या की शारीरिक एवं श्रमिक शक्ति जानने, नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों

का निर्णय करने, और प्रत्येक सभा के सदस्यों का निर्वाचन करने के लिये प्राय: जनगणना के द्वारा प्राप्त समंकों का ही प्रयोग किया जाता था। समय की गति के साथ ही साथ जनगणना के क्षेत्र एवं उपयोगिता में बहुत अधिक विकास हो चुका है।

पिछली जनगणना की रिपोर्टों में प्राय: निम्नलिखित दोष पाये जाते थे—

(१) एक जनगणना से दूसरी जनगणना तक प्राय: वर्गीकरण की प्रणाली बदल जाया करती थी और इस कारण उनके आधार पर संकलित पेशों के अनुसार समंकों में प्राय: तुलना नहीं हो सकती थी।

(२) विभिन्न जनगणनाओं में आयु सम्बन्धी समंक भी प्राय: गलत होते रहे क्योंकि भारतवर्ष एक कृषि प्रधान देश है जहाँ कि निरक्षर ग्रामीण सही आयु बताने का महत्व नहीं समझते और अपने धार्मिक, या जातीय कमजोरियों के कारण आवश्यक सूचनायें छिपा लेते हैं। प्राय: साठ वर्ष से ऊपर वाला पुरुष और चालीस वर्ष से ऊपर वाली स्त्री अपनी आयु अधिक और पचास वर्ष से नीचे वाला पुरुष और पैंतीस वर्ष से कम की स्त्री अपनी आयु कम बतलाते हैं। प्राय: ग्रामीण भाई अपनी आयु पूरे पूरे वर्षों में बतलाते हैं और महीनों का उन्हें ज्ञान ही नहीं रहता। बहुत सी गाँव की स्त्रियाँ यह नहीं जानतीं कि उनकी आयु क्या है।

(३) पिछली जनगणनाओं में प्राय: गृह (House) की परिभाषा संदिग्ध रही है क्योंकि कभी तो एक इमारत को एक गृह माना गया था और कभी उसके भीतर बसने वाले विभिन्न परिवारों को। इसके अतिरिक्त जनगणना के पहिले मकानों में नम्बर लगाने की कोई वैज्ञानिक पद्धति न होने के कारण और क्षेत्रीय नक्शों के अभाव से प्राय: जनगणना के आधार पर बनाई जाने वाली मत-दाताओं की सूची प्राय: ग़लत बनती रही है।

(४) भारतवर्ष में गाँव में प्राय: छोटी अवस्था में ही कुछ अभि-भावक अपने संरक्षितों के विवाह कर देते रहे हैं और शारदा ऐक्ट से बचने के निमित्त विवाह सम्बन्धी सूचनाओं को छिपाते रहे हैं। इस कारण विवाह सम्बन्धी आँकड़े भी पूर्णरूप से यथार्थ नहीं कहे जा सकते।

(५) भारतवर्ष की जनगणना अवैतनिक होने के कारण प्राय: अधूरी रहती है क्योंकि निरक्षर या साक्षर परन्तु सांख्यिकीय ढंगों से अनभिज्ञ

प्रगणक न तो प्रायः प्रश्नावलियों का अर्थ ही समझ पाते हैं और न प्रत्येक व्यक्ति की गणना करने का समुचित प्रयत्न ही करते हैं। जनगणना का कार्य अस्थायी होने के कारण उच्च अधिकारी प्रायः जनगणना के कार्य को अधिक महत्व नहीं देते रहे हैं।

(६) सर्व प्रथम आधुनिक जनगणना सन् १८७२ में की गई थी जिसे इस कारण ठीक न समझा गया था क्योंकि एक ही प्रकार की पद्धति सारे देश में नहीं अपनाई जा सकी थी। इसके बाद सन् १८८१ की पहली व्यवस्थित जनगणना हुई जिसके बाद से प्रत्येक दसवें वर्ष भारतीय जनगणना नियमित रूप से होती रही है। सन् १९३१ में जनगणना में खोज सम्बन्धी प्रश्नावली का क्षेत्र बढ़ा दिया गया और धर्म, साक्षरता, भाषा इत्यादि पर अधिक जोर दिया गया। सन् १९४१ की जनगणना में संकलित सामग्री और संकलन पद्धति के सम्बन्ध में निम्नलिखित परिवर्तन किये गये।

(१) इस जनगणना से पहिले प्रत्येक जनगणना में "एक रात्रि पद्धति" अपनाई जाती थी जिसके अनुसार एक चाँदनी रात को सभी काम काज रोक कर जनगणना की जाती थी। इस जनगणना में ६ दिन का समय लिया गया।

(२) सन् १९३१ की जन-गणना तक प्रत्येक व्यक्ति को उस स्थान पर गिना जाता था जहाँ कि उसे जनगणना वाले दिन पाया जाय। सन् १९४१ की जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति को उसके निवास स्थान पर ही गिना गया।

(३) इस जनगणना से पूर्व संकलन कार्य अनुसूचियों (Schedules) के द्वारा किया जाता था जिनसे तालिकायें बनाने के लिये पर्चियों (Slips) पर आंकड़े दुबारा लिखना आवश्यक होता था। सन् १९४१ की जनगणना में अनुसूचियों का प्रयोग हटा दिया गया और संकलन कार्य सीधे सीधे पर्चियों पर ही किया गया।

(४) सन् १९४१ की जनगणना में इस बात का प्रयोग किया गया कि यह मालूम किया जा सकता है या नहीं कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े सच्चे हैं या नहीं। इसके लिये प्रत्येक ५० पर्चियों में से एक पर्ची छांट कर रखली गई और इस प्रकार रख लिये गये न्यादर्श (Sample) के आधार पर प्राप्त किये हुये समंकों और जनगणना के समंकों के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयत्न किया गया।

(५) जनगणना के निष्कर्षों की जांच करने के लिये सर्वप्रथम मकानों की सूचियाँ बनाई गई और इसके अलावा यांत्रिक सारणीकरण (Mechanical Tabulation) का भी प्रयोग किया गया।

सन् १९५१ में जो जनगणना हुई वह भारतवर्ष के इतिहास में एक प्रमुख स्थान रखती है क्योंकि उस समय देश स्वतंत्र हो चुका था और भारत की सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक दशा पर युद्ध और विभाजन का बहुत अधिक प्रभाव पड़ चुका था। राष्ट्र के स्वतंत्र होते ही युद्ध और विभाजन द्वारा विस्थापित राष्ट्रीय जीवन की पुर्नस्थापना करने के लिये आर्थिक नियोजन की आवश्यकता थी और किसी भी नियोजन के लिये यथार्थ समंकों की आवश्यकता अपरिहार्य है। इस जनगणना की निम्नलिखित विशेषताएं हैः—

(१) सन् १९४१ तक जाति और उप-जाति समंकों के संकलन के प्रमुख आधार थे परन्तु वह इस जनगणना में उन्हें हटाकर आर्थिक गुणों को प्रधानता दी गई।

(२) सम्पूर्ण जनसंख्या को जीवन निर्वाह के प्रमुख एवं गौण साधनों के अनुसार बांटा गया और ग्रामीण तथा अग्रामीण वर्गों के उन साधनों के अनुसार निम्नलिखित आठ विभाग किये गये।

(अ) *ग्रामीण*

(१) ऐसे किसान जो कि खेती की जमीन के पूर्ण रूप से या प्रमुख रूप से स्वयं मालिक हैं और उनके आश्रित।

(२) ऐसे किसान जोकि खेती की जमीन के प्रमुख रूप से मालिक नहीं हैं और उनके आश्रित।

(३) खेतिहर मजदूर और उनके आश्रित।

(४) खेती न करने वाले भूमि के मालिक, कृषि लगान पाने वाले और उनके आश्रित।

(ब) *ग्रामीण*

ऐसे व्यक्ति और उनके आश्रित जिनके जीवन निर्वाह के प्रमुख उद्गम निम्नलिखित हों—

(५) खेती के अतिरिक्त अन्य उत्पादन।
(६) वाणिज्य
(७) परिवहन
(८) अन्य सेवायें और आश्रित उद्गम

(३) अभी तक केवल "प्रतिशत अपकिरण दर" (Percentage Variation) मालूम किया जाता था। परन्तु इस जनगणना में प्रतिशत अपकिरण दर के अतिरिक्त दर संख्या और "दस वर्षीय प्रसार मध्यक दर" (Mean Decenniel Growth Rate) भी मालूम की गई।

(४) जनगणना से प्राप्त आँकड़ों की सत्यता की निदर्शन प्रणाली के द्वारा जाँच की गई।

सन् १९४१ की जनगणना से पहिले भारतीय जनगणना में निदर्शन प्रणाली का कोई प्रमुख स्थान नहीं रहा है और सन् १९४१ की जनगणना में भी यद्यपि प्रति पचास पर्चियों में से एक छांटकर न्यादर्श बनाया गया था, उनका पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया जा सका। सन् १९५१ की जनगणना में अनेकों निदर्शन के प्रयोग किये गये और सम्पूर्ण जनगणना के समंकों की यथार्थता को जाँचने का प्रत्यन प्रति सहस्त्र एक गृहस्थी लेकर किया गया। विभिन्न राज्यों में एक दूसरा न्यादर्श जन्म और मृत्यु के आँकड़ों की परीक्षा करने के लिये किया गया और परीक्षण में प्रत्येक जिले की गृहस्थियों में से एक प्रतिशत गृहस्थियों का न्यादर्श चुना गया। इन अनुसंधानों के अतिरिक्त भारतवर्ष के सभी सारणीयन कार्यालयों में एक वृहत न्यादर्श के लिये प्रयोग किये गये जिसका अभिप्राय समस्त पर्चियों का दस प्रतिशत न्यादर्श लेना था। इस प्रकार के न्यादर्श चुनने की पद्धति के अनुसार पर्चियों से पैंड को तोड़ कर उन्हें ताश के पत्तों की तरह काट और फेंट कर एक दस खानों वाली अलमारी में बांट दिया जाता था और विस्थापितों की पर्चियों को एक ग्याहरवें खाने में रख दिया जाता था। सभी पर्चियों को इस प्रकार बांट देने के पश्चात् उन्हें तीन भागों में एकत्रित कर लिया जाता था—

(अ) विस्थापितों की पर्चियाँ
(ब) पाँचवें खाने की पर्चियाँ और
(स) अन्य नौ खानों की सभी पर्चियाँ।

उपरोक्त तीन विभागों में से (ब) विभाग की पर्चियाँ ही न्यादर्श के रूप में रोक ली गईं जोकि समस्त पर्चियों का दस प्रतिशत था। न्यादर्श प्रणाली के द्वारा लघु अनुमान का विभ्रम (Error of Under Estimation), भी मालूम किया गया जो कि १·१ प्रतिशत था अर्थात् भारतवर्ष की इस जनगणना में प्रति हज़ार ११ व्यक्ति गणना करने से छूट गये। इस प्रकार निदर्शन प्रणाली का पूर्ण रूप से सन् १९५१ की जनगणना में प्रथमबार प्रयोग किया गया।

(५) इस जनगणना में पहली बार गृह (House) और गृहस्थी (Household) में भेद किया गया और किसी भी गृह के अर्थ में उस स्थान को लिया गया जिसमें एक से अधिक गृहस्थियाँ निवास करती हों।

(६) गाँवों और वार्डों की संख्या भी अलग अलग छापी गई है जोकि जिला गणना पुस्तिकाओं (District Census Handbooks) में पाई जाती है।

(७) उत्तर प्रदेश की जनगणना की एक प्रमुख बात यह है कि सर्वप्रथम बेकारी के आँकड़े इकट्ठे किए गए।

(८) जनगणना में पहिले पहल जनसंख्या के प्रसार को रोकने के लिए वास्तविक सुझाव पेश किये गए। इस जनगणना में 'अनियमित मातृत्व (Improvident Maternity) की परिभाषा की गई और यह बतलाया गया कि किसी भी एक माँ के तीन बच्चों से अधिक हों तो उसे अनियमित मातृत्व कहेंगे। और ऐसे मातृत्व की दर भारतवर्ष में समस्त संसार के मुकाबले सर्वाधिक है। भारतवर्ष में इसकी दर ४२·८ है जबकि अमरीका में १९·२, इंगलेंड में १४·३, फ्रान्स में १९·७, और जापान में ३३·९ है। यदि जनसंख्या के प्रसार को न रोका गया तो रिपोर्ट के अनुसार जो जनसंख्या १९५१ में ३६ करोड़ है वही १९६१ में ४१ करोड़, १९७१ में ४६ करोड़, और १९८१ में ५२ करोड़ हो जायगी। जन्म-निरोध के अनेकों साधनों की ओर संकेत करने के अतिरिक्त रिपोर्ट से यह भी मालूम होता है कि भारतवर्ष में सम्मिलित परिवार पद्धति का बड़ी तेजी से विनाश हो रहा है। यदि केवल गाँव को लिया जाय तो प्रत्येक तीसरी गृहस्थी एक छोटी गृहस्थी है जिसमें तीन या तीन से कम व्यक्ति हों। इस जनगणना में ५,९२,९३७ प्रगणकों ने ९ फरवरी से १ मार्च तक २१ दिनों की अवधि में छः करोड़

चालीस लाख गृहों में रहने वाले ३५,६८,२९,४२५ व्यक्तियों की गणना की। इस महत्वपूर्ण कार्य में ४१ रु० १२ आना प्रति सहस्र खर्च हुआ।

जनगणना के कार्य में एक विशाल संगठन की आवश्यकता होती है। गणना प्रारम्भ होने के एक वर्ष पहिले जनगणना आयुक्त की नियुक्ति कर दी जाती है जो प्रत्येक प्रान्त में एक सुपरिन्टेन्डेन्ट नियुक्त करता है और प्रान्तों को जिला, विभाग, हल्का, और मुहल्लों में बाँट दिया जाता है। जन-गणना से सम्बन्धित प्रगणकों को प्रान्तीय सुपरिन्टेन्डेन्ट द्वारा छापे गए मेनुएल दिए जाते हैं जिनमें जनगणना सम्बन्धी आदेश रहते हैं। सन १९५१ की जनगणना निम्नांकित पर्चियों पर की गई थी।

जनगणना की पर्ची १९५१
(स्थानीय संकेताक्षर)

(१) नाम और गृहस्थी के कर्ता से सम्बन्ध......................................

(२) (अ) राष्ट्रीयता... ....(ब) धर्म..................................
(स) विशेष वर्ग ....

(३) विवाहित/अविवाहित..............(४) आयु...................................

(५) जन्मस्थान...

(६) पाकिस्तान से आने की तिथि/जिला.......... ....

(७) मातृभाषा.......................(८) दूसरी भाषा..................................

(९) निर्भरता ....नौकरी..... ....

(१०) जीवन निर्वाह का प्रमुख उद्गम..

(११) जीवन निर्वाह का द्वितीयक उद्गम...... ....

(१२) साक्षरता और शिक्षा...

(१३) बेकारी...................... (१४) स्त्री/पुरुष...................................

उपरोक्त पर्चियों के पैड लेकर प्रत्येक प्रगणक अपने क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों के पास जाता है और पर्ची में दिये गये आँकड़े एकत्रित करता है। प्रत्येक प्रगणक को अपने पास एक अधिकार पत्र और परिचय-पत्र रखना पड़ता है। जनगणना से पूर्व मकानों में नम्बर डाले जाते हैं और प्रत्येक प्रगणक को गणना करते समय अपने पास एक मकानों की सूची

भी रखनी पड़ती है । गणना के अन्तिम तीन दिनों में संग्रहीत समंकों की अन्तिम जांच की जाती है और जांच समाप्त हो जाने पर इस्तेमाल की हुई पर्चियों को एक प्रगणक-विवरण-पत्र के साथ अपने सुपरवाइजर को दे देना पड़ता है। इसके बाद सारणीयन कार्यालयों में प्रत्येक जिले की सामग्री का सारणीकरण होता है और तत्पश्चात् प्रान्तीय कार्यालय में समंकों का सम्पादन, विश्लेषण और निर्वचन के आधार पर एक रिपोर्ट छाप दी जाती है ।

जन्म-मृत्यु सम्बन्धी अंक (Vital Statistics)

जन्म-मृत्यु के आँकड़ों का देश के निवासियों के जीवन की परिस्थितियों के अध्ययन में एक प्रमुख स्थान है । इसमे स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का ज्ञान हो जाता है और जनसंख्या की वृद्धि की ओर प्रवृत्ति का स्पष्टीकरण होता है । जन्म या मृत्यु दर में वृद्धि या कमी के कारणों से और देश के विभिन्न भागों की जन्म और मृत्युदर के तुलनात्मक अध्ययन से जनसंख्या की विभिन्न समस्याओं के समाधान में बहुत बड़ी सहायता मिलती है । किसी भी देश की श्रम-व्यवस्था करने में इन समंकों का एक विशेष स्थान है क्योंकि इनसे सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक बीमा की योजनाओं को सफल रूप से चलाने में बड़ी सहायता मिलती है । इसके अतिरिक्त श्रमिक जनसंख्या के आयु सम्बन्धी विवरण से उसकी कार्यक्षमता भी जानी जा सकती है क्योंकि कार्यक्षमता पर आयु का बहुत ही बड़ा प्रभाव है । इस प्रकार श्रम की सुविधा के लिये किये जाने वाले प्रत्येक सुधार की योजना बनाने में इन जीवन सम्बन्धी समंकों का महत्वपूर्ण स्थान है ।

जन्म-मृत्यु के आँकड़े केवल स्वास्थ्य सम्बन्धी नियोजन के लिये ही महत्वपूर्ण नहीं है वरन बीमा कम्पनियों की मरण-तालिकाओं के बनाने में भी बहुत सहायक होते हैं। ह्विपिल महोदय के मतानुसार ये समंक स्वास्थ्य रक्षकों के लिये जनसाधारण के स्वास्थ्य के प्रदर्शक होते हैं और स्वास्थ्य सम्बन्धी दशा पर प्रकाश डालते हैं । अर्थशास्त्रियों के लिये यह समंक धन-उत्पादकों और उपभोक्ताओं की संख्या तथा विवरण के प्रदर्शक हैं इतिहासकारों के लिये राष्ट्र की उन्नति और लौकिक जीवन की समृद्धि व पराभव के प्रमाण रूप में इनका एक महत्वपूर्ण स्थान है ।

भारतवर्ष में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री विधेयक (१८८६) के अनुसार इन आंकड़ों को गाँवों में मुखिया और शहरों में म्युनिसिपैलटियाँ एकत्रित करती हैं। इन समंकों को एकत्र करने की प्रणाली प्रत्येक प्रान्त में कुछ विभिन्न है और सभी प्रांतों की समन्वय की गई सामग्री भारतवर्ष के सांख्यिकीय संक्षेप (Statistical Abstract) में छापी जाती हैं। सन् १९५१ की जनगणना रिपोर्ट के भाग १ के अनुसार आजकल सरकार ने ऐसा प्रबन्ध किया है जिससे जन्म या मृत्यु सम्बन्धी समंक और तत्संबन्धी सूचनाएँ जहाँ पर भी घटना हो वहीं लिख ली जाएँ। प्रत्येक राज्य अपने अपने आंकड़ों के प्रकाशन के अतिरिक्त सामग्री का एक संक्षिप्त वृत्त केन्द्रीय सरकार को भेजता है जो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित किया जाता है। अभी तक जन्म-मृत्यु सम्बन्धी समंक डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज की वार्षिक रिपोर्टों में छापे जाते थे परन्तु अब यह कार्य गृह मंत्रणालय के अन्तर्गत जनगणना आयुक्त के आधीन कर दिया गया है।

भारतवर्ष के जन्म-मृत्यु आंकड़े समुचित सूचनाएँ प्रदान नहीं करते हैं और प्रत्येक जन्म व मृत्यु के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनाएँ प्राप्त की जानी चाहिए।

जन्म	मृत्यु
१. नाम	१. नाम
२. लड़का/लड़की	२. आयु
३. दिनांक	३. विवाहित/अविवाहित
४. जन्म-स्थान	४. जाति और पेशा
५. पिता का नाम, पेशा, जाति	५. पिता या पति का नाम
६. माँ की आयु और बच्चे का क्रमांक	५. मृत्यु का कारण

यदि उपरोक्त सूचनाएँ प्राप्त हों तो कुल और शुष्क पुनरुत्पादन दरें (Gross & Net Reproduction Rates) बड़ी आसानी से मालूम करके उनके आधार पर जनसंख्या के घटने या बढ़ने की प्रवृत्ति का अनुमान लगाया जा सकता है।

भारत के जन्म-मृत्यु समंकों में निम्नलिखित दोष हैं—

१. गाँव के मुखिया की ढिलाई, सूचना देने वालों की निरक्षरता और जनसाधारण की इन समंकों की ओर वृत्ति के कारण सूचनाएं बहुत देर में प्राप्त होती हैं।

२. बहुत से व्यक्ति अपनी आयु पूरे पूरे वर्षों में बतलाते हैं और इस कारण उनके मरने पर भी ठीक आयु नहीं ज्ञात हो पाती।

३. ये समंक भारत के सभी भागों के लिए न होकर केवल ३/४ भाग के लिए ही एकत्रित किये जाते हैं।

४. भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में समंक एकत्रित करने की रीतियों में विभिन्नताएँ पाई जाती हैं।

राष्ट्रीय आय (National Income)

किसी देश की राष्ट्रीय आय का अर्थ उन सम्पूर्ण माल और सेवाओं के मूल्य से है जिनका एक वर्ष में उत्पादन या उपभोग किया जाता है। सन् १९३४ की बाउले राबर्टसन कमेटी के अनुसार, "राष्ट्रीय आय किसी भी एक देश के निवासियों को एक वर्ष में प्राप्त होने वाली सेवाओं और माल का एक आर्थिक माप है जिसमें उनकी आय शामिल है और हानियाँ नहीं"।

बावले राबर्टसन कमेटी ने राष्ट्रीय आय को नापने के निम्नलिखित दो ढंग बतलाए—(अ) उत्पादन-गणना रीति (Census of Products Method) और (ब) आय-गणना रीति (Census of Incomes Method)।

उत्पादन-गणना रीति के अनुसार राष्ट्रीय आय जानने के लिए निम्न-लिखित परिगणन क्रम प्रयोग किए जाते हैं—

(१) उत्पादन के विभिन्न विभागों से होने वाली कुल उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य मालूम कीजिए और ऐसा करने में ये ध्यान रहे कि कोई भी एक ही मूल्य दो बार न गिन लिया जाए।

(२) उपरोक्त मूल्य में परिवहन के साधनों और अभिकर्त्ताओं के द्वारा आन्तरिक उत्पादन में बढ़ाई गई उपयोगिता जोड़ दीजिए।

(३) आन्तरिक उत्पादन के ऊपर लिए जाने वाली ड्यूटियाँ, व्यक्तिगत सेवाओं का मूल्य, और मकानों के किराये के बराबर मूल्य उपरोक्त योग में जोड़ दीजिए।

(४) उपरोक्त योग में भारतीयों के जो विनियोग (Investments) बाहरी देशों में हैं उनके लाभ को जोड़ दीजिए और हानियों का घटा दीजिए।

(५) विदेशियों के भारतीय विनियोग के लाभ को घटा दीजिए और हानि को जोड़ दीजिए।

(६) उपरोक्त योग में आयात (C. I. F.) के मूल्य को जोड़ दीजिए और निर्यात (F. O. B.) के मूल्य को घटा दीजिए। ऐसा करते समय ये ध्यान रहे कि आयात और निर्यात में सोना चाँदी का भी आयात निर्यात सम्मिलित हैं।

आय-गणना रीति के अनुसार किसी भी देश के निवासियों के एक वर्ष की सम्पूर्ण आय का महायोग निकाला जाता है। एक सफल आय-गणना करने के लिए निम्नलिखित सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए।

(१) किसी भी व्यक्ति की आय में प्रत्येक प्रकार की आय, चाहे वह वस्तुओं में हो, जोड़नी चाहिए और यदि किसी उत्पादक ने स्वयं अपने द्वारा उत्पादित वस्तु अपने प्रयोग में ली हो तो उसे भी उत्पादन-स्थान के विक्रय मूल्य के अनुसार इसकी आय माननी चाहिए। इसी प्रकार प्रत्येक मकान मालिक के द्वारा इस्तेमाल किए गए मकान का भी वार्षिक किराया उसकी आय में जोड़ देना चाहिए।

(२) उपरोक्त योग में से सभी प्रकार के ब्याज इत्यादि घटा देना चाहिए।

(३) प्रत्येक व्यक्ति की आय-करों को देने के पूर्व ही लिखना चाहिए। इससे कंपनियों के अविभाजित लाभ और सरकारी व्यवसायों के लाभ भी जोड़ देने चाहिए। इसमें से सरकारी बांडों का ब्याज और सरकारी नौकरों की पेंशनों को घटा देना चाहिए।

(४) उपरोक्त रीति से प्राप्त योग में कस्टम इत्यादि, स्थानीय-कर और स्टाम्प ड्यूटी इत्यादि जोड़ देना चाहिए।

इंगलैण्ड में उपरोक्त रीतियों से राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया जाता है। भारतवर्ष में उत्पादन-गणना रीति को आय-गणना रीति की अपेक्षा अधिक महत्व दिया गया है क्योंकि आय-सम्बन्धी आँकड़ों का सदा ही अभाव रहा है।

भारत की राष्ट्रीय आय के अनुमान लगाने के अनेकों प्रयत्न किए जा चुके हैं। सर्व प्रथम १८७६ इस्वी में दादाभाई नौरोजी ने बृटिश भारत की सन् १८६८ की राष्ट्रीय आय का अनुमान २०) प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष लगाया था। उस समय से अब तक विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी अनुमान लगाए गए। प्रायः दोनों ही प्रकार के अनुमान पक्षपात पूर्ण थे क्योंकि यदि सरकारी अनुमान भारत की राष्ट्रीय आय को बढ़ाकर बताते रहे हैं तो गैर सरकारी अनुमानों ने भारत को एक अत्यन्त गरीब देश बतलाने का प्रयत्न किया है। निम्नलिखित तालिका ऐसे कुछ अनुमानों के संबंध में सूचना देती है।

लेखक	अनुमान का वर्ष	प्रति व्यक्ति अनुमानित राष्ट्रीय आय
दादा भाई नौरोजी	१८६८	२०
लार्ड करजन	१८९७—९८	३०
विलियम डिग्बी	१८९९	१७·५
वाडिया और जोशी	१९१३—१४	४४·५
वकील मुरंजन	१९१०—१४	५८·५
फिंडले शिराज	१९२२	११६
वी.के.आर.वी·राव	१९२५—२९	७६
,, ,, ...	१९३१—३२	६५
,, ,, ...	१९४२—४३	११४
राष्ट्रीय आय कमेटी	१९४८—४९	२४६·९
,, ,, ...	१९४९—५०	२५३·९
,, ,, ...	१९५०—५१	२६५·२

उपरोक्त अनुमानों में निम्नलिखित प्रमुख दोष थे—(१) प्रमाप उत्पादन (Standard Yield) और फस्ल की स्थिति (Crop Condition) के अंक यथार्थ न थे क्योंकि उन्हें किसी फस्ल काटने के वैज्ञानिक प्रयोग पर आधारित नहीं किया गया था।

(२) अभी तक फस्ल के उत्पादन व्यय, जंगल, डेरी, मछली, गृह उद्योग, इत्यादि के समंक प्राप्त नहीं थे।

(३) प्रत्येक जोड़ में दोहरी प्रविष्टि रोकी न जा सकी और राष्ट्रीय आय का राष्ट्रीय कर्ज और कर इत्यादि मे सम्बन्ध ठीक प्रकार नहीं समझा गया था।

भारत सरकार ने अगस्त सन् १९४९ में श्री पी० सी० महिलानोबिस की अध्यक्षता में प्रो० डी० आर० गाडगिल और डा० वी० के० आर० वी राव की एक कमेटी नियुक्त की जिसके कि कार्य ये थे—(अ) राष्ट्रीय आय और सम्बद्ध अनुमानों पर एक रिपोर्ट तैयार करना (ब) आवश्यक समंक एकत्रित करने के निमित्त और प्राप्त आँकड़ों के सुधार के लिए सुझाव रखना (स) राष्ट्रीय आय से सम्बन्धित अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के निमित्त सुझाव रखना। इस राष्ट्रीय आय कमेटी की पहली रिपोर्ट १५, अप्रैल, १९५१ और दूसरी रिपोर्ट १४, फरवरी १९५४ को प्रकाशित हुई।

उपरोक्त रिपोर्ट के रूप मे राष्ट्रीय आय की विशद रूप से अनुमान लगाने की दिशा में सरकार ने सर्वप्रथम कदम उठाया और उसमें काफी अंशों में सफल भी हुई। राष्ट्रीय आय कमेटी की पहली रिपोर्ट में सन् १९४८–४९ के लिए राष्ट्रीय आय के अनुमान के अतिरिक्त विभिन्न उद्‌गमों से आय, आय का पेशेवर विभाजन, उत्पादन प्रतिव्यक्ति जोकि कार्य में लगा हो, सरकार का आन्तरिक उत्पादन में भाग, और आय का उपभोक्ता के व्यय से सम्बन्ध दिया गया है। इसके अतिरिक्त इस रिपोर्ट ने सर्व प्रथम ये सम्मुख रखा कि किस प्रकार से राष्ट्रीय आय के लेखे रखे जा सकते हैं। राष्ट्रीय आय के लेखे को इस रिपोर्ट में अनेक चिन्हों की सहायता से समझाया गया है। राष्ट्र के आर्थिक जीवन को ५ विभागों में बांटा गया है—(१) आन्तरिक उत्पादन लेखा (२) व्यक्तिगत नियोजन लेखा (Private Appropriation Account) (३) सरकारी नियोजन लेखा (४) संघनित–लेखा (Consolidated Resting Account) और (५) अवशिष्ट विश्व लेखा (Rest of The World Account)।

राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाना विशेष रूप से भारतवर्ष में अत्यन्त कठिन है और राष्ट्रीय आय कमेटी ने अपनी कठिनाइयों का अपनी पहली रिपोर्ट में विशद विवरण दिया है । इस रिपोर्ट के अनुसार भारतवर्ष में उपयुक्त समंकों की कमी के अतिरिक्त एक सर्वसाधारण और समान आधार का भी अभाव है जिसके द्वारा विभिन्न वस्तुएँ और सेवाओं के मूल्य रुपयों में आँके जा सकें । भारतवर्ष में उत्पादन का एक काफी बड़ा भाग बाजार में आता ही नहीं है जिसे या तो उत्पादक "वस्तु के लिए वस्तु" सिद्धान्त से बदल लेते हैं या स्वयं उपभोग कर लेते हैं । जैसा कि पहले बतलाया जा चुका है कि ऐसे वस्तुओं को जिन्हें स्वयं उपभोग कर लिया जाय व्यक्ति की आय समझ कर राष्ट्रीय आय में जोड़ा जाना चाहिए । भारत में यथार्थ समंकों का अभाव है और इस स्थिति के प्रमुख कारण हैं, योग्य प्रगणकों की कमी, जन-साधारण की निरक्षरता, उनकी अर्ध-स्तरीय आर्थिक क्रिया और उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लेखे रखने की ढिलाई ।

उपरोक्त कारणों के द्वारा उत्पन्न परिस्थिति-विशेष में राष्ट्रीय आय कमेटी ने 'उत्पादन-गणना रीति' या 'आय-गणना रीति' में से किसी भी एक का ही प्रयोग नहीं किया और उन दोनों रीतियों के समन्वय से एक नई रीति अपनाई जिसे तात्विक-व्यय रीति (Factor Cost Method) कहते हैं । इस रीति के अनुसार आर्थिक क्रिया में लगे हुए कुल व्यक्तिओं का पेशेवर अनुमान लगाया गया । आर्थिक जीवन के अधिक से अधिक पहलुओं में उत्पादन-गणना नियम के प्रयोग से कुल वस्तुओं का मूल्य मालूम किया गया और अवशिष्ट पहलुओं में आय-गणना रीति के द्वारा विभिन्न कार्यों में लगे हुए व्यक्तियों की कुल आय ज्ञात की गई । उत्पादन-गणना और आय-गणना द्वारा प्राप्त समंकों के योग में बाहरी देशों से प्राप्त या प्राप्य आय का समायोजन (Adjustment) करने के बाद प्राप्त संख्या ही राष्ट्रीय आय हुई । इस प्रकार राष्ट्रीय आय कमेटी द्वारा प्राप्त किए गए अनुमान वास्तव में उत्पादन में विभिन्न साधनों की आय का कुल योग है जिसमें कि अन्य देशीय आय का समायोजन किया जा चुका हो ।

राष्ट्रीय आय कमेटी की दूसरी और अंतिम रिपोर्ट में १९४८-४९, १९४९-५० और १९५०-५१ के लिए अनुमान दिये गए हैं जोकि अगले पृष्ठ पर दिये हैं:—

अवधि	अनुमान (करोड़)	प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय (रु०)
१९४८–४९	८६५०	२४६·९
१९४९–५०	९०१०	२५३·९
१९५०–५१	९५३०	२६५·२

उपरोक्त तीन अवधियों के लिए राष्ट्रीय आय के अनुमान देने के अतिरिक्त दूसरी रिपोर्ट में राष्ट्रीय आय कमेटी ने प्राप्य सांख्यिकीय सामग्री की कमियाँ बतलाते हुए उन्हें सुधारने के लिए सुझाव पेश किए हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आय के अनुमानों की यथार्थता बढ़ाने और तत्संबन्धी अनुसंधान कार्य करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण सुझाव इस रिपोर्ट में दिए गए हैं। इस रिपोर्ट में दो महत्वपूर्ण परिशिष्ट यथार्थ उत्पादन के अपकिरण और अनुमान के विभ्रम के सम्बन्ध में हैं जो राष्ट्रीय आय के वास्तविक अर्थ को समझाने में बहुत सहायक हैं।

राष्ट्रीय आय कमेटी के महत्वपूर्ण सुझावों में से कुछ निम्नलिखित हैं—

(१) कृषि क्षेत्र में सूचना-रहित क्षेत्रों में संसूचकों की नियुक्ति की जाना चाहिये और इस दिशा में प्रति वर्ष १/५ गाँवों में यह कार्य हो जाना चाहिए।

(२) भृत्ति और नौकरी के समंकों के लिए श्रम ब्यूरो को ही उत्तरदायी ठहराना चाहिए और ऐसे समंकों के संकलन के क्षेत्र का विस्तार करना चाहिए।

(३) विक्रय-कर सम्बन्धी आँकड़ों की सूचना के लिए केन्द्रीय सरकार को प्रयत्नशील होना चाहिए।

(४) राष्ट्रीय-आय-यूनिट को चाहिए कि इस कमेटी के सुझावों के अनुसार सरकार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिवर्ष एक रिपोर्ट प्रकाशित करे।

(५) अनुसन्धानशालाओं और विद्यालयों को चाहिए कि वे कृषि, पशुपालन, व्यापार, यातायात और छोटे व्यवसायों के सम्बन्ध में भी खोज कार्य करें।

राष्ट्रीय आय कमेटी की रिपोर्टों के विरुद्ध निम्नलिखित आरोप हैं— (१) ये रिपोर्ट बहुत छोटी है और राष्ट्र-जीवन की वृत्तियों, आर्थिक कारणों के परिचालन, आर्थिक वैभव और शक्ति के क्षेत्रों के परिवर्तनों के सम्बन्ध में यथोचित प्रकाश नहीं डालती हैं। (२) इनके द्वारा जनसंख्या के तात्कालिक तुलनात्मक ऐश्वर्य, भूतपूर्व आर्थिक विकास के कारण और भावी आर्थिक शक्ति के स्त्रोत, देहाती और शहरी क्षेत्रों में आय के स्थानान्तरण और पूंजी निर्माण की प्रवृतियों का कोई अनुमान नहीं मिलता है। कुछ भी हो सरकार का प्रयत्न अपने प्रकार का अनोखा रहा है और आशा की जाती है कि राष्ट्रीय आय सम्बन्धी आंकड़ों में सुधार होता जायगा क्योंकि उन पर राष्ट्र का आर्थिक-नियोजन आधारित है।

कृषि-समंक (Agricultural Statistics)

भारतवर्ष के कृषि-समंक प्रायः अपूर्ण, भ्रामक और झूठे रहे हैं क्योंकि भारत की भूमि व्यवस्था विभिन्न प्रान्तो में विभिन्न थी और कृषि-समंकों का संकलन पटवारियों पर निर्भर था जिनके कार्य पर अंकुश नहीं होता था। सन् १९४९ की कांग्रेस कृषि सुधार कमेटी ने ये स्पष्ट रूप से कहा कि यद्यपि माल व्यवस्था के लिए समंक उपयोगी हैं उनका प्रयोग कृषि नियोजन में नहीं किया जा सकता है जोकि देश के लिए परमावश्यक है।

सन् १९४९ में भारत सरकार ने एक कृषि समंक समन्वय कमेटी श्री डब्लू आर नाथू की अध्यक्षता में नियुक्त की जिसने उस समय की कृषि सम्बन्धी सूचनाओं की कटु समीक्षा की और प्राप्त कृषि समंकों के निम्नलिखित दोषों पर विचार किया—(१) भारत के ७ करोड़ ८० लाख एकड़ भूमि के सम्बन्ध में समंक अप्राप्य हैं। (२) उत्पादन के अनुमान लगाने और कृषि समंक एकत्रित करने के लिए बनाए गए भूमि संभागों में विभिन्नतायें पाई जाती हैं। (३) कई राज्यों में यद्यपि उपयोगी समंकों का संकलन किया जाता है उनका संघनन (Consolidation) तहसील के आगे नहीं हो पाता है और बिना समुचित सारिणीकरण और संघनन के उनका महत्व नष्ट हो जाता हैं। (४) स्थायी बन्दोबस्त वाले क्षेत्रों के कृषि-समंक प्रायः भ्रमपूर्ण हैं क्योंकि पटवारियों के ऊपर कोई अंकुश नहीं पाया जाता है प्राथमिक संसूचकों की कार्य अवहेलना का प्रमुख कारण उनके ऊपर अत्यधिक कार्य-भार है जिसे कम किया जाना चाहिए। (५) कानूनगो और

तहसीलदारों को अनेक शासन संबन्धी कार्य रहते हैं और वे पटवारियों की सूचनाओं की यथार्थता की कभी जाँच नहीं कर पाते हैं । (६) प्रायः सभी राज्यों में कृषि और सप्लाई विभाग अलग अलग कृषि-समंक एकत्र करते हैं और उनमें कोई समन्वय नहीं होता है । (७) कृषि-समंकों का प्रकाशन अन्य सांख्यिकीय सूचनाओं की भाँति विलंबित होता है ।

कांग्रेस की कृषि-सुधार-कमेटी ने राष्ट्रीय-नियोजन में कृषि-समंकों का महत्व समझाते हुए निम्नलिखित भेद बतलाए जिनके बारे में कोई भी सूचनाएँ प्राप्य नहीं हैं और जिनके बिना कृषि-नीति निर्धारित नहीं की जा सकती है— (१) उत्पादन-व्यय और कृषि सम्बन्धी आय के स्तर (२) विभिन्न राज्यों में कृषक जनसंख्या की बेकारी (३) कृषक जनता के कर्ज और मूल्य के बढ़ने का कृषि जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रभाव (४) विभिन्न कृषक वर्गों की धन संबन्धी आवश्यकताएं और उद्गम (५) कृषि जनता की बचत और विनियोग की सीमा (६) कृषक भृत्ति (७) कृषक करों का दबाव (८) किराये पर की जाने वाली कृषि का क्षेत्र ।

आज कल कृषि-समंकों के संकलन, प्रमाप और प्रकाशन सम्बन्धी कार्य अर्थ और अंक कार्यालय, खाद्य और कृषि मंत्रणालय, करता है जिसका निर्माण १९४८ में इसी मंत्रणालय के अर्थ और अंक विभाग के स्थान पर किया गया था । सामग्री संग्रहण रीतियों के सम्बन्ध में खोज कार्य (I. C. A. R.) का सांख्यिकीय विभाग करता है और इन दोनों ही विभागों में पूर्ण सहकारिता विद्यमान है । भारतवर्ष के कृषि-समंकों की कुछ वर्षों में जो उन्नति हो सकी है यही उसका कारण है कि ये दो विभाग अपने अपने क्षेत्र में माहिर हैं ।

भारतवर्ष के कृषि-समंकों को दो विभागों में बाँटा जा सकता है— (अ) आधार–भूत समंक जैसे खेतों की आकृति, संख्या और प्रमुख लक्षण, माल व्यवस्था, खेतों का दूर दूर होना, भूमि का उपयोग, कृषक जनसंख्या, खेती के औजार या मशीनें और (ब) चालू कृषि समंक, जल, प्रति एकड़ पैदावार, पशु समंक और दूध, घी आदि पैदावार का मूल्य और भृत्ति आधार-भूत कृषि-समंक साधारणतः आवधिक संगणनाओं (Periodic Censuses) द्वारा संकलित किये जाते हैं और चालू कृषि समंक जिनकी आवश्यकता कृषि सम्बन्धी नीति निर्धारित करने में पड़ती है उन्हें वार्षिक या और जल्दी किए जाने वाले न्यादर्श अनुसंधानों (Sample Surveys) की सहायता से एकत्रित किया जाता है ।

कृषि-समंकों की प्राप्यता के अनुसार भारतवर्ष का कुल क्षेत्र ३ भागों में बाँटा जा सकता है—(अ) जहाँ सूचना देने के निमित्त संसूचक-श्रंखला है। इस प्रकार का क्षेत्र आज से एक दशक पहले ३ करोड़ ७७ लाख एकड़ था जिसे अब नापा जा चुका है। प्रत्येक खेत को नापकर उसकी नाप, नक्शा और नम्बर गाँव के रजिस्टर में लिख लिया गया है। इस कार्य के लिए प्रत्येक गाँव या गाँव के समूहों में भूमि व्यवस्था (Land Records Organisation) का एक अफसर जिसे पटवारी (अब लेखपाल) कहते हैं रहता है और उसका कार्य है कि वह प्रति वर्ष भूमि विषयक समंक रक्खें। इस प्रकार उपरोक्त क्षेत्र में प्रयुक्त की जाने वाली रीति को वार्षिक संगणना रीति कहा जा सकता है (ब) जहाँ सूचना देने के निमित्त संसूचक श्रंखला नहीं है यद्यपि भूमि नापी जा चुकी है। ऐसे क्षेत्र का क्षेत्रफल ७ करोड़ ८ लाख एकड़ था। इस क्षेत्र की पैदावार के समंक (S. D. O's) की रिपोर्टों पर आधारित होने के कारण केवल अनुमानित हैं और उनके अनुमानित होने के कारण विभ्रम की आशंका पाई जाती है, (स) जहाँ संसूचक शृंखला का सर्वथा अभाव है और भूमि की नाप भी नहीं की जा सकी है। ऐसे क्षेत्र का क्षेत्र फल ३ करोड़ ५६ लाख था। वास्तव में (अ) और (ब) के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र ही कृषि योग्य है।

उपरोक्त वर्णित (अ) वर्ग में आने वाले क्षेत्र की केवल एक कठिनाई ये थी कि पटवारियों के कार्य के ऊपर कोई अंकुश न था जिससे उनके द्वारा संग्रहीत सामग्री की सत्यता की जाँच हो सके। अब ये कमी दूर कर दी गई है और इससे एक सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि अब बड़े क्षेत्रों के लिए उपयुक्त न्यादर्श भी मिलने लगे हैं। अब संग्रहीत सामग्री की जाँच यदा कदा न्यादर्श लेकर की जाती है और (अ) के अन्तर्गत क्षेत्र ४ करोड़ ९० लाख एकड़ हो गया है।

(ब) वर्ग की आवश्यकता थी कि इस क्षेत्र में संसूचक शृंखला निर्माण की जाए। इस प्रस्ताव को कई राज्यों ने मँहगा जानकर ठुकरा दिया और कई राज्यों (उदाहरणार्थ उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल) ने अपने कृषि-समंक वार्षिक संगणना के आधार पर संकलित न करके निदर्शन प्रणाली द्वारा एकत्र करने शुरू किये।

(स) क्षेत्र की कठिनाई सबसे महत्व की है क्योंकि उसमें न तो भूमि के नक्शे ही हैं और न संसूचक श्रंखला ही। अंक और अर्थ कार्यालय प्रयत्न-

शील है कि विभिन्न राज्य अपने अपने क्षेत्रों में भूमि की नाप करवायें परन्तु इस कार्य में समय और धन की मात्रा बहुत अधिक चाहिए। इस प्रकार के क्षेत्र में से भी करीब २ करोड़ ५२ लाख भूमि संसूचकों के आधार पर कृषि-समंक एकत्र करने लगी है।

कृषि-समंकों के सुधार के लिए श्री डब्लू आर नाथू की अध्यक्षता में कृषि-समंक समन्वय कमेटी १९४९ ने निम्नलिखित सुझाव रक्खे थे—

(१) प्रत्येक क्षेत्र की भूमि की पूर्ण संगणना आवश्यक है जिससे यथार्थ कृषि समंक एकत्र किये जा सकें। निदर्शन प्रणाली संगणना की पूरक हो सकती है पर उसे हटा नहीं सकती।

(२) जिन क्षेत्रों में भूमि का नाप नहीं किया गया है उनमें शीघ्राति-शीघ्र नाप किया जाना चाहिए और तब तक के लिए संसूचक नियुक्ति कर देने चाहिए।

(३) पैदावार के समंकों को जो वार्षिक एकत्र किये जाते हैं, संकलित करने के लिए खेतों को दैव प्रवरण के अनुसार छांटना चाहिए और फस्ल काटने के प्रयोगों के आधार पर पैदावार के समंक संग्रहीत किए जाने चाहिए।

(४) इनके अतिरिक्त समंकों का संकलन खेतिहरों के खेतों पर किया जाना चाहिए।

(५) उपरोक्त सुझावों के अतिरिक्त नाथू कमेटी ने प्रयोग में लिए जाने वाले फार्मों और विभिन्न स्तरों पर आवश्यक व्यवस्था के सम्बन्ध में अपने सुझाव रखे जोकि बहुत अच्छे हैं।

सितम्बर २५, १९५३ को केन्द्रीय मंत्री श्री पंजाबराव देशमुख की अध्यक्षता में राज्यों के कृषि मंत्रियों की एक कांफ्रेस में निम्नलिखित सुझाव रखे गये जो भारतवर्ष के कृषि-समंक संकलन व्यवस्था के सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण हैं:—

(१) पटवारियों के कार्य क्षेत्र को कम कर दिया जाए और प्रत्येक जिलाधीश की सहायता के लिए एक सांख्यिक नियुक्ति किया जाए जो समंकों के संकलन, सारणीयन और जाँच में उसकी मदद करें।

(२) प्रत्येक राज्य के द्वारा नियुक्त संसूचक शिक्षित होने चाहिए और उनके शिक्षण का प्रबन्ध केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। संसूचकों के ऊपर अंकुश का पूर्ण प्रबन्ध होना चाहिए ।

(३) जिन राज्यों ने अपने सरकारी पूर्वानुमान (Official Forecasts) दैव प्रवरण पर आधारित अनुसंधानों पर न किए हो उन्हें ऐसा १९५५-५६ तक अवश्य ही कर लेना चाहिए ।

(४) राज्यों की सरकारों को चाहिए कि वे एक बिशेष कमेटी द्वारा कृषि समंकों के संकलन के यंत्र की क्रिया का अध्ययन करें और भविष्य के लिए एक निश्चित नीति निर्धारण करें ।

फस्लों के अनुमान लगाने की प्राचीन रीति "आनावारी रीति" कहलाती थी जिसके अनुसार किसी एक प्रमाप-पैदावार (Normal Yield) की तुलना में फस्ल को आनों के हिसाब से लिखा जाता था। प्रमाप-पैदावार कृषि के डायरेक्टर पंचवर्षीय फसल काटने के प्रयोगों के आधार पर किया करते थे। परन्तु यह कार्य प्रायः पटवारी की रिपोर्ट पर किया जाता था। ये पद्धति दोषपूर्ण थी क्योंकि प्रमाप-पैदावार की कोई निश्चित परिभाषा नहीं थी, फसल काटने के प्रयोगों के लिए छांटे गये गाँव दैव-प्रवरण के आधार नहीं छांटे जाते थे इस कारण उनका चुनाव पक्षपातपूर्ण होता था, और आनावारी अनुमान खेत में खड़ी फसल को देखकर लगाया जाता था जोकि अलग अलग व्यक्तिओं के लिए अलग अलग महत्व रखता था ।

उपरोक्त दोषपूर्ण प्रणाली में सुधार करने की दृष्टि से भारत सरकार ने सन् १९४३-४४ में (I. C. A. R.) को आदेश दिया कि वह कोई निदर्शन प्रणाली पर आधारित रीति का सुझाव रखे। डा० सुखात्मे (जो उस समय I. C. A. R. के सांख्यिकीय सलाहकार थे और आज F. A. O. के सांख्यिकीय विभाग के प्रमुख हैं) ने न्यादर्श अनुसंधान की पद्धति को कृषि अनुसंधान के उपयुक्त सिद्ध किया और इस रीति का सफल प्रयोग पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में किया। इस रीति के अनुसार प्रत्येक जिले में दैव-प्रवरण के द्वारा कुछ गाँव चुन लिए जाते हैं और फिर उन गाँवों में से कुछ खेत दैव-प्रवरण द्वारा चुने जाते हैं। छाँटे हुए खेतों में से किसी एक में दैव-प्रवरण के अनुसार १/८ एकड़ के बराबर भूमि के टुकड़े पर निशान

लगा लिया जाता है। इसी १/८ एकड़ भूमि पर फसल काटने का प्रयोग किया जाता है और इसकी उत्पत्ति के आधार पर ही सारे जिले की औसत उत्पत्ति मालूम हो जाती है। ये रीति इसलिए उपयोगी है क्योंकि ये सम्भाविक प्रवरण पर आधारित है और कहीं भी पक्षपात का धब्बा नहीं पाया जाता और इस रीति के द्वारा औसत उत्पादन के अतिरिक्त विभ्रम भी मालूम किया जा सकता है।

भारतवर्ष की केन्द्रीय और राज्यों की सरकारों ने दैव-प्रवरण प्रणाली का महत्व समझा और पिछले कुछ वर्षों से यह प्रयत्न किया जा रहा है कि यही प्रणाली सब दूर अपनाई जाए।

भारत सरकार ने फसल काटने के प्रयोगों की एक पंच-वर्षीय योजना बनाई है जिसे सभी राज्यों में लागू किया जा रहा है। दैव-प्रवरण प्रणाली को खाद्यान्नों के अतिरिक्त अन्य उपजों के लिए भी लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

सन् १९४९, नवम्बर में संयुक्त राष्ट्र संघ और खाद्य और कृषि संगठन (F. A. O.) ने भारतवर्ष में एक अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण शिविर खोला जिसका प्रमुख उद्देश्य भारतवर्ष को और दक्षिण पूर्वी एशिया को उनके भूमि संगणनाओं (Land Censuses) में सहायता देना था। इस शिविर को श्री महलानोबिस और श्री सुखात्मे जैसे विद्वान् सांख्यिकों की सेवायें प्राप्त थी। यद्यपि प्रयत्न किये गए पर भारत में भूमि-संगणना अभी तक न की जा सकी। अर्थ और अंक कार्यालय के प्रयत्नों और राज्यों के सहयोग से समान परिभाषाओं वाले शब्दों की एक सूची बनाई जा चुकी है। नाथू कमेटी की रिपोर्ट के अतिरिक्त (I.C.A.R.) ने कृषि–संगणना करने की एक योजना बनाई और उसका सफल प्रयोग दिल्ली राज्य में किया गया जोकि भारतीय कृषि-संगणना के लिए एक आधार शिला बन गई है। अनेकों प्रयत्नों के पश्चात् धन का अभाव होते हुए भी भारत सकार ने पहली कृषि-संगणना (यद्यपि यह निदर्शन प्रणाली पर आधारित है) करने का पूर्ण निश्चय कर लिया है और यदि इस संगणना को जनगणना के समान आवधिक कर दिया गया तो कृषि-समंकों के लिए भारत का मुकाबिला अन्य बड़े देशों से किया जा सकेगा। भारत सरकार ने एक सरक्यूलर प्रत्येक राज्य के पास

भेजा है जिसमें उनसे कृषि–संगणना के सुझावों के प्रति उनकी समीक्षा माँगी गई है जोकि केन्द्रीय सरकार के पास मार्च १९५४ के अन्त तक पहुँच गई होगी। आशा की जाती है कि प्रथम कृषि–संगणना शीघ्र ही सामने आएगी।

पशु-पालन समंक

भारतवर्ष में पशु–सम्बन्धी समंक एक पंच-वर्षीय संगणना द्वारा संग्रहीत किए जाते हैं। ये पशुगणना भारतवर्ष के भौगोलिक क्षेत्र का प्राय: ९०% क्षेत्र घेर लेती है। किसी किसी राज्य (उदाहरणार्थ, मध्य प्रान्त,) में वार्षिक समंक भी प्राप्य हैं। इस गणना का कार्य प्राय: पटवारी घर घर घूम कर करता है। पशुगणना के समंक प्राय: निम्न वर्गों के अनुसार होते हैं:—

(१) ब्याहे हुए पशु	(५) उम्र के अनुसार
(२) काम के पशु	(६) मुर्गियाँ
(३) दूध देने वाले पशु	(७) गधे, खच्चर, घोड़े,
(४) नर या मादा	(८) बकरी, भेंड़

भारतवर्ष के पशु-पालन सम्बन्धी समंक जो कुछ भी पाये जाते हैं उन्हें यथार्थ नहीं कहा जा सकता है क्योंकि प्राथमिक संगणना करते समय पटवारी इस ओर विशेष ध्यान नहीं देते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस ओर ध्यान दिया गया है और कुछ राज्यों में दैव-प्रवरण प्रणाली के अनुसार कुछ न्यादर्श खोजें की गई हैं। यह प्रयत्न किया जा रहा है कि क्या यह सम्भव है कि न्यादर्श प्रणाली के अनुसार पशु-पालन सम्बन्धी समंक वार्षिक प्राप्त किए जा सकें। इस सम्बन्ध में एक पंच-वर्षीय समन्वय योजना चालू है।

अमृत बाजार पत्रिका के एक हाल के लेख में श्री सुखात्मे (प्रमुख सांख्यिकी विभाग F.A.O.) ने अन्य देशों की पशु-पालन समंक एकत्र करने की रीतियों पर प्रकाश डाला है जिसका संक्षिप्त विवरण एक तालिका के रूप में नीचे दिया जा रहा है:—

देश	रीति	विशेष
१. इंगलैंड	संगणना	डाक से भेजी गई प्रश्नावलियों की सहायता से। इसके अतिरिक्त वर्ष में तीन न्यादर्श गणनाएँ ली जाती हैं ।
२. जर्मनी	संगणना	भेड़, गाय--भैंस और सुअर छमाही। हाल में सुअरों की गणना तिमाही की गई हैं।
३. मिश्र	संगणना	कर-व्यवस्था के फलस्वरूप खेतों पर प्राप्त होते हैं। समंकों की यथार्थता संदिग्ध है ।
४. अमेरिका व कनाडा	न्यादर्श-गणना	ऐच्छिक। डाक-प्रश्नावली द्वारा। न्यादर्श दैव-प्रवरण पर आधारित नहीं है और अभिनति के लिए आवधिक संगणना व बाजार की सूचनाएँ ली जाती हैं ।
५. लैटिन अमरीका	म्युनिसिपल सांख्यिकीय प्रतिनिधि द्वारा	अपने विचारानुसार होने के कारण अभिनति पूर्ण हैं।
६. अरजेन्टाइना	विभाग-निरीक्षकों द्वारा	५९ विभागों के निरीक्षक अपने अपने विभागों से सम्बन्धित क्षेत्रों के संसूचकों से समंक एकत्रित करते हैं ये अभिनति पूर्ण हैं।
७. जापान	संगणना	पंच-वर्षीय संगणना और गणनाओं के मध्यवर्ती वर्षों में न्यादर्श गणना द्वारा ।

भारतवर्ष में पंच–वर्षीय संगणना को अधिक यथार्थ बनाने के लिए जापान के ढंग के अनुसार मध्यवर्ती वर्षों में न्यादर्श प्रणाली अपनायी जा सकती है। भारतवर्ष के पशु–सम्बन्धी समंकों में एक सबसे बड़ी कमी ये है कि पशुओं द्वारा प्रदत्त उत्पादनों का कोई भी विवरण नहीं प्राप्त है। ये कमी शीघ्र ही दूर की जाना चाहिए।

जंगलों, खानों और आबपाशी के समङ्क

जंगलों के समंक इन्सपेक्टर जनरल ऑफ फारेस्ट के द्वारा (Indian Forest Statistics) नामक पत्रिका में छापे जाते हैं। इस पत्रिका में जंगलों का क्षेत्र, लकड़ी का परिमाण, लकड़ी का उत्पादन, अन्य जंगल के उत्पादन, जंगली व्यवसायों में नौकरों की संख्या, जंगल विभाग की आय और व्यय इत्यादि सूचनाएँ दी होती हैं। भारतवर्ष के सांख्यिक संक्षेप (Statistical Abstract) में भी जंगलों के क्षेत्र, भूमि और जंगली उत्पादन के गुण और मात्रा इत्यादि समंक दिए रहते हैं। इनके अतिरिक्त एक पंच-वर्षीय प्रकाशन निकलता है जिसका नाम (Review of Forest Administration) है। इस प्रकाशन में, क्षेत्र, आय और व्यय और जंगल सम्बन्धी अनुसंधान की प्रगति के सम्बन्ध में वृत्तान्त पाया जाता है। ये समंक प्रायः यथार्थ होते हैं।

खानों के सम्बन्ध में सूचनाएँ और समंक चीफ इन्सपेक्टर ऑफ माइन्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में पाई जाती है। इस प्रकाशन का नाम (Review of Mineral Production of India) है और इसमें उत्पादन के परिमाण और गुण-सम्बन्धी समंकों के अतिरिक्त कार्य में लगे हुए व्यक्तियों की औसत संख्या, आयात और निर्यात, भारत में महत्वपूर्ण खनिज पदार्थों का उपभोग और एक परिशिष्ट में सारणी दी होती है जिसमें विभिन्न प्रकार की खानों में औसत प्रतिदिन की संख्या दी होती है। ये समंक भी काफी यथार्थ हैं।

आबपाशी के समंक (अ) भारत के कृषि समंक (Agricultural statistics of India) Vol. I & II (ब) भारत का सांख्यिक संक्षेप (Statistical Abstract of India) (स) भारत की सिंचाई का अवलोकन

(Review of Irrigation in India) और (द) त्रिवर्षीय सिंचाई अवलोकन (Triennial Review of Irrigation) में छापे जाते हैं। इन प्रकाशनों में ऐसे सभी क्षेत्रों के सम्बन्ध में सूचनाए रहती हैं जिनकी सिंचाई सरकारी नहरों, तालाबों और कुओं से होती है और पैदावार वाले क्षेत्रों का विवरण भी दिया रहता है। इनके अतिरिक्त इन प्रकाशनों में सिंचाई का प्रभाव, सिंचाई के नीचे उत्पादक और अनुत्पादक क्षेत्र, कुल पूंजी, कुल आय, संचालन व्यय, प्रगति का अवलोकन, इत्यादि, के सम्बन्ध में भी ज्ञान प्राप्त हो सकता है।

भारत के कृषि समंक नामक ग्रन्थ के दोनों भागों में जो समंक पाये जाते हैं वे प्रायः भूमि व्यवस्था के लिए पटवारियों के द्वारा एकत्र सूचनाओं के आधार पर संकलित किए जाते हैं। सन् १९५०–५१ से भारत सरकार ने भूमि के उपयोग से सम्बन्धित समंक एकत्र करने के लिए निम्नलिखित वर्गीकरण स्वीकार किया है—(१) जंगल, (२) अकृषक कार्यों में लगी हुई भूमि, (३) ऊसर और बेकार जमीन, (४) चारागाह, (५) बाग और अन्य पेड़ों की भूमि (६) कृष्य पड़ित (Culturable Waste), (७) अन्य बंजर, (८) चालू बंजर, (९) कुल बोई हुई जमीन।

भारत सरकार प्रमुख फस्लों के लिए समंक 'भारत के प्रमुख फस्लों के क्षेत्र और उत्पादन के पूर्वानुमान' (Estimates of Area and Production of Principal Crops in India) नामक ग्रन्थ में छापती है जोकि अर्थ तथा अंक संचालक के कार्यालय से प्रकाशित होता है। इस प्रकाशन में बगीचे वाली फस्लों और कुछ अन्य फस्लों के समंकों के अतिरिक्त २३ फस्लों के पूर्वानुमान प्रकाशित किए जाते हैं जिन्हें निम्नलिखित ५ वर्गों में बाँटा गया है— (१) अनाज, (२) दाल, (३) तिलहन, (४) रेशे वाली फस्लें, और (५) मिश्रित।

ये पूर्वानुमान बुलेटिनों के रूप में और अखबारों व पत्रिकाओं में छापे जाते हैं। प्रायः एक फस्ल के तीन पूर्वानुमान छापे जाते हैं। पहले में कुछ बोये हुए क्षेत्र और उसकी प्रत्याशा, दूसरे में विलम्बित बुवाई, फसल की स्थिति और अपेक्षित परिमाण, और तीसरे में कुल बोया हुआ क्षेत्र और काटी हुई फसल के परिमाण सम्बन्धी समंक छापे जाते हैं।

औद्योगिक समंक (Industrial Statistics)

सन् १९३९ के पहले औद्योगिक समंकों को संगृहीत करना व्यक्तिगत व्यवसायों की इच्छा पर निर्भर रहता था और इस कारण भारत के औद्योगिक समंक नाममात्र को और भ्रमपूर्ण थे । औद्योगिक समंकों के संकलन का प्रश्न सन् १९३९ की औद्योगिक कान्फ्रेंस और सन् १९४१ की श्रम मंत्रियों की कान्फ्रेंस में उठाया गया और इसके फलस्वरूप सन् १९४२ में औद्योगिक समंक विधेयक (Industrial Statistics Act) पास किया गया । इस विधेयक के अन्तर्गत निम्नलिखित बातों से सम्बन्धित समंक एकत्रित किए जा सकते हैं—(१) वस्तुओं के मूल्य, (२) श्रमिकों की संख्या, (३) गृह, पानी, सफाई इत्यादि जीवन निर्वाह की दशाएँ, (४) कर्ज, (५) किराया, (६) भृत्ति और आय, (७) श्रम संबंधी प्राविडेन्ट व अन्य फन्ड, (८) श्रम की सुविधाएं, (९) कार्य के घन्टे, (१०) नौकरी और बेकारी, (११) औद्योगिक और श्रमिक झगड़े । इस विधेयक के अनुसार प्रान्तीय सरकारों को ये अधिकार हैं कि वे एक सांख्यिकीय अधिकारी नियुक्त करे जो उपरोक्त समंकों को एकत्रित करे और यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त विषयों पर सूचनाएँ देने से इन्कार करे तो उसे सजा दी जा सकती है । इसके साथ ही साथ इस विधेयक में एकत्रित किए गए समंकों के लिए इस बात का भी विश्वास दिलाया गया है कि संकलन से सम्बन्धित कोई व्यक्ति उनको इधर उधर बतला देगा तो उसे सजा दी जा सकती है ।

सन् १९५३ में भारत सरकार ने उपरोक्त विधेयक का क्षेत्र बढ़ाने के लिए समंक संकलन विधेयक (Collection of Statistics Act) पास किया जिसके अर्न्तगत उद्योगों के अतिरिक्त व्यापार सम्बन्धी तथ्यों का संकलन भी किया जा सकेगा । इस विधेयक के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों पर सूचनाएँ संकलित की जा सकेंगी — (अ) किसी भी वर्ग की उद्योग के संबंध में कोई भी सूचना, (ब) किसी व्यवसायिक या व्यापारिक फर्म के सम्बन्ध में कोई सूचना प्रमुखतः फैक्टरी संबंधित, (स) श्रमिक स्थिति और श्रम सुधार के सम्बन्ध में कोई सूचना, जैसे—(१) वस्तुओं के मूल्य, (२) श्रम संख्या, (३) जीवन निर्वाह की स्थितियाँ, (४) कर्ज, (५) मकानों का किराया, (६) भृत्ति और अन्य आय, (७) प्राविडेन्ट और अन्य फन्ड, (८) श्रम सुविधाएं, (९) कार्य काल, (१०) नौकरी और बेकारी, (११) औद्योगिक और श्रमिक झगड़े, (१२) श्रमबदली, (१३) ट्रेड यूनियन ।

उपरोक्त विधेयकों के आधार पर औद्योगिक सांख्यिकी कार्यालय (Directorate of Industrial Statistics) जिसका निर्माण सन् १९४५ में किया गया था, आवश्यक समंक एकत्र करता है जिसे 'निर्माणियों की संगणना' (Census of Manufactures) कहते हैं और जो इसी नाम के प्रकाशन में छापी जाती है इस प्रकार की संगणना करने के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं —

(१) निर्माण-कारी उद्योगों का राष्ट्रीय आय की वृद्धि में भाग ज्ञात करना।

(२) राष्ट्रीय औद्योगिक ढाँचे का वैज्ञानिक अध्ययन करना।

(३) उद्योगों पर प्रभाव डालने वाले अनेक कारणों का विश्लेषण करना।

(४) ऐसे समंक एकत्र करना जो राष्ट्रीय औद्योगिक नीति निर्धारित करने में सहायक हों।

(५) राष्ट्रीय उद्योगों की वार्षिक प्रगति का अनुमान।

इस 'निर्माणियों की संगणना' का कार्य औद्योगिक समंक कार्यालय से प्रारम्भ होता है और संचालक की ओर से प्रतिवर्ष राज्यों के सांख्यिकीय अधिकारियों के पास फार्म और अनुसूचियाँ भेजी जाती हैं जिन्हें वे प्रत्येक उद्योग के एककों के पास भेज देते हैं। भेजते समय तीन तीन फार्म व अनुसूचियाँ भेजी जाती हैं जिन्हें भर कर लौटा देने का आदेश भी साथ में नत्थी कर दिया जाता है। ये प्रपत्र नए संगणना वर्ष की समाप्ति से दो माह पहले भर कर वापस मिल जाने चाहिए। जब ये प्रपत्र राज्य की सांख्यिकीय अधिकारी के पास वापस आ जाते हैं तो उनकी जाँच करने के पश्चात् उन्हें औद्योगिक समंक संचालक के कार्यालय में भेज दिया जाता है जहाँ पर संगणना की रिपोर्ट तैयार की जाती है।

'निर्माणियों की संगणना' सर्व प्रथम सन् १९४६ में की गई जिसमें २९ चुने हुए उद्योगों ने भाग लिया था। ये संगणना फैक्टरी एक्ट के २ (J) और ५ (L) अधिनियमों पर आधारित हैं। इन संगणनाओं के लिये उद्योगों को ६३ वर्गों में बाँटा गया था जिसमें से केवल २९ वर्गों के सम्बन्ध में समंक एकत्रित किए गए। इन संगणनाओं का क्षेत्र प्रतिवर्ष बढ़ता ही जा रहा है। सभी संगणनाओं में एक ही कार्य-व्यवस्था

और प्रश्नावलियों का प्रयोग किया गया है। इन संगणनाओं में कुछ दोष भी हैं:—(अ) जबतक ३४ महत्वपूर्ण उद्योगों को और नहीं सम्मिलित किया जाएगा ये संगणनाए राष्ट्रीय औद्योगिक स्तर के पूर्णरूप से दिगदर्शक नहीं होगीं। (ब) पिछली संगणनाओं में मैसूर, हैदराबाद, त्रावणकोर, भोपाल, राजस्थान, सौराष्ट्र, त्रिपुरा, मनीपुर, विलासपुर, कूचविहार, जम्मू और काश्मीर इत्यादि महत्वपूर्ण राज्यों के समंक नहीं एकत्र किये जा सकें। यदि ऐसा रहा तो ये संगणनाए राष्ट्र जीवन की झाँकी न बन सकेगी। (ख) पिछली संगणनाओं के प्रतिफल बहुत देर में छप पाते रहे हैं। उदाहरणार्थ, अन्तिम संगणना जिसके प्रतिफल इस वर्ष छपकर मिले हैं सन् १९५० की संगणना है। यदि सन् १९५० की संगणना के प्रतिफल सन् १९५५ के प्रारम्भ में मिलेगें तो उनका केवल एक ऐतिहासिक महत्व मात्र रह जाएगा और औद्योगिक-नीति या राष्ट्र–नियोजन में सहायक होने का उद्देश्य एक हस्यास्पद वस्तु बन जाएगी।

उपरोक्त प्रकाशन के अतिरिक्त औद्योगिक समंक निम्नलिखित पत्रिकाओं और गृन्थों में भी पाए जाते हैं:—

(१) फैक्टरियों के समंक (Statistics of Factories)

(२) संयुक्त पूँजी वाली कम्पनियों की कार्यवाही की रिपोर्ट (Report on the Working of Joint Stock Companies)

(३) भारत में बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान (Large Industrial Establishments in India)

(४) चुने उद्योगों में उत्पादन के मासिक आँकड़े (Monthly Statistics of Production of Selected Industries of India)

(५) भारत का सांख्यिकीय संक्षेप (Statistical abstract of India)

(६) भारत के व्यापार की स्थिति को स्थिति का मासिक अवलोकन (Monthly Survey of Business Conditions in India)

'बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान' भारत सरकार के श्रम ब्यूरो द्वारा प्रकाशित होता है और सबसे बाद का प्रकाशन सन् १९४६ का है जोकि सन् १९५० में छपा था। ये प्रकाशन प्रति दो वर्ष पर निकलता है और इसमें उन सभी

फैक्टरियों के समंक सम्मिलित हैं जो फैक्टरी एक्ट के अन्तर्गत आती है। इस प्रकाशन में फैक्टरियाँ १० वर्गों में बँटी हैं और उसके सम्बन्ध में मौसमी और बारहमासी सभी प्रकार के वर्गों के समंक छापे जाते हैं। इस प्रकाशन में भी विलम्बित मुद्रण एक बड़ा दोष है।

'चुने उद्योगों में उत्पादन के मासिक आँकड़े, का प्रकाशन २० अप्रैल सन् १९४९ से व्यापारिक वृत्त और अंक संचालक से हट कर औद्योगिक समंक संचालक के पास आ गया है। इसमें करीब ९० उद्योगों के उत्पादन के मासिक आँकड़े, वार्षिक सामर्थ्य और उत्पादन, इत्यादि, के सम्बन्ध में समंक छापे जाते हैं। इसमें औद्योगिक समंक संचालक द्वारा तैयार किए गए औद्योगिक उत्पादन के निर्देशांक भी एक सारणी के रूप में छापे जाते हैं। सितम्बर सन् १९५१ से इस प्रकाशन में कुछ परिवर्त्तन कर दिए गए हैं और आकृति के अनुसार उद्योगों को छोटे, मध्यम और बड़े वर्गों में बांटा गया है। इसमें निर्माणियों की संगणना के आधार पर प्राप्त २९ उद्योगों के आँकड़े भी सारणी रूप में दिए जाते हैं।

श्रम समंक (Labour Statistics)

श्रम-समंकों का महत्व श्रम-आयोग (Royal Commision) ने सन् १९३१ में बतलाते हुइ अपनी रिपोर्ट में ये लिखा था कि 'श्रम नीति तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए और जब तक इनके सम्बन्ध में अनिश्चितता रहेगी कभी भी एक विचार न बन सकेगा'। प्रत्येक देश की श्रम-नीति का प्रमुख उद्देश्य जन-साधारण का जीवन निर्वाह का स्तर ऊँचा करना होता है और समंकों के अभाव में श्रम की परिस्थितियों में सुधार, सामाजिक उत्थान, सामाजिक बीमा की योजनाएँ, वास्तविक भृत्ति की उन्नति, इत्यादि, कुछ भी नहीं किया जा सकता है। सन् १९४३ के एक प्रकाशन में अतर्राष्ट्रीय श्रम संस्था (I. L. O.) ने श्रम-समंकों के संकलन के लिए निम्नलिखित प्रमाप निर्धारित किए थे:—

(१) उद्योग और पेशेवर श्रम का वर्गीकरण
(२) नौकरी और बेकारी
(३) भृत्ति, आय और कार्यकाल
(४) जीवन निर्वाह का स्तर
(५) कौटुम्बिक जीवन

(६) औद्योगिक दुर्घटनाएँ
(७) औद्योगिक झगड़े

उपरोक्त प्रमापों में राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्त्तन करने की छूट दी गई थी। समंकों के संकलन की जो पद्धति अमरीका आदि औद्योगिक देशों में अपनाई जाती है वह भारत या अन्य एशियाई देशों में प्रयुक्त नहीं किए जा सकते। उदाहरणार्थ, यदि अमरीका में डाक द्वारा प्रश्नावलियाँ भेज कर समंक एकत्रित हो सकते हैं तो भारतवर्ष की निरक्षर जन-संख्या से ये आशा करना गलत सिद्ध होगा। यहाँ तो प्रगणकों की सहायता से होशियारी से अपेक्षित सूचनाऐं प्राप्त करने की रीति को अपनाना पड़ेगा।

पिछले दो दर्शकों में औद्योगिक झगड़ों की अधिकता के कारण और भृत्ति विषयक फैसले करने की दृष्टि से भारतवर्ष के कई राज्यों ने परि-वारिक-आय-व्ययक अनुसंधान किए परन्तु उनके संकलनों के ढंगों में काफी विभिन्नताएँ थी जिनसे उनकी परस्पर तुलना ठीक प्रकार से नहीं हो सकती थी। इस कमी को दूर करने के लिए सन् १९४२ में भारत सरकार ने जीवन-निर्वाह-निर्देशांक-योजना-संचालक की नियुक्ति की जिन्होंने सन् १९४३ और १९४६ तक २८ केन्द्रों में आय-व्ययक खोजें की थी और अब कई केन्द्रों के यथार्थ जीवन निर्वाह निर्देशांक छापे जाते हैं यद्यपि अब भी तुलनात्मक आँकड़े प्रत्येक राज्य के लिए अप्राप्य हैं।

श्रमिक शक्ति का पेशेवर विभाजन जन-गणना के आँकड़े प्रदान कर सकते हैं परन्तु सन् १९४१ तक ऐसा न हो सका था। सन् १९४१ के पेशेवर आँकड़ों का सारणीयन नहीं हो सका था क्योंकि युद्ध छिड़ चुका था। सन् १९४१ की जनगणना में लिया गया २ यादर्श इस दिशा में उपयोगी सिद्ध हो सकता था। सन् १९५१ की जनगणना में कमी पूरी हो गई है और जनसंख्या का पेशेवर विभाजन प्राप्य है। परन्तु अब भी श्रमिक जनसंख्या का पेशेवर विभाजन नहीं हो सका है और उत्तर प्रदेश को छोड़कर बेकारी के आँकड़े भी किसी अन्य राज्य में एकत्र नहीं किए जा सके हैं।

युद्धोत्तर काल में नौकरी और बेकारी के आँकड़ों का महत्व और भी अधिक बढ़ गया क्योंकि भारत के स्वतन्त्र होने और राष्ट्र-नियोजन के प्रश्नों

ने महत्वपूर्ण स्थान गृहण कर लिए थे । इनके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा और बीमा की योजना लागू करने में भी उनका महत्व था । भारतवर्ष में नौकरी के आँकड़े प्रायः प्रशासकीय क्रिया के फलस्वरूप ही एकत्र होते रहे हैं और निम्नलिखित क्षेत्रों के नौकरी के समंक क्रमबद्ध प्राप्य हैं— (१) फ़ैक्टरियाँ, (२) खानें, (३) बगीचे वाले उत्पादन, (४) रेलें। उपरोक्त क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के नौकरी के समंक अप्राप्य हैं जैसे, कृषि गृह उद्योग, परिवहन, व्यापार, होटल, बैंक इत्यादि । यद्यपि इन क्षेत्रों के कुछ समंक सन् १९३१ की जनगणना और १९४४ की रीगे (Rege) कमेटी की रिपोर्टों में प्राप्य हैं वे क्रमबद्ध समंकों का महत्व कम नहीं करते । सन् १९४२ के औद्योगिक समंक विधेयक के फलस्वरूप सन् १९४६ से होने वाली 'निर्माणियों की संगणना' में नौकरी के आँकड़े मिलने प्रारम्भ हो गये हैं पर उनका क्षेत्र केवल २९ उद्योगों तक ही सीमित है । अन्य देशों में बेकारी के समंकों का प्रमुख उद्‌गम सामाजिक बीमा योजनाएँ हैं जोकि भारत में अभी प्रारम्भिक दशा में हैं । भारत में सन् १९४५ में पुर्नवास और नौकरी संगठन का निर्माण हुआ था और आज सारे भारत में ७० से अधिक रोज-गारी के दफ्तर हैं जिनसे कुछ आवश्यक सूचनाँए प्राप्य हैं ।

भृत्ति, आय और कार्य-काल के सम्बन्ध में आँकड़ों की भारत में अत्यन्त कमी है यद्यपि सन् १९३१ के श्रम-आयोग से अब तक कितनी ही बार इस ओर संकेत किया जा चुका है । इस क्षेत्र के समंकों को एकत्र करने के लिए अभी तक कोई भी व्यवस्था नहीं रही है यद्यपि कुछ श्रम कमेटियों ने व्यक्ति-गत प्रयत्न किए हैं । उनके प्रयत्नों के प्रतिफलों में कोई तुलनात्मक महत्व नहीं है । कुछ आँकड़े इस सम्बन्ध में सरकारी रिपोर्टों में यदाकदा छपते रहे हैं । परन्तु उन सभी आँकड़ों में समन्वय स्थापित नहीं किया जा सकता है । सन् १९४४ में श्रम अनुसन्धान कमेटी के प्रयत्नों के फलस्वरूप यदाकदा अनुसन्धानों के द्वारा ३८ उद्योगों से सम्बन्धित कुछ आँकड़े एकत्र हुए थे जो किसी प्रमाप वर्गीकरण के अनुसार न होने के कारण तुलनीय नहीं थे ।

औद्योगिक झगड़ों के आँकड़े भारत में सन् १९२१ से ऐच्छिक आधार पर उद्योगों द्वारा एकत्र किए जा रहे हैं । सरकार इन उद्योगों के पास छपे

हुए फार्म और अनुसूचियाँ भेजती रहती हैं और उनके द्वारा भेजे गए समंकों का वर्गीकरण और सारणीयन कर लिया जाता है। औद्योगिक झगड़ों के आँकड़े 'निर्माणियों की संगणना' के द्वारा और भी उत्तम हो जाएगें ऐसी आशा की जा सकती है। औद्योगिक दुर्घटनाओं के समंक भी उत्तम प्रकार के हैं जोकि विभिन्न विधेयकों की वार्षिक रिपोर्टों के द्वारा प्राप्त होती हैं।

श्रम समंकों में दो प्रमुख प्रकाशन हैं, भारतीय श्रम गजेट और भारतीय श्रम-वार्षिकी जोकि भारत-सरकार के श्रम-ब्यूरो द्वारा प्रकाशित होते हैं।

श्रम समंकों के संकलन के लिए सन् १९४४ की श्रम-अनुसंधान-कमेटी ने निम्नलिखित सुझाव रखे थे—

(१) जहाँ तक सम्भव हो आय-व्ययक खोजों में लगे हुए प्रगणकों को बम्बई श्रम-विभाग या अन्य किसी श्रम-कार्यालय में शिक्षण लेना चाहिए।

(२) देहली, मद्रास, कानपुर, जमशेदपुर और झरिया में परिवारिक आय-व्ययक खोजें की जानी चाहिए। पंजाब सरकार द्वारा आर्थिक अनुसंधान बोर्ड को सहायता दी जानी चाहिए और मध्य प्रान्त में ऐसे बोर्ड की स्थापना की जाना चाहिए।

कृषक भृत्ति समंक

भारत में कृषक भृत्ति समंक सर्वप्रथम सन् १८५९ में एकत्रित किए गए। ये कार्य न्यादर्श अनुसंधान के द्वारा सम्पन्न हुआ था। परन्तु सन् १८७३ से पहले इन समंकों को एकत्र करने के वैज्ञानिक और नियमित प्रयत्न नहीं प्रारम्भ हुए जबकि भारत सरकार ने प्रान्तों से कृषक मजदूरों के सम्बन्ध में कुछ आँकड़े मागें थे। उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम कृषक-भृत्ति अनुसंधान सन् १९०६ में किया गया। सन् १९१९ में इस अनुसंधान में कुछ परिवर्त्तन किए गए और भारत सरकार के सुझावों के अनुसार सन् १९२८, १९३४ और सन् १९३९ में उत्तर प्रदेश ने इस प्रकार के अनुसंधान किए। अन्य प्रान्तों ने भी इसी प्रकार की पद्धति अपनाई। ये समंक प्रान्तों द्वारा केन्द्र को भेजे जाते हैं और 'भारत के मूल्य और भृत्तियाँ (Prices & Wages in India) नामक प्रकाशन में छापे जाते हैं।

सन् १९४९ में भारत सरकार ने प्रान्तों की सहायता से अखिल भारत-वर्षीय-कृषि-श्रमिक, अनुसंधान प्रारम्भ किया। 'भारतीय कृषि भृत्ति भाग १' (Agricultural Wages in India Vol. I) १९५२ में विभिन्न राज्यों के कृषक मजदूरों के सम्बन्ध में भृत्ति, जीवन निर्वाह इत्यादि के सम्बन्ध में आँकड़ों का उल्लेख है। खाद्य और कृषि मंत्रणालय के अंक और अर्थ संचालक के द्वारा प्रकाशित 'भारतीय कृषि-भृत्ति-समंक (Indian Agricultural Wage Statistics) में बहुत ही महत्वपूर्ण सूचनायें मिलती हैं।

भारत के स्वतंत्र होने के बाद कृषक मजदूरों के उत्कर्ष के लिये बड़े प्रयत्न किये गये। सन् १९४८ में न्यूनतम-भृति-विधेयक (Minimum Wages Act) पास किया गया परन्तु उसका उपयोग कृषक मजदूरों के हित में नहीं किया जा सका क्योंकि समंकों का अभाव था। आवश्यक समंक एकत्रित करने के लिये श्रम मंत्रणालय ने प्रान्तीय सरकारों की सहायता से अखिल भारत-वर्षीय कृषि मजदूर अनुसंधान चालू किया जिसके विभिन्न स्थितियों में रिपोर्टें जो १० से अधिक होगी, छपती रही। ये एशियाई देशों में सर्वप्रथम अनुसंधान है जोकि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संस्था (I.L.O.) के द्वारा बतलाई हुई योजना के अनुसार किया गया है। यद्यपि यह रिपोर्ट सन् १९५४ की मई में प्रकाशित हुई है इसमें दिये गये समंक सन् १९५०–५१ के हैं। इस रिर्पोट में निम्नलिखित सूचनाएँ मिलती हैं।

(अ) सम्बद्ध आंकडे:—(१) क्षेत्र, भूमि के उपयोग संम्बन्धी समंक, (२) गाँवों के कुटुम्बों का पेशेवर विभाजन, (३) खेतों की संख्या और आकृति कुटुम्बों के अनुसार।

(ब) कृषक मजदूरों के समंक:—(१) भृत्ति, (२) नौकरी का स्वरूप, (३) भृत्ति के भुगतान का ढंग, (४) भृत्ति रेट, (५) आय, व्यय और जीवन-निर्वाह का स्तर, (६) कर्ज।

उपरोक्त समंक समस्त देश के ६ जनगणना क्षेत्रों के सम्बन्ध में हैं। यह एक दैव-प्रवरण अनुसंधान था। इसलिये कुछ राज्यों में विशेष रूप से (स) राज्यों के न्यादर्श समुचित न थे।

मूल्य समंक (Price Statistics)

भूतकाल में मूल्य-समंकों का अभाव चर्चा का विषय रहा है और इस बात की १९२५ के भारतीय अर्थ अनुसंधान कमेटी १९३१ के श्रम आयोग, १९३४ की बावले राबर्टसन कमेटी, १९४४ की श्रम-अनुसंधान कमेटी और १९४८ की निम्बकर कमेटी ने कड़ी अलोचना की है। सन् १९४२ के औद्योगिक समंक विधेयक और सन् १९५३ के समंक संकलन विधेयक में मूल्यों के समंक एकत्रित करने के लिए प्रबन्ध है।

भारत के मूल्य समंक अनेकों सरकारी और गैर सरकारी प्रकाशनों में छपते हैं जिनकी लिस्ट नीचे दी जा रही है :—

(१) केन्द्रीय और प्रान्तीय गजेट।

(२) भारतीय व्यापार पत्रिका (Indian Trade Journal) और थोक मूल्यों का मासिक विवरण (Monthly Statement of Wholesale Prices)।

(३) उद्योग और व्यापार पत्रिका (Journal of Industry and Trade)।

(४) भारतीय थोक मूल्यों का निर्देशाँक (Index No. of Wholesale Prices)।

(५) भारतीय कृषि स्थिति (The Agricultural Situation in India)

(६) कृषि मूल्यों का बुलेटिन (The Bulletin of Agricultural Prices)

(७) भारतीय कृषि मूल्य समंक (The Indian Agricultural Price Statistics)

(८) भारतीय कृषि समंक (Indian Agricultural Statistics)

(९) मौसम और फस्लों की रिपोर्ट (The Season & Crop Reports)

(१०) भारत के खाद्य समंक (Indian Food Statistics)

(११) रिजर्व बैंक बुलेटिन।

(१२) समंकों का मासिक संक्षेप (Monthly Abstract of Statistics) और समंकों का साप्ताहिक विवरण (Weekly Bulletin of Statistics)

भारत के कृषि मूल्यों के समंकों की दशा काफी खराब है। यद्यपि उन्हें संकलित करने के अनेक प्रयत्न चल रहे हैं पर एक ही स्थान के विषय में दो सूत्रों से एकत्र किए गए समंकों में भी विभिन्नतायें पाई जाती हैं जिससे उनकी यथार्थता पर संशय होता है। मौसम और फस्लों की रिपोर्टों में छपे हुए कटती-फसल-के-मूल्य सरकारी गजेटों में छपने वाले मूल्यों से नहीं मिलते। राष्ट्रीय–आय कमेटी की द्वितीय रिपोर्ट में कृषि मूल्यों के समंकों की यथार्थता में सुधार की दृष्टि से ये सुझाव रखा है कि मूल्यों का व्यापारियों, कटती फसल और उत्पादकों के अनुसार विभाजन न करके बाजारों का वर्गीकरण किया जाना चाहिए। इस दिशा में उस रिपोर्ट का सुझाव निम्नांकित हैः—

मूल्य-समंकों में उपभोक्ता मूल्यों के समंक अधिक यथार्थ हैं विशेषरूप से वे जिनका प्रयोग नागरिक जीवन निर्वाह के निर्देशांक बनाने में किया जाता है। भारत सरकार के श्रम ब्यूरों ने इस बात का प्रयत्न किया है कि ग्रामीण उपभोक्ता समंक एकत्र किए जायें पर इस योजना में एक कमी है कि इस बात पर जोर दिया गया है कि समंक संकलन का केन्द्र एक रेलवे स्टेशन हो।

राष्ट्रीय आय कमेटी के कथनानुसार मूल्य-समंकों का राष्ट्रीय आय की गणना के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से सम्बन्धित नीति के प्रतिपादन में महत्वपूर्ण स्थान है। मूल्य समंकों की आकृति का इस बात से अन्दाज लगाया जा सकता है कि यदि किसी एक तहसील के १०० वस्तुओं के मूल्य-समंक एकत्र किए जाएँ तो २,००,००० निर्ख तक प्राप्त होवेंगे।

व्यापारिक समंक (Trade Statistics)

भारत के व्यापारिक समंक भी अपूर्ण हैं। राष्ट्रीय आय कमेटी के अनुसार राज्यों में व्यापारिक समंक संकलन के लिए एक नवीन उद्गम उत्पन्न हो गया है और वह है बिक्रीकर कार्यालय जिसके द्वारा एकत्र किए गए समंकों के फिर से सारणीयन द्वारा व्यापारिक समंक प्राप्त किये जा सकते हैं। राष्ट्रीय आय कमेटी के सुझाव के अनुसार प्रत्येक प्रकार के विक्रय और दूकानों का राज्यों में समान वर्गीकरण किया जाना चाहिए। लाइसेन्स युक्त वस्तुओं के समंक तो प्रशासकीय यंत्र द्वारा प्राप्त हो ही सकते हैं और व्यापारिक लाभ एवं वितरण व्यय के समंकों के लिए छोटे छोटे अनुसंधान करने चाहिए।

भारत के व्यापारिक समंक निम्नलिखित प्रकाशनों में प्राप्य हैं:—

(१) भारतीय व्यापार पत्रिका (Indian Trade Journal)

(२) भारत के विदेशी जल व्यापार का वार्षिक चिट्ठा (Annual Statement of the Foreign Seaborne Trade of India)

(३) भारत के विदेशी व्यापार के लेखे (Accounts relating to the Foreign, Sea, Air and Land Trade and Navigation of India)

(४) भारत के आन्तरिक व्यापार के लेखे (Accounts relating to the Inland Trade of India)

(५) कच्ची कपास व्यापार समंक (Raw Cotton Statistics)

(६) भारत के व्यापार का अवलोकन (Review of Trade of India)

(७) भारतीय कस्टम (Indian Customs Tariff)

(८) समुद्रतटीय व्यापार के लेखे (Accounts relating to the Coasting Trade & Navigation of India)

(९) भारत-पाकिस्तान व्यापारिक समंक (Indo-Pakistan Trade Statistics)

भारतीय निर्देशांक (Indian Index Nos.)

भारतवर्ष में निर्देशांकों का बनाया जाना और प्रकाशन १९ वीं शताब्दी में प्रारम्भ हुआ। आरम्भ में 'भारत के मूल्यों के निर्देशांक' नामक प्रकाशन में थोक मूल्यों, खाद्यान, फुटकर मूल्यों और आयात और निर्यात की वस्तुओं के मूल्यों के निर्देशांक प्रत्येक पाँच वर्ष के अन्त में छपते थे। इस पंचवर्षीय प्रकाशन के वार्षिक परिशिष्ट भी छपा करते थे और इन निर्देशांकों का आधार वर्ष १८७३ रहता था। प्रथम महायुद्ध में बम्बई और कलकत्ता के थोक मूल्यों के निर्देशांकों का प्रादुर्भाव हुआ जिनका आधार वर्ष जुलाई १९१४ रखा गया था। सन् १९१४–१८ तक भारत में जीवन निर्वाह निर्देशांक प्रकट नहीं हुए थे परन्तु इस काल में सर्व प्रथम बम्बई जीवन निर्देशांक भी छापा गया। द्वितीय महायुद्ध के काल में कई नए निर्देशांक प्रकट हुए, उदाहरणार्थ, लाभ निर्देशांक, उत्पादन निर्देशांक और विदेशी व्यापार निर्देशांक। सन् १९४७ से भारत के आर्थिक सलाहकार ने एक सर्वसाधारण निर्देशांक (General Purpose Index) प्रकाशित करना शुरू किया। अभी हाल में निर्देशांकों की दो नई श्रंखलाएँ प्रकाशित होनी प्रारम्भ हुई हैं जिनमें अखिल भारतीय श्रम-जीवन-निर्वाह निर्देशांक, और फैक्टरी के श्रमिकों की आय-निर्देशांक सम्मिलित हैं। रिजर्व बैंक द्वारा एक नई श्रंखला सिक्यूरिटी मूल्यों की चलाई गई है।

निर्देशांकों की उत्पत्ति भारत में धीरे धीरे औद्योगिक उत्कर्ष के तदनुरूप हुई है। द्वितीय युद्ध के बाद यह उन्नति बहुत आकर्षक रही है और अब अनेक सरकारी और गैर सरकारी श्रंखलाएँ चालू हैं जिनका विवरण नीचे दिया गया है:—

(अ) वस्तुओं के मूल्य निर्देशांक

(१) कलकत्ता थोक मूल्यों का निर्देशांक—ये निर्देशांक व्यापारिक वृत्त और अंक विभाग कलकत्ता द्वारा भारतीय व्यापारिक पत्रिका (Indian Trade Journal) में नियमित रूप से प्रकाशित किया जाता है। इसमें ७२ वस्तुएँ शामिल हैं जिन्हें १६ वर्गों में बांटा गया है और इसका आधार जुलाई १९१४ को समाप्त होने वाला वर्ष लिया गया है। प्रत्येक वर्ग के लिए एक अलग निर्देशांक बनाया जाता है और परिगणन के निमित्त

भारित मध्यक का प्रयोग किया गया है। ये निर्देशांक अखिल भारत-वर्षीय महत्व का नहीं है क्योंकि केवल कलकत्ता के ही मूल्यों पर आधारित है।

(२) भारत के आर्थिक सलहाकार का निर्देशांक—ये निर्देशांक सर्वप्रथम १९४२ में प्रारम्भ किया गया और थोक मूल्यों पर आधारित है। इसमें ७८ वस्तुऐं ली गई हैं जिन्हें निम्नलिखित ५ वर्गों में बांटा गया है:—(१) खाद्य वस्तुऐं, (२) औद्योगिक कच्चा माल, (३) अर्ध-निर्मित, (४) निर्मित और (५) मिश्रित। इस निर्देशांक का आधार अगस्त १९३९ को समाप्त होने वाला वर्ष है और इनके परिगणन के लिए भारित गुणोत्तर माध्य लिया जाता है। प्रत्यक वर्ग का अलग अलग निर्देशांक निकाला जाता है और उनके भार निम्नलिखित हैं—खाद्य वस्तुएँ ३१, और औद्योगिक कच्चा माल १८, अर्ध निर्मित १७, निर्मित ३० और मिश्रित ४। सभी वर्गों के निर्देशाँकों को मिलाकर एक पूर्ण निर्देशाँक भी बनाया गया है। ये निर्देशाँक प्रति सप्ताह छापे जाते हैं।

भारत सरकार कुछ वर्षों से इस निर्देशांक के आधार वर्ष १९३९ को बदलने के लिए विचार कर रही है। इस निर्देशांक के सम्बन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा भेजे गए दल का सुझाव था कि इसके साथ ही साथ सभी आर्थिक प्रवृत्तियों के निर्देशांकों के आधार वर्ष में परिवर्तन करके एक कोई ऐसा वर्ष रखा जाए जो आधुनिक प्रवृत्तियों का पूर्णरूप से प्रतिनिधित्व करता हो क्योंकि महायुद्ध से पूर्व वाले मूल्य स्तर पर पुनः पहुँचने की आशा करना व्यर्थ सा है और अब तो केवल उसका ऐतिहासिक महत्व मात्र ही रह गया है।

सरकार का यह विचार था कि सन् १९३९ को हटा कर सन् १९४९ को आधार वर्ष बना दिया जाए। और इस सम्बन्ध में कृषि-मूल्य-अन्वेषण-कमेटी का भी यही सुझाव था और उसकी रिपोर्ट में ९९ बाजारों का भी उल्लेख था जिनके मूल्यों के आधार पर आधार वर्ष के औसत मूल्य मालूम किए जाएँ। परन्तु यह योजना सफल न हो सकी क्योंकि इन ९९ बाजारों में से कई के मूल्य सम्बन्धी समंक अप्राप्य थे। तदुपरान्त यह निश्चय किया गया कि आर्थिक वर्ष १९५२-५३ को नई निर्देशांक माला का आधार मान लिया जाए क्योंकि यह वर्ष सब प्रकार से स्थिरता का वर्ष रहा है। आज कल

आर्थिक सलाहकार इस नई निर्देशांक माला को बनाने में लगे हुए हैं जिसके निम्नलिखित प्रमुख लक्षण हैं :—

(१) इस निर्देशांक में पुरानी माला की अपेक्षा २१० आँकड़ों के स्थान पर ५५८ आँकड़ों का प्रयोग किया जाएगा।

(२) आधार वर्ष १९३९ से हटा कर १९५२–५३ कर दिया गया है।

(३) परिगणन में गुणोत्तर माध्य रखा गया है।

(४) मध्यक को भारित करने की विधि को युद्धोत्तर एवं विभाजन के बाद की प्रवृत्तियों के अनुसार कर दिया गया है।

(५) विभिन्न वस्तुओं के वर्गीकरण में भी कुछ परिवर्तन किये जाएँगे।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष दल ने यह सिफारिश की है कि थोक मूल्यों का एक नया निर्देशांक बनाया जाए जिसमें केवल देश के आन्तरिक उत्पादन एवं उपभोगों की वस्तुओं का ही प्रयोग किया जाए। यह निर्देशांक आन्तरिक जीवन के सम्बन्ध में पूर्ण माप प्रदान करेगा और इसके विभिन्न वर्षों की आन्तरिक स्थिरता की तुलना की जा सकेगी।

इस प्रकार के परिवर्तनों से निम्नलिखित लाभ होंगे—(१) निर्देशांकों का क्षेत्र का विस्तार हो जावेगा, (२) निर्देशांक का परिमाण कम हो जाने से देश की वास्तविक स्थिति का ज्ञान हो सकेगा, (३) श्रम समस्याओं पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा, और (४) मुद्रा स्थिति का यथार्थ दिग्दर्शन होगा।

(३) <u>प्रमुख फस्लों के कटनी-मूल्यों का निर्देशांक</u>—यह निर्देशांक अर्थ और अंक संचालक द्वारा बनाया जाता है और इसमें १६ वस्तुएँ हैं। इसके लिए मूल्य समंक गैर–सरकारी क्षेत्रों से फस्लों की कटनी के समय साप्ताहिक आँकड़ों के रूप में प्राप्त होते हैं जिनका औसत निकाल लिया जाता है। इस निर्देशांक का आधार वर्ष १९३८–३९ है और निर्माण रीति श्रृंखला आधार मूल्यानुपात है।

(४) <u>फुटकर मूल्यों के निदशांक (शहरी क्षेत्र)</u>—यह निर्देशांक श्रम मन्त्रणालय के श्रम ब्यूरो द्वारा प्रकाशित किया जाता है। यह लेबर गजेट में १८ केन्द्रों के लिए प्रकाशित होता है और एक भारहीन निर्देशांक है। इसके प्रमुख वर्ग निम्नलिखित ह—खाद्य, लकड़ी, रोशनी, और मिश्रित और इसका आधार वर्ष १९४४ है।

(५) फुटकर मूल्यों के निर्देशांक (ग्रामीण क्षेत्र)—यह प्रतिमाह लेबर गजेट में १२ ग्रामीण केन्द्रों (सभी रेलवे स्टेशन हैं) के लिए श्रम ब्यूरो द्वारा प्रकाशित किया जाता ह । इसका आधार वर्ष जनवरी-दिसम्बर १९४६ है । इस निर्देशांक का क्षेत्र बढ़ाया जाना चाहिए और राष्ट्रीय आय कमेटी के सुझाव के अनुसार रेलवे स्टेशन वाली सीमा दूर कर देनी चाहिए ।

(स) औद्योगिक उत्पादन के निर्देशांक

(१) 'ईस्टर्न इकनामिस्ट' उत्पादन निर्देशांक—यह औद्योगिक उत्पादन का एक निर्देशांक हैं जो कि 'ईस्टर्न इकनामिस्ट' नामक पत्रिका छापती है । इसमें निर्माणियों की अनेक वस्तुओं को चार प्रमुख वर्गों में बाँटा गया है जिनके भार निम्नलिखित हैं—टेक्सटाइल्स (५७), लकड़ी और शक्ति (१०), अन्य, और सर्व साधारण निर्देशांक (१००) । इस निर्देशांक का आधार वर्ष अगस्त १९३९ को समाप्त होने वाला वर्ष है ।

(२) औद्योगिक उत्पादन का अन्तिरिम निर्देशांक—यह औद्योगिक समंक संचालक द्वारा प्रतिमास प्रकाशित किया जाता है । इसका आधार वर्ष १९४६ है । इसमें शामिल किए गए उद्योगों को निम्नलिखित वर्गों में बाँटा गया है और उनके भार भी दिए गए हैं—कोयला (११·९५), शक्कर (३·५४) पेन्ट और वारनिश (·६१), सीमेन्ट (·६६), काँच (·५५), प्लाई वुड (·१५), कागज (१·४६), दियासलाई (१·२१), कपड़ा(४३·४९), गर्म कपड़ा (१·३८), जूट (१६·५३), रसायन (३·१०), इत्यादि । इन सभी उद्योगों को भार उनके द्वारा राष्ट्रीय आय में वृद्धि के अनुसार दिया गया है ।

(३) 'कैपिटल' औद्योगिक क्रिया का निर्देशांक—यह कलकत्ता से प्रकाशित 'कैपिटल' नामक पत्रिका में मार्च सन् १९३८ से प्रकाशित हो रहा है और इसका आधार वर्ष १९३५ हं । इसमें प्रयुक्त समंक व्यापारिक वृत्त और अंक संचालक द्वारा प्रकाशित आँकडों से लिए गए हैं । इसमें निम्नलिखित वर्ग और भार पाए जाते हैं—औद्योगिक उत्पादन (३६), खनिज उत्पादन (७), रेल और नदी व्यापार (२४), आर्थिक समंक (२), विदेशी और तटीय व्यापार (७), जलयान द्वारा विदेशी और तटीय व्यापार (६) । इस निर्देशांक के परिगणन में भारित गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया जाता है ।

(४) 'इस्टर्न इकनामिस्ट' व्यवसायिक क्रिया का निर्देशाँक—यह 'ईस्टर्न इकनामिस्ट' द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका आधार वर्ष अगस्त १९३९ को समाप्त होने वाला वर्ष है। इसमें निम्नलिखित वर्ग और भार हैं—औद्योगिक उत्पादन (४६), आयात (३), निर्यात (३), व्यापारिक जलयान (२), चेक क्लीयरेन्स (१८), नोट परिचलन (५), आन्तरिक यातायात (२३), सर्वसाधारण निर्देशाँक (१००)।

(ब) श्रम-जीवन-निर्वाह-निर्देशांक

(१) लेबर ब्यूरो निर्देशांक—यह १६ केन्द्रों के लिए लेबर ब्यूरो द्वारा छापा जाता है और इसका आधार वर्ष सन् १९४४ है। इसके सम्मिलित अंकों के भार सन् १९४३–४५ में की गई आय-व्ययक खोज पर आधारित हैं। इस निर्देशाँक के पदों को ५ वर्गों में बाँटा गया हैः—खाद्य, लकड़ी और रोशनी, मकान भाड़ा, कपड़ा, बिस्तरा, जूते और मिश्रित।

(२) बम्बई श्रम-जीवन-निर्वाह-निदर्शाँक—यह निर्देशांक सर्वप्रथम १९२१ में बम्बई के श्रम विभाग ने छापा था और फिर इसमें १९३३ में संशोधन किया गया। संशोधित निर्देशाँक में खाद्य में २८ पद, लकड़ी और रोशनी में ४ पद, कपड़े में ६ पद, और मिश्रित में ७ पद हैं। मकान भाड़ा प्रति मकान का औसत है। यह निर्देशाँक लेबर गजेट में छापा जाता है। लेबर गजेट आफिस बम्बई के अतिरिक्त शोलापुर और अहमदाबाद के लिए भी जीवन निर्वाह निर्देशाँक छापता है। बम्बई के लिए १९३४, अहमदाबाद के लिए १९२७ और शोलापुर के लिए १९२२ आधार वर्ष चुने गए हैं।

(३) कानपुर श्रम–जीवन-निर्वाह-निर्देशाँक—यह दो भागों में कानपुर के लेबर आफिस द्वारा प्रकाशित किया जाता है—(१) अन्तरिम साधारण निर्देशांक और (२) पूरक निर्देशाँक। दूसरा निर्देशांक उन मूल्यों पर आधारित है जिन पर मिले अपने कर्मचारियों को खाद्यान्न देती हैं और पहले में बाजार मूल्य लिए जाते हैं। यह निर्देशांक अगस्त १९३९ को समाप्त होने वाले वर्ष को आधार मानता है। इसमें २१ पद हैं जोकि पाँच वर्गों में बाँटे गए हैंः—खाद्य (४), लकड़ी और रोशनी (२), कपड़े (६), मकान (८), मिश्रित (७)।

(४) श्रम-ब्यूरो-अखिल-भारतीय-श्रम-जीवन-निर्वाह-निर्देशाँक :— यह सन् १९४४ से प्रकाशित होता है। इसमें २४ केन्द्रों के सम्बन्ध में

समंक लिये जाते हैं जिनमें से १५ वे हैं जिनके लिए श्रम-ब्यूरो निर्देशाँक बनाता है और ९ वे हैं जिनके लिये अन्य राज्यों की सरकारें निर्देशाँक बनाती हैं। सभी श्रृंखलाओं के अन्तिम मूल्यानुपातों को लेकर यह अखिल भारतीय निर्देशाँक बनाया जाता है ।

(द) कृषि-उत्पादन के निर्देशाँक

(१) रिर्जव बैंक निर्देशाँक:—यह रिर्जव बैंक के बुलेटिन में छपता है और इसके आधार वर्ष के लिये १९३६–३७, १९३७–३८ और १९३८–३९ का औसत लिया जाता है। इसमें ११७ वस्तुओं को पाँच वर्गों में बांटा गया है। यह निर्देशाँक प्रायः रिर्जव बैंक के दिसंबर के बुलेटिन में छापा जाता है।

(२) 'ईस्टर्न इकनामिस्ट' कृषि-उत्पादन निर्देशाँक—यह निर्देशाँक १९३६–३७ से १९३८–३९ की औसत मूल्यों पर आधारित है जिसमें चार वर्ग किए गए हैं:—(अ) खाद्यान्न, (ब) रेशेवाली फस्लें, (स) तिलहन, और (द) मिश्रित। यह निर्देशाँक चित्रलेख द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। यह एक भारित निर्देशाँक है और भार आधार वर्ष के मूल्यों के अनुसार दिये गये हैं।

(३) खाद्य और कृषि संस्था निर्देशाँक:—अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और कृषि भारतके कृषि उत्पादन का एक निर्देशाँक संस्था प्रकाशित करता है। इसके १९३४–३८ का औसत आधार माना लिये गया है। इसकी वस्तुओं को ११ वर्गों में बाँटा गया है और भार गेहूँ के तुलनात्मक मूल्यों के आधार पर दिया गया है।

विभिन्न निर्देशाँकों के उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि उनकी परस्पर तुलना नहीं की जा सकती है क्योंकि सभी के आधार वर्ष विभिन्न हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष दल ने सभी आर्थिक निर्देशांकों के आधार वर्षों के परिवर्तन के सम्बन्ध में सुझाव रखे थे। विभिन्न सरकारी विभागों के संख्याशास्त्रियों की एक समिति सन् १९५२ में बना दी गई थी जिसका यह कार्य था कि वह सरकारी निर्देशाँकों के लिये आधार वर्ष निर्धारित करे। इस समिति ने सन् १९५२–५३ को सभी निर्देशाँकों के लिये अनुकूल आधार वर्ष ठहराया गया है और आर्थिक सलाहकार

के निर्देशाँकों के अतिरिक्त औद्योगिक उत्पादन का निर्देशाँक भी उ अनुसार बनाया जा रहा है। अक्टूबर सन् १९५३ को होने वाली केन्द्र एवं प्रान्तीय सांख्यिकों की कान्फ्रेन्स के सामने जब यह प्रश्न आया जीवन-निर्वाह के निर्देशाँकों में भी परिवर्तन किये जाएं तो उसने इस की शिफारिश की कि सभी प्रान्तो को चाहिये कि अपने अपने क्षेत्रों में १९५५–५६ में पारिवारिक आय व्ययक सम्बन्धी खोज करें जिससे सभी निर्देशांकों के लिए समान भार (Weights) निश्चित किए जा सकें।

राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान

न्यादर्श अनुसंधान प्रणाली के रूप में प्रोफेसर पी० सी० महलानोबि ने साँख्यिक ढंगों में एक महत्वपूर्ण कड़ी जोड़ दी है। भारत में स्वतन्त्र प्राप्त होने के बाद आवश्यक समंक शीघ्र एकत्र करने के लिए एक आन्दोल सा चल पड़ा क्योंकि राष्ट्रीय नियोजन इनके बिना असम्भव सा था। प्रध मंत्री श्री नेहरू के उत्साह लेने पर १९४९ में केन्द्रीय साँख्यिकीय प्रतिष्ठ और राष्ट्रीय आय कमेटी की नियुक्ति हुई। विभागीय संख्याशास्त्रियों सभा ने एक न्यादर्श अनुसंधान की इच्छा प्रकट की और सन् १९५० प्रोफेसर महलानोबिस की अध्यक्षता में भारत सरकार ने राष्ट्रीय न्याद अनुसंधान की योजना स्वीकृत करली। राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान रा जीवन के, उत्पादन, उपभोग, वितरण और विनिमय आदि सभी पहलुओं संबन्धित एक बहुत बड़ी खोज है जोकि विश्व में सर्व प्रथम भारत ने हा में ली है।

भारतीय साँख्यिकी संस्था, कलकत्ता सन् १९३५ से अनेक न्यादर्श अनु संधानों में लगी रही है और इसलिए भारत सरकार ने उसके अनुभव उपयोग करने की दृष्टि से राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान की पूर्ण योजना बना का कार्य उस संस्था को सौंप दिया था। गोखले विद्यालय पूना का भी का इस क्षेत्र में रहा है इसलिए उसकी भी योजना बनाने और न्यादर्श निश्चि करने में सहायता ली गई थी। इसके लिए सन् १९५० में भारत सरकार २५,००,००० रुपयों की स्वीकृति प्रदान की और इस राष्ट्रीय न्यादर्श अनु संधान का प्रथम चक्र १९५० अक्टूबर में प्रारम्भ हुआ और मार्च सन् १९५ तक रहा। सन् १९५३ के मध्य तक इस अनुसंधान के ५ चक्र पूरे होचुके और छठा शुरू किया गया, यद्यपि अभी सब की रिपोर्टें छप नहीं सकीं हैं

राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान एक क्रमबद्ध अनुसंधान श्रंखला है और इसके द्वारा समंकों के संकलन में 'वार्त्तालाप रीति' (Interview Method) का प्रयोग किया जाता है। प्रगणकों को घर घर और खेतों में जाकर आवश्यक समंक एकत्र करने होते हैं। इस समय ऐसे कार्यकर्त्ताओं की संख्या ६०० के लगभग है। इन अनुसंधानों का कार्यक्रम विशद है पर प्रत्येक चक्र में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

इस अनुसंधान के लिए समस्त देश को २५० भौगोलिक स्तरों में बाँटा गया है। पहले तीन चक्रों में गाँवों को सीधे ही स्तरों में चुन लिया गया था परन्तु बाद के चक्रों में प्रत्येक जिले में से दो तहसील और फिर प्रत्येक तहसील में से दो गाँव छाटे गए। तीसरे चक्र के बाद से इस अनुसंधान का झुकाव गाँवों से शहरों की ओर अधिक हो गया है। शहरों में आकृति के अनुसार स्तरंतरण के पश्चात् जनगणना के ब्लाकों में से न्यादर्श-प्रवरण किया गया है।

राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान के प्रथम चक्र में १८३३ गाँवों का न्यादर्श लिया गया था जिसको दो भागों में विभाजित किया गया। एक विभाग ११८९ गाँवों का भारतीय सांख्यिकीय संस्था, कलकत्ता और दूसरा ६४४ गाँवों का विभाग गोखले राजनीतिक और आर्थिक विद्यालय पूना को सौंप दिये गए। पहले विभाग में निम्नांकित चार अनुसूचियों का प्रयोग किया गया।

(१) ग्रामीण अनुसूचियाँ जिनमें गृहस्थी, भूमि उपयोग, मूल्य समंक और कुशल एवं अकुशल श्रमिकों की भृत्ति के सम्बन्ध में सूचना माँगी गई (२) गृहस्थी अनुसूचियाँ (नं० १) जिनमें आर्थिक स्थिति, विभिन्न-वर्गी भूमि, आयु, जीवन निर्वाह, नौकरी, स्त्री, पुरुष इत्यादि की सूचनाएँ माँगी गई (३) गृहस्थी अनुसूचियाँ (नं० २) जिनमें कृषि और पशुपालन, उद्योग धन्धे, व्यापार, सेवाएँ और पेशे इत्यादि की सूचनाएँ माँगी गई और (४) गृहस्थी अनुसूचियाँ (नं० ३) जिनमें खाद्य, पेय पदार्थों, लकड़ी एवं रोशनी, मकान भाड़ा, कपड़े इत्यादि के सम्बन्ध में सूचनाएँ माँगी गई। ६४४ गाँवों के दूसरे विभाग में (जिसका काम गोखले संस्था ने किया) बिल्कुल दूसरे प्रकार की अनुसूचियों का प्रयोग किया गया जिन्हें 'पूना अनुसूचियाँ (Poona Schedules)' कहते हैं। यद्यपि ये अनसूचियाँ अर्थ–सामाजिक आँकड़ों को एकत्र करने के लिए स्वतन्त्र रूप से चुनी गई थी, कलकत्ते की अनुसूचियों

की अपेक्षा कम विशद थी। दोनों ही विभागों के कार्य आरम्भ होने में अन्तर था और इस समय के अन्तर के कारण आशा की जाती थी कि पूना के प्रतिफल कलकत्ते के प्रतिफलों की जाँच होगी । परन्तु यह केवल भ्रम ही रहा ।

राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसन्धान पर कुछ आरोप लगाए जाते हैं जो निम्न-लिखित हैं:—

(१) ये वार्त्तालाप रीति पर आधारित होने के कारण केवल एक विचारों की खोज मात्र (Opinion Survey) हैं। यह विचार भ्रामक है क्योंकि यद्यपि वार्त्तालाप प्रणाली में प्रगणक प्रत्येक व्यक्ति के पास जाकर समंक प्राप्त करते हैं उनका तात्पर्य तथ्यों का संकलन होता है न कि विचारों का। इसके अतिरिक्त भारतवर्ष ऐसे निरक्षर देश में यही एक पद्धति है जिसके द्वारा महत्वपूर्ण समंक एकत्र किए जा सकते हैं।

(२) राष्ट्रीय आय कमेटी का आरोप है कि राष्ट्रीय आय के अनुमान के लिए उत्पादन और आय दोनों ही से संबंधित समंकों की आवश्यकता होती है और राष्ट्रीय अनुसंधान के प्रथम चक्र द्वारा इन विषयों पर प्रदत्त समंक न तो पर्याप्त ही हैं और न यथार्थ ही। अगले चक्रों के समंक अभी तक प्रकाशन के पूर्व की क्रिया में ही लगे हैं।

(३) राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान संगणना प्रणाली को हटा नहीं सकता क्योंकि राष्ट्रीय-आय-गणना और अन्य नीति-निर्धारण से पूर्ण समंकों की आगे आवश्यकता पड़ेगी जोकि ये अनुसंधान न दे सकेगा।

(४) राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान के पहले और दूसरे चक्रों की रिपोर्टों में बहुत अन्तर हैं और इस कारण उनका नीति-निर्धारण में महत्व विनष्ट हो जाता है।

(५) पहले ही चक्र के दो विभागों की रिपोर्टों में साँख्यिकीय ढंग और कार्य प्रणाली के विषय में जो मतभेद रहा है उससे भी इस अनुसंधान का महत्व कम हो गया है।

(६) राष्ट्रीय आय कमेटी के मतानुसार राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान ने जो उपभोक्ता के परिव्यय सम्बन्धी समंक एकत्र किए है और उनके सम्बन्ध में संतोष प्रकट किया है वह गलत है क्योंकि यह कार्य इतना आसान

नहीं है जितना कि राष्ट्रीय अनुसंधान ने समझ लिया है। किसी भी अन्य देश में इस तरह का प्रयत्न नहीं किया जा सका है और इतने कम समय में भारत ऐसे देश में आर्थिक अभाव रहते हुए भी संतोषप्रद समंक एकत्र करना संशयात्मक है।

(७) राष्ट्रीय अनुसंधान के विभिन्न चक्रों की रिपोर्टों को देखने से मालूम पड़ता है कि यह 'प्रयत्न और विभ्रम' (Trial and Error) की नीति को अपना रहा है। यह अवश्य ही कहा जा सकता है कि यदि यह अनुसंधान चलता रहा तो इसके सभी चक्रों के अन्त में राष्ट्रीय अनुसंधान की एक विश्वस्त प्रणाली का जन्म होगा। इसके द्वारा प्रदत्त समंकों का जाँच सम्बन्धी महत्व हो सकता है।

राष्ट्रीय अनुसंधान की सफलता के लिए राष्ट्रीय आय कमेटी ने अपनी दूसरी रिपोर्ट में निम्नलिखित सुझाव पेश किया है जो ध्यान देने योग्य है—"राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने का कार्य वास्तव में व्यवहारिक अर्थ-शास्त्र के क्षेत्र में आता है। समंकों के संकलन, अनुसंधान की योजना बनाने और समंकों के विश्लेषण इत्यादि में सांख्यिकों और अर्थशास्त्रियों का समान स्थान है। राष्ट्रीय अनुसंधान का कार्य अभी केवल भारतीय सांख्यिकी संस्था कर रही है जोकि एक सांख्यिकीय संस्था है। यदि राष्ट्रीय अनुसंधान को पूर्ण रूप से उपयोगी खोज बनाना है तो उसे अर्थशास्त्रियों की भी सलाह लेनी पड़ेगी। वास्तव में योजना-आयोग ने एक अनु-संधान समिति बनाई है जिसमें अनेक, सांख्यिक, अर्थशास्त्री और समाज शास्त्री हैं। हमारा यह सुझाव ह कि राष्ट्रीय अनुसंधान और इस अनु-संधान समिति के बीच में एक घनिष्ट सम्पर्क स्थापित होना चाहिए और राष्ट्रीय न्यादर्श अनुसंधान के निमित्त एक मिली जुली सभा बनानी चाहिए।"

अखिल भारतीय ग्रामीण-साख अनुसंधान

रिजर्व बैंक ने फरवरी सन् १९५१ में एक अर्थशास्त्रियों और सहकारी समितियों के संचालकों की एक कान्फ्रेंस बुलाई जिसने यह सुझाव दिया कि एक ग्रामीण साख अनुसंधान किया जाना चाहिए। अगस्त सन् १९५१ में एक कमेटी बनाई गई जिसका कार्य था कि अखिल भारतवर्षीय अनुसंधान की योजना तैयार करें और उसके तदनुसार अनुसंधान करके, उसके प्रतिफलों के आधार पर

सुझाव रखे। इस कमेटी ने प्रश्नावलियाँ बनाई, क्षेत्रों का चुनाव किया, निरीक्षकों को शिक्षा दी और प्रगणकों को आदेश दिये। अनुसंधान का कार्य प्रमुख रूप से बैंक के अनुसंधान अफसरों के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अनु-संधान की रिपोर्ट तीन विभागों में छपी है:—

(अ) अनुसंधान रिपोर्ट, (ब) साधारण रिपोर्ट और (स) प्रविधि सम्बन्धी रिपोर्ट (Technical Report)। अनुसंधान रिपोर्ट में खोज की योजना, व्यवस्था और विभिन्न स्तरों पर योजना में महत्वपूर्ण परिवर्तनों के सम्बन्ध में सूचनाएँ हैं। साधारण रिपोर्ट में साहूकारों, बैंकों, ग्रामीण अर्थ-मध्यस्थ, ग्रामीण साख, कर्जा इत्यादि के सम्बन्ध में समंक हैं। प्रविधि रिपोर्ट अभी छप नहीं सकी है।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Discuss the importance of the Study of Statistics in the present circumstances in India.

भारतवर्ष में आज की परिस्थिति में सांख्यिकीय अध्ययन का महत्व समझाइये।

2. (a) State what you can about Indian Vital Statistics. Do they throw any light on the causes of India's poverty?

भारत के जन्म-मृत्यु सम्बन्धी आँकड़ों पर प्रकाश डालिये और बतलाइये कि वे भारतवर्ष की गरीबी कहाँ तक दर्शाते हैं।

(b) Discuss the available sources of information in respect of India's trade both foreign and inland ?

भारतवर्ष के आन्तरिक एवं वाह्य व्यापार से सम्बन्धित सूचनाओं के प्राप्य उद्गमों पर प्रकाश डालिये।

3. Write a critical note on the Census of India.

भारतवर्ष की जनगणना पर एक समालोचनापूर्ण लेख लिखिये।

4. Write a short note on (a) Official Statistics in India or (b) War and Statistics.

'भारतवर्ष की राजकीय समंक-सामग्री' या 'युद्ध और समंक' पर एक लेख लिखिये।

5. Discuss the Meaning and Scope of Statistics. Show the importance of Statistics in any scheme of Economic Planning in India.

सांख्यिकी के अर्थ एवं क्षेत्र का वर्णन कीजिए। भारतवर्ष के अर्थ-नियोजन में सांख्यिकी का महत्व समझाइये।

6. Discuss the main sources of errors in statistics relating to Area and Yield of Principals Crops in India. How can these errors be avoided?

भारतवर्ष के प्रमुख फस्लों के क्षेत्रफल और उत्पादन सम्बन्धी समंकों में प्रविष्ट होने वाले विभ्रमों के उद्गमों का वर्णन कीजिए। ये विभ्रम किस प्रकार दूर किये जा सकते हैं।

7. Give a few examples of the misuse of statistics in India. How can the wrong use of statistics be avoided.

भारत में समंकों के दुरुपयोग के कुछ उदाहरण दीजिये। समंकों का दुरुपयोग किस प्रकार दूर किया जा सकता है।

8. How far are the Indian Crop Forecasts reliable? How can their reliability be increased?

भारतवर्ष के फस्लों के पूर्वानुमान कहाँ तक विश्वसनीय हैं और उनकी विश्वसनीयता कैसे बढ़ाई जा सकती है।

9. (a) What precautions should be taken in the use of published statistics?

मुद्रित सामग्री के प्रयोग में किन किन बातों के प्रति सावधान रहना चाहिए।

(b) Give a brief account of the Population Census and the Price Index Numbers in India?

भारतवर्ष की जनगणना और मूल्य निर्देशांकों के समंकों का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए।

10. What methods are mainly used for estimating the National Income of a country? How far are the recent estimates of National Income of India reliable ?

किसी भी देश की राष्ट्रीय आय को नापने के कौन कौन से ढंग हैं। अभी हाल के अनुमानों की विश्वसनीयता के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

11. Give a brief account of the present position regarding Agricultural Statistics in India and comment upon their adequacy.

भारत के कृषि-समंकों की वर्त्तमान स्थिति का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए और उनकी पर्याप्तता की समालोचना कीजिए।

12. Explain the main defects of the Statistics of Prices and Wages in India. How can these defects be removed ?

भारतवर्ष के मूल्य और भृत्ति संबन्धी समंकों की प्रमुख त्रुटियों का वर्णन कीजिए। ये त्रुटियाँ किस प्रकार दूर की जा सकती हैं।

13. Give a few instances of Biassed Errors in the Publications of the Government of India. How can these errors be avoided ?

भारतवर्ष के राजकीय-प्रकाशनों में प्रविष्ट अभिनत-विभ्रमों के कुछ उदाहरण दीजिए और बतलाइये कि उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है।

14. Bring out clearly the difference between a Census and a Sample enquiry and discuss briefly their comparative advantages. State the difficulties which led the Govt. of India recently to take up a village sample survey.

संगणना और न्यादर्श प्रणालियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए और उनके गुणों का वर्णन कीजिए। उन कठिनाइयों का वर्णन कीजिए जिनके कारण अभी हाल में ही भारत सरकार को 'ग्रामीण न्यादर्श अनुसंधान' के लिए उद्यत होना पड़ा है।

अध्याय १५.

समंकों का आकर्षक प्रदर्शन

साँख्यिकी के महान उद्देश्यों में से तथ्यों का यथार्थ प्रदर्शन, तुलनात्मक अध्ययन और सुगम स्वरूप बहुत महत्वपूर्ण है। साँख्यिकीय तथ्यों का प्रदर्शन तीन प्रकार से किया जाता है—(अ) सारणी द्वारा (ब) चित्र द्वारा और (स) बिन्दुरेखीय वक्रों द्वारा। सारणीकरण का हम विशद अध्ययन पिछले अध्याय में कर चुके हैं। समंकों के आकर्षक प्रदर्शन के अन्य दोनों ढंग भी सारिणीयन पर ही आधारित हैं। जिस प्रकार वर्गीकरण से सारणीकरण द्वारा तथ्यों का अधिक स्पष्ट विवेचन हो सकता है उसी प्रकार सारणी को चित्रों और बिन्दुरेखीय वक्रों द्वारा अधिक आकर्षक, तुलनीय और स्मरणीय बनाया जा सकता है। चित्रों और वक्रों में शिक्षण, विज्ञापन, आदि गुणों के अतिरिक्त जनसाधारण के लिए कौतूहल निर्माण करने की क्षमता होती है जिसके कारण वे उन्हें लम्बे विपुल अंकों वाले सारणीयों की अपेक्षा अधिक समय तक स्मरण रख सकते हैं। परन्तु चित्र और वक्र दृष्टि-वर्धक यंत्र हैं दृष्टि दान नहीं कर सकते। उनका प्रयोग आवश्यक है परन्तु उनका आधार सारणीयन है।

चित्र और वक्र दोनों ही के उद्देश्य समान हैं परन्तु साधारणतः चित्र विच्छिन्न-माला में और वक्र अविच्छिन्न-माला में उपयोगी सिद्ध होते हैं। कालिक-मालाओं को प्रायः रेखा-चित्रों द्वारा दिखलाना उचित होता है। चित्र ज्यामिति के चित्रों के अनुरूप बनाये जाते हैं और वक्र दो समान और स्थिर रेखाओं के संबन्ध में खींचे जाते हैं जिन्हें कोटि-अक्ष (Ordinate) और भुजाक्ष (Abscissa) कहते हैं। एक अच्छे चित्र या वक्र में निम्नलिखित गुण पाये जाने चाहिए—

(१) वह दृष्टि मात्र में ही तथ्यों का वास्तविक अर्थ समझा सकें।
(२) महत्वपूर्ण तथ्यों को महत्व देते हों।
(३) आकर्षक हों।
(४) तुलनात्मक-क्षमता-युक्त हों।

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चित्र या वक्र न बहुत बड़ा और न बहुत छोटा हो, उसके प्रमुख भाग को मध्य स्थान में दिखाया जाए, जहाँ आवश्यक हो। उनके तात्पर्य को समझाने के लिए टिप्पणी दे दी जाए और संकेताक्षरों का अर्थ पूर्णरूप से स्पष्ट हो।

चित्रों द्वारा समंकों का प्रदर्शन

चित्र प्रायः कोटि–अक्ष और भुजाक्ष खींच कर उनके आधार पर खींचे जाते हैं और इन्हीं अक्षों पर चित्र की लम्बाई और चौड़ाई के अनुमाप दिखाए जाते हैं। चित्रों के अनुमाप सारणी में दिए गए अंकों के आकार पर निर्भर रहते हैं। अनुमाप लेते समय ध्यान रखना चाहिए कि ऐसा अनुमाप लिया जाए कि आकर्षक चित्र बनने के अतिरिक्त सारणी के महत्वपूर्ण और महत्वहीन अंकों को तदनुरूप महत्व दिया जा सके। चित्रों की सुन्दरता का ध्यान प्रमुख रूप से रखना चाहिए क्योंकि सुन्दर वस्तु की प्रतिमा अधिक देर तक मस्तिष्क में रह सकती है।

चित्रों के भेद

चित्रों में बिमा (Dimensions) के अनुसार भेद किए जाते हैं और चित्र प्रायः तीन प्रकार के होते हैं—

(अ) एक बिमा चित्र—दण्ड या रेखायें।

(ब) द्विबिमा चित्र—आयत, वर्ग, और वर्तुल चित्र।

(स) त्रिबिमा चित्र—घन (Cubes), स्तम्भ (Cylinders), इष्टका चित्र (Blocks)

उपरोक्त चित्रों के अतिरिक्त सामग्री के प्रदर्शन में चित्र-लेखों (Pictograms) सांख्यिकीय नक्शों (Cartograms) इत्यादि का भी प्रयोग किया जाता है। अब हम उपरोक्त प्रकार के चित्रों का वर्णन करेंगे।

दण्ड चित्र (Bar Diagrams)

दण्ड चित्रों का प्रयोग उस समय किया जाता है जबकि सामग्री में एक बिमा को ही महत्व देना हो अर्थात् यदि लम्बाई को महत्व दिया जाए तो चौड़ाई महत्वहीन हो और इसी प्रकार चौड़ाई को महत्व देने पर लम्बाई महत्वहीन हो। इन चित्रों का प्रयोग प्रायः कालिक और स्थानिक परिवर्तनों

के तुलना करने में किया जाता है विशेष रूप से जब सामग्री विच्छिन्न हो और अविच्छिन्न सामग्री के प्रदर्शन में वक्रों का प्रयोग ही उत्तम माना गया है । दण्ड चित्रों के साथ में संकेताक्षरों का विवरण और विवरणात्मक संदर्भ दिए जाने चाहिए ।

चित्र संख्या १ (अ) में आयात और निर्यात के मासिक औसत की तीन वर्षों तक तुलना की गई है और विभिन्न रंग के दण्ड विभिन्न वस्तुयें दर्शाते हैं और चित्र १ (ब) में कई वस्तुओं के उत्पादन की दो वर्षों तक

चित्र १ (अ)

चित्र १ (ब)

तुलना की गई है और विभिन्न रंग के दण्ड विभिन्न वर्ष दर्शाते हैं। इन चित्रों में केवल एक बिमा (लम्बाई) का स्वतन्त्र महत्व है यद्यपि दूसरे (बिमा) का तुलना करने के लिए महत्व हो गया है।

दण्ड चित्र संख्या २ में विभिन्न रंग के दण्डों से केन्द्र द्वारा राज्यों की सन् १९५१ में खाद्य सम्बन्धी सहायता के तीन पहलुओं को विभिन्न रंगों से दिखलाया गया है। ये स्थानिक तुलना का एक उदाहरण है।

दण्ड चित्र २

दण्ड चित्र संख्या ३ में उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा सामाजिक, उत्थान और सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों पर ४ वर्षों में खर्च किए गए प्रति व्यक्ति धन को तुलनात्मक रूप से दिखलाया गया है और एक दण्ड के अन्दर दूसरा रख कर आकर्षण की मात्रा बढ़ा दी गई है।

उत्तरप्रदेश के व्यय-निर्देशांक प्रति व्यक्ति

दण्ड चित्र ३

दण्ड चित्र संख्या ४ में कई वर्षों के लिए भारतवर्ष के विदेशी व्यापार के विभिन्न अंगों को दण्ड चित्रों को विभाजित करके दिखलाया गया है। दण्ड चित्रों को साधारण स्वरूप में न सजाकर नए ढंग से रखने से आकर्षण में भी वृद्धि हुई है। इस प्रकार के दण्ड चित्र को खींचने के लिए कुल व्यापार के अंक को १०० मानकर प्रत्येक अंग के लिए प्रतिशत मालूम कर लिए जाते हैं और फिर उन्हीं के अनुसार दण्डों को विभाजित करके विभिन्न रंगों से रंग दिया जाता है। ऐसे दण्ड चित्र से पूर्ण विदेशी व्यापार की तुलना के अतिरिक्त व्यापार के विभिन्न अंगों के परिवर्त्तनों का भी निरीक्षण किया जा सकता है।

भारत के विदेशी व्यापार के विभिन्न अङ्गों की
प्रतिशत घट-बढ़

दण्ड चित्र ४

दण्ड चित्र संख्या ५ में मूल्यों के प्रतिशत घट–बढ़ को विभिन्न दिशाओं में दण्ड खीचकर दिखलाया गया है। ऐसे दण्ड चित्र को द्विएकक-दण्ड-चित्र कहते हैं।

साधारण तुलना करते समय अनुप्रस्थ (Horizontal) या उदग्र (Vertical) दण्ड चित्र खीचने के निमित्त कोई स्थायी नियम नहीं है परन्तु

द्विएकक दण्ड-चित्र

चित्र ५

साधारणत: यदि किसी सारणी में महत्वपूर्ण समंक अनुप्रस्थ दशा में हैं तो अनप्रस्थ और यदि उदग्र दशा में है तो उदग्र दण्ड चित्रों का प्रयोग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त जनसाधारण की सुविधा और तुलनात्मक सुविधा का भी ध्यान रखना चाहिए। प्राय: उदग्र दण्ड चित्रों का प्रयोग अंकात्मक सामग्री और अनुप्रस्थ दण्डों का प्रयोग, गुणात्मक या कालिक सामग्री में किया जाता है। यदि घट-बढ़ दिखलाना अभीष्ट हो तो द्विएकक दण्ड चित्र का प्रयोग किया जाता है।

द्विविमा चित्र—क्षेत्रीय चित्र

क्षेत्रीय चित्रों में लम्बाई और चौड़ाई को पृथक महत्व न देकर उनके गुणनफल अर्थात् क्षेत्र को महत्व दिया जाता है। इन चित्रों का आकार

क्षेत्रफल के द्वारा सामग्री की विपुलता को दर्शाता है। द्विबिमा चित्रों का प्रयोग प्राय: उस समय किया जाता है जबकि एक ही चित्र पर कई चीजों को दिखलाना हो, उदाहरणार्थ, उत्पादन-व्यय, लाभ, मूल्य इत्यादि। ऐसी दशा में इनका प्रयोग दण्ड चित्रों की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध होता है। द्विबिमा चित्रों का प्रयोग ऐसी स्थिति में भी किया जाता है जबकि समंकों के परस्पर अन्तर बहुत अधिक हों और उन्हें दण्ड चित्रों द्वारा प्रदर्शित करना असम्भव हो।

आयत चित्र (Rectangles)

जब दो बिमाओं को महत्व देना हो तो आयत चित्र खींचे जाते हैं। आयत चित्र दो प्रकार के हो सकते हैं— (अ) अविभाजित आयत और (ब) विभाजित आयत। जब बहुत बड़े समंकों की परस्पर तुलना करनी होती है तो अविभाजित आयतों से काम चल सकता है परन्तु जब उनके विभिन्न अंगों या पदों की तुलना करना हो तो विभाजित आयत का प्रयोग किया जाता है। विभाजित करते समय दण्ड विभाजन की रीति का ही उपयोग किया जाता है।

चित्र संख्या ६ में सन् १९५१ और १९५२ में कुछ फसलों की उपज और कुल उपज की तुलना की गई है। ऐसा करने में विभाजित आयत का प्रयोग किया गया है।

चित्र ६

चित्र संख्या ७ में १९५१ की जनगणना के ग्रामीण और अग्रामीण पेशों के जीवन निर्वाह के अनुसार किए गए विभागों को एक विभाजित आयत द्वारा दिखलाया गया है ।

चित्र ७

वर्ग-चित्र (Squares)

क्षेत्रफलों की तुलना वर्गों द्वारा भी की जाती है। वर्गों की लम्बाई चौड़ाई बराबर होने के कारण आकर्षण अधिक होता है। उन्हें एक दूसरे के समक्ष या एक दूसरे के अन्दर रखकर तुलना की जा सकती है। वर्ग बनाते समय वर्ग की भुजा निकालने के लिए दिए हुए समंकों के वर्गमूल निकालना चाहिए और उनके अनुपात में भुजा की लम्बाई लेनी चाहिए। निम्नलिखित चित्र में भारत के तीन राज्यों की जनसंख्या सन् १९५१ की जनगणना के आधार पर वर्गों द्वारा दर्शायी गई हैं। इन जनसंख्याओं का परस्पर अन्तर इतना है कि दण्ड चित्रों का प्रयोग ठीक न होगा।

चित्र ८

वर्तुल चित्र (Circles)

द्विबिमा सामग्री को वर्तुल चित्रों द्वारा भी दिखलाया जा सकता है। ये भी क्षेत्रीय चित्र हैं और इनके क्षेत्रफलों द्वारा तुलना की जाती है। वर्तुल चित्रों को आसानी से खींचा जा सकता है और उन्हें देखते ही अन्तर ठीक समझ में आ जाते हैं। वृत्त बनाते समय समंकों के वर्गमूल लेकर उनके अनुपात में वृत्त की त्रिज्या (Radius) ले ली जाती है। तुलना करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सभी वर्तुलों के मध्य-बिन्दु एक ही लाइन में हों। नीचे के चित्र में उत्तरप्रदेश के ३ बड़े नगरों की जनसंख्याओं को वर्तुल चित्रों द्वारा दिखलाया गया है।

चित्र ९

त्रिबिमा चित्र

ये चित्र घनफल द्वारा सामग्री का प्रदर्शन करते हैं और बक्स, इष्टका, घनाकार या गेंद की शकल के हो सकते हैं। क्षेत्रीय चित्रों के समान ही त्रिबिमा चित्रों में स्थान की बचत, आकर्षण और प्रदर्शन की विभिन्नता, आदि, गुण पाये जाते हैं। घन, गोले या इष्टका बनाते समय समंकों के घनमूल निकाले जाते हैं और उनके अनुपात से उनके भुजाओं की लम्बाई ले ली जाती है। इनकी सहायता से बहुत बड़े समंकों की तुलना की जा सकती है।

नीचे के चित्र में सन् १९३४–३८ में एशिया और विश्व में गन्ने का उत्पादन घनों द्वारा दिखलाया गया है। इस चित्र को देखने से ज्ञात होता है कि कितनी बड़ी संख्याएँ कितने कम स्थान में कितनी सुन्दरता से दिखलाई जा सकती हैं।

चित्र १०

कोणीय चित्र (Angular Diagrams)

जब समग्रों के साथ साथ उनके अंगों की भी तुलना करना हो या किसी एक समग्र में उसके अंगों की महत्ता समझाना हो तो कोणीय चित्र की सहायता ली जाती है जिसमें आयत और वर्गों के समान ही वर्तुल चित्र को भी विभिन्न भागों में विभाजित किया जाता है। यदि किसी वर्तुल चित्र को विभाजित करना हो तो उसकी एक त्रिज्या (Radius) खींच ली जाती है और फिर समग्र के विभिन्न अंगों के प्रतिशत निकाल कर उन्हें ३·६ से गुणा करके उनके कोण (Angles) अंश में मालूम कर लिये जाते हैं। खींची हुई त्रिज्या पर क्रमशः एक एक अंग के कोण को प्रोट्रैक्टर की सहायता से खींचते जाते हैं और इस प्रकार वर्तुल चित्र के उतने ही विभाग बन जाते हैं जितने कि एक समग्र में भाग हों। इन विभाजित वृत्तों की सहायता से समग्रों और उनके अंगों की तुलना अच्छे प्रकार से की जा सकती है। अगले पृष्ठ के चित्र में ऐसे ही विभाजित वर्तुलों द्वारा १९४८-४९ और १९५०-५१ में किया गया भारत से सभी देशों और अमरीका को निर्यात और उसके अंगों को दिखलाया गया है।

चित्र ११

चित्रलेख (Pictograms)

चित्रलेख वास्तव में चित्रों के द्वारा लिखे हुए तथ्य हैं जिनमें चित्रों के बराबर आकर्षण, सुबोध और सरल प्रदर्शन और सुन्दरता होती है। चित्रलेखों में तथ्यों से अधिक प्रदर्शन की सुन्दरता को महत्व दिया जाता है इस कारण समग्र के महत्वपूर्ण अंकों का प्रदर्शन किया जाता है और महत्वहीन तथ्य छोड़ दिये जाते हैं। चित्रलेख भी दो प्रकार के होते हैं। एक तो वे जिनमें सामग्री की विपुलता को चित्रों के आकार द्वारा व्यक्त किया जाता है और दूसरे वे जिनमें सामग्री की विपुलता को चित्रों की विपुलता के द्वारा व्यक्त किया जाता है।

नीचे दिए गए चित्रलेख में अमेरिकन सिपाही, जर्मन श्रमिक और एक उत्तर भारतीय और एक दक्षिण भारतीय के द्वारा खाने की शक्ति की तुलना की गई है । ये पहिले प्रकार का चित्रलेख है ।

चित्र १२ (अ)

दूसरे प्रकार के चित्रलेख का उदाहरण नीचे दिया हुआ है जिसमें सन् १९४८, १९४९ और १९५० में नमक का उत्पादन दिखलाया गया है और सामग्री की विपुलता का प्रदर्शन बोरों की विपुलता द्वारा किया गया है । इस चित्र के एक बोरे के अर्थ में १०,०००,००० मन नमक है ।

यद्यपि चित्रलेखों के बनाने के लिए कोई स्थाई नियम नहीं प्रतिपादित किए जा सकते हैं परन्तु श्री रुडोल्फ मोडले के द्वारा सुझाए हुए निम्नलिखित नियम उल्लेनीय हैं:--

(१) व्यवहृत चिन्ह स्वयं-स्पष्ट होने चाहिए ।

(२) अधिक अंक अधिक चित्रों द्वारा दर्शाये जाना चाहिये ।

चित्र १२ (ब)

(३) व्यक्तिगत समंकों को चित्रलेखों द्वारा नहीं दिखलाना चाहिए और इनका प्रयोग केवल तुलना के लिए ही करना चाहिए।

(४) इनके द्वारा अनुमानित समंकों की तुलना की जा सकती है और प्रत्येक महत्वहीन अंक की नहीं।

साँख्यिकीय नक्शे (Cartograms)

सांख्यिकीय नक्शों में बिन्दुओं और रेखाओं का प्रयोग समंकों को दिखलाने के लिए किया जाता है। यदि किसी स्थान पर समंकों की आवृत्ति अधिक होगी तो वहाँ पर बिन्दुओं का जमाव उतना ही अधिक रखा जाएगा। रेखायें और बिन्दु के अतिरिक्त अन्य चिन्हों का भी प्रयोग किया जा सकता है। साँख्यिकीय नक्शे कई प्रकार के हो सकते हैं।

(अ) बिन्दु चित्र (ब) रंगीन नक्शे

(स) लाइनदार नक्शे और (द) आलपिनों के नक्शे

उपरोक्त विवरण से हम यह देखते हैं कि समंकों का प्रदर्शन एक कलाकार के समान किया जा सकता है परन्तु कलाकार के समान ही यह ध्यान में रखना चाहिए कि कल्पना की उड़ान में यथार्थता दूर न छूट जाए। सुन्दरता के लिए सांख्यिकीय प्रदर्शन में यथार्थता का बलिदान नहीं दिया जा सकता है।

वक्रों द्वारा समंकों का प्रदर्शन

वक्रों का साँख्यिकी में एक महत्वपूर्ण स्थान हैं और बिन्दुरेखीय प्रणाली में चित्रों के सभी गुणों के अतिरिक्त उनके अवगुण नहीं पाए जाते हैं अर्थात् यर्थाथता का बलिदान सुन्दरता के लिये नहीं होता। बिन्दुरेखीय प्रणाली की उपयोगिता निम्नलिखित विवरण से स्पष्ट हो जाती है:—

(१) बड़े समंकों और विशालकाय सारणीयों की अपेक्षा टेढ़ी मेढ़ी रेखाओं का मस्तिष्क पर अधिक स्थाई प्रभाव पड़ता है। उदाहरणार्थ, सांख्यिक ढंगों से अनभिज्ञ व्यक्ति किसी अस्पताल में किसी भी बीमार के बुखार का वक्र देखकर आसानी से याद रख सकता है कि किसी सप्ताह में उसकी दशा कैसी रही थी। इसी प्रकार किसी होटल के पास लगे हुए वक्र द्वारा साधारण व्यक्ति किसी भी उद्योग की प्रगति की कल्पना बड़ी सारणीयों की अपेक्षा अधिक अच्छी कर सकता है।

(२) वक्रों का तुलना करते समय एक अनोखा महत्व है और उनके द्वारा बड़ी आसानी से मूल्य-परिवर्त्तनों और जीवन-निर्वाह के स्तरों की तुलना की जा सकती है।

(३) भूयिष्ठक और अन्य स्थानिक मूल्यों (Positional Values) के मालूम करने में वक्रों का प्रयोग किया जा सकता है और गणितीय रीति द्वारा मालूम किए माध्यों की इस रीति द्वारा जाँच की जा सकती है।

(४) वक्रों के द्वारा बारम्बारता-मालाओं को बड़े अच्छे ढंग से दर्शाया जा सकता है और वे समग्र का प्रदर्शन करने के अतिरिक्त समग्र में बारम्बारता के वंटन के स्वरूप को भी समझाने में समर्थ सिद्ध होते हैं अर्थात् वक्रों द्वारा समग्र के अंक-वंटन का स्वरूप कि वह सामान्य, असंमित या प्रथुशीर्ष है, यह जाना जा सकता है।

(५) वक्रों का प्रयोग आन्तरगणन में भी किया जाता है और इसकी सहायता से समग्र के कुछ अज्ञात अंक भी मालूम किए जा सकते हैं।

(६) वक्रों की सहायता से दो या अधिक समंक-मालाओं में सह-सम्बन्ध-ज्ञापन भी किया जा सकता है।

(७) वक्रों का कालिक या ऐतिहासिक समंक-मालाओं के विश्लेषण में एक बहुत बड़ा हाथ है। इनके आधार पर चक्रीय उच्चावचन, आर्वतिक परिवर्त्तन, इत्यादि, का अध्ययन किया जा सकता है। इसके द्वारा व्यवसायिक पूर्वानुमान भी लगाए जाते हैं।

वक्रों का महत्व समझ लेने के बाद हमें देखना है कि वक्र किस प्रकार बनाए जाते हैं। वक्र किसी भी एक घटना के दो पहलुओं के क्रमबद्ध परिवर्त्तन को दिग्दर्शित करता है इस कारण उसके प्रत्येक बिन्दु के दो पहलू होते हैं जिन्हें क्रमशः (य) और (र) कहा जा सकता है। इसी बात को दूसरे ढंग से यों कहा जा सकता है कि किन्हीं भी दो सम्बद्ध–मालाओं के तत्संवादी बिन्दुओं को बिन्दुरेख कागज पर प्रांकित करने से एक बिन्दु निकलता है और ऐसे ही सभी बिन्दुओं को मिला देने से एक वक्र प्राप्त हो जाता है जो दोनों ही संबद्ध–मालाओं के अनुपातिक परिवर्त्तनों को एक आकर्षक ढंग से प्रदर्शित करता है। प्रत्येक वक्र दो परस्पर लम्ब डालने वाली रेखाओं की तुलना में बनाया जाता है जिनमें से अनुप्रस्थ (Horizontal) रेखा को भुजाक्ष और उदग्र (Vertical) रेखा को कोटि–अक्ष कहते हैं।

वक्र बनाते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि समंक मालाओं का प्रमुख भाग बिन्दु रेख चित्र के मध्य में रहे। यदि एक से अधिक वक्र हो तो प्रयत्न ये करना चाहिए कि वे पास पास हों जिससे तुलना में आसानी हो।

वक्र का आकार प्रकार न बहुत बड़ा और न बहुत छोटा होना चाहिए। प्राय: अनुप्रस्थ अक्ष की लम्बाई उदग्र अक्ष से अधिक रखी जाती है। यह कोई नियम नहीं है केवल सुन्दरता के लिए ही ऐसा किया जाता है। वक्रों के प्रांकन से पहिले उनके समंकों के अनुरूप अनुमाप (Scales) ले लेनी चाहिए।

प्राकृत माप-श्रेणी के वक्र

जैसा कि ऊपर के चित्र में दिखलाया गया है भुजाक्ष और कोटि-अक्ष दोनों एक मूल बिन्दु पर मिलते हैं जिसकी दोनों ही अक्ष पर आकृति शून्य के

बराबर होती है। उस माप-श्रेणी को जो दोनों ही दिशा में शून्य से प्रारम्भ हो प्राकृत माप-श्रेणी (Natural scale) कहते हैं। जब कोई कालिक या ऐतिहासिक माला को बिन्दुरेख कागज पर प्रांकित करना हो तो हमेशा अनु-प्रस्थ अक्ष या भुजाक्ष पर समय और कोटि-अक्ष पर अन्य तत्व दिखलाया जाता है। कालिक-माला को जब वक्र द्वारा दिखलाया जाता है तो ऐसे वक्र को कालिक-चित्र (Historigram) कहते हैं। यदि कालिक-चित्र के लिए समंक-माला के ही समंक प्रांकित किये जाएँ तो उसे निरपेक्ष कालिक-चित्र (Absolute Historigram) कहते हैं और यदि निरपेक्ष समंकों के स्थान पर किसी एक को आधार मानकर उसके सापेक्षिक निर्देशाँक प्राँकित किए जाएँ तो ऐसे कालिक-चित्र को देशना-कालिक-चित्र (Index Historigram) कहते हैं। नीचे के चित्र में एक निरपेक्ष कालिक-चित्र द्वारा सन् १९२० और १९२१ के कुछ माहों में भारत के आयात, निर्यात और व्यापार-का-अन्तर के समंक दिखलाये गए हैं।

कूट-आधार-रेखा

जब कोटि-अक्ष और भुजाक्ष दोनों एक ही मूल्य-बिन्दु पर (जिसका मूल्य शून्य के बराबर हो) न मिलते हो तो ऐसी आधार रेखा को कूट-आधार-रेखा (False Base Line) कहते हैं। प्रायः कूट-आधार-रेखा का प्रयोग कालिक-चित्रों में किया जाता है और कालिक-चित्रों के लिए समय हमेशा ही भुजाक्ष पर लिया जाता है इसलिए कूट-आधार-रेखा से ऐसी रेखा का बोध होता है जिसका भुजाक्ष शून्य से आरम्भ हो और कोटि-अक्ष (र) समंकमाला के किसी न्यूनतम समंक से शुरू हो। इस कूट-आधार-रेखा का उपयोग प्रायः इसलिए किया जाता है कि तुलना करने के लिये वक्र पास पास आ जाएँ। यद्यपि कूट-आधार-रेखा के प्रयोग से स्थान की बचत और तुलना में सुबिधा होती है इसके द्वारा उच्चावचन बहुत बड़े दिखाई पड़ते हैं और समानुपातिक विभ्रम होने का डर रहता है। इसका प्रयोग कम से कम किया जाता है। नीचे के चित्र में भारत का विदेशी व्यापार कुछ माह के लिए सन् १९५१ और १९५२ में आयात और निर्यात के रूप में अलग अलग वक्रों द्वारा कूट-आधार-रेखा की सहायता से दिखलाया गया है। इसमें भुजाक्ष यद्यपि शून्य से प्रारम्भ होती है। कोटि-अक्ष ४०० से प्रारम्भ होती है। यदि ऐसा न

किया जाता तो वक्र न मालूम कहाँ पर बनते। इस प्रकार कूट–आधार–रेखा के द्वारा ० से ४०० तक का व्यर्थ का अन्तर दूर कर दिया गया है।

चित्र १६

माप-श्रेणी परिवर्तन

कभी कभी जब दो या अधिक समंक-मालाओं के वक्र बनाना होता है तो उनको तुलना की सुविधा के लिए माप-श्रेणी परिवर्तन का सहारा लेना पड़ता है। जब एक से अधिक माप-श्रेणी ली जाएँ तो इस बात का ध्यान

रेलवे की कुल आय और पूँजी व्यय

रखना चाहिए कि वक्र एक दूसरे के बिल्कुल पास आने चाहिए। जब अलग अलग अनुमाप लिए जाएँ तो एक माला के माध्य के सामने दूसरी माला का माध्य रखना चाहिए और फिर उन माध्यों की सापेक्षिता में मापश्रेणी के अंक लेने चाहिए। इसलिए निरपेक्ष अंकों को प्रांकित करने से पहिले उदग्र श्रेणी पर दोनों ही मालाओं के माध्यों को सर्वप्रथम प्रांकित करना चाहिए। ऐसा करने से दोनों ही मालाओं के वक्र एक दूसरे के करीब होंगे जैसा कि पिछले पृष्ठ पर दिये गये चित्र से स्पष्ट है।

अर्ध-छेदा या अनुपात माप-श्रेणी

अर्ध-छेदा या अनुपात मापश्रेणी चल-समंकों (Variables) के परिवर्तनों की दर या उनकी सापेक्षिक घट-बढ़ की तुलना करने की एक विधि है। यदि भुजाक्ष के अनुमाप में गणितीय वृद्धि होती हो अर्थात् प्रत्येक अंक की बराबर कीमत हो और कोटि-अक्ष में गुणोत्तर वृद्धि हो तो ऐसी मापश्रेणी को अनुपातिक-मापश्रेणी कहते हैं। इस प्रकार की मापश्रेणी में भुजाक्ष बराबर निरपेक्ष चलन का प्रदर्शन करता है और कोटि-अक्ष बराबर अनुपातिक चलन प्रदर्शित करता है जोकि निरपेक्ष समंकों के अनुपात, या छेदा द्वारा जाने गए हों। यह मापश्रेणी अनुपात या दरों के तुलना में बहुत उपयोगी होने के कारण भी अनुपात मापश्रेणी कहलाती है। ऐसी मापश्रेणी में शून्य से प्रारम्भ होने वाली अनुप्रस्थ रेखा नहीं होती है और केवल वक्रों के झुकाव का ही महत्व होता है। इस मापश्रेणी के द्वारा हम विभिन्न एकको में दिए गए समग्रों की भी तुलना कर सकते हैं।

प्राकृत मापश्रेणी से अनुपात मापश्रेणी की निम्नलिखित प्रकार से तुलना की जा सकती है:—(१) प्राकृत श्रेणी में (य) और (र) पदों के निरपेक्ष अनुपात दिए रहते है और अनुपात मापश्रेणी में अनुपातिक परिवर्त्तनों की दरें। (२) अनुपात मापश्रेणी गुणोत्तर वृद्धि का प्रदर्शन करती है और प्राकृत मापश्रेणी गणितीय वृद्धि का।

प्राय: ऐसा होता है कि बिन्दुरेखीय वक्र यह बतलाने में असमर्थ होते हैं कि समंकों में परिवर्त्तनों की दर स्थिर, वर्धी या ह्रासमूलक है। इस समस्या के निवारण के लिए दो हल हैं:—

छेदा वक्र (Log Curves)

(१) समंक-मालाओं के समंकों को अनुपात मापश्रेणी पर प्रांकित किया जाए।

(२) उनके छेदाकों (Logarithms) को प्राकृत मापश्रेणी पर प्रांकित किया जाए।

उपरोक्त दोनों ही रीतियों के प्रयोग से जो वक्र प्राप्त होते हैं उन्हें छेदा वक्र (Logarithmic Curves) कहते हैं। इन वक्रों के निर्वचन करते समय हमें ध्यान रखना चाहिए कि (अ) यदि वक्र ऊपर की ओर बढ़ रहा हो तो इस आरोही गति से हमें यह समझना चाहिए कि वृद्धि की दर हमेशा बढ़ रही है और इसी प्रकार वक्र की अवरोही गति से हमें यह अनुमान लगाना चाहिए कि वृद्धि की दर में क्रमिक ह्रास

हो रहा है। (ब) यदि वक्र एक आरोही सीधी रेखा है तो वृद्धि की दर समान गति से बढ़ रही है और यदि एक अवरोही सीधी रेखा है तो वृद्धि की दर समान गति से घट रही है। (स) यदि वक्र समानान्तर हो तो वे समान प्रतिशत दर से घट-बढ़ प्रदर्शित करते हैं।

छदा वक्रों का प्रयोग घट-बढ़ की दरों की तुलना, आन्तरगणन और वाह्यगणन और देशना-कालिक-चित्र के प्रदर्शन में किया जाता है। इनके द्वारा सापेक्षिक उच्चावचनों की महानता को भी दर्शाया जासकता है।

इन वक्रों का प्रयोग विभिन्न मालाओं के निरपेक्ष अंकों की तुलना में नहीं किया जा सकता है और जबकि कुछ अंक विलोम (—) हों। इसके अतिरिक्त इन वक्रों का निर्वचन एक कठिन काम है जोकि सांख्यिकी से अनभिज्ञ व्यक्ति समझ भी नहीं सकता है।

बारम्बारता या आवृत्ति वक्र

कालिक-मालाओं के अतिरिक्त बारम्बारता-मालाओं को भी चित्रों और वक्रों की सहायता से प्रदर्शित किया जा सकता है। किसी भी विच्छिन्न-माला को लकीरों या दण्ड-चित्र द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है जैसा

बारम्बारता दण्ड-चित्र

कि हम इस अध्याय के प्रारम्भ में देख चुके हैं। एक अविच्छिन्न-बारम्बारता-माला को भी एक विशिष्ट प्रकार के दण्ड-चित्र द्वारा दिखलाया जा सकता है जिसे "बारम्बारता-दण्ड-चित्र" (Histogram) या इष्टका चित्र (Block Diagram) कहते हैं। यह चित्र सीढ़ीनुमा दिखलाई देता है और इसका प्रत्येक दण्ड समंकमाला का एक एक संभाग और उसकी उचाँई प्रत्येक संभाग की आवृत्ति दिखलाते हैं। इस चित्र को बनाने में भुजाक्ष पर आकृति और कोटि-अक्ष पर बारम्बारता या आवृत्ति ली जाती हैं।

उपरोक्त बारम्बारता-दण्ड-चित्र समंकमाला का पूर्ण चित्र अंकित करता है। यदि प्रत्येक संभाग को प्रदर्शित करने वाले दण्ड के शिरोभाग की रेखाओं के मध्य-बिन्दुओं को चित्र की आधार रेखा के अन्तस्थ बिन्दुओं से सीधी रेखाओं द्वारा मिला दिया जाए तो जो चित्र प्राप्त होता है उसे बारम्बारता बहुभुज (Frequency Polygon) कहते हैं। कभी कभी जब समंकमाला विषम अंकों की बनी होती हैं और बारम्बारता के एकदम घटने या बढ़ने के कारण चित्र ठीक नहीं बन पाता है तो दण्ड-चित्र की अपेक्षा बहुभुज अधिक अच्छे ढंग से समंकमाला का प्रदर्शन करने में समर्थ होता है। बारम्बारता-दण्ड-चित्र और बहुभुज दोनों ही का क्षेत्रफल बराबर होता है।

बारम्बारता बहुभुज

बारम्बारता-बहुभुज समंकों की आकृतियों के विचरण की नियमिता को समझाने में असमर्थ रहता है क्योंकि उसकी लकीरों से एक अविच्छिन्न वक्र नहीं बन पाता है। इस कमी को दूर करने के लिए बारम्बारता-दण्ड-चित्र के मध्य-बिन्दुओं को सीधी रेखाओं की सहायता से न जोड़ते हुए यदि मुक्त-हस्त-रेखाओं (Freehand Curve) द्वारा जोड़ा जाए तो एक अविच्छिन्न-वक्र प्राप्त हो सकेगा। इस प्रकार प्राप्त किए गए वक्र को "बारम्बारता वक्र" (Frequency Curve) कहते हैं।

बारम्बारता वक्र

उपरोक्त चित्र को सरलित-बारम्बारता-चित्र (Smoothed Histogram) भी कहते हैं। वक्र को सरलित करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वक्र बारम्बारता-बहुभुज की चोटी से ऊपर होकर जाए और एक नियमित व समान वक्र मालूम पड़े जिसमें न्यूनतम आकस्मिक घुमाव हों। एक अविच्छिन्न-माला में बारम्बारता-वक्र प्राप्त करने के लिए ब भुज बनाना तो आवश्यक है परन्तु दण्ड-चित्र बनाने की आवश्यकता नहीं। यदि अविच्छिन्न-माला के संभागों के मध्य-बिन्दुओं और बारम्बारताओं को प्राँकित किया जाए तो बिना दण्ड-चित्र बनाए हुए ही बहुभुज प्राप्त किया जा सकता है।

बारम्बारता-दण्ड-चित्र, बहुभुज या वक्र की सहायता से भूयिष्ठक मालूम किया जा सकता है। भूयिष्ठक की परिभाषा 'सरलित-दण्ड-चित्र की चोटी के अंक की आवृत्ति' के रूप में भी की गई है और इस प्रकार यदि बहुभुज की चोटी या वक्र की चोटी से भुजाक्ष पर एक लम्ब (Perpendicular) डाला जाय और भुजाक्ष पर लम्ब द्वारा बनाये हुए बिन्दु से मूल बिन्दु (०) तक का अन्तर नाप लिया जाय तो वह भूयिष्ठक की आकृति होगी। नीचे एक बारम्बारता-वक्र द्वारा भूयिष्ठक निकाला गया है:—

जब कोटि-अक्ष पर बारम्बारता के स्थान पर संचयी-बारम्बारता ली जाती है तो वक्र की प्रकृति सदा आरोही रहती है और ऐसे वक्र को "संचयी-बारम्बारता-वक्र" (Ogive Curve) कहते हैं। इस वक्र के आँकड़ों

को प्राँकित करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोटि-अक्ष पर संचयी आवृत्ति और भुजाक्ष पर संभागों की उच्च-सीमाओं (सी$_2$) को प्राँकित किया जाता है। संचयी-बारम्बारता-वक्र का प्रयोग अनुस्थिति मूल्यों (Positional Values) जैसे मध्यका, चतुर्थांश, दशाँस इत्यादि के निकालने में किया जा सकता है। नीचे के उदाहरण में संचयी-आवृत्ति-वक्र की सहायता से मध्यका की आकृति निकाली गई है।

वक्रों की सहायता से एक ही दिन पर एक ही वस्तु के मूल्यों के परिवर्त्तन और अधिकतम व न्यूनतम मूल्य दिखलाए जा सकते हैं। इस प्रकार के वक्र को "क्षेत्रीय वक्र" (Zone Curve) कहते हैं और इसे प्राँकित करने के लिए एक ही दिन एक ही मापश्रेणी पर किसी वस्तु के उच्चतर और न्यूनतम मूल्यों को प्राँकित कर दिया जाता है और उन बिन्दुओं को मिला दिया जाता है। ऐसे सभी लाइनों या दण्डों को मिला देने से क्षेत्रीय-वक्र बन जाता है जैसा कि नीचे के उदाहरण से स्पष्ट है।

दण्ड या आयत चित्रों के समान वक्रों द्वारा भी कुल और अंगों दोनों की ही तुलना की जा सकती है। सबसे ऊपर के वक्र के नीचे का सम्पूर्ण क्षेत्र सम्पूर्ण समग्र दर्शाता है और उसके नीचे की पंक्तियाँ विभिन्न अंगों का दर्शन करते हैं। इस प्रकार के वक्रों को पाँति-वक्र (Band Curves) कहते हैं। अगले उदाहरण में पाँति-वक्र द्वारा भारत का कुछ वर्षों के लिए कुल उत्पादन, आंतरिक उपभोग, और निर्यात दिखलाए गए हैं।

पाँति-वक्र

Production home consumption and export of Indian coal.

वक्रों की सहायता से समग्र का अंक-वंटन समझाया जा सकता है और आय, भृत्ति, लाभ इत्यादि का वितरण स्पष्ट किया जा सकता है। वक्र अंक-वंटन का स्वरूप और प्रकृति स्पष्ट करने की बहुत ही स्पष्ट रीति प्रदान करते हैं जिन्हें देखकर ही सांख्यिकीय ज्ञान से अनभिज्ञ व्यक्ति भी अंक-वितरण समझ सकता है।

दो या अधिक वक्रों के परस्पर सह-सम्बन्ध को गुणक की अपेक्षा वक्रों द्वारा अधिक सुबोध व सरल बनाया जा सकता है। अगले पृष्ठ के उदाहरण में (अ), (ब) और (स) तीन मालाओं का परस्पर सह-सम्बन्ध वक्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया है जिन्हें देखने मात्र से ही यह मालूम पड़ता है कि (अ) और (ब) में समान, और (अ) और (स) में असमान घट-बढ़

होती है । उनके उच्चावचनों से यह जाना जा सकता है कि (अ) और (ब) में संगामी सह-सम्बन्ध और (अ) और (स) में प्रतिगामी सह-संबन्ध है ।

वक्रीय-रीति से समग्र के अज्ञात अंकों का आन्तरगणन एवं वाह्यगणन किया जा सकता है परन्तु यह पद्धति केवल उसी समय ठीक सिद्ध होती है जबकि चक्रीय उच्चावचनों को सरलित कर लिया जाए क्योंकि कुछ पहले के अंकों के आधार पर ही आन्तरगणन या पूर्वानुमान लगाए जाते हैं ।

वक्रीय-पद्धति कालिक-मालाओं के चक्रीय उच्चावचन, मौसमी परिवर्त्तनों, और सुदीर्घकालीक परिवर्त्तनों के अध्ययन और व्यवसायिक पूर्वानुमानों में भी बहुत महत्व रखते हैं जिसका विवरण अगले अध्याय में दिया गया है ।

EXERCISES

अभ्यास प्रश्न

1. Write short notes on : Bar-diagram (दण्ड चित्र) Pie-diagram (वर्तुल चित्र), three dimensional diagram (त्रिविमा चित्र), Pictogram (चित्रलेख) Staircase diagram (सीढ़ीनुमा चित्र) Globes, Two-unit Bar diagram (द्विएकक चित्र), Cartogram (मानचित्र).

2. What kind of statistical data are best represented by diagrams (चित्र) ? Illustrate your answer with examples.

(*B. Com.*, *Agra*, 1937).

3. (i) Diagrams (चित्र) are meant for a rapid view of the relation of different data and their comparison—Discuss.

(ii) Draw a 'Bar' (दण्ड) or 'Pie' (वर्तुल) diagram to represent the following data :—

Out put and cost of production of coal

	1924	1928
Cost per ton disposed commercially		
Wages	12·74	7·95
Other costs	5·46	4·51
Royalties	0·56	0·50
Total	18·76	12·96
Sale proceeds per ton	19·91	12·16
Profit (+) or loss (—) per ton	+ 1·15	— 0·80

(*M. A.*, *Agra*. 1940).

4. Value of the imports of glass and glassware into India from different countries—during the year 1931-32.

Japan	42 lakhs of Rs.
Czechosolvakia	23 ,,
Germany	20 ,,
U.K.	13 ,,
Belgium	13 ,,
Other countries	11 ,,

Represent the above figures by suitable (समुचित चित्र) diagrams.

(*B. Com., Alld* 1933).

5. Draw a suitable diagram to represent the following information :—

Factory	Wages	Materials	Profits	Units Produced
A	2000	3000	1000	1000
B	1400	2400	1000	800

Show also the cost and profit per unit. (प्रति इकाई)

(*B. Com., Agra*, 1943).

6. The following table gives the birth rates and death rates of a few countries of the world during the year 1931:—

Country	Birth rate	Death rate
Egypt	44	27
Canada	24	11
U.S.A.	19	12
India	33	24
Japan	32	19
Germany	16	11
France	18	16
Irish Free State	20	14
United Kingdom	16	12
Soviet Russia	40	18
Australia	20	09
New Zealand	18	08
Palestine	53	23
Sweden	15	12
Norway	17	11

Represent the above figures by a suitable diagram.

(*B. Com., Luck.*, 1938)

7. Represent the following by a suitable diagram :—

Principal heads of Revenue	1938-39 Lacs of Rs.	1939-40 Lacs of Rs.
Custom	4050	4588
Central Excise Duties	868	652
Corporation Tax	204	238
Taxes on income	1374	1420
Salt	812	1080
Opium	50	46
Other heads	112	130

(*B. Com., Nagpur,* 1943).

8. The following table give the details of monthly expenditure of three families :—

Items of Expenditure	Family A	Family B	Family C
Food	12 0	30 0	90
Clothing	2 0	7 0	35
House-rent	2 0	8 0	40
Education	1 8	3 0	12
Litigation	1 0	5 0	40
Conventional necessity	0 8	3 0	60
Miscellaneous	1 0	4 0	23

Represent the above figures by a suitable diagram. Which family is spending the money most wisely ? Give reasons.

(*M., A. Alld.,* 1937).

9. Show by suitable diagrams, the absolute (निरपेक्ष) well as relative (सापेक्षिक) changes in the student population of the colleges A and B in the different departments, from 1940 to 1947.

	A		B	
	1940	1947	1940	1947
Arts	300	350	100	200
Science	120	500	150	250
Commerce	200	650	130	150
Law	100	300	100	120

(*B. Com.*, *Agra*, 1948).

10. Diagrammatically compare the following statistics of textiles production and imports in India. What conclusions do you draw from the given figures ?

	In crores of yards	
	1913-14	1938-39
Mill production	116·4	426·9
Handloom production	106·8	192·0
Imports	319·7	64·7

(*B. Com.*, *Alld.*, 1946).

11. Write short notes on the following:—Histogram (बारम्बारता चित्र), Historigram (कालिक चित्र), Ogive (संचयी आवृत्ति चित्र), Lorenz curve (लारेंज वक्र), Natural scale (प्राकृतमाप श्रेणी), Logarithmic scale (छेदा मापश्रेणी).

12. Represent the figures given below on a graph paper and comment upon their relationship.

	Price in Rs. per Maund	
Year	Rice	Arhar
1929	12·4	7·8
1930	10·4	5·6
1931	4·5	3·6
1932	3·9	3·6
1933	3·7	3·3
1934	3·7	3·3
1935	3·9	4·7
1936	3·6	3·4
1937	4·3	4·3
1938	4·1	4·3
1939	4·3	4·2
1940	4·7	3·9

(*B. Com., Agra*, 1944).

13. Represent graphically the Index Numbers (निर्देशांक) (July 1914-100) of Wholesale Prices of following places and also write a reasoned note on the same.

Year	Bombay	Price Indices Karachi	Calcutta
1923	181	148	172
1924	182	154	173
1925	163	151	159
1926	149	140	148
1927	147	137	148
1928	146	137	145
1929	145	133	141
1930	126	108	116
1931	109	95	96
1932	109	99	91
1933	98	97	87
1934	95	96	89
1935	99	99	91
1936	96	102	91
1937	106	108	102

(*B. Com., Bombay*, 1939).

14. From the figures given below draw a graph to show which group has greater inequality (विषमता या असमानता)

Income	No. of Persons. A group	No. of Persons. B group
Below 500	6,000	5,000
500-1000	4,250	4,500
1000-2000	3,600	4,800
2000-3000	1,500	2,200
3000-4000	650	1,500

(*B. Com., Agra*, 1947).

15. What are the advantages of the Ratio Scale (अनुपात-मापश्रेणी) over the Natural Scale (प्राकृत मापश्रेणी) ? Plot the following data graphically on the logarithmic scale:—

Year	Total Notes issued in crores of Rs.	Notes in Circulation in crores of Rs.
1933-34	177	167
1934-35	186	172
1935-36	196	167
1936-37	208	192
1937-38	214	185
1938-39	207	187
1939-40	252	237
1940-41	269	258
1941-42	421	410
1942-43	650	625

(*B. Com., Nagpur*, 1943).

16. Plot (a) a Histogram (बारम्बारता-दण्ड-चित्र) (b) Cumulative frequency curve (संचयी-बारम्बारता-वक्र) from the following data.

Number of Dairy farms according to Cost of Production of Milk, 1935-36.

Cost of Production per gallon	4-6	6-8	8-10	10-12	12-14	14-16	Total
Total Number of farms	13	111	182	105	19	7	437

Find the approximate value of Median (मध्यक) from the Cumulative Curve (संचयी-आवृत्ति-वक्र) and mark that value on the Histogram (बारम्बारता-दण्ड-चित्र)

(*B. Com.*, *Rajputana*, 1949).

17. The following table shows the total sales of gold by the Bank of England on foreign account. Represent the data graphically on the logarithmic scale :—

Year		£ '000
1910	...	14,488
1911	...	8,228
1912	...	9,670
1913	...	7,943
1914	...	8,027
1915	...	43,076
1916	...	2,360

(*B. Com.*, *Alld.*, 1932).

18. Plot the following figures relating to Population of India (undivided) so as to show the proportionate increase (समानुपातिक वृद्धि) in population from one period to another.

Year		Population (000,000's omitted)
1872	...	210
1881	...	250
1891	...	290
1901	...	295
1911	...	315
1921	...	320
1931	...	350
1941	...	390

(*B. Com., Nagpur*, 1945).

19. Describe the Lorenz Graph (लारेंज वक्र) How does it differ from an Ogive (संचयी आवृत्ति वक्र) ? Illustrate your answer by fitting a Lorenz Curve and an Ogive to the following data:—

Percentage of age distribution of the male population in British India, 1931.

Age Group	Males
0-10	82.0
10-20	20.9
20-30	17.7
30-40	14.3
40-50	9.7
50-60	5.6
60-70	2.7
70-over	1.1
Mean Age (मध्यक उम्र)	23.2

(*M.A., Patna*, 1940).

20. The following table gives the prices of gold and wheat and Net export of gold during the years 1931-32 to 1938-39:—

Years	Average price of gold (per tola)		Average price of wheat (per md.)	Net export of gold
	Rs.	as.	Rs.	Crores of Rs.
1931-32	25	4	3.3	58
1932-33	30	12	3.3	65
1933-34	33	6	2.8	57
1934-35	35	8	3.1	52
1935-36	35	4	3.2	37
1936-37	36	0	3.9	28
1937-38	36	6	3.0	16
1938-39	37	12	3.4	13

Plot the above figures on a graph paper and comment upon their relationship. (*M.A.*, *Agra*, 1943).

अध्याय १६.

कालिक मालाओं का विश्लेषण
(Analysis of Time Series)

विवरणात्मक समंकों के लिए तो मध्यक या विचरण के माप विश्लेषण की रीतियाँ प्रदान कर सकते हैं परन्तु जब कालिक-मालाओं में काल परिवर्त्तनों का अध्ययन करना अभीष्ट हो तो समग्र के विश्लेषण की साधारण रीतियाँ उपयोगी सिद्ध नहीं हो पाती है। इस शताब्दी में 'परिवर्तनशील' स्थिति के सम्बन्ध में अर्थशास्त्रियों का ध्यान बहुत लगा रहा है और जगत के परिवर्तनमय तत्वों के अध्ययन के लिए समाजशास्त्रियों, डाक्टरों, जीव-वैज्ञानिकों इत्यादि सभी की अपनी अपनी समस्याएँ है। एक व्यवसायी काल-परिवर्तनों के विश्लेषण द्वारा अपने व्यवसाय को आकस्मिक उच्चावचनों सम्भावित अवसाद और विकट मूल्य-परिवर्तनों से बचा सकता है। इस प्रकार के विश्लेषण का उद्देश्य भूतकालिक परिवर्तनों के आधार पर भावी संभावित परिवर्तनों के सम्बन्ध में अनुमान लगाना है।

बहुत से व्यवसायों में कालिक-मालाओं में प्रायः निम्नलिखित स्पष्ट परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं:—

(अ) मूलभूत या सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति
(ब) आर्त्तव विचरण या उच्चावचन
(स) चक्रीय उच्चावचन

उपरोक्त काल-परिवर्तन अनेक कारणों से होते हैं और उनके आधार पर भावी पूर्वानुमान लगाये जा सकते हैं। इन्हीं पूर्वानुमानों पर व्यापारियों के भविष्य निर्भर होते हैं।

सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति

दीर्घकाल में किसी भी तत्व के घटने या बढ़ने की प्रवृत्ति को 'प्राथमिक परिवर्तन या सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति (Secular Trend) कहते हैं। यह एक ऐसी प्रवृत्ति है जोकि समंकमाला में मौसमी, चक्रीय या अन्य प्रकार

के उच्चावचनों के अभाव में पाई जाती है। इस प्रकार किसी भी कालिक-माला में सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति किसी वृद्धि-तत्व (Growth Factor) या ह्रास-तत्व (Decline Factor) की उपस्थिति के कारण दृष्टिगोचर होती है। व्यवसायों की कालिक-मालाओं में वृद्धि-तत्व पूँजी-निर्माण, विशिष्टीकरण, अति-उत्पादन, वैज्ञानिकरण, श्रम-व्यवस्था, इत्यादि, के रूप में हो सकते हैं और ह्रास तत्व, प्रतियोगिता की वस्तुओं के निर्माण, पूर्ति की कमी या व्यापारिक असुविधाओं के रूप में पाए जा सकते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि व्यवसायिक कालिक-मालाओं में एक ही प्रकार की सुदीर्घकालीन प्रवृत्तियाँ पाई जाए। इन प्रवृत्तियों के स्वरूप घट-बढ़ के अनुपातों के अनुसार विभिन्न होंगे।

कालिक-मालाओं के विश्लेषण में सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति का अध्ययन करने के लिए अल्पकालीन उच्चावचनों को हटा देना पड़ता है। किसी भी समंक माला के अल्पकालीन परिवर्तनों को हटाने के लिए निम्नलिखित ढंगों का प्रयोग किया जाता है:—

(१) मुक्तहस्त वक्र रीति (Freehand Curve Method).

इस रीति के अनुसार कालिक-माला के उच्चावचनों को मुक्तहस्त द्वारा वक्र खींच कर सरलित कर दिया जाता है। सरलन (Smoothening) की क्रिया एक अनुभवी सांख्यिक के लिए तो ठीक है परन्तु अनुभवहीन प्रयोगी इस रीति से प्रायः गलत वक्र अन्वायोजन करेगा। सरलन करने की एक अच्छी रीति ये है कि तीन वक्र खींचे जाए। पहले दो वक्र तो उच्चावचनों में सर्वाधिक वृद्धि और सर्वाधिक ह्रास के लिए और तीसरा उत्तम-अन्वायोजन-वक्र (Line of best fit)। इस रीति की आलोचना की जा सकती है क्योंकि एक ही सामग्री से दो या अधिक व्यक्ति भिन्न भिन्न प्रकार के वक्रों का अन्वायोजन करेंगे। इसके अतिरिक्त एक अनुभवहीन व्यक्ति केवल अर्थरहित लकीरें ही खींच सकेगा। इस कमी को दूर करने के लिए समंक-माला को कई भागों में विभक्त करके उनके माध्यों को प्रांकित करके फिर वक्र-अन्वायोजन किया जा सकता है। इस प्रकार से खींचा गया वक्र उत्तम-अन्वायोजन वक्र होगा।

(२) चल माध्य रीति (Moving Average Method)

अल्पकालीन उच्चावचनों को दूर करने का एक सरल और लोचदार तरीका चल-माध्य-रीति है। चल-माध्यों का निकालना माध्यों के अध्याय में बतलाया जा चुका है। पंच-वर्षीय चल-माध्य निकालने के लिए पहले पाँच वर्षों के पदों को जोड़ कर ५ से भाग देकर तीसरे अंक के सामने लिख दिया जाता है और इसके बाद के चल-माध्यों के लिए प्रत्येक बार पहला पद छोड़ दिया जाता है। यदि इस प्रकार प्राप्त की गई चल-माध्यों की पदमाला को बिन्दुरेख कागज पर प्रांकित किया जाये तो चल-माध्यों का वक्र सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति दिखलायेगा। चल-माध्य इस प्रकार अल्पकालीन उच्चावचनों को दूर कर देते हैं। चल-माध्य के लिए उपयुक्त अवधि मालूम करने के लिए कालिक-चित्र की आर्वातता (Periodicity) को ध्यान में रखा जाता है। निरपेक्ष पदों को प्रांकित करने से जो वक्र प्राप्त होता है उसके उतार और चढ़ावों के उच्चतम और निम्नतम बिन्दुओं के अन्तर को आर्वातता कहते हैं। यदि कोई महत्वपूर्ण चढ़ाव प्रति पाँच वर्ष में आता हो तो अल्पकालीन उच्चावचनों को दूर करने के लिए पंचवर्षीय चल-माध्य लेना ठीक होगा। अगले पृष्ठ के उदाहरण में सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति का विश्लेषण किया गया है। निरपेक्ष अंकों में वक्र में अल्पकालीन उच्चावचन पूरे पूरे दृष्टिगोचर होते हैं और पंच-वर्षीय चल-माध्यों के वक्र में यही उच्चावचन कम हो गए हैं और नौ-वर्षीय चल-माध्यों के वक्र में इनका पूर्ण लोप हो गया है। यही नौ-वर्षीय चल माध्यों का वक्र ही सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति का दिग्दर्शन कराता है।

इस प्रकार चल-माध्य अल्पकालीन प्रदोल (Oscillations) का सरलन कर देते हैं और उनके द्वारा प्राप्त वक्र एक नियमित वक्र होता है जो समंकों की सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति या उपनति पर प्रकाश डालता है। चल-माध्यों की अवधि जितनी बड़ी ली जाएगी अर्थात् चल-माध्यों में जितने अधिक अंक लिए जाएगें प्रवृत्ति उतनी ही सरल और नियमित होती जावेगी।

चल-माध्यों के कुछ दोष भी बतलाये जाते हैं, जैसे,

(१) चल-माध्य केवल केन्द्रीय प्रवृत्ति का दिग्दर्शन करा सकते हैं और वक्र के उच्चावचनों पर किंचित मात्र भी प्रकाश नहीं डालते।

ABSOLUTE VALUES
5 YEARLY MOVING AVERAGE (TREND)
9 YEARLY MOVING AVERAGE
BANK CLEARINGS
0
20
40
60
80
100
120
140
160
180
200
220
240
260
280
1916
17
18
19
20
21
22
23
24
25
26
27
28
29
30
31
32
33
34
35
36
37
38
39
40
YEARS

(२) इनका प्रयोग उसी समय किया जा सकता है जबकि समंकों में उच्चावचन (Periodic fluctuations) हों क्योंकि इनकी अवधि समंकों की आवर्तिता (Periodicity) पर निर्भर रहती है।

(३) क्योंकि माध्य अवधि के मध्य-बिन्दु सूचक होते हैं इसलिए उन्हें आधुनिकतम नहीं बनाया जा सकता है।

(४) चल-माध्यों पर अभिनति (Bias) का बहुत अधिक प्रभाव होता है।

(३) सरल रेखा अन्वायोजन रीतियाँ

सरल-रेखा-अन्वायोजन (Fitting straight lines) द्वारा भी सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति का अध्ययन किया जा सकता है। सरल-रेखा-अन्वायोजन की दो रीतियाँ हैं—(अ) अर्ध-माध्यों की रीति (Method of Semi-Averages) और (ब) अल्पतम वर्गों की रीति (Method of Least Squares)।

(अ) अर्ध-माध्यों की रीति के अनुसार कालिक-माला को दो बराबर भागों में विभक्त किया जाता है और तदुपरान्त दोनों ही भागों के माध्यों को प्राँकित करके बिन्दुओं को सरल रेखा द्वारा जोड़ दिया जाता है। यह एक सरल और सुगम विधि है परन्तु इसमें एक दोष यह है कि चक्रीय प्रभावों के कारण दोनों में से कोई एक माध्य बहुत छोटा या बहुत बड़ा हो सकता है और ऐसा होने पर व्यवसायिक चक्र का प्रभाव सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति का यथार्थ माप न आने देगा। यह रीति गणितीय और अर्ध-छेदा या अनुपातिक दोनों ही प्रकार की प्रवृत्तियों के अध्ययन में काम आ सकती हैं।

(ब) अल्पतम वर्गों की रीति गणितीय शुद्धता से परिपूर्ण रीति है। इस रीति के अनुसार 'उत्तम-रेखा-अन्वायोजन' (Line of best fit) किया जाता है। यह रेखा मध्यक के समान है क्योंकि जिस प्रकार मध्यक किसी भी माला के विभिन्न पदों का संक्षिप्त विवरण देता है उसी प्रकार यह रेखा भी अल्पतम वर्गों की सहायता से पूरी कालिक-माला के परिवर्त्तनों को एक संक्षिप्त रूप में दर्शन कराती है।

निम्नलिखित सारणी में भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार के निर्देशाँक दिए गए हैं जिनकी आपको सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति अल्पतम वर्गों की रीति से मालूम करनी है ।

मास (य)	निर्देशाँक (र)	जून १९४२ से विचलन (वि)	विचलनों के समायत (वि²)	(वि×र)	प्रवृत्ति के कोटि-अक्ष अंक
१९४१					
अक्टूबर	१२७·४	—८	६४	—१०१९·२	१०९·४
नवम्बर	१२७·९	—७	४९	—८९५·३	११५·३
दिसंबर	१२७·५	—६	३६	—७६५·०	१२१·२
१९४२					
जनवरी	१२८·४	—५	२५	—६४२·०	१२७·१
फरवरी	१३२·३	—४	१६	—५२९·२	१३३·०
मार्च	१३०·५	—३	९	—३९१·५	१३८·९
अप्रैल	१३६·५	—२	४	—२७३·०	१४४·८
मई	१४४·७	—१	१	—१४४·७	१५०·७
जून	१५२·३	०	०	०	१५६·६
जुलाई	१५५·८	१	१	१५५·८	१६२:५
अगस्त	१५८·९	२	४	३१७·८	१६८·४
सितंबर	१६१·०	३	९	४८३·०	१७ ·३
अक्टूबर	१६७·२	४	१६	६६८·८	१८०·२
नवम्बर	१७२·४	५	२५	८६२.०	१८६·१
दिसम्बर	१७८·५	६	३६	१०७१·०	१९२·०
१९४३					
जनवरी	१९०·८	७	४९	१३३५·६	१९७·९
फरवरी	२७०·०	८	६४	२१६०·०	२०३·८
योग १७	Σ र = २६६२·१		Σ वि² =४०८	Σ वि र =२३९४·१	

$$\text{मासिक निर्देशांकों का मध्यक} = \frac{\Sigma\, \text{र}}{\text{यो}} = \frac{२६६२\cdot१}{१७} = १५६\cdot६$$

$$\text{वृद्धि की दर} = \frac{\Sigma\, \text{विर}}{\Sigma\, \text{वि}^2} = \frac{२३९४\cdot१}{४०८} = ५\cdot९$$

अब प्रवृत्ति के कोटि-अक्ष के अंक निकालने के लिए जून १९४२ का कोटि-अक्ष अंक १५६·६ को लेकर उसके पहले के महीनों के अंकों के लिए प्रतिमाह ५·९ घटाते जावेंगे और जून १९४२ के नीचे के प्रत्येक मास के लिए ५·९ जोड़ते जावेंगे। इस प्रकार प्रवृत्ति के अंक मालूम कर लेने पर उन्हें प्रांकित करके जब बिन्दुओं को जोड़ा जाएगा तो एक सीधी रेखा मिलेगी जिसे अल्पतम वर्गों के अनुसार प्राप्त उत्तम-अन्वायोजन-रेखा कहा जावेगा।

अल्पतम वर्गों की रीति को समझाने के लिए नीचे कोटि-अक्ष अंकों के परिगणन की विधि दी जा रही है:—

(१) सभी समंकों का मध्यक निकालिये। यह उत्तम अन्वायोजन रेखा के लिए मध्य-बिन्दु का काम देगा।

(२) बीच के मास या वर्ष से कालिक-विचलन (Time deviations) मालूम कीजिए। उपरोक्त उदाहरण में जून सन् १९४२ से कालिक-विचलन लिए गए हैं।

(३) इन विचलनों के समायत (Squares) निकालिए और उन समायतों का योग मालूम कीजिए।

(४) समंकमाला के विभिन्न पदों को कालिक-विचलनों से गुणा कीजिए और उनके गुणनफलों का योग निकालिये।

(५) उपरोक्त उदाहरण के समान वृद्धि की दर मालूम कीजिए।

(६) प्रवृत्ति के कोटि-अक्ष अंक निकालने के लिए मध्य वर्ष के सामने समंक माला का मध्यक रख कर वृद्धि दर के प्रयोग से उपनति के अंक मालूम कीजिए।

उपरोक्त वर्णित रीतियाँ अल्पकालीन प्रवृत्तियों के निरसन (Elimination) के द्वारा सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति मालूम करती हैं परन्तु जब कभी अल्पकालिक उच्चावचनों को महत्व देना अभीष्ट हो तो सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति

का निरसन करना होगा। ऐसा करने के लिए समंकों का पुर्नप्रांकण (Replotting) करना होगा। पुर्नप्रांकण के समंक समंकमाला के अंकों में से तंत्संवादी चल-माध्यों को घटाकर मालूम किए जायेगें। इन्हीं अन्तरों को अल्पकालीन प्रदोल (Oscillations) कहते हैं। अल्पकालीन प्रदोल को प्रदर्शित करने वाले समंकों को प्रांकित करते समय भुजाक्ष पर काल और कोटि-अक्ष पर प्रवृत्ति से विचलनों का प्रांकण किया जायेगा। जैसा कि नीचे के चित्र से स्पष्ट है जिसमें चल-माध्यों से विचलनों को प्रांकित किया गया है।

अल्पकालीन प्रदोल

अल्पकालीन परिवर्त्तन या प्रदोल वृद्धि और ह्रास के कारणों से आकस्मिक रूप से सुदीर्घकाल की प्रवृत्ति में उच्चावचन निर्माण कर देते हैं। ये परिवर्त्तन तीन प्रकार के होते हैं:—(१) आर्तव या मौसमी (Seasonal) (२) आकस्मिक या असमान्य (Accidental or Abnormal) और (३) आवर्तिक (Periodic)।

आर्तव या मौसमी विचरण

प्रायः सभी व्यवसायिक क्रियाओं पर मौसमी या आर्तव प्रभाव पड़ते हैं जिनके कारण व्यापार में तेजी मंदी आती है। इन परिवर्त्तनों का प्रभाव ये होता है कि सामान्य व्यापारिक स्थिति से व्यापार अधिक या कम होने लगता है परन्तु यह केवल अल्प-काल के लिए ही जब तक आर्तव या मौसम का प्रभाव रहता है। आर्तव-प्रभाव चक्रीय (Cyclical) प्रभाव की अपेक्षा थोड़े समय के अन्तर से आता है और अल्पकाल के पश्चात् ही चला भी जाता है। ये भी एक प्रकार के आवर्त्तिक प्रदोल (Periodic oscilliations) कहे जाते हैं परन्तु इनकी अवधि कम रहती है।

आर्तव या मौसमी परिवर्त्तनों को नापने के लिए सामान्य रूप से निम्नलिखित रीतियों का प्रयोग किया जाता है:—

(१) आर्तव माध्य रीति (Seasonal Average Method):— इस रीति के अनुसार प्रत्येक मौसम का माध्य निकाला जाता है। यदि समंकों पर चक्रीय उच्चावचनों का प्रभाव हो तो माध्य निकालने से पूर्व कुछ परिवर्त्तन करने पड़ते हैं। मौसम के माध्य निकालने के लिए वर्ष के प्रत्येक महीने के समंकों को कई वर्षों के लिए जोड़ लिया जाता है और उन योगों को वर्षों के योग से भाग दे दिया जाता है—जैसे जनवरी या फरवरी कई वर्षों की जोड़ कर उन्हें वर्षों की संख्या से भाग दे दिया जाए। इस प्रकार आर्तव-माध्य मालूम कर लिए जाते हैं। इस रीति को 'मासिक योग' या 'मासिक माध्य' रीति भी कहते हैं। कभी कभी प्रत्येक महीने का योग कुल महीनों के माध्य के प्रतिशत के रूप में भी लिखे जाते हैं जो कि आर्तव परिवर्त्तनों के द्योतक होते हैं। इस रीति का गुण इस बात में है कि यह बहुत आसान है परन्तु इसका दोष है कि यह सुदीर्घकालीन प्रवत्ति को एकदम महत्व नहीं देती।

(२) प्रवृत्ति रीति (Trend Method):—उपरोक्त रीति प्रवृत्ति के अंकों को किंचित मात्र भी महत्व नहीं देती है इसलिए 'प्रवृत्ति के अनुपातों' (Ratio to-Trend) को रीति का प्रयोग किया जा सकता है। इस रीति के अनुसार समंकों को महीनों और वर्षों के अनुसार विन्यस्त करके प्रत्येक मास के लिए प्रवृत्ति के अंक निकाल लिए जाते हैं और प्रत्येक मास के समंकों को इन प्रवृत्ति के अंकों के अनुपात के रूप में लिखा जाता है। इन मासिक अनुपातों को फिर जोड़ कर संख्या से भाग दे दिया जाता है। तदुपरान्त प्रत्येक मास के औसत अनुपात को मौसमी निर्देशांक के अनुसार ठीक कर लिया जाता है। यद्यपि यह रीति प्रवृत्ति को महत्व देती है इसमें एक बड़ा दोष है कि परिगणन में गल्ती होने के अतिरिक्त कभी कभी चक्रीय उच्चावचनों का प्रभाव बना ही रहता है।

(३) चल माध्य रीति (Moving Average Method):—यह रीति उपरोक्त वर्णित रीति के समान ही है परन्तु इसमें उपरोक्त रीति के प्रतिकूल अन्वायोजित प्रवृत्ति (Fitted Trend) के स्थान पर चल माध्यों का प्रयोग किया जाता है। प्रवृत्ति के अंक निकालने के लिए १२-मासिक चल माध्यों का प्रयोग किया जाता है क्योंकि १२ मासिक माध्य निकालने में मौसमी परिवर्त्तनों का पूर्णतः निरसन हो जाता है यदि उनकी प्रकृति स्थिर हो। समंकमाला के प्रत्येक अंक को प्रवृत्ति के अंकों के प्रतिशत के रूप में दर्शाया जाता है और यही प्रतिशत अल्पकालीन प्रदोल के मापक होते हैं।

(४) श्रंखला मूल्यानुपात रीति (Chain Relatives Method):—इस रीति के अनुसार पिछले मास पर आधारित चालू मास के संबद्ध मूल्यानुपात निकाल लिए जाते हैं उदाहरणार्थ प्रत्येक जनवरी के लिए दिसंबर, फरवरी के लिए जनवरी, और मार्च के लिए फरवरी का आधार मान लिया जाए। इसके बाद इन मूल्यानुपातों के मध्यक निकालकर फिर उनके किसी एक समान आधार पर श्रंखला मूल्यानुपात निकाल लिये जाते हैं। इन श्रंखला मूल्यानुपातों को इस प्रकार से लिखा जाता है कि प्रत्येक मूल्यानुपात जनवरी मास के मूल्यानुपात का प्रतिशत होता है। अन्त में सामान्य वर्ष के औसत मासिक अंक निकालने के लिए समायोजित (Adjusted) श्रंखला मूल्यानुपातों का मध्यक निकाल लिया जाता है और आर्तव निर्देशांक (Seasonal Index) मालूम करने के लिए इस मध्यक

(१) प्रवृत्ति विक्षेपण और वक्र अन्वायोजन रीतिः—प्रवृत्ति विक्षेपण (Trend Projection) और वक्र अन्वायोजन (Curve Fitting) रीति द्वारा समंकों की सुदीर्घकालीन प्रवृत्ति को भविष्य काल में विक्षेपण करके या प्रवृत्ति के आधार पर वक्र अन्वायोजन करके पूर्वानुमान लगाए जाते हैं। प्रायः चार प्रकार की प्रवृत्तियाँ पाई जाती हैं और उनवे अनुरूप वक्रों का अन्वायोजन किया जाता है— (१) एक सीधी रेखा जो गणितीय वृद्धि दर्शाती हो (२) एक छेदा सरल रेखा या चक्रवृद्धि ब्याज प्रवृत्ति जो गुणोत्तर वृद्धि दर्शाती हो (३) अंग्रेजी के 'S' वर्णाक्षर वे समान वक्र जो पहले कम फिर अधिक और अंत में कम वृद्धि दर्शाता हो औ (४) एक अनियमित सरलित वक्र जो किसी विशिष्ट प्रकार की व्यापारि प्रवृत्ति दर्शाता हो।

(२) व्यवसायिक चक्र या चक्रीय उच्चावचन रीति :—व्यवसायिक च या चक्रीय उच्चावचनों का अध्ययन करके व्यवसायिक पूर्वानुमान लगान एक कठिन कार्य है और इसके लिए वक्रों का निर्वचन (Interpretation करते समय प्रत्येक वक्र के परिवर्तन की दिशा, पिछले चलन की दिशा औ परिवर्त्तन की मात्रा का ध्यान रखा जाता है। जब संबद्ध अंक-माला में कालिक-विलम्बना (Time Lag) हो तो विलम्बना की मात्रा का अनुमा लगाकर उसके अनुसार ही वक्रों का निर्वचन करना चाहिए।

